अथर्ववेदीय-कौशिक-गृह्यसूत्रम् ।

कौशिकाचार्येण प्रणीतम् ।

[दारिलकेशवयोस्संक्षिप्तटीकया सहितम्]

अथर्ववेदस्य शौनकीया जाजला अकसाला ब्रह्मवादा इति चतसृणां शाखानां गृह्यप्रतिपादकम् ।

जिसको—

सर्वदर्शनसंग्रह, जीवन्मुक्तविवेक, महावाक्यरत्नावली, संस्कृत-प्रवेशिका, सिद्धान्तशिरोमणि (गोलाध्याय), सूर्य्यसिद्धान्त, आर्यभटीय, सभाष्यगोतमीयन्यायदर्शन, गोभिल-गृह्यसूत्रसटीक, द्राह्यायण-गृह्यसूत्रसटीक, खादिर-गृह्यसूत्रसटीक, वाराह-गृह्यसूत्र

के

हिन्दी अनुवादक—

श्री ठा० उदयनारायण सिंह

ने

अपने शास्त्रप्रकाश भवन मधुरापुर, डाक-विद्दूपुर बाजार, जि० मुज़फ्फरपुर (बिहार) से सानुवाद प्रकाशित किया ।

प्रथमावृत्ति । } संवत् १९९९ साल । { मूल्य ४५)

॥ समर्पणम् ॥

इस अथर्ववेदीय कौशिकगृह्यसूत्र को माननीय उदार चेता
प्रत्यात्मवेत्ता, विहाररत्न संस्कृत, हिन्दी, संगीत
और
हिन्दू धर्म के परम श्रद्धालु
श्री बा० उमाशङ्कर जी जमीन्दार और रईस
मुजफ्फरपुर-जिन-
की
आर्थिकसहायता से अमेरिका में मुद्रित और प्रकाशित
पुस्तक को भारत में हिन्दी अनुवाद के साथ
प्रकाशन करने का मुझे सुअवसर प्राप्त हुआ,
उनके कर कमल में सादर
एवं सप्रेम
समर्पित करता हूँ।

अनुवादक—
ठा. श्रीउदयनारायण सिंह।

कौशिकगृह्यसूत्रकी
विषय-सूची

—०—

अध्याय ॥ १ ॥

अध्याय ॥ ४ ॥

अध्याय ॥ ५ ॥

क. सूत्र | पृष्ठ

अध्याय ॥ ९ ॥

अध्याय ॥ १० ॥

अध्याय ॥ ११ ॥

अध्याय ॥ १२ ॥

अध्याय ॥ १३ ॥

प्रस्तावना ।

प्रायः मनुष्यमात्र अनादि काल से यह विचार करते आते हैं कि यह संसार क्या है, यह कब और कैसे बना, और कब, कैसे नष्ट होगा। इस विषय में अनेकों मतभेद होते हुए भी सब विद्वान् एक ही बात में सहमत हैं कि ज्ञान की पहिली पुस्तक जो अब ही तक उपलब्ध हुई है वह वेद है और वेद के विद्वान् इस पुस्तक को सृष्टि विज्ञान की पूर्ण पुस्तक मानते हैं और उनका दावा है कि मनुष्य की जो उन्नति होती है, हुई है और होगी वह सब इसी वैदिकविज्ञान के आश्रय से है। संसार में मानव सभ्यता के प्राचीनतम काल से लेकर पाश्चात्य वैज्ञानिक आविष्कारों के युग तक समस्त विज्ञान का आधार भूमण्डल में केवल चार ही वस्तु हैं। वे हैं जल, अग्नि, वायु, और मिट्टी। इन्हीं चारों पदार्थों के स्थूल और सूक्ष्म ज्ञान को वेद कहते हैं। ज्ञान दो प्रकार का है एक प्रत्यक्ष जिसको लौकिक या दृष्टवाद और दूसरा अलौकिक या अदृष्टज्ञान कहते हैं। भूलोक, भुवर्लोक और स्वर्लोक इनमें भूलोक से लेकर स्वर्ग तक तीन लोकों की सृष्टि होती है और इन्हीं तीनों का प्रलय भी होता है। बाकी १४ लोकों या १४ भुवनों में से ११ का पाञ्चभौतिक लोकों से प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है और इनमें से सायंस (विज्ञान) और पदार्थों में शक्ति या गुण क्यों है? इसका ज्ञान दर्शनशास्त्र (अध्यात्म शास्त्र) से होता है। ये दोनों प्रकार के ज्ञान वेद से होता है।

वेद चार क्यों हैं? अधिक या कम क्यों नहीं? इसका उत्तर अग्नि, जल, वायु और पृथिवी इन्हीं चार भिन्न २ पदार्थों की अलग २ शक्तियाँ स्थूल और सूक्ष्म का ज्ञान वेदों से होता है इसलिये अग्नि का ज्ञान पूर्ण रूप से ऋगवेद से, यजुर्वेद से, वायु के प्रकार कार्य्य इत्यादि जाने जाते हैं। सामवेद से जल सम्बन्धी सारी बातों का पूर्ण ज्ञान होता है और अथर्ववेद से यही पृथिवीतत्व का पूर्णतया ज्ञान होता है। इसीलिये ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद इस प्रकार चार वेद हैं।

वेदोंकी शाखा।

अग्नितत्त्व के ज्ञान के लिये वेद में २१ प्रधान विभाग हैं। अतएव ऋगवेद की २१ शाखायें हैं। जलतत्त्व के प्रधान एकहजार विभाग हैं इसलिये सामवेद की १००० शाखायें हैं। यजुर्वेद में वायु के प्रधान १०१ विभाग हैं। अतएव उतनी ही उसकी शाखायें हैं और मिट्टी के ९ प्रधान विभाग हैं। इसलिये अथर्ववेद की नौ शाखायें हैं। ये सब मिलकर ११३१ शाखायें हैं। साम शब्द का अर्थ है जल, ऋक् का अग्नि, यजुः का अर्थ वायु और अथर्व का अर्थ मिट्टी। प्रत्येक वेद में जल, अग्नि, वायु, और मिट्टी पारिभाषिक शब्द हैं और उनसे हमारे इस जल, अग्नि, वायु, मिट्टी ही का तात्पर्य्य नहीं है; किन्तु इन चारों पदार्थों के आदि स्वरूप प्रकृति की अव्यय अवस्था से लेकर स्थूलतम अवस्था तक जितने रूप, प्रकारान्तर से अवान्तर विभाग इत्यादि बनते हैं, उन सब का जातिवाचक नाम जल, अग्नि, वायु और मिट्टी वेद में हैं। जल से वेद में घृत, मधु, सुरा, जल, इत्यादिक समस्त जलीय पदार्थो से अभिप्राय है। और जल के सूक्ष्म कण जो भाप रूप से आकाश में स्थित हैं, उनको वेद जल ही कहकर पुकारता है। वेद की शाखा का विभाग इस रूप से किया गया है कि एक एक शाखा में हम चार मूल पदार्थों के एक विभाग के गुण, कर्म, स्वभाव इत्यादिकों का विस्तृत वर्णन आ जाय। जैसे सामवेद की १००० शाखाओं में से १००० विभागों में एक एक विभाग का एक एक शाखा में विस्तृत वर्णन मिलेगा। अर्थात् एक जल पर एक शाखा प्रचलित हुई। इसी प्रकार अन्य वेदों की भी शाखायें हैं। प्राचीन ऋषियों ने प्रकृति की अवस्था से अन्त्य अवस्था तक योग बल से पूर्णावलोकन प्रत्येक देश में उस देश की प्राकृतिक रचना को देखकर इन शाखाओं का विस्तृत और क्रमपूर्वक प्रचार किया। उदाहरण स्वरूप उत्तर देश जल और वायु प्रधान होने से विन्ध्य पर्वत के ऊपर साम और यजुर्वेद का प्रचार हुआ और विन्ध्य से नीचे दक्षिण देश अग्नि और भूमि की प्रधानता होने से वहाँ ऋग्वेद एवं अथर्ववेद का प्रचार हुआ। इससे साफ २ दीखता है कि हमारे ऋषियों ने सृष्टि का कितना सूक्ष्म और विस्तृत अध्ययन किया था। वर्तमान समय में हमारे अभाग्य से वेद की ११३१ शाखाओं में से भारतवर्ष में केवल छः ही उपलब्ध हैं। और जर्मन देश में १०३ शाखायें मिलती

हैं। जिनको वहाँ की सरकार ने सुरक्षित कर रक्खी हैं। जिनका अध्ययन केवल वहाँ के शिखा रखने वाले ही द्वारा कराया जा सकता है। वेद का अर्थ निरुक्त से होता है। प्राचीन काल में प्रत्येक शाखा के भिन्न २ वेदाङ्ग (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष) होते थे। इस समय के पहिले १८ निरुक्त कई एक व्याकरण, ज्योतिष आदि मिलते थे। अब तो भारत में एक व्याकरण, निरुक्त (व्यास्कीय) एक मिलते हैं। परन्तु जर्मन देश में निरुक्त ३ मिलते हैं। वेद में अनेक प्रकार के वायुयानों का उल्लेख हैं; जिनमें से इस समय तक १८ प्रकार के वायुयानों का पता जर्मनों ने लगाया है। वेद के द्वारा हमारे ऋषि सूर्य आदि अन्य मण्डलों में जा सकते थे। इस समय का वायुयान केवल अधिक से अधिक १०१ मील तक जा सकेगा। अभी केवल २१ ही मील तक जा सकता है। ९ प्रकार के विद्युत को हमारे ऋषिगण जानते थे, एक विद्युत के प्रकाश से जिसको उत्तरी ध्रुव के नीचे बिन्दु सरोवर के ऊपर रक्खा जाता था उसी से सम्पूर्ण एशिया में प्रकाश होता था। इत्यादि आश्चर्यमय विषयों का वर्णन वेदों की सारी शाखाओं में उपदिष्ट हैं। हमारे दुर्भाग्य से वेदों की सब शाखायें नहीं मिल रही है। आज हमने पाठकों के अवलोकनार्थ अमेरिका में प्रकाशित अथर्ववेदीय कौशिक गृह्यसूत्र को सानुवाद प्रकाशित किया है।

आज तक जितने वैदिक गृह्यसूत्र उपलब्ध हुए हैं उनमें लोकहित की ऐसी बातें प्रकाशित नहीं पाई गई हैं जैसा कि इस सूत्र में अलौकिक आश्चर्य शक्ति वाले पदार्थों का वर्णन इसमें पाया जाता है जिनको पाठकवर्ग देखकर उनसे लाभ उठावेंगे।

अनुवादक

भूमिका।

—⁕—

वेद से बढ़कर संसार में कोई प्राचीन और प्रामाणिक ग्रंथ आजतक उपलब्ध नही हुआ है। मनुष्यों के लिये इस्से बढ़कर किसी भाषा या धर्म सम्प्रदाय में ग्रंथ आज तक नहीं पाया गया है। इस विषय में एक सुप्रसिद्ध जर्म्मन देश के विद्वान् भट्ट मैक्षमूलर साहब यों लिखते हैं' कि वैदिक संहिता भाव, भाषा, तात्पर्य, रचना, प्रणाली और व्याकरण घटित विलक्षणता की बिवेचना कर देखने से मालूम होता है कि संस्कृत भाषा में संसारकी विभिन्नजाति और देश की किसी भाषा में वैदिक संहिता के समान कोई दूसरी पुस्तक नहीं है। यह अलौकिक संस्कृत साहित्य का प्राचीन तम ग्रंथ "ऋग्वेद संहिता" है। यही मनुष्य जाति के हित के लिये पहिला ग्रंथ है। मानवीय सभ्यता का एक मात्र पहिला निदर्शन मनुष्य जाति का प्राचीनतम इतिहास और धर्म विश्वास का प्रथम मार्ग दर्शक है। इस लिये मनुष्य मात्र को यह वेद आदरणीय है। मनुष्य जाति के जिस समय का इतिहास कहीं नहीं पाया जाता है जिस

I—The veda has a two fold interest, it belongs to the History of the world and to the History of India. In the History of the world the veda fills a gape which literary work in other languages could fill. It carries us back to time of which we have no records any where and gives us the very words of generaration of men of whom otherwise we could form the vaguest estimate by means of conjectures and inferences. As long as man continues to take an interest in the history of his race and as long as we collect in literaries and museums the relics of farmer ages the place in that long row of books which contains the records of the Aryan branch of man kind belongs for ever to the regveda the most ancient than the Zindavasta and Homer (940-850. B. C.

Professor Max mullar's History of Ancient Literature p. 63.

समय की चिन्ता, धर्म, विश्वास, सभ्यता, उपासना, पद्धति देवोत्थान, सामाजिक, रीति, नीति, आशा, भरोसा और हृदय का भाव काल के अनन्त स्रोत के गर्भ में विलीन हुए हैं, जिस समय के इतिहास के उद्धार के लिये अन्य उपाय विद्यमान नहीं उसी स्मरणातीत समय का इतिहास सुप्रणाली बद्धरूप वेदों में ही सोने के अक्षरों में लिपिबद्ध हैं। इसी निमित्त सभ्य जगत् के सर्वत्र पण्डित मण्डली में वेदों की संहिताओं का इतना सम्मान और आदर है। वेदों की संहितायें चार हैं—ऋग्वेद यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद जिनमें से—यहां अथर्ववेद के सम्बन्ध में लिखा जाता है।

अथर्ववेद की उत्पत्ति।

दैवीं वाचमजनयन्त देवास्तां, विश्वरूपा पशवो वदन्ति।
मन्द्रेष मूर्जं दुहाना, धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतै तु ॥ १ ॥

भा० टी०—दैवी वाणी को देवताओं ने उत्पन्न किया, उसी को अनेक प्रकार के पशु बोलते हैं, गम्भीरनादमय धेनुस्वरूप वह वाणी हमारे द्वारा अभिष्टुत होकर अन्न तथा बल को देती हुई हमको प्राप्त हो ॥१॥

ब्रह्मा देवानां प्रथमः संबभूव, विश्वस्य कर्त्ता भुवनस्य गोप्ता ॥
स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठा मथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह ॥ १ ॥
अथर्वणे यां प्रवदेत ब्रह्मा अथर्वातां पुरोवाचाङ्गिरे ब्रह्मविद्याम्।
स भरद्वाजाय सत्यवाहाय प्राह भरद्वाजोऽङ्गिरसे परावराम् ॥ २ ॥

भा० टी०—विश्वरचयिता और उसका पालयिता देवताओं में पहिले ब्रह्मा हुए। वह सारी विद्याओं में प्रतिष्ठित वेदविद्या को अपने सबसे बड़े पुत्र अथर्व ऋषि को कहने लगे ॥ १ ॥ ब्रह्मा ने जिस वेद विद्या को अथर्वा से कहा, अथर्वा ने उसी को पहिले अङ्गिरा के प्रति कहा, अङ्गिरा ने भरद्वाज से कहा, और भरद्वाजने उसी परावरविद्याको आङ्गिरस से कहा ॥२॥ अथर्ववेद की मुण्डकोपनिषद् की इन दो श्रुतियों से वेदमात्र का पहिला वक्ता ब्रह्मा ही सिद्ध होते हैं।

अथर्ववेद में प्राकृतिक पदार्थों के गुण वर्णन द्वारा, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि के रोगों की दवा का उपदेश है। जैसे—पृथिवी (मिट्टी) इसमें सर्प के विष को चूषने का गुण है (सर्प के काटे को भूमि में गढ़ा खोद कर श्वास लेने, जितना भाग छोड़ कर गाड़ देने से--सर्प विष

दूर हो जाता है)। पृथिवी सम्भृत् (ऊषर पड़त मिट्टी) अर्थात् रेह मिट्टी में कफ वाली खांसी को हटाने का गुण है। देवी मिट्टी में (सौराष्ट्र मृत्तिका) केशोंको काले, लम्बे और दृढ़ बनाने का गुण है और खान-पान आदि में दिये स्थावर बिष को नष्ट करती है। उपजीकोद्भृत् (दीमक की मिट्टी) व्रण (घाव के गिरते पीव) स्राव को और नशा करने वाले स्थावर विष से हुई मूर्च्छा और सर्प विष को भी नष्ट करती है। ऊँचे टीले और पहाड़ों पर दौड़ कर चढ़ जाने से तुरन्त काटे सर्प का विष निर्बल हो जाता है। अब जल का गुण कहते हैं। आपः (जल) जल में तुरन्त के घाव, स्वप्नदोष, नींद का न होना, और क्षेत्रिय (वंश परम्परागत रोग) को दूर करने का गुण है। और जल नेत्र-दृष्टि-वर्द्धक है। नदी के प्रवाहित जल में तैरने से सर्प विप दूर होता है। अवत्क (ऊँचे से नीचे गिरता हुआ जल) हिमालय पर्वत से निकलते हुए झरने का जल, हृदय जलन, और नेत्र जलन को दूर करता है। नये कूप का जल और ऊँचे से नीचे गिरता हुआ (फाल का) जल व्रणस्राव नाशक है। मेघवृष्टि धारा रुके मूत्र को निकाल देती है। और जल सब ही रोगों का नाशक है।

अग्नि—शीत रोग को दूर करता है, सर्प विप को जला कर नष्ट कर देता है। कृमि दूषित आहार को शुद्ध करता है। रुके मूत्र को निकालता है और सुख से प्रसव कराता है। और सब रोगों का नाशक और रसायन है। भूरिधायस पर्जन्य (पार्थिव अग्नि) और होमाग्नि (होम का अग्नि) इन अग्नियों के गुण ऊपर कहे गये जानो। विद्युत या बिजुली इन्द्र (विद्युत् शक्ति वाला) इसके द्वारा सारे रोग दूर होते हैं। वरुण (विद्युत् धारा) भोजन में से कृमि दोष को दूर करता है। रुके मूत्र को बाहर निकालता है और रसायन है। वायु—मरुत् (साधारण चलता हुआ वायु) वायु स्वास्थ्यप्रद है, शरीर में दवा का काम करता है। सुख से प्रसव कराता है। सब रोग नाशक है। रुके मूत्र को बाहर निकालता है और रसायन है। वेधा (प्रत्येक ऋतु का वायु) बृहस्पति (ऊपर का वायु) मित्र (साधन या यंत्र से प्रेरित वायु) इन सबों में उपर कहे गुण हैं। मेघ, वृषा (बादल) गर्जना कर बरसता हुआ सर्प विष नाशक है। चन्द्र (चन्द्रमा) चन्द्रमा की चान्दनी रुके मूत्र को बाहर निकालती है और क्षेत्रिय रोगों को दूर करती है। सूर्य—हृदय रोग, हलीमक, कामला, अपची, गण्डमाला, शिरोरोग को नष्ट करता

है। सुख से प्रसव कराता है, और सब ही जानवरों के विष को नष्ट करता है। क्षेत्रिय रोग को नष्ट करता है, कृमि नाशक है। रुके मूत्र को बाहर निकालता है। क्षेत्रिय रोग को नष्ट करता है। और सर्व रोगनाशक रसायनरूप है। सूर्य के पर्य्यायवाची नाम—सूर्य, अर्यमा, सविता और आदित्य हैं।

आठ वसु जिनका वर्णन वेदों में है, उन आठ वसुओं के भिन्न २ गुणों के कहने के पश्चात् अब अकारादि क्रम से अथर्ववेदोक्त दवाओं के गुणों का वर्णन करते हैं। अग्नि—(चित्रक या चीता दवा) यह दवा योनि दोष, गर्भ संस्राव, जातघातक रोगों तथा योनि एवं गर्भाशय में होने वाले कृमियों का नाशक है। अङ्ग (बोल नाम की दवा) बुखार को दूर करता है। अजश्रृङ्गी (मेढ़ासिंगी) शरीर में विष तुल्य मादक प्रभाव लानेवाले कृमियों को नष्ट कर देती है, भूत के द्वारा उन्माद का नाशक है। अदिति (गौ के दूध, घी, दही, माठा आदि पञ्चगव्य) सांप के विष को दूर करता है। अपामार्ग (श्वेत अपामार्ग, लाल अपामार्ग, चिड़चिड़ी) सफेद चिड़चिड़ी मन्दाग्नि, ग्लानि, बमन, बन्ध्यापन, सन्तान स्तम्भन को दूर करता है, और लाल चिड़चिड़ी तृष्णा रोग, भस्मक रोग, पुरुषेन्द्रिय की निर्बलता को हटाता है। और अधः स्थान (गुदा, लिङ्ग, योनि) के अर्श रोग (बवासीर) और ऊर्ध्व स्थान (मुख, नाक) के अर्बुदों को नष्ट करता है। वीर्य्य स्तम्भक बाजीकरण है। संक्रमित होने वाले छूत रोगों को नष्ट करता है। अर्क (आक, अकवन) जननेन्द्रिय (लिङ्ग) में हर्ष एवं वृद्धि करने वाली बाजीकरण है। अर्जुनकाण्ड (कुह वृक्ष) क्षेत्रिय रोग को नष्ट करता है। और खेत के अनुपज को नष्ट करता है। अश्वत्थ "शमीस्थ" (पीपलबन्दा, शमी वृक्ष पर लगा हुआ) गर्भ स्थापन कारक है, और पुरुष द्वारा सेवन करने से पुत्र पैदा होता है एवं स्त्री द्वारा सेवन करने से कन्या होती है। और पुरुष के वीर्य्य एवं स्त्री के रज का बढ़ाने वाला है। अश्ववार (कांस) सर्प काटे विष का बन्धन रोकने वाला है। असिक्नी (नीलिनी, नील) केशों की सफेदी, श्वेत कुष्ट, गलित कुष्ठ को दूर करती है। आञ्जन (अञ्जन सुरमा) हलीमक, पाण्डु, विषय भोग से हुए रोग, अङ्गभेदक, विसल्यक फैलनेवाले विसर्प, हृदय और श्वास रोग को दूर करनेवाला आयुवर्द्धक है। आञ्जनमणि—सर्पकाटे विष एवं स्थावर विष को नष्ट करता है। मोहरूप मानसिकरोग का नाशक है। स्वप्न-

दोष, निद्राक्षय को दूर करता है। एवं विषतुल्य मादक प्रभाववाले कृमियों को नष्ट करता है। हलीमक-पाण्डु, विषभोगजन्यक्षय, अङ्गफूटन विसर्प, श्वास, हृदयरोग, नेत्ररोग को नष्ट करता है एवं आयु बढ़ाने वाला रसायन है। पशुओं को स्वास्थ्य, पुष्टि और सन्तति शक्ति देने वाला है। आसुरी—सफेद सरसों—श्वेतकुष्ट, गलितकुष्ट को नष्ट करती है। स्त्रियों में सुभागत्व और सौन्दर्य कान्ति बढ़ाती है। इन्द्र (इन्द्रायण लाल फल उछलनेवाले, फूंकारनेवाले, लिपटनेवाले और तिरछी रेखावाले सर्पों के विष को दूर करता है और सब ही सर्पों के विष को नष्ट करता है। उपजीका—'उपजीकानुषिक्त (दीमकों का मुखस्राव) नशा करने वाले स्थावर विष को नष्ट करता है। उपजीका–उपजीकोद्भृत् उखाड़ी-उगली वल्मीकमृत्तिका, व्रणस्राव को नष्ट करती है। ऋषभ (अष्टवर्ग की ऋषभक दवा) वन्ध्यापन और गर्भपात रोगको नष्ट करती है और गर्भ स्थापन शक्ति देती है। औक्षगन्धि—(वृष्यगन्धाबला) बिष तुल्य मादक प्रभाव करने वाले कृमियों को, भूतोन्माद को दूर करती है। औदुम्बरमणि (गूलर वृक्ष) पुष्टि, बल और सन्तति उत्पन्न करने की शक्ति देता है। और पशुओं को स्वास्थ्य एवं सन्तान शक्ति देता है। कनक्नक (टङ्कण सुहागा) सर्प विष नाशक है। खाने से सर्प विष को बाहर ले आता है। कन्या (बड़ी इलायची) इसकी जड़ से सर्प विष नष्ट होता है। करम्भ (फूल प्रियङ्गु, मालकौनी) खान पान में दिये स्थावर विष के प्रभाव को नष्ट करती है। कल्याणी (माषपर्णी) काम-शक्तिवर्द्धक वाजीकरण है। कश्यपवीवर्हं (चमरी मृगपुच्छ) इसका झाल सारे रोगों में हितकर है। कान्दा विष (कन्द विष) सर्प विषनाशक, अर्थात् सर्प विष को बाहर ले आता है। कुमारिका (बांझक कोड़ा) सर्प विष नाशक है (इसके फल नहीं आते, जङ्गलों में होती है) कुसुम्भक (नेवलाप्राणी) सर्प के विष को चूसने वाला है। इसके मळ मूत्र, लार, रोम, अङ्ग, सर्प बिष को निर्बल कर बाहर निकाल देते हैं। कुष्ठ (पर्वत पर का कुष्ठ) शिरोरोग, नेत्रान्ध, रक्तदोष को दूर करता है। नपुंस-कता नाशक वृष्य है। एवं तृतीयक, चातुर्थिक, सन्तत और ऋतु के ज्वर को एवं मलेरिया ज्वर को नष्ट करता है। कृष्णा—(नीलिनी, नील) पहिले ही इसके गुण कहे गये। केशबर्धिनी (भृङ्गराज, भांगरा) कान्ति देने, तेज बढ़ाने, धातु वृद्धि, और केशों को बढ़ाने वाली है। गन्धारि (कचूर) ज्वर नाशक है। गुग्गुल (गूगल) शरीर के कठिन रोगों,

शापकृत मानसिकखेद, छूत रोग, वात रोग को दूर करता है और विष तुल्य मादक प्रभावकारी कृमियों को नष्ट करता है। भूतोन्माद का नाशक है। घृताची-देखो बड़ी इलायची चीपद्रु (चीड़वृक्ष) विविध फुन्सी, फोड़ों विद्रधि को नष्ट करता है। जङ्गिडमणि—मोह आदि मानसिक रोगों को दूर करती है। और अनेक प्रकार के असाध्य रोग कृत्या द्वारा किये रोगों को नाश करता है। जीवन्ती—जीवन देने, रोग दूर करने, स्वास्थ्य रक्षक, बल पुष्टि देनेवाली रसायन है। जीवला—(सिंह पिप्पली) पशुओं के रोगों को दूर करती है। तरुणक—(तृण रोहिष तृण) सर्प के काटे विष को नष्ट करती है। तस्तुव—(कड़वी तोरी) सर्प विष को नष्ट को नष्ट करती है। तिल पिञ्जी (तिलों की मञ्जरी एवं नाल) क्षेत्रिय रोगों को नष्ट करती है और तिल नाल के भस्म खेतों के अनुपज दोष को दूर करती है। तौदी—(बड़ी इलायची) देखो पूर्व कहा। दर्भ (दाभ) सर्प के काटे विष का बन्धक है। दर्भमणि—स्वास्थ्य एवं दीर्घायु देने वाला रसायन है। दश वृक्ष (दशमूल) सन्धिवात मस्तिष्कवात (मृगी,) रोगों का नाशक है। दासी-(काकजङ्घा) ज्वर को नष्ट करता है। दत्ति (जोक प्राणी) सर्प काटे विष को चूसने वाली है। देवी (सौराष्ट्र की मट्टि) केशों को लम्बे, काले, दृढ़ बना देती है। नघमार—(कुष्ठभेद मीठा कुष्ठ) शिरो रोग, तृतीयक, सन्तत, ऋतु ज्वर को नष्ट करता है। नघारिष—(कुष्ठभेद कड़वाकूठ) उपरोक्त गुण वाला है। नमः—(वज्र अभ्रक) दर्भमणि के गुण जानो। नलदी (जटामांसी) विषतुल्य मादक प्रभाव वाले कृमियों को नष्ट करती है। नवती (पिपीलिकायें) सर्प काटे विष को नष्ट करती है। परुषवार—(मूंज) सर्प काटे विप का बन्धक है। पर्जन्य (दारु हल्दी) स्वास्थ्य और आयु को प्रदान करती है, रसायन है।

पर्णमणि=इसमें सोमलता के सब गुण हैं। पाढा (पाठा, पाढ़) शस्त्र प्रहार के घाव को अत्यन्त लाभ दायक है। पिङ्ग (हरिताल) प्रसूति रोग, गर्भ भक्षक कृमियां, मृतवत्सा रोग जन्म कर सन्तान मरजाने के रोग को नष्ट करती है। पिप्पली (पीपल दवा) आक्षेपक, पक्षाघात, गठिया, आदि वातरोग को नष्ट करती है। जीवन देनेवाली रसायन है। पीला (पिप्पली) विषतुल्य मादक प्रभावकारी, कृमियों को नष्ट करती है। भूतोन्माद नाशक है। पृश्निपर्णी (पृष्टिपर्णी) बवासीर, दाद, कुष्टरोग, योनिविकार, गर्भक्षय, आदि कृमियों से आक्रान्त रोगों को नष्ट

करती है। विशेषतः योनिदूषक और गर्भघातक कृमियों को नष्ट करती है। पैद्व (सफेद आक या अर्क) सर्प के काटे घाव पर लेप करने से विष को अत्यन्त निर्बल करती है, वमन विरेचन द्वारा विष प्रभाव को बहुत ही नष्ट करती है। प्रक्री-(सोमलता) नशा करने वाले स्थावर विष की मूर्च्छा और उसके प्रभाव को अत्यन्त नष्ट करती है। प्रमन्दनी (प्रमदिनी घातकी) विषतुल्य, मादक प्रभावकारी कृमियों को नष्ट करती है, भूतोन्माद नाशक है। ब्रह्म (ब्रह्म-वृक्ष उदुम्बर गूलर) 'योनिदोष, गर्भस्राव, जात घातक रोग और योनि एवं गर्भाशय में होने वाले कृमियों को नष्ट करती है। भद्रा—(कृष्ण सारिवा) रुधिर वहने, चोट से पिस जाने, दण्डेजाने, कट आने, जल जाने और हड्डी टूट जाने में हितकर हैं। भरी मूल दर्भ (उशीर-खस) क्रोध, मन के उद्वेग रूप भ्रम और उन्माद को शान्त करती है। मगध (पिप्पली) गुण पहिले कहे गये हैं। मधु (शहद) सर्प काटे विषका नाशक है। मधु-जाता (शहद की खाँड) टेढ़े चलने वाले सर्प आदि और मच्छर जैसे विष कृमियों के विष को दूर करती है)—आगे लिखी दवाओं में ये ही गुण हैं। मधुला (कपिलद्राक्षा), मधुश्चुत (महुआ) मधू (मुलहठी) मयूरी (मोरनी, उसके बच्चे) सर्पविषको चूसने नष्ट करनेवाले हैं। मित्र (अतीस) सर्पविष नाशक है। मुनि देवमूल (अगस्त्य वृक्षकी जड़) अपची-गण्डमालाओं को नष्ट करती है। यव पलाली (जौ की मञ्जरी, जौ की नाल) क्षेत्रिय रोग को हटाती है और नाल की भस्म खेत के अनुपज दोष को दूर करती है। रामा (नीलिनी, नील) गुण पहिले कहे गये। रोपणका (दूब) हलीमक, कामला, पाण्डु को नष्ट करती है। रोहणी, (मांस रोहिणी) रुधिर स्राव, चोटसे पिसजाने, दरेडेजाने, जलजाने, कट जाने, हड्डी टूटजाने में हितकर है। लवण (नमक) ग्रीवा, कक्षा, वंक्षणमें होनेवाली विवर्ण हुई कठोर, बहने वाली अपची गण्डमालाओं का नाशक है। लाक्षा (लाख) टूटे को जोड़ने, पुराने घावों को भरने, नयों को शीघ्र ही ठीक करने, चोटको अच्छा करने वाली है। बचस्-(बचा, बच्छ) गुण पहिले कहे गये। दर्भ मणि के समान गुण। बरणमणि (वरना) वरणावती और वरण नामों में देखो। वरणावती (वरणों की पञ्चाङ्ग खान पान में स्थावर बिष को नष्ट करती है। वरुण (वरदाय वृक्ष) सर्प विषनाशक, शिरोरोग नाशक है। वाक (बक पञ्चाङ्ग अगस्त्य वृक्ष का पञ्चाङ्ग) मन्या. ग्रीवा, स्कन्ध

अपची गोंठा को नष्ट करता है। बाद (मूर्वाकन्द) सर्पविष नाशक है। विक्षर (समुद्र फेन) कफमय खांसी को नष्ट करता है। विश्वरूपा (काला अगर) पशुओं के रोगों को दूर करता है। विष (स्थावरविष) सर्प के काटे विषका नाशक है। विषाणा (मृगश्रृङ्ग) क्षेत्रिय रोगों को या जन्म के हृदय रोग को नष्ट करता है। विषाणा (मेढा सींगी) रक्त-स्राव और वात रोग को दूर करती है। विष्पुलिङ्ग का (गुद पुच्छ को निरन्तर ऊपर नीचे को उचकने वाली चिड़िया) सर्प के काटे विष को नीचे के गुदा अङ्ग से चूसने वाली है। वृषा (कपिकच्छ, कौंच) दुबलेपन को दूर करती, नष्ट वीर्य में पुनः वीर्य्य स्थापन करती एवं पुरुषत्व शक्ति देती है। और स्वास्थ्य प्रद है और वशीकरण एवं रसायन है। शकुन्तिका (भासपक्षी) सर्प काटे विषको चूसन कर लेती है। शङ्खमणि (शङ्खमुक्ता मासिकरोगों को नष्ट करती है। तथा विषनाशक है। शतवार मणि (ऋष-भक ओषधि) पुत्रोत्पत्ति शक्ति को देती, नपुंसकता, गर्भघातक कृमियों को नष्ट करती है; ज्वर नाशक है एवं ज्वर एवं सन्दिग्ध रोगों को हटाती एवं रसायन है। शुक (तोता पक्षी) हलीमक, कामला, पाण्डु रोगों को नष्ट करता है। रोगी के उसके पास रहने से उक्त "रोगों को आकर्षित करता है। शूद्रा (प्रियंगु लता) ज्वर को नष्ट करती है। शोचि (कुशा) सर्प के काटे विष का बन्धन करती है। श्वेत (अलर्क सफेद) वमन विरेचन प्रलेप आदि द्वारा सर्प विषका अत्यन्त नाशक है। समिध (सुगन्ध काष्ठ या शुद्ध काष्ठ) पेटके अन्दर कीड़ों को नष्ट करती है। सहदेवी (महाबला) पशुओं के रोगों को दूर करती है। समुद्रफल— ईर्ष्या, मानसिक, दाह को नष्ट करता है। सुपर्ण (गरुड़ पक्षी) चूषने से या अपने मलमूत्र आदि से सर्प काटे विष को निर्वल करता है। सुभा (शालपर्णी) पशुओं के रोगों को दूर करती है। सोम (सोमलता सोम-वल्ली, महौषधि) सर्प के काटे विषको दूर करने की महौषधि है। मूर्छा-दि मानसिक रोगों, अयोग्य हीनदृष्टि, दूषित वाणी को ठीक करती हैं। खान पान में से कृमि दोषों को दूर करती है। स्त्री के प्रति प्रसङ्ग से हुए उरःक्षत, राजयक्ष्मा को दूर करती है। क्षेत्रिय रोगों को दूर करती है हवि (घृत, घृतादि सुगन्ध होम) राजयक्ष्मा, वातव्याधि, सन्दिग्ध रोग, क्षेत्रिय रोग, इत्यादि रोगों को नाश करती है। स्वास्थ्य और आयु को बढ़ाती है। हारिद्रव (दारुहल्दी के वृक्ष) इनमें रहने, इनके दर्शन, वायु सेवन, और स्वरस कषाय के पान और अन्य योगों के सेवन

प्रलेप आदि से हलीमक, कामला, पाण्डुरोग नष्ट होते हैं। इसी अथर्व-वेद का यह कौशिक सूत्र—है जिसमें १६ संस्कारों को वर्णन करने के अतिरिक्त-संसार के अत्यन्त प्रयोजनीय विषयों का-उल्लेख और वर्णन है—जिनको संक्षिप्त रूप से आगे दिखलाया गया है।

कौशिक गृह्यसूत्रम्

कौशिक सूत्र—शौनकीय आदि ४ शाखाओं का संहिता का कल्पसूत्र नामक अङ्ग का एक गृह्यसूत्र है। इस पर पं० दारिल एवं केशव संक्षिप्त टीका मूल और संस्करण श्रीमिस्टर मारीस की ब्लूमफिल्ड साहेब ने अमेरिका से प्रकाशित किया है। अब तक संसार में इसके सिवाय अन्यत्र यह कहीं नहीं प्रकाशित हुआ है। इसका अङ्गरेजी भाषा में किसी २ अंश का अनुवाद ब्लूमफिल्ड साहब कृत Hymns of Atharva veda नामक ग्रंथ में सन्निविष्ट हुआ है। इस सूत्र में अथर्ववेदोक्त मन्त्रोच्चारण के साथ अनेक प्रकारके णीय प्रक्रिया का विस्तृत विवरण है। जैसे—अथर्ववेद के प्रथम काण्ड के दूसरे सूक्त में और दूसरे काण्ड के तृतीय सूक्त में देह से अत्यधिक स्राव। जैसे—उदरामय, आमाशय, इत्यादिकों के निवारण करने के लिये मुञ्जघास (Sacch arom arrya) और झरना का जल लेकर दो मंत्रों से प्रयोग लिखा है। कौशिक सूत्र के इन दो मंत्रों के उच्चारण के साथ निम्नलिखित करणीय प्रक्रिया का भी विवरण है। "इन दो मंत्रों के उच्चारण करते समय (जो उच्चारण करते रहें वह) एक पेड़ मुञ्जघास के सूत से रोगी के शरीर में कवच, या यंत्र (तावीज) की भांति बांध देवे। उसके बाद थोड़ी दीमक की मिट्टी को पीस कर जल में मिला कर इस जल को रोगी को पान करावे। उसके बाद रोगी को घी लगा देवे और रोगी के गुह्य स्थान में फूक देवे।" इस प्रकार अनेक मंत्रों के साथ अनेक प्रकार के करणीय प्रक्रिया का विवरण कौशिक सूत्र में है। यह सूत्र लिखित प्रक्रिया आदि अथर्ववेद में भी है। इस विषय में इस समय भी मतभेद

१—Koushik sutra of the Atharveda, with extract from the commentaries of daril and Keshava, edited by Maurice Bloom field, insided as vol XIV of the journal of the American oriental society.

हैं। *(किसी २ के मत में यह है जो, यह प्रक्रिया सब अथर्ववेद के मंत्र रचना समय या उसके परवर्ती काल में परिवर्त्तित हुआ है। इस कौशिकसूत्र में वर्णित प्रक्रियाओं के भैषज्यविज्ञान और चिकित्सा में अधिकतर ज्ञान दृष्ट होने से स्वतः ही मन में होता है, जो ये प्रक्रियायें अथर्ववेद के समय रहने पर भी परवर्ती काल में बदल गयी थी। प्रक्रियाओं को बदलने के सम्बन्ध में मतभेद होने पर भी कौशिक सूत्र अथर्ववेद के पीछे और आयुर्वेद ग्रन्थों के पहिले रचित हुआ था—ऐसा मानना ही पड़ेगा।

अथर्ववेद के "भैषज्यानि" और "आयुष्याणि" समुदायमन्त्र।

इन सब मंत्रों में अथर्ववेद के समय हिन्दुओं को आयुर्वेद के ज्ञान का परिचय पाया जाता है। कौन २ मंत्र किस २ रोग को सम्बोधन करके रचित और मंत्र रोगों के प्रतिषेधक भेषज और धातु को सम्बोधन कर उच्चरित हुए। जो सब मंत्र रोगों के प्रति सम्बोधित हैं, उनमें विशेष २ लक्षण वर्णित हैं। दृष्टान्त स्वरूप जैसे—"तक्षण" वा "ज्वर"। इस लक्षण के अनेकों सूक्तों में वर्णित हैं—प्रथम काण्ड, २५ सूक्त, पञ्चम काण्ड, ४ सूक्त, २२ सूक्त ; छठा काण्ड, ३ सूक्त, २० सू०, ९५ सू०, १०२ सू०, ११६ सू०, इन सूक्तों में ज्वरों के अनेक लक्षण वर्णित हुए हैं। और उनका औषध स्वरूप "कुष्ठ" नामक भेषज को (costus speciosus or Arabicus) आह्वान किया गया है (५ का० सू० ४) जो सब मंत्र किसी भेषज को सम्बोधित कर सब भेषज या उसका रस सेवन का

---

*—The practices mere (in the Koushika Sutras) invelve a mare extentive medcen etc and to mare elaborate theropenties, but it is difficult to define in detail the extent to which practices similar to those of the sutras must be presupposed from the start with the charms of the Atherva Veda—Bloom field's the Atherva Veda. page 68.

The value of the sutra is primarily as a help to the understanding of the ritual and general purposes of a given hymn and so mediatedly its exegeses. Whitney—"Hymns of the Athervaveda." General Introduction p. 1. XXV.

(Internal application) विशेष उल्लेख अथर्ववेद में भी पाया जाता। ये सब भेषज गले में, हाथ में, शरीर के अन्य स्थान में यंत्र (या तागा परिहस्त वलय) बन्धन किया जाता है। कौशिकसूत्र में इस प्रकार बन्धन के साथ अन्य २ द्रव्य सेवन करने की व्यवस्था भो है। जैसे—कौशिकसूत्र २५।६।९, २०।१०।१९, २९।२८।२९ इत्यादि। धातु घटित औषधों में भूतयोनि को भगाने के लिये सीसा का यंत्र (१ का० सू० ६) और एक सौ वर्ष परमायु और प्रभूत शक्ति पाने के लिये सोने का यंत्र (१ का० सू० १६) धारण करने की व्यवस्था है। चिकित्सा शास्त्रों के इतिहास की आलोचना करने से जाना जाता है जो पहिले औषधों का बाहरी व्यवहार (external application) और पीछे अभिज्ञता की वृद्धि के साथ २ भीतरी व्यवहार (Internal administration) हो जाता है। पहिले हाथ या गले में धारण, पीछे मालिस या प्रलेप रूप से व्यवहार और शेष में औषध रूप से अति सूक्ष्म मात्रा में सेवन, इसी प्रकार औषध सेवन का क्रम विकाश संघटित हो जाता है। हम लोग अथर्ववेद में औषधियों को बाहर धारण में हिन्दू चिकित्सा के पहिले उन्मेष देखने में आता है। जिन भेषजों का (जैसे—अश्वत्थ, खैर, हरिद्रा, अपामार्ग, मुञ्ज, शमी, पृश्निपर्णी इत्यादि) यंत्रों या बूटियों या औषधों को अथर्ववेद में बाहरी (शरीर के किसी भाग में) भाग में धारण करना बतलाया है। पीछे उन्हीं सब भेषजों को औषधि रूप से सेवन की व्यवस्था बतलाई गई। धातुओं में से सीसा और स्वर्ण की अथर्ववेद में शरीर के बाहरी भाग में धारण करने की व्यवस्था है। पीछे के तन्त्र ग्रन्थों में ये दोनों एवं अन्यान्य धातुओं के भस्म औषध रूप से सेवन करने की व्यवस्था हुई है। निम्नलिखित कई एक पृष्ठों में अथर्ववेद के प्रत्येक काण्डों में जो सब रोग और भेषज मूलक सूक्त हैं, उनका अति सूक्ष्म विवरण दिया गया है।

प्रथम काण्ड ॥ १ ॥

दूसरा सू०। देह से अत्यधिक स्राव (उदरामय, आमाशयादि) निवारण के लिये मुञ्जघास लेकर मंत्र) २तीय काण्ड में ३रे सू० में इसी उद्देश्य से "झरना का जल लेकर और एक मंत्र है। छठा काण्ड में ४४ सू० में और भी एक मंत्र है। मुञ्जघास को यंत्र रूप से बांधने की प्रक्रिया कौशिक सू० में (२५।६) और दारिल की टीका में विस्तृत भाव से लिखा है।

तीसरा सू०। कोष्टबद्ध और प्रस्राव विरुद्ध में मंत्र। इसी सूक्त में परवर्त्ती काल चिकित्सकों का बस्ति यन्त्र की नाईं एक प्रकार के तृण की सहायता से चिकित्सा विषय का उल्लेख है। कौशिक सू० में इस विषय की जो विस्तृत व्यवस्था है, उसका अनुवाद नीचे दिया हुआ है। कौशिक सूत्र (२५।१०।१९) इन मंत्रों के उच्चारण करते समय मूत्र का वेग जिसमें हो, ऐसा द्रव्य रोगी के शरीर में बान्ध देवे। उसके बाद दीमक की माटी पूतिका (Guilandina bonduc) सूखा गुण्डान प्रमन्द और काठ का गुँडा जल में भिंजा कर वही जल रोगी को पीने को देवे। इस सूक्त का शेष दो मंत्र उच्चारण करते २ मलद्वार में एक शलाका—एक सलाई (Enema) प्रवेश करा देवे। उसके बाद मूत्रनाली में शलाका दिलवा दे। शेष रोगी को आल, पद्म का शिकड़ और उल इन तीन द्रव्यों का पाचन सेवन करने को देवे। कोष्ठबद्ध होने पर भी इसी प्रकार व्यवस्था है। १६ सूक्त। सीसा का ताबीज। भूतों को भगाने के लिये व्यवस्था है। १७सूक्त रुधिर गिरने को रोकने के लिये मंत्र। टीकाकार गण कहते हैं जो रक्त स्राव का अर्थ कटने से रक्तस्राव और अत्यधिक रजोनिस्सरण ये दोनों समझना होगा। इन मंत्रों के सहित कौशिक सूत्र (२६।१०) धूलि और पत्थर का चूर्ण जखम की जगह चढ़ा देने से रक्त बन्द करने की व्यवस्था दी है। २२वें सू०। पाण्डु (कामला—केशव की टीका) रोग के प्रति मंत्र। इस सूक्त में विशेष कोई जानने के लिये भेषज का उल्लेख नहीं। कौशिक सूत्र में (२६, १४) इस मंत्र के साथ करणीय प्रक्रिया का विवरण है। २३।२४ सूक्त। श्वेत कुष्ठ रोग के प्रति मंत्र। रजनी (हरिद्रा) (Cacuma longer) इस रोग को दूर करने के लिये उल्लिखित हुई है। आयुर्वेद ग्रंथों में कुष्ठ रोग में हरिद्रा का व्यवहार अधिकता से हुआ है। कौशिक सूत्र में (२६।२२।२४) मंत्रों के साथ करणीय आनुषङ्गिक प्रक्रिया वर्णित हुई है। सायनाचार्य और केशव ने अपनी २ टीका में कुष्ठ के लिये भृङ्गराज, हरिद्रा, इन्द्रवारुणी, और नीलिका का उल्लेख किया है। २५ सू०। तक्षण (ज्वर) इस सूक्त का और नीचे लिखे सूक्तों का विषय ५ का० ४ सूक्त, २२ सूक्त; ६ का० २० सू०, ९५ सू०, ३ सू०, १०२ सू०, ११६ सू०; १९ का० ३९ सू०। सुश्रुत जैसे ज्वर को रोगों का राजा कहा है उसी प्रकार अथर्ववेद में "तक्षण" को सबकी अपेक्षा भयानक कह कर लिखा है। इन सब सूक्तों में ज्वर के लक्षणादि भली-भांति स्पष्ट हुआ है। लक्षणादि मलेरिया

ज्वर के साथ बहुत मिलते हैं। प्रधान लक्षण पर्याय क्रम से उत्ताप और शीतावस्था, ज्वर को छोड़ कर और दो तीन दिन अन्तर देकर ज्वर होना। ज्वर के साथ मस्तक व्यथा, खांसी बलास (क्षय रोग) पामन् (तक्षण का भाई, चूलकना) और पाण्डु (कामला) आकर योग देता है। उत्ताप ज्वर का प्रधान लक्षण होने से उल्लिखित हुआ है। १ का० १२ सू० में "विद्युत्को" जान पड़ता है अग्नि का रूपान्तर कहा है, ज्वर, माथा व्यथा, काश के कारण होने से निर्दिष्ट हुआ है। ज्वर दूर करने के लिये मंत्रोच्चारण और कुष्ठ नामक (Costus specios or arabicus) वृक्ष के यंत्र धारण की व्यवस्था सूचित हुई है। कौशिक सूत्र में और भी अनेक आनुषङ्गिक प्रक्रिया वर्णित हुई है; विस्तार भय से उन विषयों का उल्लेख नही किया गया। कौ० सू० सानुवाद में देखना (३५ सू०)। सोने का यंत्र एक सौ वर्ष परमायु और प्रभुत शक्ति लाभार्थ धारण करना चाहिये ऐसा लिखा है।

॥ द्वितीय काण्ड ॥

२ रा सू० प्रथमकाण्ड दूसरा सू० देखो। चतुर्थ सू० विभिन्न रोग और भूत योनि के लिये "जङ्गिड" नामक वृक्ष को उपलक्ष कर मंत्र। टीकाकारगण इस जङ्गिड वृक्ष के स्वरूप को अब तक निश्चय नहीं कर पाये। सीधे लिखा है "वाराणस्यां" प्रसिद्धः।—काशी में मशहूर है। १४ काण्ड ३४ सू० में और १९ काण्ड १५ सूक्त में इस सम्बन्ध में और भी दो मंत्र है। ८ म० सू० क्षेत्रिय (Hereditaridiseases, Pulmonary consumption Greffiths—इसका अनुवाद रामक रोग का मंत्र इस रोग को टीकाकारगण पुरुषानुक्रमसे प्राप्त यक्ष्मा रोग कहकर निर्देश किया है। इस यक्ष्मा रोग के सम्बन्ध में अनेक मंत्र हैं। तीसरे काण्ड में ६ ठा सू० में हरिण के शृङ्ग के यंत्र की व्यवस्था है। १९ काण्ड में ३९ सू० में कुष्ठ वृक्ष को अन्य २ रोगों में यक्ष्मा को आरोग्य करने के लिये प्रस्तुत हुआ है। ९ सूक्त अथर्ववेद में अनेक स्थलों में भूतयोनि, अप्सरा, गन्धर्व प्रभृति अमानुषिक प्राणिको रोग के कारण कहकर निर्देश किया है (६।३७) इस सू० में यह सब भूत योनि के आक्रमण से रोगी की रक्षा करने के लिये दश प्रकार के वृक्षों का यंत्र धारण करने की व्यवस्था की है। २५ सू० पृश्निपर्णी (Hemianitis Cordifolia) वृक्ष के प्रति मंत्र। रोग के हेतुभूत कण्वनामक दैत्य

को विनाशार्थ पृष्णिपर्णी नामक वृक्ष को अनुरोध किया गया है। सुश्रुत ने गर्भस्राव रोग में दूध के साथ पृष्णिपर्णी की व्यवस्था कियी है।

३१ और ३२ सूक्त में पशु के कृमि का "गोः कृमिः"—केशव की टीका है। और पञ्चम काण्ड २३ सू० में शिशुओं (बच्चे) की कृमि के मंत्र हैं। इन तीन सूक्तों में अनेक प्रकार के कृमियों का वर्णन देख पड़ता है। सादा, काला, तीन मस्तक वाले, चतुर्मस्तक, नाना रंगों के कृमियों का वर्णन है। इन सब सूक्तों में किसी प्रकार के भेषज का वर्णन नहीं पाया गया। केवल मंत्रों की सहायता से कृमिनाश की व्यवस्था है। तीसरा काण्ड ५ म सूक्त में आर्थिक उन्नति लाभ के लिये पर्णवृक्ष का यंत्र। इस पर्णवृक्ष को परवर्त्ती काल में पलास (Butin Frondosa) नाम से कहा गया है। ६ ठे० सू० में अश्वत्थ वृक्ष को शत्रुनाश के लिये और हरिण शृङ्ग का यंत्र धारण करे। (२ का० ८ मसू०)।

॥ चतुर्थ काण्ड ॥

४ र्थ सू०। नष्टवीर्य (Impotency) उपद्धार के लिये कपित्थक (Feronia Elephantum) नामक वृक्ष का उद्देश्य के लिये मंत्र। ६।७ सू० विष झाड़ने का मंत्र किसी औषधिके नाम का उल्लेख नहीं। ९ वम सू० पाण्डु, यक्ष्मा, दोषस्थ ज्वर के लिये मलहम (Oeintment) कौशिक सूत्र में (५८।८) लिखा गया है कि विधि से उसमें मलहम का यंत्र बान्ध देना चाहिये। १० सू० इस सू० में दीर्घजीवन के लिये मुक्तायत्र धारण की व्यवस्था की है। मुक्ता की उत्पत्ति के सम्बन्ध में हम लोगों में जो प्रवाद प्रचलित है कि स्वाती नक्षत्र का जल सीप में पड़ने से मुक्ता रूप से परिणत होता है, उसी प्रवाद की सूचना इस सूक्त में पाई जाती है॥ १५॥

१२ सू० में क्षत आरोग्य के लिये अरुन्धती नामक लता के उद्देश्य से यह सूक्त रचित हुआ है। इस सम्बन्ध में पञ्चम काण्ड ५म सू० में और भी एक मंत्र है। उस मंत्र में (५, ५, ५,) कहा गया है—"हे अरुन्धति ! तू पलाश, अश्वत्थ, खदिर, धव प्रभृति वृक्ष के अवलम्ब से उठी है इस सू० में अरुन्धती को शिलादि और लाक्षा (Lac) कह

1—Born in the sky, ocean born, brought nether out of the river, this gold born shell farms a life protonging ammulet IV, 10, 4.

कर सम्बोधन किया गया है किसी २ ने कहा है कि अरुन्धती का स्वरूप नहीं मालूम होता है। अनेक लोगों ने लाक्षारूप होने से निर्देश किया है। दोनों सूक्तों में अरुन्धती क्षतरोग के आरोग्यता के लिये निर्दिष्ट हुई है ।, ६ ठा काण्ड १०९ सू० में पिप्पली (Heppercam) क्षत के आरोग्यार्थ स्तुत हुआ है। १७,१८, १९ सूक्त। ये तीन सूक्त अपामार्ग (चिड़चिड़ी) (Achryranthes aspera) नामक औषधि के उद्देश्य से रचित हुए हैं। इस अपामार्ग और इस का क्षार परवर्त्ती काल के आयुर्वेद ग्रन्थों में बहुत परिमाण से व्यवहृत हुआ है। इन तीन सूक्तों में अपामार्ग की बहुत प्रशंसा वर्णित है। प्रत्युत इसको भेषजों की राणती कह कर निर्दिष्ट की गयी है। यह भेषज सब प्रकार के दोष युक्त रोगों, दैत्य और पाप को दूर करने में समर्थ है। २० सू० इस सू० में छिपी हुई भूत योनि आविष्कार करने के लिये मंत्र है। पहिले ही कहा गया है जो, भूत योनि को अनेक रोगों का कारण कहकर अथर्बवेद में निर्दिष्ट हुआ है। कौशिक सूत्र (२८।७) इस विषय में करणीय प्रक्रिया वर्णित है। दारिल अपनी टीका में प्रसङ्ग वश सद्म्पुष्प व्यवहार के लिये उल्लेख किया है।

॥ पञ्चम काण्ड ॥

. ४र्थ सू० "तक्षण" (ज्वर) ज्वर दूर करने के लिये कुष्ट नामक वृक्ष को आहवाहन किया गया है (१म का० २५ सू०) ५म सू०। क्षत आरोग्य कल्प में अरुन्धती की आराधना है। ४ का० १२ सू०।)

१३ सू०। सर्प बिष का मंत्र षष्ठ काण्ड, १२, १३ सू० सूक्त में सर्प विष के और दो मंत्र हैं। अनेक प्रकार के सरीसृप का उल्लेख इन तीन सूक्तों में देखने में पाया जाया जाता है। जैसे—किरातन, धूसर वर्ण, कृष्णवर्ण, चाका चाग का दाग विशिष्ट इत्यादि। इस प्रसङ्ग में मधु का उल्लेख देखने में आता है। कौशिक सूत्र में (२९।२८।२९) सर्प विषकी चिकित्सा में रोगी को शीघ्र मधुपान कराने की व्यवस्था दियी गयी है। २२ सू०। तक्षण—(१ म का०, २५ सू०।) २३ सू०। शिशुओं के कृमि (२ का०, ३१ सू०।)

॥ षष्ठ काण्ड ॥

तीसरा सू०। तक्ष्मण (१म का० २३ सू०।) १२ सू० सर्प विष का मंत्र—(५म का० २३ सू०।)

१४ सू० । बलास (क्षय रोग Consumption) रोग के निवारण का मंत्र ।

१६ सू० । चक्षु रोग (Ophthalmia) आरोग्य का मंत्र टीकाकार गण इस सूक्त को चक्षु रोग में सरिसों का (mustard) व्यवहार सूचित होता है । कौशिक इस सूत्र के मंत्र में (३०।१।७) इस सम्बन्ध में विस्तृत व्यवस्था दृष्ट होती है । इस मंत्र के उच्चारण के साथ सरिसों वृक्ष के यंत्र, सरसों के तैल सिक्त करके बान्ध देवे, सरसों के पत्ते का रस सेवन करने को देवे । और पत्ते को पीस कर नेत्र के ऊपर प्रलेप करे ।
२० सू० । तक्षण (१म का० २५ सू० ।)

२१ सू० केशवृद्धि के मंत्र । ६ ठा काण्ड १३७ और १३ श सू० में नितत्नी नामक लता को केश बढ़ाने के लिये की गई है इस नितत्नी लता का स्वरूप स्थिर नही हुआ है । मंत्र में यहां तक कहा गया है जो यह लता को जमदग्नि अपनी कन्या के लिये मट्टी से उखाड़ा था । इस लता को सम्बोधन करके कहते हैं—"हे लते ! तू पुरातन केश को दृढ़ कर, नये केश को उत्पादन कर, और वर्तमान केशों को घन कर दो (६।१३६।२)। छठे काण्ड में ३० सू० में "शमी वृक्ष" (Drosopis spicogera or Acun sum) केश बढ़ाने के लिये बुलाया गया है ।

२४ सू० । शोथ (Dropsry) वक्षः पीड़ा (heart disease) इस पीड़ा के लिये स्रोत (सोते के) के जल की व्यवस्था की गयी है । १ का० ८३ सूक्त में भी शोथका और भी एक मंत्र है । कौशिक सूत्र (३२।१४) २५ सू० शरीर के ऊपर गण्डमाला का मंत्र है । कौशिक सूत्र (३०।१४) ८३ सू० में एक और मंत्र है । ५७ सू० में गण्डमाला की चिकित्सा में जालस गोमूत्र व्यवहृत हुआ है । ३० सू० में केश वृद्धि के लिये शमी वृक्ष को बुलाया गया है । (२१ सू०) ३७ सू० रोग का मूल कारण अप्सरा, गन्धर्व सबको दूर करने के लिये "अजश्रृङ्गी" को (Odinapinata) आह्वान किया गया है । ४४ सू० । देह से अत्यधिक स्राव निवारण का मंत्र १म काण्ड, २रा सू० । ५७ सू० गण्डमाला की दवा इस सूक्त में कही गयी है । जालस् अर्थात् गोमूत्र इस रोग में व्यवहृत होता है । कौशिक सूत्र (२२।११।१३) में वर्णित है जो गण्डमाला पर गोमूत्र का फेन लेपन करे । (२५।८३ सू० देखो । ८०म सू० पक्षा-घात आरोग्य करने में सूर्य को इस सूक्त से स्तव किया गया है । ८३ म

सू० इस सू० में अपची गण्डमाला (केशव और सायन) रोग के आरोग्यार्थ मंत्र विहित हुआ है। २५ सू० देखो। ८५म सू० में यक्ष्मा रोग को दूर करने के लिये "भरण" वृक्ष के (भरणी Luffa foctidas or Caratoena roseburgeict) यन्त्र धारण की व्यवस्था कियी है। कौशिक सूत्र में (२६।३३।३७) यह बन्धन प्रक्रिया सविस्तर वर्णित है।

९० सू०। इस सू० में—"शूल रोग" (कौलिक) निवारण कल्प में मंत्र है। इस सू० में किसी भी दवा का नाम नहीं है। केवल मंत्र की सहायता से प्राचीन लोग इस रोग को आरोग्य करते थे। ९१ सू० में ज़ल मिश्रित यव (barley) सब रोगों में प्रयुज्य होती—इस सूक्त में लिखा है। ९५ सू० में तक्षण कां० १।२५ सू० १०२ सू० तक्षण—१ काण्ड २५ सू० १०९ क्षुत रोग की चिकित्सा में पिप्पली का (papper carm) व्यवहार सूचित होता है। ४ थे कां० में १२ सू० १११ सू० में पागलपन की दवा है। ११६ सू० में तक्षण—१ म काण्ड, २५ सू०। १२७ सू०। इस सूक्त में "चोपद्रु वृक्ष" सब रोगों के प्रशमनार्थ उल्लेख किया गया है। १३६-१३७ इन दो सूक्तों में केश वृद्धि के लिये नितत्नी नामक लता को सम्बोधन किया गया है। २१ सू० देखो।

सप्तम काण्ड ॥ ७ ॥

५६ सू० सर्प विष का मंत्र—५ म काण्ड १३ सू० ७४।७६ सू० इन दो सू० में—"जायान्य" नामक अर्बुद की चिकित्सा का मंत्र है। ८३ सू० में शोथ रोग का मंत्र है।

चतुर्दश काण्ड ॥ १४ ॥

३८ सू०। २ काण्ड। ४ सू० देखो।

उनविंश काण्ड ॥ १९ ॥

३५ सू०। २ रा काण्ड और ४ था सू० देखो। इस सू० में गुग्गूल का (Beclelleum) मीठे गगनपूर का रोग नाशक की शक्ति का वर्णन है। ३९ सू० में कुष्ठवृक्ष की आराधना का मंत्र है। इस स्थान में कुष्ठवृक्ष को सब प्रकार के रोग जैसे—ज्वर, कास, रोग इत्यादि आरोग्य करने के लिये बुलाया गया है। १ म काण्ड २५ सू०।

उपरि उल्लिखित तालिका देखने से पता लगता है जो, प्राचीन हिन्दुओं की चिकित्सा सम्बन्धी ज्ञान का उत्तम आभास पाया जाता है। अथर्ववेद में जिन सब रोगों की चिकित्सा या जिन सब भेषजों का रोग नाशक क्षमता मन्त्रों में सूचित हुई है उन्हीं सब रोग और भेषज के सम्बन्ध में कौशिक सूत्र में विस्तृत वर्णन है।

और देशव्यापी अद्भुत या अलौकि-सामुहिक दैविक घटना होने की सूचना-प्रकृति के विपरीत कार्य्यों से वर्षों, महीनों, दिनों पहिले से होती है। इसका भी विशेष उपयोगी वर्णन आया है। यह कौ० सू० अनेकों उपकारी उपदेश रत्नों से पूरित सबको देखने तथा रखने योग्य है।

भवदीय—

उदयनारायण सिंह।

❀ श्रीगणेशाय नमः ❀

अथर्ववेदीय-कौशिकसूत्रम्

अथ विधिं वक्ष्यामः ॥ १ ॥ स पुनराम्नायप्रत्ययः ॥ २ ॥ आम्नायः पुनर्मन्त्राश्च ब्राह्मणानि च ॥ ३ ॥ तद्यथा ब्राह्मणविधिरेवं कर्मलिङ्गा मन्त्राः ॥ ४ ॥ तथान्यार्थाः ॥५॥ तथा ब्राह्मणलिङ्गा मन्त्राः॥ ६॥ तदभावे सम्प्रदायः ॥७॥ प्रमुक्तत्वाद्ब्राह्मणानाम् ॥ ८ ॥ यज्ञं व्याख्यास्यामो देवानां पितॄणां च ॥ ९ ॥ प्राङ्मुख उपांशु करोति ॥१०॥ यज्ञोपवीती देवानाम् ॥११॥ प्राचीनावीती पितॄणाम् ॥१२॥

भाषार्थः—वेद की संहिता भाग को पढ़ लेने के अनन्तर वेदमंत्रों से यज्ञ, संस्कार आदि का विधान हुआ है। अब उस विधि को कहते हैं। अर्थात् शान्तिक, पौष्टिक, आभिचारिक और अद्भुत कर्म संहिताविधि में उपदिष्ट है। यह कर्म तीन प्रकार का है। विधिकर्म, अविधिकर्म और उच्छ्रय कर्म। इनमें से विधिकर्म तीन प्रकार का है।—प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द ॥१॥ उक्त विधि का ज्ञान वेद से होता है। और वेद में विधि ज्ञापक मंत्र हैं और ब्राह्मण ग्रन्थ में वेद मंत्रों का कर्मों में विनियोग है ॥२॥ जैसे ब्राह्मण विधि हैं उसी प्रकार कर्म-लिङ्ग मंत्र हैं ॥३॥४॥ इसके अभाव में वेदाचार्य्यों की परम्परा से यज्ञादिकों के करने की प्राचीन प्रथा भी प्रमाण है ॥५॥६॥७॥ आचार्यों के पठन-पाठन के विशृङ्खल होने और पढ़ाने की परम्परा नष्ट होने और प्रमाणों की विस्मृति होने से यज्ञादि करने की प्रक्रिया ने विकृत रूप धारण कर लिया है ॥८॥ अतएव देवताओं एवं पितरों के यज्ञों का उपदेश करेंगे ॥९॥ पूर्व मुख होकर देवकार्य उपांशु (विना मंत्र बोले) करे ॥१०॥ देवकार्य करने में यजमान यज्ञोपवीती होकर करे और पितृकार्य में प्राचीनावीती हो करे ॥११॥१२॥

प्रागुदग्वा देवानाम् ॥१३॥ दक्षिणा पितॄणाम् ॥१४॥ प्रागुदगपवर्गं देवानाम् ॥१५॥ दक्षिणप्रत्यगपवर्गं पितॄणाम् ॥१६॥ सकृत्कर्म पितॄणां त्र्यवरार्धं देवानाम् ॥१७॥ यथादिष्टं वा ॥१८॥ अभिदक्षिणमाचारो देवानां प्रसव्यं पितॄणाम् ॥१९॥ स्वाहाकारवषट्कारप्रदाना देवाः ॥२०॥ स्वधाकारनमस्कारप्रदानाः पितरः ॥२१॥ उपमूललूनं बर्हिः पितॄणाम् ॥२२॥ पर्वसु देवानाम् ॥२३॥ प्रयच्छ पर्शुमिति दर्भाहाराय दात्रं प्रयच्छति ॥२४॥ ओषधीर्दान्तु पर्वन्नित्युपरि पर्वणां लूत्वा तूष्णीमाहृत्योत्तरतोऽग्नेरुपसादयति ॥२५॥ नाग्निं विपर्यावर्तेत ॥२६॥ नान्तरा यज्ञाङ्गानि व्यवेयात् ॥२७॥ दक्षिणं जानु प्रभुज्य जुहोति

पूर्व या उत्तर मुख करके दैवकर्म और दक्षिण की ओर मुख कर के पितृकर्म करे ॥ १३ ॥ १४ ॥ दैवकर्म की समाप्ति पूर्व या उत्तर दिशा में और दक्षिण या पश्चिम दिशा में पितृकर्म की समाप्ति करे ॥१५॥१६॥ पितरों का कर्म एक ही बार होता है। और तीन अवरार्ध कर्म देवताओं का होता है ॥१७॥ या आदेशानुसार कर्म करे ॥१८॥ दहिने हाथ को सम्मुख करके दैवकर्म करे और अपसव्य होके पितृकर्म करे ॥१९॥ देवताओं के नाम के अन्त में स्वाहा, वषट् जोड़कर (चतुर्थी विभक्ति के पीछे) देवताओं को हवन आदि करे ॥२०॥ और पितरों के लिये "स्वधा" और "नमः" लगाकर पिण्डादि देवे ॥२१॥ मूल सहित कुश पितरों के लिये (जड़ के पास से टूटा) ॥२२॥ और जो कुश गिरहों पर से टूटा हो उसका व्यवहार देवकार्य में करे ॥२३॥ "प्रयच्छ पर्शुम्" इत्यादि मंत्र पढ़ के दाँत वाला अस्त्र कुश को काट कर लाने के लिये देवे ॥२४॥ "ओषधीर्दान्तुपर्वन्०" मंत्र पढ़कर कुश के गिरहों पर से काटकर तूष्णीं लावे और अग्नि के उत्तर भाग में धर देवे ॥२५॥ एवं यजमान या उसकी पत्नी या ब्रह्मा कार्य समाप्त होने पर अग्नि के विरुद्ध मुख होके न जावे ॥२६॥ यज्ञ की वेदी की ओर अङ्गों को न फैलावे ॥२७॥ दहिने जानु को भूमि पर टेक कर आहुति देवे ॥२८॥ चतुर्दशी

॥२८॥ या पूर्वा पौर्णमासी सानुमतिर्योत्तरा सा राका ॥२९॥ या पूर्वामावास्या सा सिनीवाली योत्तरा सा कुहूः ॥३०॥ अद्योपवसथ इत्युपवत्स्यद्भक्तमश्नाति ॥३१॥ मधुलवणमांसमाषवर्जम् ॥ ३२ ॥ ममाग्ने वर्च इति समिध आधाय व्रतमुपैति ॥३३॥ व्रतेन त्वं व्रतपत इति वा ॥३४॥ ब्रह्मचारी व्रस्यधः शयीत ॥३५॥ प्रातर्हुतेऽग्नौ कर्मणे वां वेषाय वां सुकृताय वामिति पाणी प्रक्षाल्या-परेणाग्नेर्दर्भानास्तीर्य तेषूत्तरमानडुहं रोहितं चर्म प्राग्-ग्रीवोत्तरलोम प्रस्तीर्य पवित्रे कुरुते ॥ ३६ ॥ दर्भावप्र-च्छिन्नप्रान्तौ प्रक्षाल्यानुलोममनुमार्ष्टि विष्णोर्मनसा पूते स्थ इति ॥ ३७ ॥ १ ॥

त्वं भूमिमत्येष्योजसा त्वं वेद्यां सीदसि चारुरध्वरे। त्वां पवित्रमृषयो भरन्तस्त्वं पुनीहि दुरितान्यस्मदिति

युक्त पौर्णमासी को अनुमति और परिवा युक्त पौर्णमासी को राका कहते हैं ॥२९॥ चतुर्दशी युक्त अमावास्या को सिनीवाली और परिवा युक्त अमावास्या को कुहू कहते हैं ॥३०॥ चतुर्दशी युक्त पौर्णमासी पूर्वा कह-लाती है और परिवा युक्त उत्तरा कहलाती है। इसी प्रकार पूर्वा अमावास्या को उपवास करे एवं उत्तरा अमावास्या को यज्ञ करे॥ और उपवास करने वाला भात खावे ॥ और क्षार लवण, मांस, उड़ीद को न खावे ॥३१॥३२॥ "ममाग्ने वर्च०" इत्यादि पढ़कर समिध लेवे एवं व्रत करे ॥३३॥ या "व्रतेन त्वं व्रतपत०" से करे ॥३४॥ व्रत करनेवाला ब्रह्मचारी भूमि पर सोवे, खाट आदि पर नहीं ॥३५॥ प्रातःकाल की आहुतियाँ अग्नि में डालकर "कर्मणे वां०" इत्यादि मंत्र से लाल रंग के बैल के चर्म को पूर्व की ओर गला और ऊपर को लोम भाग करके बिछाकर कुश के पवित्रे को बनावे ॥३६॥ कुशों के प्रान्त भाग को तोड़कर जल से प्रक्षालन कर "विष्णोर्मनसा पूते स्थ०" मंत्र से अनुमार्जन करे ॥३७॥ यह प्रथम कण्डिका समाप्त हुई ॥१॥

"त्वं भूमि मत्येष्योजसा०" इत्यादि मंत्र से पवित्रे को चमड़े और

पवित्रे अन्तर्धाय हविर्निर्वपति देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यामग्नये जुष्टं निर्वपामीति ॥१॥ एवमग्नीषोमाभ्यामिति ॥२॥ इन्द्राग्निभ्यामित्यमावास्यायाम् ॥३॥ नित्यं पूर्वमाग्नेयम् ॥४॥ निरुप्तं पवित्राभ्यां प्रोक्षत्यमुष्मै त्वा जुष्टमिति यथादेवतम् ॥ ५ ॥ उलूखलमुसलं शूर्पं प्रक्षालितं चर्मण्याधाय व्रीहीनुलूखल ओप्यावघ्नंस्त्रिर्हविष्कृता वाचं विसृजति हविष्कृदा द्रवेहीति ॥६॥ अपहत्य सुफलीकृतान्कृत्वा त्रिः प्रक्षाल्य तण्डुलानग्ने चरुर्यज्ञियस्त्वाध्यरुक्षदिति चरुमधिदधाति ॥७॥ शुद्धाः पूता इत्युदकमासिञ्चति ॥८॥ ब्रह्मणा शुद्धा इति तण्डुलान् ॥९॥ परिस्त्वाग्ने पुरं वयमिति त्रिः पर्यग्नि करोति ॥१०॥ मेक्षणेन त्रिः प्रदक्षिणमुदायौति ॥११॥ अत ऊर्ध्वं यथाकामम् ॥१२॥ उत्तरतोऽग्नेरुपसादयती-

---

व्रीहियों के भीतर धर कर "देवस्य त्वा" इत्यादि मंत्र से हवि का निर्वपण करे ॥१॥२॥३॥ सदैव पहिले आग्नेयविधि को करना चाहिये ॥४॥ निरुप्त हवि को पवित्रे से "अमुष्मै त्वा०" (जिस देवता के नाम हवि करना हो उसका नाम लेकर) मंत्र से प्रोक्षण करे ॥५॥ पुनः उलूखल, मुसल, सूप, जो प्रक्षालन किये हुए हों, उनको चमड़े में धरकर धान्यों को ओखरी में डालकर तीन बार कूट कर "हविष्कृदा द्रवेहि०" से वाक् संयम करे। और व्रीहि को कूट छाट कर सूप से फटक कर साफ करके चावलों को तीन बार प्रक्षालन कर "अग्ने चरुर्यज्ञियस्त्वा०" इत्यादि मंत्र से चरु को आग पर चढ़ावे और "शुद्धाः पूताः०" से जल सिक्त करे ॥६॥७॥८॥ "ब्रह्मणा शुद्धा०" से चावलों को जल से सींचे। "परित्वाग्ने०" इत्यादि मंत्र से तीन बार चरु का पर्यग्नि करण करे ॥९॥ ॥१०॥ मेक्षण द्वारा तीन बार प्रदक्षिण चलावे ॥११॥ इसके पश्चात् घोटना, या न घोटना या प्रदक्षिण करना, या न करना—अपनी इच्छा पर है करे या न करे ॥१२॥ अग्नि के उत्तर भाग में इध्मों को और इसके

ध्मम् ॥१३॥ उत्तरं बर्हिः॥१४॥ अग्नये त्वा जुष्टं प्रोक्षामीतीध्मम् ॥१५॥ पृथिव्या इति बर्हिः ॥१६॥ दर्भमुष्टिमभ्युक्ष्य पश्चादग्नेः प्रागग्रं निदधात्यूर्णम्रदं प्रथस्व स्वासस्थं देवेभ्य इति ॥१७॥ दर्भाणामपादाय ऋषीणां प्रस्तरोऽसीति दक्षिणतोऽग्नेर्ब्रह्मासनं निदधाति ॥१८॥ पुरस्तादग्नेरास्तीर्य तेषां मूलान्यपरेषां प्रान्तैरवच्छादयन्परिसर्पति दक्षिणेनाग्निमा पश्चार्धात् ॥१९॥ परिस्तृणीहीति सम्प्रेष्यति ॥२०॥ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां प्रसूतः प्रशिषा परिस्तृणामीति ॥२१॥ एवमुत्तरतोऽयुजो धातून्कुर्वन् ॥२२॥ यत्र समागच्छन्ति तद्दक्षिणोत्तरं करोति ॥२३॥ स्तीर्णं प्रोक्षति हविषां त्वा

उत्तर में बर्हि को धरे ॥१३॥१४॥ "अग्नये त्वा०" इत्यादि मंत्र से इध्मों का प्रोक्षण करे ॥१५॥ "पृथिव्या०" से कुश का प्रोक्षण करे ॥१६॥ "ऊर्ण म्रदं प्रथस्व०" इत्यादि मंत्र से दाभ की मुष्टि को अभ्युक्षण करके अग्नि के पश्चिम भाग में पूर्वाग्र धरे ॥१७॥ और कुशों को लाकर "ऋषीणां०" मंत्र से अग्नि के दक्षिण भाग में ब्रह्मा का आसन धरे ॥१८॥ अग्नि के आगे कुशों को इस प्रकार बिछावे जिसमें कुशों की जड़ सब अन्य कुशों के प्रान्त भाग को ढाकते हुए रहें और दक्षिण अर्थात् वेदि के मध्य प्रदेश से लेकर बिछावे—जिसमें सब कुशों के अन्त भाग को ढाकता हुआ अग्नि के दक्षिण भाग तक और वेदि के पश्चिम भाग तक बिछ जावें ॥१९॥ तब ब्रह्मा कर्त्ता को "परिस्तृणीहि०" संप्रेषण करे ॥२०॥ "देवस्य त्वा०" इत्यादि से वेदि के स्तरण के लिये कुश की मुट्ठी को पकड़ कर बिछावे ॥२१॥ जिस प्रकार वेदि के दक्षिणार्द्ध में संप्रेपणादि द्वारा स्तरण किया है उसी प्रकार वेदि के उत्तरार्द्ध में भी संप्रेषणादि से स्तरण करना चाहिये। दक्षिण भाग में जितनी मुट्ठियाँ हों उतनी ही उत्तरभाग में करे। उत्तर भाग में बे जोड़ (विषम) कहा गया है, इससे दक्षिण भाग में एकत्र समझने के लिये जानो ॥२२॥ दक्षिण उत्तर भाग के स्तरणों का संगम जहाँ हो वह दक्षिण उपकारि कार्य उत्तर का जानो

जुष्टं प्रोक्षामीति ॥२४॥ नानभ्युक्षितं संस्तीर्णमुपयोगं लभेत ॥२५॥ नैधोऽभ्याधानम् ॥२६॥ नानुत्पूतं हविः॥२७॥ नाप्रोक्षितं यज्ञाङ्गम् ॥२८॥ तस्मिन्प्रक्षालितोपवातानि निदधाति ॥२९॥ स्रुवमाज्यधानीं च ॥३०॥ विलीनपूतमाज्यं गृहीत्वाधिश्रित्य पर्यग्नि कृत्वोदगुद्वास्य पश्चादग्नेरुपसाद्योदगग्राभ्यां पवित्राभ्यामुत्पुनाति॥३१॥विष्णोर्मनसा पूतमसि ॥३२॥ देवस्त्वा सवितोत्पुनातु ॥३३॥ अच्छिद्रेण त्वा पवित्रेण शतधारेण सहस्रधारेण सुप्वोत्पुनामीति तृतीयम् ॥३४॥ तूष्णीं चतुर्थम् ॥३५॥ शृतं हविरभिघारयति मध्वा समञ्जन्घृतवत्कराथेति ॥३६॥ अभिघार्योदञ्चमुद्वासयत्युद्वासयाग्नेः शृतमकर्म हव्यमासीद पृष्ठममृतस्य धामेति ॥३७॥ पश्चादाज्यस्य निधायालङ्कृत्य समानेनोत्पुनाति ॥३८॥ अदारसृदित्यवेक्षते ॥३९॥

॥२३॥ बिछाये हुओं का "हविषां त्वा०" मंत्र से प्रोक्षण करे ॥२४॥ बिछाये हुए कुश विना अभ्युक्षण के काम के योग्य नहीं होते ॥२५॥ विना अभ्युक्षण के समिद् का आधान भी नहीं हो सकता है॥२६॥ विना उत्पवन के हवि—नहीं हो सकती है। और न विना प्रोक्षण के यज्ञ का अङ्ग ही हो सकता है ॥२७॥२८॥ उस प्रक्षालित एवं उत्पवन किये उपकरणों को यज्ञ के लिये आसादन करे। स्रुव और आज्यधानी को भी ॥२९॥३०॥ पिघले हुए शुद्ध घृत को अग्नि पर चढ़ाकर गर्म कर और पर्यग्नि करके तथा शुद्ध जल से उद्वासन करके अग्नि के पश्चिम भाग में धर कर उत्तराग्र पवित्रे से केश, कीट, आदि से रहित कर देवे—जिसका मंत्र "विष्णोर्मनसा पूतमसि०" इत्यादि मंत्र पढ़ कर उत्पवन तीसरी बार करे। और चौथी बार विना मंत्र के करे ॥३१॥३२॥३३॥३४॥३५॥ गर्म किये हुए आज्य को "मध्वा०" इत्यादि मंत्र से अभिघार दे कर "उद्वासयत्यु०" इत्यादि मंत्र से उत्तर की ओर उद्वासन करे ॥३६॥३७॥ आज्य के पीछे धर कर अलङ्कृत्य कर के "समानेन०" से उत्पवन करे ॥३८॥ "अदार सृद्०" मंत्र से उठ कर देखे ॥३९॥

उत्तिष्ठतेत्यैन्द्रम् ॥४०॥ अग्निर्भूम्यामिति तिसृभिरुपस-
मादधात्यस्मै क्षत्राण्येतमिध्ममिति वा ॥४१॥२॥

युनज्मि त्वा ब्रह्मणा दैव्येन हव्यायास्मै वोढवे जात-
वेदः । इन्धानास्त्वा सुप्रजसः सुवीरा ज्योग्जीवेम बलि-
हृतो वयं त इति ॥१॥ दक्षिणतो जाङ्मायनमुदपात्रमुप-
साद्याभिमन्त्रयते तथोदपात्रं धारय यथाग्रे ब्रह्मणस्पतिः ॥
सत्यधर्मा अदीधरद्देवस्य सवितुः सव इति ॥२॥ अथो-
दकमासिञ्चति, इहेत देवीरमृतं वसाना हिरण्यवर्णा अन-
वद्यरूपाः । आपः समुद्रो वरुणश्च राजा संपातभागान्
हविषो जुषन्ताम् ॥ इन्द्र प्रशिष्टा वरुणप्रसूता अपः
समुद्राद्दिवमुद्वहन्तु । इन्द्रप्रशिष्टा वरुणप्रसूता दिव-
स्पृथिव्याः श्रियमा वहन्त्विति ॥३॥ ऋतं त्वा सत्येन प-
रिषिञ्चामि जातवेद इति सह हविर्भिः पर्युक्ष्य जीवाभि-
राचम्योपोत्थाय वेदप्रपद्भिः प्रपद्यत ओं प्रपद्ये भूः प्रपद्ये
भुवः प्रपद्ये स्वः प्रपद्ये जनत्प्रपद्य इति ॥४॥ प्रपद्य पश्चा-
त्स्तीर्णस्य दर्भानास्तीर्याहे दैधिषव्योदतस्तिष्ठान्यस्य सदने

भाषार्थ—"उत्तिष्ठत०" से ऐन्द्रहवि को देखे ॥४०॥ "अग्निर्भूम्यां०" इत्यादि तीन ऋचाओं से आधान करे। या "अस्मै क्षत्राण्येत०" से इध्म को देखे ॥४१॥४२॥ यह दूसरी कण्डिका समाप्त हुई ॥ २ ॥

"युनज्मित्त्वे०" इन पाँच ऋचाओं से इध्म का आधान करे। और काँसे का पात्र लाकर "तथोदपात्रं धारय०" इत्यादि मंत्र से अभिमंत्रण करे ॥१॥२॥ अन्य जल से "इहेत देवी०" इत्यादि मंत्रों को पढ़ कर आसिंचन करे ॥३॥ "ऋतं त्वा सत्त्येन०" इत्यादि से हवि के साथ पर्युक्षण कर के "जीवास्थ०" इत्यादि चार मंत्रों से एक बार जल भक्षण करे, कर्त्ता और ब्रह्मा जल से आचमन करे॥ उपोत्थाय वचन से मंत्र की प्रतीति कराई गई है। और "वेदप्रपद्भिः" से प्रपद करे॥ "ओं प्रपद्ये भूः०" इत्यादि से प्रपद करावे ॥४॥ प्रपद कराके पश्चिम भाग में बिछाये हुए

सीद् योऽस्मत्पाकतर इति ब्रह्मासनमन्वीक्षते ॥५॥ निरस्तः पराग्वसुः सह पाप्मना निरस्तः सोऽस्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यश्च वयं द्विष्म इति दक्षिणा तृणं निरस्यति ॥६॥ तदन्वालभ्य जपतीदमहमर्वाग्वसोः सदने सीदाम्यृतस्य सदने सीदामि सत्यस्य सदने सीदामीष्टस्य सदने सीदामि पूर्त्तस्य सदने सीदामि मामृषदेव बर्हिः स्वासस्थं स्वाध्यासदेयमूर्णम्रदमनभिशोकम् ॥७॥ विमृग्वरीमित्युपविश्यासनीयं ब्रह्मजपं जपति बृहस्पतिर्ब्रह्मा ब्रह्मसदन आसिष्यते बृहस्पते यज्ञं गोपाय यदुदुद्वत उन्निवतः शकेयमिति ॥८॥ दर्भैः स्रुवं निर्मृज्य निष्टप्तं रक्षो निष्टप्ता अरातयः प्रत्युष्टं रक्षः प्रत्युष्टा अरातय इति प्रतप्य ॥९॥ मूले स्रुवं गृहीत्वा जपति विष्णोर्हस्तोऽसि दक्षिणः पूष्णा दत्तो बृहस्पतेः । तं त्वाहं स्रुवमाददे देवानां हव्यवाहनम् ॥ अयं स्रुवो विदधाति होमाञ्छताक्षरश्छन्दसा जागतेन । सर्वा यज्ञस्य समनक्ति विष्ठा बार्हस्पत्येष्टिः शर्म्मणा दैव्येनेति ॥१०॥ ओं भूः शं भूत्यै त्वा गृह्णे भूतय इति प्रथमं ग्रहं गृह्णाति ॥११॥ ओं भुवः शं पुष्ट्यै त्वा गृह्णे पुष्टय इति द्वितीयम् ॥१२॥ ओं स्वः

वस्त्र को लोहदण्ड के साथ जल में डाल देवे॥ "एता एना०" इस ऋचा से नील वस्त्र को लोह खण्ड के साथ जल में फेककर घर को आवे ॥ तब पौष्टिक और सम्पादन कर्मों को करे ॥ निर्ऋति कर्म समाप्त हुआ ॥ "त्रिषप्तीयं०" इत्यादि सूक्त से पौष्टिकादि कर्मों को चैत्र की पौर्णमासी को या चित्रा नक्षत्र में करे ॥१९॥ पक्षि के घोंसले को जलाकर पक्क स्थालीपाक को गर्म करके हरे कुश के साथ खावे ॥२०॥ प्रादेश बराबर समिधाओं को जल में भिगो कर आधान करे ॥२१॥ जिन दो नदियों में नौकायें आती जाती हों, उनके संगम पर अग्नि धर कर उसके पश्चिम भाग में भूमि पर रेखा करके परशु की भाँति मुख करके खावे हाथ से नही ॥२२॥ और तीन रात तक नित्य घी खावे ॥२३॥ उसको खाने वाला 'शम्भुमयोभुभ्यां०" इत्यादि सलिल गण के मंत्रों से क्षीरौदन खावे ॥२५॥ मन्थान्त कर्मों को "त्रिः ज्योतिः कुरुते०" से करे ॥२६॥ "ब्रह्मजज्ञानमवाप्ता"० इत्यादि से राह चलता मन्थान्त कर्मों को उपवास रहता हुआ हविष द्वारा आहुति करता हुआ करे ॥२७॥ जब मार्ग में जावे तब यह कर्म करे। जब गाँव जावे तब यह कर्म करे ॥ यह प्रस्थान-कर्म समाप्त हुआ ॥२८॥२९॥ यथार्थ याचना करने वाला द्रव्य की कामना से यह कर्म करे॥ या निष्काम भी यह कर्म करे ॥३०॥ ॥३१॥ अब समुद्र कर्म (सर्व फल कर्म) को कहेंगे ॥ अभ्यातानान्त कर्म करके चार फूलका पलाश की समिधाओं का, चार कुशों का फूल का बारी २ से (एक समिद्भारक, दूसरी उस पर दर्भ भारक) फिर उसी

ष्ठीनां भवन्ति ॥३२॥ दर्भाणामुपोलवानां चत्वारः ॥३३॥ तं व्यतिषक्तमष्टावरमिध्मं सात्रिकेऽग्नावाधायाज्येना-भिजुहुयात् ॥३४॥ धूमं नियच्छेत् ॥३५॥ लेपं प्राश्नीयात् ॥३६॥ तमु चेन्न विन्देदथ सत्रस्यायतने यज्ञायतनमिव कृत्वा ॥३७॥ समुद्र इत्याचक्षते कर्म ॥३८॥१॥१८॥

अम्बयो यन्ति शम्भुमयोभुभ्यां ब्रह्म जज्ञानमा गाव एका च म इति गा लवणं पाययत्युपतापिनीः ॥१॥ प्रजननकामाः ॥२॥ प्रपामवरुणद्धि ॥३॥ सं सं स्रव-न्त्विति नाव्याभ्यामुदकमाहरतः सर्वत उपासेचम् ॥४॥ तस्मिन् मैश्रधान्यं शृतमश्नाति ॥५॥ मन्थं वा दधिमधु-

---

प्रकार आठ ऊपर करके "ब्रह्मजज्ञानेन सहस्रधारेण" मंत्र से आज्य की आहुति देवे ॥३२॥३३॥३४॥ आज्य होम के अनन्तर तांत्रिकाग्नि का धूम भक्षण करे ॥३५॥ पलाश के डांड में से अग्नि के संयोग से "सिलि सिलिनः" इस मंत्र को पढ़कर प्राशन करे ॥३६॥ सात्रिक अग्नि का प्रणयन या यज्ञ स्थान में यह कार्य करे। इस कर्म का फल धन, धान्य, लक्ष्मी, पुत्र, यश, मेधा, धर्म, आयु, बल, प्रजा, सम्पत्, ग्राम, कूपादि की प्राप्ति होती है। इसलिये इस कर्म का नाम समुद्रकर्म है ॥३७॥३८॥१८॥ यह अठारहवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥१८॥

"अम्बयो यन्ति, शम्भुमयोभुभ्यां ब्रह्मजज्ञानमागावएकाचमे"० इत्यादि मंत्रों से गौओं को लवण पान करावे-इससे सारे रोग छूट कर गौयें हृष्ट पुष्ट हो जाती हैं-परन्तु स्मरण रहे कि लवण देने पर थोड़ा जल भी पीने को न देवे ॥१॥ गौओं को हृष्ट पुष्ट अच्छे बच्चे नीरोग हों ऐसी कामनावाले गौ को लवण तो खवावे परन्तु उसे थोड़ा जल भी पीने को न देवें ॥ गौओं को बहुत दूध होवे, रोग रहित रहें, ज्वर, गण्डमालादि रोगों में और गर्भ रहने के लिये यह कर्म होता है ॥ ॥२॥ तड़ाग को रोक कर तब गौओं को जल पिलावे ॥३॥ सब ही प्रयो-जन के लिये पुष्टि कर्म्मों को कहते हैं। दो नदिओं के जल को लाकर उससे सब ओर उपसेचन करे ॥ ४ ॥ उस जल से दूध में मैश्रधान्य को पकाकर खावे ॥ ५ ॥ या मन्थ (दधि मधु मिला) खावे ॥ ६ ॥

मिश्रम् ॥ ६ ॥ यस्य श्रियं कामयते ततो व्रीह्याज्यपय आहार्यं क्षीरौदनमश्नाति ॥ ७ ॥ तदलाभे हरितगोमयमाहार्यं शोषयित्वा त्रिवृति गोमयपरिचये श्रृतमश्नाति ॥ ८ ॥ शेरभकेति सामुद्रमप्सु कर्म व्याख्यातम् ॥ ९ ॥ अनपहृतधाना लोहिताजाया द्रप्सेन संनीयाश्नाति ॥१०॥ एतावदुपैति ॥११॥ तृणानां ग्रन्थीनुद्ग्रथ्नन्नपक्रामति ॥१२॥ तानुदाव्रजन्नुदपात्रस्योदपात्रेणाभिप्लावयति मुखं विमार्ष्टि ॥१३॥ एह यन्तु पशवः सं वो गोष्ठेन प्रजावतीः प्रजापतिरिति गोष्ठकर्माणि ॥१४॥ गृष्टेः पीयूषं श्लेष्ममिश्रमश्नाति ॥१५॥ गां ददाति ॥१६॥ उदपात्रं निनयति ॥१७॥ समुह्य सव्येनाधिष्ठायार्धं दक्षि-

---

जिस धनी के धन को हरण करना चाहे उसके घर से व्रीहि, आज्य, दूध किसी प्रकार लावे और उसमें क्षीरौदन पकाकर खावे ॥ ७ ॥ यदि ऐसा न कर सके तो, गीला गोबर लाकर सुखा लेवें और उसको एकत्र कर उसे पकाकर खावे ॥८॥ यह पुष्टि कर्म समुद्र जल में किया जाता है। शापेटक को लीपकर जल में निविध कर उस पर अग्नि का प्रणयन कर "शेरभक०" इत्यादि सूक्त से भात को सम्पातन और अभिमंत्रण कर खावे ॥ ९ ॥ बिन टुकड़े किये हुए जौओं को लावा भून कर उसको लाल बकरी के दूध के मट्ठे के साथ मिलाकर खावे ॥ १० ॥ समुद्र जल से इस कर्म को–इस परिमाण से करे ॥११॥ तृणों को एकत्र कर उनमें गांठे देकर उन पर वधू को चलावे ॥१२॥ उन गांठे हुए तृणों को लेकर जल में जाकर जलपात्र को जल में प्रवाहित करे और अपने मुख को जल से मार्जन करे ॥ १३ ॥ "एह यन्तु०" इत्यादि मंत्रों से वक्ष्यमाण गोष्ठ कर्मों को करे ॥१४॥ दूसरी बार व्याई हुई गौ के पहिले दिन के दूध का नाम पीयूष है ॥ इस पीयूष को गौके मुँह के लार को मिलाकर खावे ॥१५॥ ब्राह्मण को गौ देवे ॥१६॥ जलपात्र को अभिमंत्रण कर उसको गोशाला में लावे ॥१७॥ गौ गृह के भीतर—स्थान को पञ्च भूसंस्कार करके गोशाला में धूलि को ढेर किये हुए के आधे भाग को दक्षिण

णेन विक्षिपति ॥१८॥ सारूपवत्से शकृत्पिण्डान् गुग्गुलुलवणे प्रतिनीय पश्चादग्नेर्निखनति ॥१९॥ तिसृणां प्रातरश्नाति ॥२०॥ विकृते संपन्नम् ॥२१॥ आयमगन्नयं प्रतिसरोऽयं मे वरणोऽरातीयोरिति मन्त्रोक्तान् वासितान् बध्नाति ॥२२॥ उत्तमस्य चतुरो जातरूपशकलेनानुसूत्रं गमयित्वावभुज्य त्रैधं पर्यस्यति ॥२३॥ एतमिध्ममिस्युपसमाधाय ॥२४॥ तमिमं देवता इति वासितमुल्लुप्य ब्रह्मणा तेजसेति बध्नाति ॥२५॥ उत्तमो असीति मंत्रोक्तम्

दिशा में फेक देवे ॥१८॥ सारूपवत्सवाली गौ के गोबर-पिण्डों को, गुग्गुल लवण में लाकर अग्नि के पश्चिम भाग में गाड़ देवे ॥१९॥ तीन रात बीत जाने पर प्रातःकाल उसे उखाड़ कर खावे ॥२०॥ और भूमि में गाड़े हुए पीयूष को निकालने पर वह तय्यार हुआ कि नहीं इसकी परीक्षा-उसका गन्ध, स्वाद, और रूप की देखभाल चखकर जानना। क्योंकि विकार रहित होने ही से यह ठीक हुआ समझना चाहिये ॥२१॥ "आयमगन्न०" इत्यादि मंत्र से मणि द्रव्यों को मंत्रों से अभिमंत्रण कर वासित करके त्रयोदशी आदि नियमों से वासित मणियों को "पुष्टिफलत्वं मह्यं ददतु पुष्टये ।" "अयमागन्न०" से पलाशमणि, आदि वृक्षोंके "अयं प्रतिसर ।" "अयं मे वरण" से वरण, आडे खादिर, चिबुका (मुचुकुन्दवृक्ष) ॥ उक्त मणि के सोने की ४ माला लाइ के साथ गांधने के योग्य करके टेढा करके एक २ माला को तीन २ बार लपेट कर बगल में सब तरफ लोहे के मोटे पत्तर से एक सौ दक्षिण सुवर्ण सूत्र करे ॥ ॥ तात्पर्य यह है कि यह प्रकरण सब कामनाओं की सिद्धि हेतु सर्वकाममणि शान्ति कहाता है ॥ पलाश मणि को तीन बार वासित करके डालकर अभिमंत्रण कर त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावास्या इन तीन तिथियों में दही, मधु में वासना देकर मणि को धारण करे ॥ २२ ॥ ॥ २३ ॥, "एतमिध्मम्०" से उपसमाधान करके "तमिमं देवता०" से मणि को छेदकर "ब्रह्मणा तेजसा०" से अपने उत्तमाङ्ग में बान्धे ॥ २४ ॥ ॥ २५ ॥ "उत्तमो अस्योषधीनां तव वृक्षा०" से जिस द्रव्य का

॥२६॥ अक्षितास्त इति यवमणिम् ॥२७॥ प्रथमा ह व्युवास सेत्यष्टक्याया वपां सर्वेण सूक्तेन त्रिर्जुहोति ॥२८॥ समवत्तानां स्थालीपाकस्य ॥२९॥ सहहुतानाज्य-मिश्रान्हुत्वा पश्चादग्नेर्वाग्यतः संविशति ॥३०॥ महा-भूतानां कीर्तयन् संजीहिते ॥३१॥२॥१९॥

सीरा युञ्जन्तीति युगलाङ्गलं प्रतनोति ॥१॥ दक्षिण-मुष्टारं प्रथमं युनक्ति ॥२॥ एहि पूर्णकेस्युत्तरम् ॥३॥ कीनाशा इतरान् ॥४॥ अश्विना फालं कल्पयतामुपावतु

मणि हो उसी को इस मंत्र से बान्धे ॥२६॥ "अक्षितास्त०" से यव मणि को बान्धे ॥ २७ ॥ माघ मास की अष्टका में पूर्वाह्न समय यज्ञोपवीती होकर यज्ञशाला निवेशन के लिये पञ्च भूसंस्कार करके उपवास रहकर भात खाकर स्नानकर अखण्ड नये वस्त्र को पहन ओढ़-कर रात्रि में प्रयोग करे अर्थात् वश्य तन्त्रानुसार पाकयज्ञ विधान से धान आदि को पकाकर आज्यभागान्त होम करके अग्नि के पूर्वभाग में पश्चिम में गौ को धरे ॥ अग्नि के पश्चिम भाग में पूर्व मुख बैठ कर अन्वारब्ध हुआ शान्त्युदक करे ॥ "प्रथमा ह व्युवास स०" इत्यादि सम्पूर्ण सूक्त से घी की आहुति देवे ॥ सूक्त को तीन वार पढ़कर आहुतियां करे । इसके अनन्तर मांस होम में "प्रथमा ह व्युवास स०" इत्यादि सम्पूर्ण सूक्त से तीन वार आहुतियां देवे ॥ फिर 'प्रथमा ह व्युवास०" सम्पूर्ण सूक्त से स्थालीपाक की आहुति देवे ॥२९॥ सह हवन क्रियों के साथ आज्य मिला आहुति देकर अग्नि के पश्चिम भाग में वाक् संयम कर बैठे ॥३०॥ महाभूतों (पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) के गुणों के वर्णन करता रहे, जिस्से नीन्द न आवे ॥३१॥२॥१९॥ यह उन्नीसवी कंडिका पूरी हुई ॥१९॥

"सीरायुञ्जन्ति०" इत्यादि से कर्त्ता हलके दहिने भाग मे और "उष्टारं प्रजन-यितारं०" मंत्र पढ़कर दाहिने युग धुरि में । उत्तरां युगं धुरि सेक्तारमेव "एहि पूर्णक०" से वाम भाग मे बैल जोते । "युनक्तसाराावियुगातनोत०" को पढ़कर जोतने वाले से कहे कि तुम खेत जोतो और अलग २ सीरोरे कर जोतो' ऐसा कहने पर कर्षक खेत जोते ॥१॥२॥३॥४॥ "अश्विना

बृहस्पतिः। यथासद्बहुधान्यमयदमं बहुपूरुषमिति फाल-मतिकर्षति ॥५॥ इरावानसि धार्तराष्ट्रे तव मे सत्रे राध्यतामिति प्रतिमिमीते ॥६॥ अपहताः प्रतिष्ठा इत्य-पूपैः प्रतिहत्य कृषति ॥७॥ सूक्तस्य पारं गत्वा प्रयच्छति ॥८॥ तिस्रः सीताः प्राचीर्गमयन्ति कल्याणीर्वाचो वदन्तः ॥९॥ सीते वन्दामहे त्वेत्यावर्तयित्वोत्तरस्मिन् सीता-न्ते पुरोडाशेनेन्द्रं यजते ॥१०॥ अश्विनौ स्थालीपाकेन ॥११॥ सीतायां संपातानानयन्ति ॥१२॥ उदपात्र उत्तरान् ॥१३॥ शष्पहविषामवधाय ॥१४॥ सर्वमनक्ति ॥१५॥ यत्र संपा-तानानयति ततो लोष्टं धारयन्तं पत्नी पृच्छत्यकृक्षतेति ॥१६॥ अकृष्यामेति ॥१७॥ किमाहार्षीरिति ॥१८॥ वित्तिं भूतिं पुष्टिं प्रजां पशूनन्नमन्नाद्यमिति ॥१९॥ उत्तरतो मध्य-

---

फालम्०" इत्यादि से फाल को अभिमंत्रित करे ॥५॥ "इरावानसि०" इत्यादि से खेत को नाप कर जोते ॥६॥ "अपहताः प्रतिष्ठा०" इत्यादि से फाल को अपूपों से वेष्टित कर जोते ॥ अपूप घी में पका हो। "लांगलं पवीरवत्" इत्यादि मंत्र पढ़कर जोते ॥७॥ और कर्त्ता हल को कर्षकों को देवे—तब तक स्वयं जोते जब तक पूरा सूक्त पढ़ना समाप्त न हो ॥८॥ "अभिवर्षतु निष्पद्यतां बहुधान्यं, आरोग्यम्" इत्यादि कल्याणी बातों को बोले जब तक तीन सीरावर पश्चिम की ओर जोते ॥९॥ "सीते वन्दा-महे त्वं०" इत्यादि मंत्र को चाप करते हुए लोट पोट करता रहे तब तक पुरोडाश से इन्द्रदेवता की पूजा करे ॥१०॥ "अश्विनौ०" देवता को स्थालीपाक से पूजा करे ॥११॥ सीरावरों पर आहुतियों का धार देवे ॥१२॥ जलपात्र को उत्तर दिशा में धरे ॥१३॥ शल्य (हरी दूब) की आहुति करके सब हलों को प्रक्षालन करे ॥ जहां सम्पातों को लावे वहां से ढेला लेते हुए को पत्नी पूछे तुमने जोता ? कारयिता कहे मैं सम्पातों को जोतता हूं। मट्टी के पिण्ड को लेकर धरे पत्नी (स्वामिनी) पूछे "अकृ-ष्याम०"१४।१५।१६।१७। फिर पत्नि पति को पूछे "किमाहार्षीः" तो उत्तर में पत्नी कहे—वित्ति, भूति, पुष्टि, प्रजा, पशु, अन्न, और अनाद्य इनको

मायां निवपति ॥२०॥ अभ्यज्योत्तरफालं प्रातरायोजनाय निदधाति ॥२१॥ सीताशिरःसु दर्भानास्तीर्य प्लक्षोदुम्बरस्य त्रींस्त्रींश्चमसान्निदधाति ॥२२॥ रसवतो दक्षिणे शष्पवतो मध्यमे पुरोडाशवत उत्तरे ॥२३॥ दर्भान् प्रत्यवभुज्य संवपति ॥२४॥ सारूपवत्से शकृत्पिण्डान् गुग्गुलुलवणे प्रतिनीयाश्नाति ॥२५॥अनड्‌त्सांपदम् ॥२६॥३॥२०॥

पयस्वतीरिति स्फातिकरणम् ॥१॥ शान्तफलशिलाकृतिलोष्ठवल्मीकराशिवापं त्रीणि कूदीप्रान्तानि मध्यमपलाशे दर्भेण परिवेष्ट्य राशिपल्येषु करोति ॥२॥ सायं भुञ्जते ॥३॥ प्रत्यावपन्ति शेषम् ॥४॥ आ भक्तयातनात्

लेती हूं ॥१९॥ बीच के सीरवर में के ढेला को वरे । और उत्तर देश में अश्विनौ देवता को स्थालीपाक से पूजे ॥२०॥ पूजाकर उस उत्तर सम्पादि संस्कृत जल से दूसरे दिन प्रातःकाल आयोजना होगी उसके लिये रख छोड़े ॥२१॥ सीता के शिर पर कुशों को आस्तरण करके प्लक्ष, गूलर के तीन २ इध्म को डाले ॥२२॥ रसवाले दक्षिण में शष्पवाले बीच में पुरोडाश वाले उत्तर में डाले ॥२३॥ कुशों को टेढा करके चमसों पर डाले ॥२४॥ सरूपवत्सा गौ के गोबर के पिण्डों को गुग्गुल लवण में मिलाकर खावे ॥२५॥ अनडुत्साम्पद (हमको बहुत बैल हो एसी इच्छावाले) करे ॥२६॥३॥२०॥ यह बीसवी कण्डिका पूरी हुई ॥२०॥

"पयस्वतीः०" इत्यादि से स्फातिकरण (किसी पदार्थ की वृद्धि) कर्म को करे ॥१॥ शान्तफल, शिलाकृति, मट्टी का ढेला, दीमक के मट्टी के ढेर को तीन कूदीप्रान्तों को, पलाश के पत्ते में कुश के साथ लपेट कर बान्धे और अन्न के ढेर पर या वखार में धरे ॥२॥ अन्न को नाप कर सायंकाल में भोजन करे ॥३॥ मनुष्य के हिसाब से अधिक कोष्ठागार में धरे और शेष को आहुति करे ॥४॥ जब २ भात पकावे, तब २ उसे अभिमंत्रित करे । और जब २ छाटने, कूटने, साफ करने, रंधन करने, परीक्षण करने, छन देने का काम करे तब २ उसे अभिमंत्रण करे ॥५॥

॥५॥ अनुमन्त्रयते ॥६॥ अयं नो नभसस्पतिरिति पल्येऽश्मानं सम्प्रोक्ष्यान्वृचं काशीनोप्यावापयति ॥७॥ आ गाव इति गा आयतीः प्रत्युत्तिष्ठति ॥८॥ प्रावृषि प्रथमधारस्येन्द्राय त्रिर्जुहोति ॥६॥ प्रजावतीरिति प्रतिष्ठमाना अनुमन्त्रयते ॥१०॥ कर्कीप्रवादानां द्वादशदाम्न्यां सम्पातवत्यामयं घास इह वत्सामिति मन्त्रोक्तम् ॥११॥ यस्ते शोकायेति वस्त्रसाम्पदी ॥१२॥ तिस्रः कूदीमयोरूर्णनाभिकुलाय परिहिता अन्वक्ता आदधाति ॥१३॥ अस्यन्तेषीका मौञ्जपरिहिता मधुना प्रलिप्य चिक्कशेषु पर्यस्य ॥१४॥ उत पुत्र इति ज्येष्ठं पुत्रमवसाययति ॥१५॥ मितशरणः सांपदं कुरुते ॥१६॥ अर्धमर्धेनेस्याद्र्रपाणी रसं ज्ञात्वा प्रयच्छति ॥१७॥ शान्तशाखया प्राग्भागमपाकृत्य ॥१८॥

॥६॥ "अयं नो नभसस्पतिः" से धन्यराशि में पत्थर को संप्रोक्षण करके प्रत्येक ऋचा से निर्वाप करे और दूसरा पुरुष आवपन करावे ॥७॥ यह स्फाति कर्म्म समाप्त हुआ ॥ जब गौयें जंगल आदि से चर कर गोशाला में आवें तो "आ गाव" से प्रत्युपस्थान करे ॥८॥ वर्षाऋतु में "प्रथमधारस्येन्द्राय" की आहुति देवे ॥१०॥ "कर्कीप्रवाद०" मंत्रों में से द्वादश नाम वाली ऋचा (सूर्यस्य रश्मीक इत्यादि) से सम्पातवती करके "अयं घास इह वत्सां" इत्यादि "इह वत्सां निबध्नीम०" इत्यादि से बच्चों के पैरों में बान्धे" "अयं घास०" से खाने को घास देवे गौ और बच्छरे दोनों की यह गोशान्ति समाप्त हुई ॥ "यस्ते शोकाय०" इत्यादि से वस्त्र की प्राप्ति होती है ॥१२॥ तीन कूदीमयी मकरे के जालमें बनी हुई को घी से चपोड़कर आहुति देवे और इषीका (शरपत की) को मूँजमें लपेट कर मधु से लीप कर तीन जौ के चिकसा से सब ओर प्रक्षिप्तकर तीन समिधोंकी आहुतियां देवे ॥१३॥१४॥ "उत पुत्र" मंत्र से ज्येष्ठ पुत्र से पिता अवशान करावे अर्थात् पुत्रों में घर बटवा देवे ॥१५॥ ज्येष्ठ पुत्र घर बना कर इसी में अवशान कर्म करे ॥१६॥ ज्येष्ठ पुत्र हाथ पैर धोकर "अर्धमर्धेन०" से "ददामि" ऐसा समझ कर देवे ॥१७॥ शान्त-

प्रत्यग्निं परिचतति ॥१६॥ तस्या अमावास्यायां तिस्रः प्रादेशमात्रीरादधाति ॥२०॥ त्वे क्रतुमिति रसप्राशनी ॥२१॥ रसकर्माणि कुरुते ॥२२॥ स्तुष्व वर्ष्मन्निति प्राजापत्यामावास्यायामस्तमिते वल्मीकशिरसि दर्भावस्तीर्णेऽध्यधिदीपं धारयंस्त्रिर्जुहोति ॥२३॥ तण्डुलसंपातानानीय रसैरुपसिच्याश्नाति ॥२४॥ एवं पौर्णमास्यामाज्योतान् ॥२५॥४॥२१॥

ऋधङ्मन्त्रस्तदिदासेति मैश्रधान्यं भृष्टपिष्टं लोहितालंकृतं रसमिश्रमश्नाति ॥१॥ अभृष्टं प्लक्षोदुम्बरस्योत्तरतोऽग्नेस्त्रिषु चमसेषु पूर्वाह्णस्य तेजसाग्रमन्नस्य प्राशिषमिति पूर्वाह्णे ॥२॥ मध्यन्दिनस्य तेजसा मध्य-

---

वृक्ष की शाखा से गौ आदि के भागों को लेकर देवे ॥१८॥ विभक्त हुए पुत्र गण अपने २ घरों में प्रति अग्नि में शान्तवृक्ष की शाखा को बान्धे ॥१९॥ उस शाखा की तीन समिधाओं को (प्रादेश परिमिता) अग्नि में डाले ॥२०॥ "त्वे क्रतु०" इत्यादि से रसास्तनपा प्राशन्तः रसा अनया प्राश्यन्ते । रस कर्मों को इसी से करे ॥२२॥ "स्तुष्व वर्ष्मन्०" इत्यादि की देवता प्रजापति है । इस ऋचा से अमावास्या को सूर्य्य के अस्त होने पर दीमक की मट्टी के ढेर पर कुशों को बिछाकर उस पर खपर धरकर उसमें अग्नि स्थापन करे और दीप जला देवे, और तीन बार आहुतियां देवे ॥२३॥ चावल के सम्पातों को लाकर रसों से उसका उपसेचन कर खावे ॥२४॥ और पौर्णमासी को आज्य से उपसेचन कर खावे ॥२५॥४॥२१॥ यह इक्कीसवी कण्डिका समाप्त हुई ॥२१॥

'ऋधङ्मन्त्रस्तदिदास०" इत्यादि मंत्र से मैश्रधान्य को भूनकर उसके सत्तू को लोहित (रक्तचन्दन या लाल शोभांज वृक्ष) से अलंकृत रस को मिलाकर खावे ॥१॥ विना भूने हुए मिश्रधान्य के सत्तू को अग्नि के उत्तर भाग में प्लक्ष, गूलर के तीन चमसों को पूर्वाह्ण समय "पूर्वाह्णस्य तेजसाग्रमन्नस्य प्राशिषम्" इत्यादि से आहुति देवे ॥२॥

मन्नस्य प्राशिषमिति मध्यन्दिने ॥३॥ अपराह्णस्य तेजसा सर्वमन्नस्य प्राशिषमित्यपराह्णे ॥४॥ ऋतुमत्या स्त्रिया अङ्गुलिभ्यां लोहितम् ॥५॥ यत् क्षेत्रं कामयते तस्मिन् कीलालं दधिमधुमिश्रम् ॥६॥ संवत्सरं स्त्रियमनुपेत्य शुक्त्यां रेन आनीय तण्डुलमिश्रं सप्तग्रामम् ॥७॥ द्वादशीममावास्येति क्षीरभक्षो भवत्यमावास्यायां दधिमधु भक्षस्तस्य मूत्र उदकदधिमधुपल्पूलनान्यासिच्य ॥८॥ क्रव्यादं नाडी प्रविवेशाग्नि प्रजाभाङ्गिरतो मायथैतौ । आवां देवी जुषाणे घृताची इममन्नाद्याय प्रविशतं स्वाहेति ॥९॥ निशायामाग्रयणतण्डुलानुदक्यान्मधुमिश्रान्निदधात्या यवानां पङ्क्तेः ॥१०॥ एवं यवानुभयान्समोप्य ॥११॥ त्रिवृति गोमयपरिचये श्रृतमश्नाति ॥१२॥

"मध्यन्दिनस्य तेजसा मध्यमन्नस्य प्राशिषम्" इत्यादि से मध्यान्ह में आहुति देवे ॥ ३ ॥ "अपराह्णस्य तेजसा सर्वमन्नस्य प्राशिषम्" इत्यादि से अपराह्ण समय आहुति देवे ॥४॥ ऋतुमती स्त्री को गर्भकाल युक्त होने से उसके योनि से रुधिर निकलता है उस रुधिर को तर्जनी एवं मध्यमा अङ्गुलियों से अपने कुल की पुष्टि के लिये पीवे ॥५॥ जिस खेत की कामना हो उसमें जाकर जल, दही, मधु मिलाकर खावे ॥६॥ एक वर्ष तक स्त्री के पास न जाकर सीप में अपने वीर्य्य को लेकर उसमें चावल मिलाकर खावे तो सात ग्राम का लाभ होगा ॥७॥ द्वादशी से लेकर अमावास्या पूर्व केवल क्षीर खावे, और अमावास्या को दही, मधु, खावे, और इन तीन दिनों में क्षीर खावे, तो उस पुरुष के जल में जल, दही, मधु, पल्पूलन को आसेचन करके खावे ॥ ८ ॥ "क्रव्यादं नाडी०" इत्यादि मंत्र से स्वाहा करे ॥ रात्रि में अगहनी धान के चावलों में (चावलों को धो करके) मधु मिलाकर आहुति देवे ॥ शरद् ऋतु में जिस किसी रात्रि में व्रीहि तण्डुल और श्यामा मधु मिलाकर जब तक व्रीहि को जव की पंक्तिमें दोनों को न डाले ॥ इस प्रकार दोनों यवों को डाल कर ॥११॥ तीन बार गोबर एकत्र ढेर पर पका कर खावे ॥ १२ ॥

समृद्धमिति काङ्कायनः ॥१३॥ ममाग्नेवर्च इति सात्रि-कानग्नोन्दर्भपूतीकभाङ्गाभिः परिस्तीर्य गार्हपत्यश्रृतं सर्वेषु सम्पातवन्तं गार्हपत्यदेशेऽश्नाति ॥१४॥ एवं पूर्वे-स्मिन्नपरयोरुपसंहृत्य ॥१५॥ एवं द्रोणकलशे रसानु-क्तम् ॥१६॥५॥२२॥

यजूंषि यज्ञ इति नवशालायां सर्पिर्मधुमिश्रमश्नाति ॥१॥ दोषो गायेति द्वितीयाम् ॥२॥ युक्ताभ्यां तृतीयाम् ॥३॥ आनुमतीं चतुर्थीम् ॥४॥ शालामङ्गुलिभ्यां सम्प्रोक्ष्य

तो इससे समृद्धि होती है ऐसा काङ्कायन आचार्य्य कहते हैं ॥१३॥ "ममा-ग्ने वर्च०" इत्यादि से सात्रिक (याज्ञिक) अग्नियों को दर्भपूतिक भाङ्ग-द्वारा परिस्तरण करके अर्थात् शत्रुदेश में जा कर गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनीय अग्नियों में कर्म करे। इसके अनन्तर गार्हपत्य अग्नि में अभ्यातानान्त आहुति करके "ममाग्ने वर्च" इत्यादि से सारूपवत्स गौ के दूध को गर्म कर पहिले उतार कर तब उत्तर तन्त्र करके पूतीक दर्भ से स्तरण करे। तब अभ्यातानान्त करके सारूपवत्स दूध को अग्नि पर से उतार के फिर आहवनीयाग्नि के पास स्तरण करे। तब उसी सारूपवत्स दूध को उतार कर इसी सूक्त से एकवार अभिमंत्रण करके खावे। तब गार्हपत्य प्रभृति उत्तर तंत्र को करे। गार्हपत्य देश में भोजन करे। उत्तर तंत्र, व्रतग्रहणादि करे। दक्षिणाग्नि, गार्हपत्याग्नि, आहवनीयाग्नियों में यथाक्रमसे व्रतग्रहणादि करे॥ गार्हपत्याग्नि का स्तरण कुशों से, दक्षि-णाग्नि का पूतीक काष्ठों से और भाङ्ग से आहवनीयाग्नि का स्तरण करे॥ यह समुद्र कर्म समाप्त हुआ ॥१५॥१६॥५॥२२॥

यह बाईसवी कण्डिका पूरी हुई ॥२२॥

अब नूतन घर, गोशाला, अग्निशाला, या गाँव या पुर या अन्यत्र अभिमत स्थानों में कर्मों को करे॥ चाहे घर पत्थर, काठ, फुस, या इंटों के बने हों सर्वत्र नये मकानों में गृह प्रवेश कर्म करे। घी, मधु मिला करे। अर्थात् "यजूंषि यज्ञ" इत्यादि से आज्य द्वारा अंग होम और प्रधान होम सर्पिष में मधु मिला कर करे ॥१॥ "दोषो गाय"० से दूसरी, दोनों मंत्रों को मिला कर तीसरी, और "अनुमति सर्वम्"—इस

गृहपत्न्यासाद उपविश्योदपात्रं निनयति ॥५॥ इहैव स्तेति वाचं विसृजते ॥६॥ ऊर्ध्वा अस्येति वाष्मणमौदुम्बरं मन्थप्रतिरूपमभिजुहोति ॥७॥ असङ्ख्याता अधिश्रृत्य ससागमशष्कुलीः ॥८॥ त्वष्टा म इति प्रातर्विभुञ्ज्यमाणोऽश्नाति ॥९॥ ज्यायुं बध्नाति ॥१०॥ दण्डं सम्पातवन्तं विमृज्य धारयति॥११॥ वायुरेना इति युक्तयोश्चित्राकर्मनिशायां सम्भारान् सम्पातवतः करोति॥१२॥ अपरेद्युर्वायुरेना इति शाखयोदकधारया गाः परिक्रामति ॥१३॥ प्रथमजस्य शकलमवधायौदुम्बरेणासिना लोहितेनेति मन्त्रोक्तम् ॥१४॥ यथा चक्रुरितीक्षुकाशकाण्ड्या

एक ऋचा से चौथी आहुति करे ॥२॥३॥४॥ शाला (घर) को तर्जनी एवं मध्यमा अङ्गुलि से संप्रोक्षण करके गृहपत्नी के महानस घर में बैठ कर जलपात्र लावे ॥५॥ "इहैव स्त०" मंत्र पढ़कर वाक् संयम कर मौन रहे ॥६॥ बिजुली गिरने से जो गूलर पेड़ मृत हो गया हो उसके इध्म से "उर्ध्वास्य०" मंत्र से अर्थात् गूलर के काठ के मंथाकार आठ इध्म बना अग्नि में डाले और आज्य से होम करे धूम लेवे और लेप को खवावे ॥७॥ अगणित पूरियां पकावे और उनमें से सात लेकर अग्नि में आहुति करे ॥ और "त्वष्टाम०" से प्रातःकाल दायदों को बाँटता हुआ आप भोजन करे ॥८॥९॥ और ज्यायु को अपने अङ्ग में बान्धे ॥१०॥ और दण्ड भूमि पर डाल कर उसका मार्जन कर धारण करे ॥११॥ "वायुरेना०"इत्यादि को "त्वष्टा म०" इसको इन दोनों सूक्तों के योग से चित्रा नक्षत्र रात्रि में चित्रा कर्म करे ॥ वृक्ष शाखा, जल, करम्बक, गूलर काठ का टुकड़ा और तामे की छुरिका आदि को इकट्ठाकर रक्खे ॥१२॥ और दूसरे दिन "वायुरेना०" इत्यादि से वृक्षशाखा द्वारा जल की धारा गौ के उपर बहा कर उसे परिक्रमा करावे ॥१३॥ और वर्तमान वर्ष में जो वत्स पहिले पैदा हो उसके कानों के नीचे गूलरकाठ के टुकड़ों धर कर तामे के छुरि से दोनों कानों को क्रम से छेदे । छेदते समय जो उससे रुधिर गिरे उसको आज्यधानी में रखता जावे ॥ "यथा चक्रुः०" इत्यादि से

लोहितं निर्मृज्य रसमिश्रमश्नाति ॥१५॥ सर्वमौदुम्बरम् ॥१६॥यस्येदमा रज इत्यायोजनानामप्ययः॥१७॥६॥२३॥

उच्छ्रयस्वेति बीजोपहरणम् ॥१॥ आज्यमिश्रान्धवानुर्वरायां कृष्टे फालेनोदुह्यान्वृचं काशीन्निनयति निवति ॥२॥ अभि त्यमिति महावकाशेऽरण्य उन्नते विमिते प्राग्द्वारप्रत्यग्द्वारेष्वप्सु सम्पातानानयति ॥३॥ कृष्णाजिने सोमांशून् विचिनोति ॥४॥ सोममिश्रेण सम्पातवन्तमश्नाति ॥५॥ आदीप्ते सम्पन्नम् ॥६॥ तां सवितरिति गृष्टिदाम बध्नाति ॥७॥ सं मा सिञ्चन्त्विति सर्वोदके मैश्रधान्यम् ॥८॥ दिव्यं सुपर्णमित्यृषभदण्डिनो

इक्षु काश के कण्डी से रुधिर का मार्जन कर उसमें रस मिला कर पान करावे ॥१४॥१५॥ इन कर्मों को गूलर के काठ से करे ॥१६॥ "यस्येदमा रज०" इत्यादि से यज्ञ सम्बन्धि सामग्रियों के आयोजन में करे ॥१७॥ ६॥२३॥ यह तेईसवी कण्डिका समाप्त हुई ॥

"उच्छ्रयस्व०" इत्यादि से बीज को अभिमन्त्रण करके बीज को बोने के लिये खेत में ले जावे ॥१॥ और उसमें से तीन मुट्ठी लेकर खेत में धर कर उसे मट्टी से ढक देवे। और तब तय्यार खेत में प्रति ऋचा से बीज बोवे ॥२॥ उच्च स्थान में जाकर अभ्यातानान्त करके "अभित्यं०" इत्यादि ४ ऋचा वाले सूक्त से जलपात्र धर करके उस जलपात्र में सोम रस मिला कर सारूपवत्स गौ के दूध में ओदन पकाकर अभिमंत्रण करके भोजन करे। तब उत्तर तंत्र करे। यह कर्म मण्डप के पूर्व तथा पश्चिम द्वार पर करे। मण्डप के पश्चिम अग्नि से जलावे ॥३॥४॥५॥६॥ काले मृग के चर्म पर सोमांशु को बखेर देवे और सोम रस मिले को खावे ॥५॥ यदि वह सोमरस मिला—सम्पात वाला—काल पाकर स्वयं जल उठे तो जानो कि मनोरथ सफल हुआ ॥६॥ "तां सवित०" इत्यादि से गो दामन बान्धे ॥७॥ "संमासिञ्चन्तु०" से सर्वोदक में मैश्र धान्य को स्थालीपाक पका कर खावे ॥८॥ "दिव्यं सुपर्ण" इत्यादि से

वपयेन्द्रं यजते ॥९॥ अनुबद्धशिरःपादेन गोशालां चर्मणावछाद्यावदानकृतं ब्राह्मणान् भोजयति ॥१०॥ प्रोष्य समिध आदायोर्जं बिभ्रदिति गृहसङ्काशे जपति ॥११॥ सव्येन समिधो दक्षिणेन शालावलीकं संस्थभ्य जपति ॥१२॥ अतिव्रज्य समिध आधाय सुमङ्गलि प्रजावति सुसीमेऽहं वां गृहपतिर्जीव्यासमिति स्थूणे गृह्यास्युपतिष्ठते ॥१३॥ यद्वदामीति मन्त्रोक्तम् ॥१४॥ गृहपत्न्यासाद उपविश्योदपात्रं निनयति ॥१५॥ इहैव स्तेति प्रवत्स्यन्नवेक्षते ॥१६॥ सूयवसादिति सूयवसे पशून्निष्ठापयति ॥१७॥ दूर्वाग्रैरञ्जलावप आनीय दर्शं दार्शीभि-

---

गौओं में जो सबसे बली हो उसकी वपा से 'वृषभेन्द्र की'पूजा करे वशा विधान की रीति से ॥९॥ शिर पैर को बान्धकर गोशाला में धर कर चमड़े से ढक देवे ॥ और टुकड़े २ करके ब्राह्मणों को भोजन करावे ॥१०॥ भूमि को प्रोक्षण कर समिध लाकर "ऊर्जं बिभ्रत्०"इत्यादि मंत्र का जप करे। अर्थात् जहाँ २ देशान्तर में जाकर जंगल से समिधाओं को लाकर जहाँ २ घर में मिले वहाँ २ उक्त मंत्र का जप करे और समिदाधान करे और मकान के छप्पर को छूकर"ऊर्जं बिभ्रत्०"इत्यादि मन्त्र का जप करे ॥११॥ बाँये हाथ से समिधा को एवं दहिने से मकान के छप्पर को स्पर्श कर मंत्र का जप करे ॥१२॥ बहुत दूर जाकर समिदाधान कर "सुमङ्गलि०" इत्यादि से घर के स्थूणा को पकड़ कर उपस्थान करे ॥ "यद्वदामि०" से घरवालों से प्रियवचन बोले ॥१४॥ और घर के स्वामिनी के रंधन गृह में बैठ कर जलपात्र को लावे ॥१५॥ उपवास किया हुआ "इहैव स्त०" से घर और मनुष्यों को देखे ॥१६॥ "सूयवसात्" से सूयवस पशुओं को स्थिर करे ॥१४॥ यजमान के गृहप्रवेश कर्म को कहते हैं ॥ यजमान मौन होकर समिदाधान करके घर को देख कर "ऊर्जं बिभ्रत्"० छः ऋचावाले सूक्त का जप करे। वाम हाथ से समिधाओं को लेकर दहिने से शाला के छप्पर को स्पर्श कर"ऊर्जंबिभ्रत्०" सूक्त का जप करे। तब अग्नि में समिध डाले। और "सुमङ्गलि०"

रुपतिष्ठते ॥१८॥ इन्द्रस्य कुक्षिः साहस्र इत्यृषभं सम्पातवन्तमतिसृजति ॥१९॥ रेतोधायै त्वातिसृजामि वयोधायै त्वातिसृजामि यूथत्वायै त्वातिसृजामि गणत्वायै त्वातिसृजामि सहस्रपोषायै त्वातिसृजाम्यपरिमितपोषायै त्वातिसृजामि॥२०॥ एतं वो युवानमिति पुराणं प्रवृत्य नवमुत्सृजते सम्प्रोक्षति ॥२१॥ उत्तरेण पुष्टिकाम ऋषभेणेन्द्रं यजते ॥२२॥ सम्पत्कामः श्वेतेन पौर्णमास्याम् ॥२३॥ सत्यं बृहदित्याग्रहायण्याम् ॥२४॥ पश्चादग्नेर्दर्भेषु खदायां सर्वहुतम् ॥२५॥ द्वितीयं सम्पातवन्तमश्नाति ॥२६॥ तृतीयस्यादितः सप्तभिर्भूमे मातरिति त्रिर्जुहोति ॥२७॥ पश्चादग्नेर्दर्भेषु कशिप्वास्तीर्य विमृग्वरीमित्युपविशति ॥२८॥ यास्ते शिवा इति संविशति ॥२९॥ यच्छ-

---

इत्यादि से स्थूणा को पकड़ कर उपस्थान करे। "यद्वदामि०" ऋचा से वाक् संयम को छोड़ देवे। गृहपत्नी के रंधन घर में बैठकर जलपात्र को तूष्णीं लावे॥ दूर्वा हाथ में लिये अंजुलि बनाकर "दूर्वापरं०"इत्यादि छः ऋचावाले सूक्त का जप करे ॥१८॥ अब वृषोत्सर्ग की विधि को कहते हैं॥ वृषभ को लाकर विवाह की भाँति अग्नि प्रणयन करके वत्सतरियों के साथ "इन्द्रस्य कुक्षिः साहस्र०" इत्यादि से वृषभ को छोड़े॥१९॥ "रेतोधायै त्वा० युवानं" इस अन्त के मंत्रों को पढ़ कर पुराने वृषभ का त्याग कर नये वृषभ को संप्रोक्षण कर छोड़े ॥२०॥२१॥ पुष्टि की इच्छा वाला नवीन ऋषभ द्वारा इन्द्र की पूजा करे॥२२॥ सम्पत् चाहनेवाला श्वेत वृषभ द्वारा पौर्णमासी को इन्द्र की पूजा करे ॥२३॥ अग्रहायणी पौर्णमासी की रात में अभ्यातानान्त होम करके चार चरु स्थालीपाक से पकावे। और "सत्यं बृहत्" इस अनुवाक से अग्नि के पश्चाद् भाग में कुशों पर (भूमि पर) गढे में एक चरु की एक बार सर्वहुत आहुति देवे ॥२४॥२५॥ दूसरी चरु सम्पात वाले को खावे और तीसरे को स्थालीपाक से पका कर "सत्यं बृहत्" इत्यादि सात ऋचा से और "भूमे मातः०" इत्यादि अष्टमी ऋचा से तीन बार आहुति देवे ॥२६॥२७॥ अग्नि के पश्चिम भाग में वस्त्र

यान इति पर्यावर्तते ॥३०॥ नवभिः शन्तिवेति दशम्यो-दायुषेत्युपोत्तिष्ठति ॥३१॥ उद्वयमित्युत्क्रामति ॥३२॥ उदीराणा इति त्रीणि पदानि प्राङ्गोदङ्गा बाह्येनोपनिष्क्रम्य यावत्त इति वोक्षते ॥३३॥ उन्नताच्च ॥३४॥ पुरस्तादग्नेः सीरं युक्तमुदपात्रेण सम्पातवतावसिञ्चति ॥३५॥ आयोजनानामप्ययः ॥३६॥ यस्यां सदोहविर्धाने इति जुहोति वरो म आगमिष्यतीति ॥३७॥ यस्यामन्नमुपतिष्ठते ॥३८॥ निधिं बिभ्रतीति मणिं हिरण्यकामः ॥३९॥ एवं वित्त्वा ॥४०॥ यस्यां कृष्णमिति वार्षकृतस्याचामति शिरस्यानयते ॥४१॥ यं त्वा पृषती रथ इति द्यौः

को बिछा कर "विमृग्वरी०" इत्यादि से उसपर बैठे ॥२८॥ "यास्ते शिवा०" इत्यादि से वस्त्र पर भलीभाँति बैठे ॥२९॥ "यच्छयान०" इत्यादि से अपने स्थान को लौट जावे ॥३०॥ "सत्यं बृहत्" इत्यादि नौ और "शन्तिवा०" इत्यादि दशमी इन ग्यारह ऋचाओं से उपस्थान करे ॥३१॥ "उद्वयं" इत्यादि से शयन से उठ कर जावे ॥३२॥ "उदीराणा०" से तीन पग पूर्व वा उत्तर बाहर निकल कर "यावत्त०" से देखे ॥३३॥ ऊँचे स्थान पर चढ़कर वहाँ से देखे ॥३४॥ अग्नि के पूर्व भाग में हल को धर कर जलपात्र से "सत्यं बृहत्०" इत्यादि सम्पात वाले मंत्र से जल का सेचन करे ॥३५॥ कृषि कर्म की आयोजना करे ॥३६॥ "यस्यां सदोहविर्धाने०" इत्यादि तीन ऋचाओं से आज्य की आहुतियां देवे। तब उत्तर तंत्र की क्रिया करे 'मुझे उत्कृष्ट फल की प्राप्ति हो" इत्यादि सर्वफलकाम पुरुष की सब कामनायें सिद्ध होंगी ॥३७॥ "यस्यामन्नं०" इत्यादि से भूमि का उपस्थान करे ॥३८॥ निधिं बिभ्रति०" इत्यादि दो ऋचा से पृथिवी का उपस्थान करे ॥३९॥ ऐसा जानने वाला विधान मणि, हिरण्य पाकर के भी उक्त दो मंत्रों से उपस्थान करे ॥४०॥ वर्षाकाल में "यस्यां कृष्णं०" इत्यादि से नूतन जल को अभिमंत्रण करके आचमन करे। इससे पुष्टि होती है और उस जल को शिरपर लावे ॥४१॥ "यं त्वा पृषती रथ०" इत्यादि। द्यौ पृषती नाम गौ है और आदित्य रोहित

पृषत्यादित्यो रोहितः ॥४२॥ पृषतीं गां ददाति ॥४३॥ पृषत्या क्षीरौदनं सर्वहुतम् ॥४४॥ पुष्टिकर्मणामुपधानोपस्थानम् ॥ ४५ ॥ सलिलैः सर्वकामः सलिलैः सर्वकामः ॥४६॥७॥२४॥ इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे तृतीयोऽध्यायः समाप्तः ॥३॥

अथ भैषज्यानि ॥१॥ लिङ्ग्युपतापो भैषज्यम् ॥२॥ वचनादन्यत् ॥३॥ पूर्वस्योदपात्रेण सम्पातवताङ्क्ते ॥४॥ वलीर्विमार्ष्टि ॥ ५ ॥ विद्मा शरस्यादो यदिति मुञ्जशिरो रज्वा बध्नाति ॥ ६ ॥ आकृतिलोष्टवल्मीकौ परिलिख्य पाययति ॥ ७ ॥ सर्पिषा लिम्पति ॥ ८ ॥ अपिध-

---

है ॥४२॥ ब्राह्मण को गौ देवे ॥४३॥ गौ के दूध में ओदन पकाकर क्षीरौदन से सर्वहुत करे ॥४४॥ पुष्टि कर्मों के आरम्भ एवं उपस्थान के मंत्र कहे गये जानो ॥४५॥ सलिल गण के मंत्रों से सर्वकामनायें सिद्ध होती हैं । सलिल गण के मंत्रों से सर्वकाम सिद्ध होते हैं ॥४६॥७॥२४॥ यह चौबीसवी कण्डिका पूरी हुई ॥२४॥ और अथर्ववेद के कौशिकसूत्र के तीसरे अध्याय का भाषानुवाद समाप्त हुआ ॥३॥

अब भैषज्य नाम रोगादि की दवा का वर्णन करेंगे ॥ रोग के समूल नष्ट करने वाले उपायों का नाम भैषज्य है ॥ रोग दो प्रकार का है । एक खान-पान के अपथ्य से, दूसरा पूर्वजन्म कृत पाप से इनमें से खान-पान के अपथ्य से हुए रोगों का प्रतीकार चरक, वाहड, सुश्रुत आदि वैद्यक ग्रन्थों में उपदिष्ट उपायों से होता है और अशुभ वा पाप कृत कर्म्मों के कारण हुए रोगों का उपशमन अथर्ववेद विहित शान्तिक कर्मों से होता है ॥१॥२॥३॥ "ये त्रिषप्तीयेन०" इत्यादि सूक्त से जलपात्र के जल से रोगी को प्रोक्षण करे और मुख और अङ्ग वली का मार्जन करे ॥४॥५॥ "विद्मा शरस्यादो यत्" इत्यादि से ज्वरातिसार का रोगी मुञ्ज पुष्प मणि को मुंज की रस्सी से बान्ध कर पहने ॥६॥ आकृति लोष्ट, दीमक की मट्टी को चूर्ण कर रोगी को पिलावे और घी में डालकर उसका लेप करे ॥७॥ अतिसार और बहुमूल की बीमारी में अतिसार वाले को दिशामार्ग में धमन करे एवं

मति ॥ ९ ॥ विद्मा शरस्येति प्रमेहणं बध्नाति ॥ १० ॥ आखुकिरिपूतीकमथितजरत्प्रमन्दसाव्रस्कान् पाययति ॥ ११ ॥ उत्तमाभ्यामास्थापयति ॥ १२ ॥ यानमारोहयति ॥१३॥ इषुं विसृजति ॥१४॥ वस्तिं विष्यति ॥१५॥ वर्त्तिं बिभेति॥ १६ ॥ एकविंशतिं यवान् दोहन्यामङ्गिरानीय द्रुघ्नीं जघने संस्तभ्य फलतोऽवसिञ्चति ॥ १७ ॥ आलबिसोलं फाएटं पाययति ॥ १८ ॥ उदावर्तिने च ॥१९॥ अम्बयो यन्ति वायोः पूत इति च शान्ताः ॥२०॥

मूत्र एवं मल के अवरोधमें "विद्मा शरस्य०" से हरीतकी या कपूर को सम्पातन कर अभिमंत्रितकरके बान्धे ॥ मूत्र और पुरीष के रुकाव में हर्रे आदि रेचक दवा नाभि के नीचे उपस्थेन्द्रिय के ऊपर छः अङ्गुल पर बान्धे अर्थात् अपान या शिश्न या ब्रह्ममुख को अतिसारी फुकवावे ॥८॥९॥१०॥ "विषितं तेऽस्ति बिलं०" इत्यादि दो ऋचाओं को मूस्त की फेकी मट्टी के ऊपर बैठ कर जप करे। तृण पर बैठकर अभिमंत्रण करे। वस्ति बिलमुख का अभिमंत्रण करे। (पूराने काठ के चीरने से जो बुरादा गिरता है उसको तक्ष कहते हैं।) काठ को तक्ष के शकलों पर, दधि मथित पर बैठ कर अभिमंत्रण करे। पुराने प्रमन्द पर बैठकर अभिमंत्रण करे। और काठ के तक्ष के शकलों पर रोगी को बैठा कर अभिमंत्रण करे। मूत्रादि के रुकाबट में "मूत्रं मुच्यताम्" पढ़कर अभिमंत्रण करे ॥११॥१२॥ रोगी को घोड़े आदि के रथों पर सवार करावे ॥१३॥ रोगी बाण छोड़े ॥१४॥ शरशिश्न को अभिमंत्रण करके शिश्न को चमड़े से बाहर करे ॥१५॥ लोह शलाका को "प्रते भिनद्मि मेहनं०" इत्यादि से अभिमंत्रित कर शिश्न में उसे पैठावे और मूत्र के प्रवाह को खोल देवे ॥१६॥ "विद्मा शरस्य०" द्वितीय सूक्त से जघन में शिश्न देश में उपर को करके गोदोहनी में जल भर कर उसमें २१ जौ डालकर उस जल से धनुष पर फल धर कर उसको जल सेक करे, सूक्त जपकर जिस प्रकार जल शिश्न में जावे वैसा करे ॥१७॥ गोधूम पञ्चमूल, कस्तूरिका इनका क्वाथ करके अभिमंत्रित कर रोगी को पिलावे ॥१८॥ उदावर्त्त के रोगी को प्रमेहण आदि पूर्वोक्त सबही कर्म्म होंगे ॥१९॥ सर्वरोग भैषज्य को कहेंगे। प्रथम

उत्तरस्य ससोमाः ॥२१॥ चातनानामपनोदनेन व्याख्या-तम् ॥२२॥ त्रपुसमुसलखदिरतार्ष्टाघानामादधाति ॥२३॥ अयुग्मान् खादिराञ्छङ्कूनक्ष्यौ निविध्येति पश्चादग्नेः समं भूमि निहन्ति ॥ २४ ॥ एवमायसलोहान् ॥ २५ ॥ तप्त-शर्कराभिः शयनं राशिपल्यानि परिकिरति ॥ २६ ॥ अमावास्यायां सकृद्गृहीतान्यवाननपहृतानप्रतीहार-पिष्टानाभिचारिकं परिस्तीर्य तार्ष्टाघेध्म आवपति ॥२७॥ य आगच्छेत्तं ब्रूयाच्छणशुल्बेन जिह्वां निर्मृजानः शा-लायाः प्रस्कन्देति ॥ २८ ॥ तथा कुर्वन्ननाद्ये ह्वाने ॥२९॥ वीरिणतूलमिश्रमिङ्गिडं प्रपुटे जुहोति ॥३०॥ इध्माबर्हिः

अभ्यातानान्त करके "अम्बयो यन्ति वायोः पूत०" इस सूक्त से आज्य की आहुतियाँ देवे और पलाश उदुम्बरादि काठों की समिधों का आधान करे ॥२०॥ अब सोम भक्षण में भैषज्य को कहते हैं ॥ सोम-पवन, सोमरसायन, सोमयान, सोम के अभिषव में और सोमविषय में जो रोग उत्पन्न होता है ॥२१॥ चातनों के अपनोदन के साथ पूर्व में कहा गया जानो ॥२२॥ कर्कटीवृक्ष, मुसल, खैर, सर्षप के डांट का इध्म, इनकी आहुति करने से पिशाच भाग जाता है ॥२३॥ खैर की १२ अंगुल की ७ या नौ शङ्कु को अग्नि के पश्चिम भाग में समभूमि में "अक्ष्यौ निविध्य" इत्यादि से गाड़े । इसी प्रकार लोहे के कीलों को अग्नि के पश्चिम भाग में समभूमि में उक्त मंत्र से गाड़े ॥२४ ॥२५॥ तप्त शर्कराओं को और धान्य के पोआड को पिशाच ग्रस्त रोगी के शयन स्थान के चारो ओर विखेर देवे ॥२६॥ और अमावस्या को अभ्यातानान्त होम करके शरमय कुश का स्तरण करके सर्षप के इध्मों का आधान करे और एकही बार में सत्तू को लेकर आहुतिं देवे । इस मन्त्र में यवराशि के मध्य से एक मुट्ठी लेकर उलूखल में कूट २ कर पीस लेवे तब रोगी को नीचे लेटाकर शणसूत्र से उसके जीभ का मार्जन करे । इस पर अग्निदेव आवेंगे उनसे पूछे कि ग्रहमुक्त हुआ ? वीरिण के रुई मिली इङ्गिड को पलाश के पत्ते में धरकर हवन करे ॥३०॥ और इसके पूर्व दिन इध्म और कुश शाला में रक्खे,

शालायामासजति ॥३१॥ अपरेद्युर्विकृते पिशाचतो रुजति ॥३२॥ उक्तो होमः ॥३३॥ वैश्रवणायाञ्जलिं कृत्वा जपन्नाचमयत्यभ्युक्षति ॥३४॥ निश्युल्मुके सङ्कर्षति ॥३५॥ स्वस्त्याद्यं कुरुते ॥३६॥ अयं देवानामित्येकविंशत्या दर्भपिञ्जूलीभिर्वलीकैः सार्धमधिशिरोऽवसिञ्चति ॥३७॥१॥२५॥

जरायुज इति मेदो मधु सर्पिस्तैलं पाययति ॥ १ ॥ मौञ्जप्रश्नेन शिरस्यपिहितः सव्येन तितउनि पूल्यानि

॥३१॥ दूसरे दिन धरी हुई विकृत होजाने पर पिशाच गृहीत व्यक्ति को पीड़ा होगी ॥३२॥ इससे जानना कि पिशाच अबही नहीं गया है। तो पूर्वोक्त वीरणतूलादि उसे उसी भाँति करे जब तक पिशाच न छोड़े ॥३३॥ कुबेरदेव के लिये हाथ जोड़कर मंत्र जपता हुआ आचमन करके रोगी को जलसे अभ्युक्षण करे ॥३४॥ रात्रि में उल्मुक को अभिमंत्रण करे परस्पर दो उल्मुकों को घसे ॥३५॥ और रात्रि में स्वस्त्ययन गण के मंत्रों "अमूपारे पातं न०" इत्यादि सूक्तका पाठ करे ॥३६॥ और "देवानाम्" इत्यादि मंत्र से २१ (तीन कुशों को एकत्र लपेट कर बान्धने से पिञ्जुली होती है।) दर्भ पिञ्जुलियों से वलीकों के द्वारा रोगी के शिर से पैर तक सर्वाङ्ग को अव सेचन करे। जलोदरक रोगी की दवा—घड़े में दर्भ पिञ्जुली डालकर २१ घर के छप्पर के ओलती के तृणों को डालकर उस घड़े को अभिमंत्रित कर के तब रोगी को सिंचन कर मार्जन करे॥ ॥३७॥१॥२५॥ यह पचीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥ २५ ॥

अब वात, पित्त, कफ के दवाओं का उपदेश करेंगे ॥ "जरायुज" इत्यादि सूक्त (तक्म नाशन गण) मेद, मधु, घी, तैल को अभिमंत्रित करके वात विकार रोगी को मांस और मेद को पिलावे। और मधुको अभिमंत्रित करके कफ के रोगी को पिलावे। घृत को अभिमंत्रित करके वात पित्त के रोगी को पिलावे। और वात, कफ के रोगी को तेल पिलावे ॥१॥ अब अतिकास, शिर की पीड़ा इन रोगों की दवा का वर्णन करते हैं॥ रोगी के शिर में मूँज की पगड़ी पहिना देवे एवं वाम हाथ से चलनी, लाजा को धारण करता हुआ दहिने हाथ से वपन को लाजा सहित "जरायुज०" इस सूक्त से लाजा को व्याधि देश तक (जिस स्थान

धारयमाणो दक्षिणेनावकिरन्व्रजति ॥२॥ सव्येन तितउ-प्रश्नौ दक्षिणेन ज्यां द्रुघ्नीम् ॥३॥ प्रैषकृदग्रतः॥४॥ यत्रैनं व्याधिर्गृह्णाति तत्र तितउप्रश्नौ निदधाति ॥ ५ ॥ ज्यां च ॥६॥ आव्रजनम् ॥७॥ घृतं नस्तः ॥८॥ पञ्चपर्वणा ललाटं संस्तभ्य जपत्यमूर्या इति ॥ ९ ॥ पञ्चपर्वणा पांसुसिकताभिः परिकिरति ॥१०॥ अर्मकपालिकां बध्नाति ॥११॥ पाययति ॥१२॥ चतुर्भिर्दूर्वाग्रैर्दधिपललं पाययति ॥१३॥ अनुसूर्यमिति मन्त्रोक्तस्य लोममिश्रमाचमयति ॥ १४ ॥ पृष्ठे चानीय ॥ १५ ॥ शङ्कुधानं चर्मण्यासीनाय दुग्धे

में रोग पैदा हुआ हो) छींटे ॥ इसी प्रकार बायें हाथ से चलनी और मुंजकी पगड़ी को धारण करता हुआ (कर्ता) दहिने हाथ धनुष को ॥३॥ प्रैषकृत हो आगे २ चले ॥४॥ चलता हुआ जहाँ रोग अच्छा हो जावे वहाँ पर चलनी, मुंज की पगड़ी और धनुष को धर देवे । जहाँ जाना बन्द हो जावे अर्थात् रोगी को आगे कर के जिस स्थान में रोग उत्पन्न हुआ हो वहाँ जाकर "जरायुज०" सूक्त पढ़कर मुंज की पगड़ी वपन कर देवे ॥ एवं धनुष को तूष्णीं छोड़ देवे । वात ज्वर, कटिभङ्ग, शिरो रोग, वात गुल्म, वात विकार, सब ही वात की बीमारी में यह दवा काम करेगी । शिर की बीमारी में घी को अभिमंत्रित कर रोगी के नाक में नस्य देवे ॥८॥ "जरा युज०" इत्यादि सूक्त से पाँच गिरह वाले डंडे को अभिमंत्रित करके रोगी के ललाट में लगा कर खड़ा कर "अमूर्या" इत्यादि का जप करे । शिरो रोग, कटिभङ्ग या वात गुल्म में रोगों की दवा समाप्त हुई ॥९॥ शरीरमें किसी स्थान से या शरीर के बाहर रुधिर स्राव हो उसकी दवा-पाँच गाठ वाले बांस के दण्डे को रुधिर वहन स्थान में लगाकर "अमूर्या" सूक्त का जप करे और गली की धूलि को लेकर उसे अभिमंत्रित कर रुधिर व्रण में डाले और केदार की सूखी मट्टी को उक्त मंत्र से अभिमंत्रित कर रुधिर स्थान में बांधे ॥ ११ ॥ और इसी को पिलावे ॥ १२ ॥ एवं चार दूर्वा के अग्रभाग से दधि पललको पूर्वोक्त मंत्र से अभिमंत्रित कर रोगी को पिलावे ॥ १३ ॥ लाल वर्ण की गौ के रोम जल में मिला कर उससे आचमन करे ॥१४॥ (हृद् रोग की

सम्पातवन्तं बध्नाति ॥१६॥ पाययति ॥१७॥ हरिद्रौदन-भुक्तमुच्छिष्टानुच्छिष्टेनाप्रपदात्प्रलिप्य मन्त्रोक्तानध-स्तल्पे हरितसूत्रेण सव्यजङ्घासु बद्ध्वावस्नापयति ॥ १८ ॥ प्रपादयति ॥ १९ ॥ वदत उपस्थापयति ॥ २० ॥ क्रोडलोमानि जतुना संदिह्य जातरूपेणापिधाप्य ॥२१॥ नक्तं जाता सुपर्णो जात इति मन्त्रोक्तं शकृदा लोहितं प्रघृष्यालिम्पति ॥२२॥ पलितान्याच्छिद्य ॥२३॥ मारुता-

---

दवा है) गौ के पीठ पर जल धर कर उससे आचमन करे ॥१५॥ चमड़े को विस्तार करने के लिये शंकु स्थापन करे (चमड़े में शङ्कु गाड़ देवे) उस पर बैठे रोगी को दूध को चलाता हुआ शङ्कु को रोगी के शरीर में बाँध देवे और दूध उस रोगी को पिला देवे ॥ १६ ॥ १७ ॥ हल्दी में मिला पकाये हुए भात को रोगी को खाने को देकर उसका बचा हुआ उच्छिष्ट और अनुच्छिष्ट को इकट्ठा करके उसका उबटन बना कर रोगी के शिर से लेकर पैर तक उबटन लगा कर उस को खाट पर लेटा देवे। शुका, काष्ठमुसुक, और गोपीतिलका इन पक्षियों को वाम जंघा में हरे रंग के सूत से बाँध कर खाट के नीचे बान्ध देवे ॥ यह मिर्गी की दवा है। और जल से अभिमन्त्रित करके रोगी को स्नान करावे ॥१८॥ मन्थ को अभिमंत्रण करके उसे खाने को देवे ॥ सर्वत्र घर के द्वार पर आगे रोगी को' करके और उसे आगे प्रवेश करा कर और स्वयं प्रवेश कर के तब भात को अभिमंत्रण कर रोगी के लिये खाने को दिया करे। जहाँ २ "प्रयच्छति" शब्द से कहा गया है वहाँ २ इसी प्रकार करे। "अनु सूर्य०" सूक्त से सूखे चन्दन को अभिमंत्रण करके गोपीतिलका को जिस किसी में कहती हुई को देखे वहाँ उस रोगी को अभिमंत्रण करे ॥ २० ॥ वृषभ के लोमों से सोने को लपेट कर धरे और उसे अभि-मंत्रण कर के रोगी के वास्ते बान्ध देवे ॥ अपस्मार, विस्मय, हृद् रोग, कामला, रोहिणक रोगों का भैषज्य समाप्त हुआ ॥ २१ ॥ अब श्वेत कुष्ठ रोग के भैषज्य को कहते हैं। श्वेत कुष्ठ को गोबर से घस कर जब तक उस में से रुधिर बाहर न हो उसको घसे, रुधिर निकलने पर भृङ्गराज (भङ्गरिया), हल्दी, इन्द्र वारुणी, नीलिका और पुष्पा इन पाँचो को

न्यपिहितः ॥२४॥ यदग्निरिति परशुं जपंस्तापयति क्राथयत्यवसिञ्चति ॥२५॥ उप प्रागादित्युद्वीजमानस्य शुक्लप्रसूनस्य वीरिणस्य चतसृणामिषीकाणामुभयतः प्रत्युष्टं बध्नाति ॥२६॥ त्रिविदग्धं काण्डमणिम् ॥२७॥ उल्मुके स्वस्त्याद्यम् ॥२८॥ मातृनाम्नोः सर्वसुरभिचूर्णान्यन्वक्तानि हुत्वा शेषेण प्रलिम्पति ॥२९॥ चतुष्पथे च शिरसि दर्भेण्ड्वेऽङ्गारकपालेऽन्वक्तानि ॥३०॥ तितउनि प्रतीपं गाहमानो वपतीतरोऽवसिञ्चति पश्चात् ॥३१॥

पीस कर कुष्ठ को लेप करे ॥ २२ ॥ पलित को काट २ कर उसे घस कर तब उस पर लेप करे ॥ २३ ॥ और "समुत्पतन्तु प्रनभस्व०" इत्यादि का जप करे ॥ २४ ॥ अब ज्वर के भैषज्य को कहते हैं । नित्य ज्वर, वेला ज्वर, सतत ज्वर, एकांतरित ज्वर, चातुर्थिक ज्वर, और ऋतुज्वर में "यदग्निः" इस तक्मनाशन सूक्त से परशु को गर्म कर क्वाथ बनावे और उस गर्म जल से रोगी को अवसिंचन करे ॥२५॥ जो घबड़ाता हुआ निष्कारण डरता हो, और श्वेत कुष्ठ का रोगी-शरपत के चार इषीकाके अग्र भाग को मणि के आकार बना कर उनको तीन स्थानों में जलाकर उस मणि को रोगी को बान्ध देवे और उस काण्ड मणि को रात्रि में "उप प्रागात्" सूक्तसे दो उल्मुकों को अभिमंत्रण करके घर्षण करे फिर प्रातःकाल "स्वस्तिदा" सूक्त से दक्षिण पग को आगे कर चले। यह स्वस्त्ययन कर्म्म है ॥ बालक, युवा, स्त्री, पुरुषों को अकस्मात् उद्वेग हो जाने पर या प्रलाप करे तो यह कर्म करे ॥२६॥२७॥२८ ॥ गन्धर्व, राक्षस, अप्सरा, भूत और ग्रहादि के उपद्रवों का भैषज्य कहते हैं ॥ "मातृगण" सूक्त से सर्वौषधि के चूर्ण अन्वक्त कर आहुति करके शेष से रोगी को लेप करे ॥ २९ ॥ और चौराहे पर रोगी के शिर पर दर्भ-इन्दुक को धर कर उस पर खप्पर में अग्नि भर कर अग्नि को जला कर तब प्रज्वलित अग्नि में घी चपोड़ी हुई सर्वौषधि की आहुति करे ॥३०॥ रोगी की वल्लणिका को सर्वौषधि सहित हाथ में धर कर नदी सम्मुख हो चलनी में सर्वौषधि चूर्ण को विलोडन करता हुआ वपन करे और उसके पीछे दूसरा कोई रोगी को सूक्त जपता हुआ

आमपात्र ओप्यासिच्य मौञ्जे त्रिपादे वयोनिवेशने प्रबध्नाति ॥ ३२ ॥ अघद्विष्टा शं नो देवी वरणः पिप्पली विद्रधस्य या बभ्रव इति ॥३३॥ उपोत्तमेन पलाशस्य चतुरङ्गुलेनालिम्पति ॥३४॥ प्रथमेन मन्त्रोक्तं बध्नाति ॥३५॥ द्वितीयेन मन्त्रोक्तस्य सम्पातवतानुलिम्पति ॥३६॥ तृतीयेन मन्त्रोक्तं बध्नाति ॥३७॥ चतुर्थेनाशयति ॥३८॥ पञ्चमेन वरुणगृहीतस्य मूर्ध्नि सम्पातानानयति ॥३९॥ उत्तमेन शाकलम् ॥४०॥ उदगातामित्याप्लावयति बहिः

जल से सेक करे ॥ ३१ ॥ कच्चे मट्टी के पात्र में उक्त शेष चूर्ण को डालकर और लीप कर मूँज के शिक्य में धर कर मातृ नामक दो सूक्तों में से किसी एक सूक्त का जप करता हुआ पक्षी के घोसले में बान्ध देवे ॥३२॥ अब लौकिक शाप, वैदिक शाप, स्त्रियों के और पुरुषों के आक्रोशन करने से जो अशुभ फल होने की सम्भावना होती है इनके भैषज्य को कहते हैं। सब ही संहिता विधि कर्म में प्रधान २ कर्म में नये घड़े को अग्नि के उत्तर भाग में स्थापन कर उसके जल से "हिरण्यवर्णा०" इस सूक्त से अभिमंत्रण करके कर्म कराने वाला अभिषेक करे सबही मेधाजननादि कर्मों में, तब मणि बन्धनादि कर्म करे। परन्तु भैषज्य कर्म में अभिषेक न करे ॥ इसके पश्चात् अभ्यातानान्त तक करके "अघद्विष्टा०" इस सूक्त से यव मणि को डाल कर अभिमंत्रण करे और सूक्त जप कर रोगी को बान्धे। अब रक्षो ग्रह के भैषज्य को कहते हैं। आज्य तन्त्र करके "शन्नो देवी०" इस सूक्त से पृश्निपर्णी औषधि को पीसकर उसको अभिमन्त्रण करे फिर सूक्त का जप कर शरीर को लेप करे तब अभ्यातानादि उत्तर क्रिया करे ॥ अब राज यक्ष्मा आदि रोग के भैषज्य को कहते हैं। आरंभिक पूर्व क्रिया करके " वरणो वारयाता०" इन तीन ऋचा से वरण वृक्ष मणि को बान्धे ॥ अब विकार के भैषज्य को कहते हैं॥ "पिप्पली क्षिप्तभेषजी०" इस सूक्त से पिप्पल द्रव्य को खावे ॥ जलोदर के भैषज्य को कहते हैं॥ "विद्रधस्य बलासस्य" इस सूक्त से रोगी के शिर पर सम्पातों को लावे॥ "या बभ्रव०" इस सूक्त से दशवृक्ष के शकलों को लाख और सोने से मढ़ करके

॥४१॥ अपेयमिति व्युच्छन्त्याम् ॥४२॥ बभ्रोरिति मन्त्रोक्तमाकृतिलोष्टवल्मीकौ परिलिख्य जीवकोषण्या-मुत्सीव्य बध्नाति ॥४३॥२॥२६॥

नमस्ते लाङ्गलेभ्य इति सीरयोगमधिशिरोऽवसि-ञ्चति ॥१॥ नमः सनिस्रसाक्षेभ्य इति शून्यशालायामप्सु सम्पातानानयति ॥२॥ उत्तरं जरत्खाते सशालातृणे॥३॥ तस्मिन्नाचमय्यस्याप्लावयति ॥ ४ ॥ दशवृक्षेति शाकलः ॥ ५ ॥ दश सुहृदो जपन्तोऽभिमृशन्ति ॥ ६ ॥ क्षेत्रिया-त्त्वेति चतुष्पथे काम्पीलशकलैः पर्वसु बद्ध्वा पिञ्जूली-

---

मणि बनाकर पहने या बान्धे ॥३३-४०॥ अब क्षेत्रिय (कुल परम्परा से होने वाले रोग) रोगों के भैषज्य को कहते हैं ॥ "उदगाताम्" तक्म-नाशन गण के मंत्र से घर के बाहर प्रातः काल उषः काल में क्षेत्रिय (कोढ़, क्षय रोग, संग्रहणी आदि) रोगी को स्नान करावे और "बभ्रोर-र्जुन काण्डस्य०" इन तीन ऋचा से अर्जुन काठ को, जौके भूसा, तिल-पिञ्जिका, आकृति लोष्ट, वल्मीक इन को भली-भाँति चूर्ण करके जीते पशु के चर्माङ्क स्थलिका में डालकर सूई से उसे सी करके रोगी को बान्ध देवे ॥ ४१।४२।४३ ॥ यह छब्बीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥२६॥

क्षेत्रिय रोगी को हलयुक्तबैलों द्वारा शिरपर "नमस्ते लाङ्गलेभ्य०" से जलपात्र से अवसेचन करे ॥ १ ॥ शून्य घर में पुराने गर्त्त में घरके छप्पर की ओलनी के खरों को डाल कर उत्तर सम्पातों को "नमः स-निस्रसा०" मंत्र से लावे ॥२॥ रोगी को उस पुराने गर्त्त में खड़े कर देवे एवं सम्पातोदक से उसे आचमन करावे और स्नान करा देवे ॥३॥४॥ क्षेत्रिय रोग के भैषज्य की समाप्ति हुई ॥ अब ब्रह्मग्रह के भैषज्य को कहते हैं ॥ तक्म नाशन गण " दशवृक्ष० " इस सूक्त से दश शान्त वृक्षों के शकलों को लेकर लाख एवं सोने से वेष्टित मणि बना कर दश मित्र मिल-कर इस सूक्त का जप करें और पिशाच गृहीत को अभिमर्शन करे ॥६॥ फिर क्षेत्रिय रोगी के भैषज्य को कहते हैं । क्षेत्रिय रोगी को चौराहे पर लेजाकर काम्पील शकलों से गांठों में बान्धकर "क्षेत्रियात्त्वा०" इस

भिराप्लावयति ॥७॥ अवसिञ्चति ॥८॥ पार्थिवस्येत्युद्यति पृष्ठसंहितावुपवेशयति ॥९॥ प्राङ्मुखं व्याधितं प्रत्यङ्मुखमव्याधितं शाखासूपवेश्य वैतसे चमस उपमन्थनीभ्यां तृष्णागृहीतस्य शिरसि मन्थमुपमथ्यातृषिताय प्रयच्छति ॥ १० ॥ तस्मिंस्तृष्णां संनयति ॥ ११ ॥ उद्धृतमुदकं पाययति ॥ १२ ॥ सवासिनाविति मंत्रोक्तम् ॥ १३ ॥ इन्द्रस्य या महीति खल्वङ्गानलाण्डून् हननान् घृतमिश्राञ्जुहोति ॥१४॥ बालान्कल्माषे काण्डे सव्यं परिवेष्ट्य संभिनत्ति ॥ १५ ॥ प्रतपति ॥ १६ ॥ आदधाति ॥१७॥ सव्येन दक्षिणामुखः पांसूनुपमथ्य परिकिरति ॥१८॥ संमृद्नाति ॥१९॥ आदधाति ॥२०॥ उद्य-

---

सूक्त से कुश पिञ्जली से रोगी को नहवावे ॥ ७ ॥ या अवसिञ्चन करे ॥ ८ ॥ भगवान् सूर्य का उदय रहते क्षेत्रिय तथा उदक तृष्णार्त रोगी को एक पीछे दूसरे को इस भाँति बैठावे ॥ ९ ॥ पूर्व मुख रोगी को एवं पश्चिम मुख निरोगी को बेत की शाखाओं पर बिठलाकर चमसे में सत्तू धर कर उस में जल छोड़ देवे और दोनों उप मन्थनियों द्वारा तृष्णा गृहीत के शिर पर मन्थ को मथन करके तृष्णा रहित रोगी को तृष्णा को संक्रमण करावे ॥ १० ॥ ११ ॥ कूप से निकले जलको उसे पिलावे ॥ १२ ॥ "सवासिनौ०" इस सूक्त से मन्थ घट को अभिमंत्रण करके पिलावे । रोगी और रोग रहित दोनों एकही प्रकार के वस्त्र पहने हुए हों ॥ १३ ॥ अरुषी, उदर, गण्डुलक के भैषज्य को कहते हैं । "इन्द्रस्य या मही०" इस सूक्त से काले चणों को घी में मिलाकर आहुति देवे, गोवाल से चित्रित शर संध्य को लपेट कर पत्थर से चूर्ण कर अग्नि में तपावे, तब सूक्त के अन्त में अग्नि में आधान करे । वाम हाथ में धूलि लेवे और दहिने हाथ से मार्जन करके दक्षिण मुँह हो सूक्त को जप करके रोगी के ऊपर छीटे । यह अरुषी गण्डुलक के भैषज्य है ॥१४॥१५॥१६॥१७॥१८॥ पलाश, गूलरकी समिधों का आधान करे ॥१९॥ सूर्य भगवान् का उदय रहते "उद्यन्नादि०" सूक्त से गौ के मालिक से कहे कि 'गौ का

न्नादित्य इत्युद्यति गोनामेत्याहासाविति ॥२१॥ सूक्तान्ते ते हता इति ॥२२॥ दर्भैरभ्यस्यति ॥२३॥ मध्यन्दिने च ॥ २४ ॥ प्रतीचीमपराह्णे ॥२५॥ बालस्तुकामाच्छिद्य खल्वादीनि ॥२६॥ अक्षीभ्यां त इति बोबहम् ॥२७॥ उदपात्रेण सम्पातवतावसिञ्चति॥२८॥ हरिणस्येति बन्धन-पायनाचमनशङ्कुधानज्वालेनावनक्षत्रेऽवसिञ्चति ॥२९॥ अमितमात्रायाः सकृद्गृहीतान्यवानावपति ॥३०॥ भक्तं प्रयच्छति ॥३१॥ मुञ्चामि त्वेति ग्राम्ये पूतिशफरीभिरो-दनम् ॥३२॥ अरण्ये तिलशणगोमयशान्ताज्वालेनाव-

---

नाम कहा—उत्तर में वह कहे "असौ" (जो नाम हो)। सूक्त के अन्त में अन्य पुरुष बोले "ते हताः" ऐसा ॥२०॥२१॥२२॥ कुशों से बार २ इसी प्रकार करे। और मध्यान्ह काल में भी करे ॥ २३ ॥ २४ ॥ घाव पर बाल, जटा ढाक देवे। और खल्वादी और अलगण्डू को घी मिला-कर "उद्यन्नादित्य०" सूक्त से आहुति देवे "अक्षीभ्यां त०" सूक्त से मार्जन कर गाँठों को खोल देवे। अत्र सर्वव्याधि भैषज्य को कहते हैं ॥ आज्य तंत्र करके रोगी को गाँठों में बान्ध कर "अक्षीभ्यां त०" सूक्त से जलपात्र को धोकर पुनः सूक्त को जप करके रोगी को अवसेचन करे। आँख, कान, नाक, जीभ, गर्दन, राजयक्ष्मादि रोगों का भैषज्य समाप्त हुआ ॥ २५ । २६ । २७ । २८ ॥ "हिरण्यस्य०" तक्मनाशन सूक्त से हरिण के सींगमणि को बान्धे। उसी शृङ्ग में जल धर कर आचमन करे। उसी से पान करे, और हरिण के लोममणि को शङ्कुधान को मिलाकर जलावे और जल से उसे बुताकर उसी ठण्ढे जल से उषः काल में क्षेत्रिय रोगी को अवसिंचन करे ॥ २९ ॥ और अपरिमित परिमाण यव राशि में से एकही बार हाथ से यव को पकड़ कर प्रत्येक ऋचा से आहुति देवे ॥३०॥ रोगी को भात खाने को देवे ॥३१॥ "मुञ्चामि त्वा०" तक्मनाशन सूक्त से ग्राम्य रोग (मैथुन संयोग से हुए रोग) में पूति-गन्धा मछली को भात के साथ रोगी को खाने को देवे ॥ ३२ ॥ जंगली तिल, जंगली गोबर, जंगली शण, ये शान्त ओषधियाँ हैं। इनको अभि-मंत्रण करके इससे रोगी को अवसिंचन करे। यह यक्ष्मा रोग की दवा है।

नक्षत्रेऽवसिञ्चति ॥३३॥ मृगारैर्मुञ्चेस्त्याप्लावयति ॥३४॥ ३॥२७॥

ब्राह्मणो जज्ञ इति तक्षकायाञ्जलिं कृत्वा जपन्नाचमयत्यभ्युक्षति ॥ १ ॥ कृमुकश॰॰लं संक्षुद्य दूर्शजरदजिनावकरज्वालेन ॥ २॥ सम्पातवत्युदपात्र ऊर्ध्वफलाभ्यां दिग्धाभ्यां मन्थमुपमथ्य रयिधारणपिण्डानन्वृचं प्रकीर्य छर्दयते ॥ ३ ॥ हरिद्रां सर्पिषि पाययति ॥ ४ ॥

जंगली शण से जङ्गली गोबर को जलाकर जल से अभिमंत्रण करके रोगी को उषः काल में अवसेचन एवं अभिमंत्रण करे ॥ अब सर्वरोग भैषज्य को कहते हैं। "आ गाव॰" इन दश सूक्तों और "मुञ्च शीर्षक्त्या॰" ऋचा से जल भरे घड़े को लाकर अभिमंत्रण करके रोगी को अवसिंचन करे ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ यह सत्ताईसवी कण्डिका पूरी हुई ॥३॥२७॥

स्कन्द विष के भय में भैषज्य को कहते हैं। तक्षक देवता को नमस्कार कर के "ब्राह्मणो जज्ञे वारिदं॰" इत्यादि दो सूक्तों से जलको अभिमंत्रण करके रोगी को आचमन करा कर विष के रोगी को संप्रोक्षण करे ॥ १ ॥ कृमुक के शकल को जल के साथ अभिमंत्रण करके आचमन एवं अभ्युक्षण करावे। पुराना वस्त्र, उकुटिका, तृणों में से किसी एक को जला कर विषजल को अभिमंत्रण करके रोगी को अवसिंचन करे ॥ पुराने हरिण के चर्म को जलाकर जल में डाल कर अभिमंत्रण कर उस को आमंत्रण करे। बुहारण के अवकर तृणों से जल को गर्म करके अभिमंत्रण कर रोगी को अवसिंचन करे ॥ जलपात्र को लाकर रोगी को स्नान करावे। विष से लेप कर दो ऊर्ध्व कपालों द्वारा विष से पुंखित दो धनुषों से मथन कर अभिमंत्रण करके रोगी को पिलावे । मैनफलों को प्रत्येक ऋचा से अभिमंत्रण करके जिसभाँति हो वैसे रोगी को वमन करावे ॥ २ ॥ अब शस्त्र के अभिघात से रुधिर के बहने में भैषज्य को कहते हैं ॥ उक्त मंथ से मट्टी को सान कर पिण्डों को बनाकर प्रत्येक ऋचा से रोगी को खिलावे जिसमें वह वमन करे ॥ ३ ॥ हरिद्रा को चूर्ण करके घी में डाल कर रोगी को पिलावे ॥ ४ ॥ "रौहिण्यसि॰" सूक्त से लाख के पानी को क्वाथ बना कर अभिमंत्रण करके रोगी के

रोहिणीत्यवनक्षत्रेऽवसिञ्चति ॥ ५ ॥ पृषातकं पायय-त्यभ्यनक्ति ॥६॥ आ पश्यतीति सदंपुष्पामणिं बध्नाति ॥ ७ ॥ भवाशर्वाविति सप्त काम्पीलपुटानपां पूर्णान् सम्पातवतः कृत्वा दक्षिणेनावसिच्य पश्चादपविध्यति ॥ ८ ॥ त्वया पूर्वमिति कोशेन शमीचूर्णानि भक्ते ॥ ९ ॥ अलङ्कारे ॥१०॥ शालां परितनोति ॥११॥ उतामृतासु-रित्यमतिगृहीतस्य भक्तं प्रयच्छति ॥ १२ ॥ कुष्ठलिङ्गा-भिर्नवनीतमिश्रेणाप्रतीहारं प्रलिम्पति ॥ १३ ॥ लाक्षा-लिङ्गाभिर्दुग्धे फाण्टान् पाययति ॥ १४ ॥ ब्रह्म जज्ञा-

---

रुग्ण प्रदेश को अवसिंचन करे । यह क्रिया उषः काल में करे ॥ ५ ॥ घी मिले दूध को रोगी को पिलावे एवं इसी को शरीर में लगावे ॥ ६ ॥ "आ पश्यति०" सूक्तसे सदंपुष्पा मणि को रोगी के अङ्गों में बाँधे ॥७॥ "भवाशर्वौ" सूक्त से सात कम्पील जल पूर्ण पुटों को लाकर बायें हाथ से रोगी को एक एक पुट को रोगी को अवसिंचन कर२ के रोगी के पीछे फेकता जावे ॥ ८ ॥ "त्वया पूर्वं०" से शमी के पत्तों के चूर्ण को शमी फल में डाल कर अभिमंत्रण करके रोगी को खिलावे, शमी फल को डाल कर अभिमंत्रण करके अलङ्कार में देवे । और उसी प्रकार करके चूर्ण को रोगी के घर में बखेर देवे ॥ ९ ॥ १० ॥ ११ ॥ "उतामृतासु०" से बुद्धि भ्रष्ट पुरुष को इस ओषधि को खिलावे ॥ "ये गिरेष्वजायन्त०" सूक्त, "अश्वत्थो देव सदन०" सूक्त, ये दो सूक्त, एवं "गर्भोऽसि०" इत्यादि तीन ऋचाओं से अर्थात् उक्त दो सूक्त और इन तीन ऋचाओं से कुष्ठ (कूट) पिसा हुआ को मिला कर इसे अभिमंत्रण करके रोगी को पिलावे और उस के शरीर में लगा तार प्रलेप करे ॥ १२ ॥ १३ ॥ शस्त्र के अभिघात के भैषज्य को कहते हैं ॥ "रात्रि माता०" इस सूक्त से दूध और लाख का क्वाथ तय्यार कर अभिमंत्रण करके रोगी को खिलावे। शस्त्र, काठ, पत्थर, अग्नि से सारा जल जाने पर इन जख़मों की दवा समाप्त हुई ॥ १४ ॥ अब स्त्री के सूति का रोग की दवा को कहते हैं। "ब्रह्म जज्ञानं०" सूक्त से भात को अभिमंत्रण करके सूतिकादि अरिष्ट रोगिणी

नमिति सूतिकारिष्टकौ प्रपादयति ॥ १५ ॥ मन्थाचमनो-पस्थानमादित्यस्य ॥ १६ ॥ दिवे स्वाहेमं यवमिति चतुर उदपात्रे सम्पातानानयति ॥१७॥ द्वौ पृथिव्याम् ॥१८॥ तौ प्रत्याहृत्याप्लावयति ॥ १९ ॥ सयवे चोत्तरेण यवं बध्नाति ॥२०॥४॥२८॥

ददिर्हीति तक्षकायेत्युक्तम् ॥ १ ॥ द्वितीयया ग्रहणी ॥२॥ सव्यं परिक्रामति ॥३॥ शिखासिचि स्तम्बानुद्ग्रथ्नाति ॥४॥ तृतीयया प्रसर्जनी ॥५॥ चतुर्थ्या दक्षिणम-पेहीति दंशम तृणैः प्रकर्ष्याहिमभिनिरस्यति ॥ ६ ॥ यतो

स्त्री को खाने को देवे ॥ १५ ॥ मंथ की बीमारी में आचमन और सूर्य-देव का उपस्थान करे ॥१६॥ तक्मनाशन गण के मंत्र "दिवे स्वाहा०" की चार आहुतियों के सम्पात को जलपात्र में लेकर दो को भूमि पर, "दिवे स्वाहा" इत्यादि तीन ऋचा से एक होम और "पृथिव्यै स्वाहा" से चौथी होम करे और अन्तिम दो ऋचा से प्रत्येक ऋचा से आहुति देवे। जो भूमि पर सम्पात हुए उनको लेकर कलश में रोगी को नहवावे ॥ १७ ॥ और "इमं यव०" से यव को अभिमंत्रण करके यवमणि को रोगी को बान्धे ॥ १८ ॥ १९ ॥ २० ॥ यह अट्ठाईसवी कण्डिका पूरी हुई ॥४॥२८॥

"ब्रह्मणो यज्ञ" इस सूक्त के मंत्र "ददिर्हि०" से तक्षक देव को नम-स्कार करके ' यत्त अपोदक०" से ग्रहणी (कटक बन्ध) के बांये होकर प्रदक्षिण मट्टी आदि से रेखा करे। विषस्तम्भन के लिये शरीर में जहाँ तक विष पहुँच चुका हो उस स्थान को सफेद वस्त्र से बान्धे और विष दुष्ट पुरुष की शिखा को बान्धे और तीसरी ऋचा "वृषामेरव०" इत्यादि से शण के स्तम्ब की गाँठ देवे। जिससे विष आगे न बढ़ेगा और न पीड़ा ही होगी। ऋचा के जप करने से कटे स्थान से विष अन्यत्र चला जायेगा ॥ २ । ३ । ४ । ५ ॥ "चक्षुषा ते चक्षुः" । इस ऋचा से आचा-र्य्य प्रदक्षिण परिक्रमण करे और "अपेह्यरिरक्षि०" को जप करे। और तृणों को जला कर जिधर सर्प गया हो उसको उधर छोड़ देवे ॥ ६ ॥ और इसी ऋचा का जप कर दंश स्थान पर जले तृणों को फेंके ॥ ७ ॥

दृष्टः ॥७॥ पञ्चम्या वलीकपललज्वालेन ॥८॥ षष्ठ्यार्त्नी-ज्यापाशेन ॥९॥ द्वाभ्यां मधूद्वापान् पाययति ॥१०॥ नव-म्या श्वाविस्पुरीषम् ॥११॥ त्रिःशुक्लया मांसं प्राशयति ॥१२॥ दशम्यालाबुनाचमयति ॥१३॥ एकादश्या नाभिं बध्नाति ॥१४॥ मधुलावृषलिङ्गाभिः खलतुलपर्णीं संक्षुद्य मधुमन्थे पाययति ॥१५॥ उत्तराभिर्भुङ्क्ते ॥१६॥ द्वारं सृजति ॥ १७ ॥ अग्निस्तक्मानमिति लाजान् पाययति ॥ १८ ॥ दावे लोहितपात्रेण मूर्ध्नि सम्पातानानयति ॥ १९ ॥ ओते म इति करीरमूलं काण्डेनैकदेशम् ॥२०॥ ग्रामात्पांसून् ॥२१॥ पश्चादग्नेर्मातुरुपस्थे मुसल-

---

"कैरातपृश्न०" ऋचा को पढ़कर छप्पर की ओलती के तृणों को जला-कर जल गर्म करके विष दृष्ट पुरुष को जल पिलावे और प्रोक्षण करे ॥८॥ और "असितस्य ते मास्य" ऋचा से आर्त्नीज्या पाश गिरा कर अभि-मंत्रण कर बान्धे ॥९॥ "आलिगी च विलिगी च उरुगूलाया०" इन दो ऋचाओं से मधुक वृक्ष की मट्टी को अभिमंत्रण करके रोगी को जल पिलावे ॥ १० ॥ स्याही के काँटे से मांस को प्राशन करावे ॥१२॥ "ता-वुवं०" ऋचा से तुम्बरी में जल धर कर उसे आचमन करावे ॥ १३ ॥ "तस्तुवं०" ऋचा से नाभि को बान्धे ॥ १४ ॥ "एका च म०" से मधुला वाली "यद्येक वृषोऽसि०" इन दो सूक्तों से काच मादनी को मधु से आलोडित करके सत्तु में भिगाकर जल सहित अभिमंत्रण करके रोगी को पिलावे। दुष्ट वक्ता के मुख को बन्द करने की दवा है ॥ १५ ॥ और दंश स्थान के मुख को अस्त्र से काट कर बना देवे एवं "विषदूषनिः" उत्तर ऋचा से रोगी को अन्न खिलावे ॥ १६ ॥ १७ ॥ यह साँप काटे की दवा है। "अग्निस्तक्मानं०" इस सूक्त से कालेधान के लावा का मण्ड बनाकर ज्वर के रोगी को पिलावे ॥ १८ ॥ अरण्य के अग्नि में ताम्बे के स्रुवा से ज्वर रोगी के शिर पर सम्पातों को गिरावे तब उत्तर क्रिया करे। एक क्रिया में दावाग्नि प्रणयन करे ॥ १९ ॥ कृमिरोग की दवा को कहते हैं ॥ करीर मूल को टुकड़ा करके गोवालों से लपेट कर "ओते म०" सूक्त का जप करके पत्थर ले उस को चूर्ण करके सूक्त पढ़

बुध्नेन नवनीतान्वक्तेन त्रिः प्रतीहारं तालुनि तापयति ॥ २२ ॥ शिग्रुभिर्नवनीतमिश्रैः प्रदेग्धि ॥ २३ ॥ एकविंशतिमुशीराणि भिनद्मीति मन्त्रोक्तम् ॥ २४ ॥ उशीराणि प्रयच्छति ॥२५॥ एकविंशत्या सहाप्लावयति ॥२६॥ आ यं विशन्तीति वयोनिवेशनश्रृतं क्षीरौदनमश्नाति ॥२७॥ परिद्यामिवेति मधु शीभं पाययति ॥२८॥ जपंश्च ॥ २९ ॥ अस्थिस्रंसमिति शकलेनाप्स्विवटे सम्पातवतावसिञ्चति ॥३०॥५॥२९॥

आवयो इति सार्षपं तैलसम्पातं बध्नाति ॥ १ ॥ काण्डं प्रलिप्य ॥२॥ पृक्तं शाकं प्रयच्छति ॥३॥ चत्वारि

कर अग्नि में तपा कर गाँव की धूलि को सूक्त पढ़कर बखेर देवे ॥२०॥२१॥ पुनः अग्नि के पश्चिम भाग में माता के गोद में कुमार को बैठाकर करीर मूल के साथ नवनीत मिलाकर तीन बार ले २ कर कुमार के तालु में तपावे ॥ २२ ॥ शोहजन वृक्ष के जड़ की रस को या जड़ को नवनीत मिलाकर। "ओते म०" से अभिमंत्रण करके फेंके ॥ २३ ॥ खस के २१ जड़ को अभिमंत्रण करके पत्थर से चूर्ण करके सूक्त को जप कर अग्नि में जलावे। तब कृमियों को देवे ॥ २५ ॥ और २१ खस की पिञ्जुली सहित को अभिमंत्रण कर रोगी को नहवावे ॥ २६ ॥ राक्षस गृहीत की दवा को कहते हैं। "आ यं विशन्ति०" सूक्त से पक्षी के घोसले को जला कर क्षीरौदन पका कर खावे ॥२७॥ "परिद्यामिव० सूक्त से मधु और शीर रोगी को पिलावे और सूक्त का जप करे ॥२८॥ ॥२९॥ "अस्थिस्रंस०" सूक्त से शान्त वृक्ष के शकल को लाकर जल में डाल कर अग्नि जलाकर जल को गर्म कर सर्प दृष्ट पुरुष को सिंचन करे यह साँप की दवा है ॥३०॥ यह उन्तीसवी कण्डिका पूरी हुई ॥२९॥५॥

अब नेत्र की बीमारी की दवा को कहते हैं। "आवयो०" सूक्त से सर्षप काण्डमणि को लाकर अभिमंत्रण करके सर्षप के तेल से सम्पात वंत करके आज्य द्वारा आधान होम करके अङ्गों को सर्षप तैल से मलकर मणि को बान्धे ॥ १ ॥ २ ॥ और सर्षप के शाकको उसके तेल से अभ्यक्त और अभिमंत्रण करके रोगी को खाने को देवे॥ ३ ॥ चार शाक

शाकफलानि प्रयच्छति ॥४॥ क्षीरलेहमाङ्क्ते ॥५॥ अश्नाति ॥ ६ ॥ अग्नेरिव इत्युक्तं दावे ॥ ७ ॥ इमा यास्तिस्र इति वृक्षभूमौ जाताज्वालेनावसिञ्चति ॥ ८ ॥ शीर्षं फाण्टाक्षैः ॥ ९ ॥ निकटाभ्याम् ॥ १० ॥ कृष्णं नियानमित्योषध्याभिश्च्योतयते ॥ ११ ॥ मारुतानामप्ययः ॥ १२ ॥ हिमवत इति स्यन्दमानादन्वीपमाहार्य वलीकैः ॥ १३ ॥ पञ्च च या इति पञ्चपञ्चाशतं परशुपर्णान्काष्ठैरादीपयति ॥१४॥ कपाले प्रश्नृतं काष्ठेनालिम्पति ॥१५॥ किं-

फलों को रोगी को देवे और उसकी आँखों में क्षीरपाटिकालग्न मूल क्षीर को प्राशन करा के क्षीर के लेह को आँखों में आँजे ॥ ५ ॥ ६ ॥ पित्त ज्वर की दवा को कहते हैं। "अग्नेरिव०" सूक्त से दावाग्नि में अग्नि प्रणयन करके उस में ताम्बे के स्रुवा से रोगी के शिर पर सम्पात को गिरावे ॥ ७ ॥ केशों के गिरने एवं बढ़ने की दवा को कहते हैं ॥ वृक्ष भूमि पर उत्पन्न औषधियों को जलाकर उस्से जल गर्म करके अभिमंत्रण कर के प्रातः काल रोगी को अवसिंचन करे ॥ ८ ॥ "निकटावनिकटाभ्यां०" सूक्तों से मधु और बहेड़ का क्वाथ बनाकर रोगी को उषः काल में अवसिंचन करे ॥ ९ ॥ दारु हल्दी और हल्दी का क्वाथ बना कर अभिमंत्रण करके उषः काल में रोगी को अवसिंचन करे ॥ १० ॥ अब उदर तुण्ड बीमारी की दवा को कहते हैं ॥ "कृष्णं नियानं०" एवं "सस्रुषीः" इत्यादि दो सूक्तों से चिति आदि ओषधियों के सहित जल को अग्नि में गरम करके उषः काल में रोगी को अवसिंचन करे ॥ ११ ॥ "कृष्णं नियानं, सस्रुषीः" इन दो सूक्तों से एवं "मरुतो यजते०" से पाकयज्ञ विधान से और "यथा वरुणं मारुतं क्षीरौदनं मारुतश्नृतं इत्यादि मारुत सूक्तोक्त मंत्रों का उपयोग करे ॥ १२ ॥ अब हृदयदाह, जलोदर, कामला रोगों की दवा को कहते हैं ॥ नदी के अनुकूल प्रवाह के जल को रोक कर उस में छप्पर के तृणों को डाल कर रोगी को अवसिंचन करे ॥१३॥ अब गण्डमाला रोग की दवा को कहते हैं। "पञ्च च या" सूक्त से पलाश के ५५ पत्तों को लकड़ी से जलाकर कपाल में पर्ण काठ के रस को पकाकर पलाश के काठ से लेकर रोगी को लेपन करे और अवसे-

स्त्यश्वजाम्बीलोदकरक्षिकामशकादिभ्यां दंशयति ॥१६॥ निश्यव मा पाप्मन्निति तितउनि पूल्यान्यवसिच्यापविध्य ॥१७॥ अपरेद्युः सहस्राक्षायाप्सु बलींस्त्रीन्पुरोडाशसंवतांश्चतुष्पथेऽवक्षिप्यावकिरति ॥१८॥६॥३०॥

यस्ते मद इति शमीलूनपापलक्षणयोः शमीशम्याकेनाभ्युद्य वापयति ॥ १ ॥ अधिशिरः ॥ २ ॥ अन्तर्दाव इति सन्तमग्नेः कर्ष्वामुष्णपूर्णायां जपंस्त्रिः परिक्रम्य पुरोडाशं जुहोति ॥ ३ ॥ प्राग्नये प्रेत इत्युपदधीत ॥ ४ ॥ वैश्वानरीयाभ्यां पायनानि ॥५॥ अस्थाद् द्यौरित्यपवा-

---

चन करे ॥ १५ ॥ शंख, कुत्ते के मुँह का लार, जलौका, गृहगोधिका और शंख से आलेपन या कुत्ते के कफसे आलेपन करे। शंख से आलेपन करने की दशा में रोगी को जलौकासे कटवावे और कुत्ते के कफसे आलेपन करने की दशा में गृहगोधिका से (मशक आदि से) आलेपन करने की दशा में तक्मनाशन गण के सूक्त के मंत्रों को जप करे ॥१६॥ "निश्यव मा पाप्मन्०" तक्मनाशन मंत्र से चालनी में पूल्यों को डाल कर उस में जल देकर रोगी को अवसिंचन करे ॥ १७ ॥ और दूसरे दिन स्राक्षा के साथ जल में छप्पर की ओलती के तीन तृणों को और पुरोडाश एवं सम्पातों को लेकर चौराहे पर बखेर देवे ॥ १८ ॥ ६ ॥ यह तीसवी कण्डिका पूरी हुई ॥ ३० ॥

अब रक्षोग्रह भैषज्य को कहते हैं। शमीलून केश और पाप लक्षण वाले इन दोनों की शान्ति के लिये शमी और शम्याक के साथ जल मिलाकर दर्भ पिञ्जुली छप्पर की ओलती के तृणों के साथ पाप लक्षण व्यक्ति के शिर पर अवसिंचन करे। और एक गर्त्त खोदकर उसमें गर्म जल भर देवे और "अन्तर्दाव०" इत्यादि मंत्रका जप करता हुआ तीन बार अग्नि की परिक्रमा करके "प्रेतो यन्ति०" मन्त्र से पुरोडाश की आहुति देवे ॥ १ ॥ २ ॥ ३ ॥ "प्राग्नये प्रेत०" मन्त्र से समिदाधान करे ॥ ४ ॥ "वैश्वानरो न ऊतय०" इन सूक्तों से जलपात्र को अभिमंत्रण करके रोगी को पिलावे। इसी प्रकार सत्तू के मन्थ को पिलावे, हल्दी में घी को मिलाकर पिलावे, जल में घी को मिलाकर अभिमंत्रण

तायाः स्वयंस्रस्तेन गोशृङ्गेण सम्पातवता जपन् ॥ ६ ॥ यां ते रुद्र इति शूलिने शूलम् ॥ ७ ॥ उत्सूर्य इति शमीबिम्बशीर्णपर्ण्योवधि ॥ ८ ॥ द्यौश्च म इत्यभ्यज्या- वमार्ष्टि ॥ ६ ॥ स्थूणायां निकर्षति ॥ १० ॥ इदमिद्वा इत्यक्षतं मूत्रफेनेनाभ्युद्य ॥ ११ ॥ प्रक्षिपति ॥ १२ ॥ प्रक्षालयति ॥ १३ ॥ दन्नरजसावेदग्धि ॥ १४ ॥ स्त- म्बरजसा ॥ १५ ॥ अपचित आ सुस्रस इति किंस्त्या-

---

कर पिलावे ॥ ५ ॥ बहुत बोलना, अधम में प्रवृत्त होना अपवाद कह- लाता है । इसका भैषज्य । अभ्यातानान्त तक क्रिया करके जिस गौ का बच्चा अपनी मा का दूध पीना छोड़ दिया हो ऐसी गौ का सींग अपने आप टूट जाने पर उस सींग को लेकर उसमें जल डालकर अभि- मंत्रण करके अभ्युक्षण करके "अस्थाद् द्यौः" मन्त्र से आचमन करावे ॥ ६ ॥ पेट, हृदय, या किसी अङ्ग या सब अङ्गों में शूल पैदा होने की दवा को कहते हैं ॥ "यान्ते रुद्र०" इस सूक्त से शूलमणि को लाकर अभिमंत्रण कर बान्धे । लोहमणि या पाषाणमणि एक ही पदार्थ है ॥७॥ अब रक्षोग्रह की दवा को कहते हैं । "उत्सूर्य०" से चिति आदि ओषधियों द्वारा जल भरे घड़े को अभिमंत्रण करके रोगी को अवसिंचन करे । शमी जल से अवसिंचन करे । शमी बिम्ब जल सहित से अव- सिंचन करे । शीर्षपर्णी जल से अवसिंचन करे ॥ ८ ॥ अब दुष्टगण्ड विशिष्ट की दवा को कहते हैं ॥ "द्यौश्च म०" मंत्र से तेल को अभिमंत्रण करके रोगी को सम्मार्जन करे ॥ ९ ॥ और घी से अरिष्ट को अभ्यक्त करके जखम को घीसकर स्थूणा से पीव निकाले ॥ १० ॥ अब अक्षत व्रण की दवा को कहते हैं । गोमूत्र या मनुष्यमूत्रके फेन को "इदमिद्वा०" से अभिमंत्रण करके जखम को मर्दन करे (जिस घाव में पीव बहने का मुँह न हो) और मूत्र को फेककर हाथ धो लेवे ॥ १२ ॥ १३ ॥ जखम को दाँत के मल से सब ओर से लेप करे (जिस दुष्ट गण्डमाल घाव का रुधिर न बहे) और तृण के लगे धूलि को अभिमंत्रण कर लेप करे ॥ १४ ॥ १५ ॥ गण्डमाला की दवा को कहते हैं । शंख को घीसकर "अपचित०" से अभिमंत्रण करके गण्डमाला पर लेप करे । या कुत्ते

दीनि ॥१६॥ लोहितलवणं संक्षुद्याभिनिष्ठीवति ॥१७॥ अन्तरिक्षेणेति पक्षहतं मन्त्रोक्तं चङ्क्रमया ॥१८॥ कीटेन धूपयति ॥१९॥ ग्लौरित्यक्षतेन ॥२०॥ वीहि स्वामित्य-ज्ञातारुः शान्त्युदकेन सम्प्रोक्ष्य मनसा सम्पातवता ॥ २१ ॥ या ओषधय इति मन्त्रोक्तस्यौषधीभिर्धूपयति ॥२२॥ मधूदश्विस्पाययति ॥२३॥ क्षीरोदश्वित् ॥२४॥ उभयं च ॥२५॥ देवा अदुरिति वल्मीकेन बन्धनपायना-चमनप्रदेहनमुष्णेन ॥ २६ ॥ यथा मनोऽव दिव इत्यरि-

---

के लार का लेप करे। जोंक को अभिमंत्रण करके गण्डमाला में लगा देवे। या गृहगोधिका को अभिमंत्रण के गण्डमाला में लगा देवे ॥१६॥ सैंधव नून को चूर्ण करके अभिमंत्रण कर गण्डमाला पर छीटे और उस पर थूक देवे एवं मुख के लार को उस पर डाल देवे ॥ १७ ॥ पक्षी के काटने से जखम होने पर उसकी दवा को कहते हैं। "अन्तरिक्षेण०" से कुत्ते के पैर के नीचे की मट्टी को अभिमंत्रण करके काटे जखम पर लेप करे ॥१८॥ कुत्ते के शरीर पर के कीट को अभिमंत्रण करके उसे अग्नि में डालकर धूप देवे ॥ १९ ॥ "ग्लौरितः प्रपतिष्यति०" इस आधी ऋचा से गोमूत्र को अभिमंत्रण करके गण्डमाला को मर्दन करे प्रक्षालन करे और दाँत के मल से प्रलेप करे और तृणरज का लेप करे ॥ २० ॥ अब गदहे आदि के उरुगण्ड की दवा को कहते हैं। "वीहि स्वां०" मंत्र से शान्तिजल को अभिमंत्रण करके जखम को प्रोक्षण करे। आज्य की आहुति देवे। तब मन से संकल्प करे और सम्पातों को देवे ॥२१॥ पाप-गृहीत जलोदर की दवा को कहते हैं। "या ओषधय०" से दूधवाली दवा-ओं का धूप देवे। और आधा पानी महा हुआ तक्र रोगी को पिलावे। दूध, और उदश्वित् रोगी को पिलावे ॥२२॥२३॥२४॥ दोनों ही को पिलावे ॥ २५ ॥ विष, उपविष, स्थावरविष, जङ्गमविष, मधुमक्षिकाविष, इनकी दवा को कहते हैं। "देवा अदुः" सूक्त द्वारा दीमक की मट्टी को बान्धे, पिलावे, आचमन करावे, एवं उसको गरम करके रोगी को लेप करे ॥२६॥ कास और कफ गिरने की दवा को कहते हैं। "यथा मनोऽव दिव०"से अरिष्ट गृहीत व्यक्ति को भोजन को अभिमंत्रण करके देवे। सत्तु

ष्टेन ॥२७॥ देवी देव्यां यां जमदग्निरिति मन्त्रोक्ताफलं जीव्यलाकाभ्याममावास्यायां कृष्णवसनः कृष्णभक्षः पुरा काकसम्पातादवनक्षत्रेऽवसिञ्चति ॥२८॥७॥३१॥

यस्ते स्तन इति जम्भगृहीताय स्तनं प्रयच्छति ॥१॥ प्रियङ्गुतण्डुलानभ्यवदुग्धान्पाययति ॥२॥ अग्ना-विष्णू सोमारुद्रा सिनीवालि वि ते मुञ्चामि शुम्भनी इति मौञ्जैः पर्वसु बद्ध्वा पिञ्जलीभिराप्लावयति॥३॥ अवसि-ञ्चति॥४॥ तिरश्चिराजेरिति मन्त्रोक्तम्॥५॥ आकृतिलोष्ट-वल्मीकौ परिलिख्य ॥६॥ पायनानि ॥७॥ अपचिता-

---

के मंथ को अभिमंत्रण करके देवे। एवं सूर्य का उपस्थान करे और अभि-मंत्रित जल से आचमन करावे॥ २७॥ "देवी देव्यां०" मंत्रोक्त फल काचीमाची फलमणिको भृङ्गराजमणि को बान्धे। जीवन्ती फलको बांधे। भृङ्गराज को बान्धे। केशों को दृढ़ करने, केशों के उत्पन्न होने, छोटे केशों के बढ़ने की दवा कही गयी है। माष (उड़ीद) तिलादि काले अन्न को खिलाकर काची माची फल को भृङ्गराज के द्वारा जल के साथ अभिमंत्रण करके रात्रि में ब्राह्ममुहूर्त्त में अवसिंचन करे॥२८॥ ७॥ ३१॥ यह इकतीसवीं कण्डिका पूरी हुई॥

जिस शिशु को जम्भु आदि पकड़ लिया हो उसकी माता के स्तनों को "यस्ते स्तन०" मंत्र से अभिमंत्रण करके बच्चे के मुखमें लगा देवे॥ १॥ इस क्रिया को उसका पति करे॥ दुःखनाशके भैषज्य को कहते हैं मालकौनी के चावलों को, बच्चे की मां या बाप बालक को पिलावे, तब उसे दूध पिलावे॥ २॥ "अग्नाविष्णू०" इत्यादि से मूँज को गांठों में बांध कर उसकी पिंजुलियों से बच्चे को नहवावे या सिंचन कर॥ ३॥ बिच्छु काटने की दवा। "तिरश्चिराज०" इन आठ ऋचाओं से जेठी-मधु को पीस कर अभिमंत्रण करके बिच्छु काटे व्यक्ति को पिलावे॥ ४॥ ५॥ खेत की मट्टी को जीव कोषणी के चमड़े में लपेट करके मणि बना करके भूमि पर धरकर अभिमंत्रण करके रोगी को बान्धँ देवे॥ ६॥ विषदूषण में जो उपायन ओषधियां कही गईं हैं, वे "तिरश्चि-राज०" सूक्त पठित जानो। बिच्छू, मशक, पिपीलिका, शार्कोटक,

मिति वैणवेन दार्भ्यूषेण कृष्णोर्णाज्येन कालबुन्दैः स्तुकाग्रैरिति मन्त्रोक्तम् ॥ ८ ॥ चतुर्थ्याभिनिधायाभिविध्यति ॥९॥ ज्यास्तुकाज्वालेन ॥१०॥ यः कीकसा इति पिशीलवीणातन्त्रीं बध्नाति ॥ ११ ॥ तन्त्र्या क्षितिकाम् ॥ १२ ॥ वीरिणवध्री स्वयंम्लानं त्रिः समस्य ॥१३॥ अप्सु त इति वहन्त्योर्मध्ये विमिते पिञ्जुलीभिराप्लावयति ॥ १४ ॥ अवसिञ्चति ॥१५॥ उष्णाः सम्पातवतीरसम्पाताः ॥१६॥ नमो रूरायेति शकुनीनिवेषीकाञ्जिमण्डूकं नीललोहिताभ्यां सूत्राभ्यां सकक्षां बद्ध्वा ॥१७॥ शीर्षक्तिमिस्यभिमृ-

---

जोंक की दवायें कही गई जानो ॥ ७ ॥ फिर गण्डमाला की दवा को कहते हैं। "अपचितां०" इन दो एवं "आसुस्रसः" इस एक, इन तीन ऋचाओं से बांस के धनुष को काले रंग के भेड़के दुम की ज्या बनाकर चित्रित शरसे गण्डमाला को प्रत्येक ऋचा से विद्ध करे। तीन ऋचायें हैं एवं तीन ही शर हैं। चौथी ऋचा-"या ग्रैव्या अपचित०" से गण्डमाला पर धरकर विद्ध करे और अवसिंचन करे ॥ ८ ॥ ९ ॥ काले रंग के भेड़े के स्तुकाग्रको जलाकर उसपर जलको गरम करके उससे उषःकाल में रोगी को अवसिंचन करे ॥ १० ॥ अब राजयक्ष्मा रोग के भैषज्य को कहते हैं। "यः कीकसा०" इन तीन ऋचाओं से वीणातंत्री खण्ड को डालकर अभिमंत्रण करके बान्धे ॥ ११ ॥ वीणा के गस्वर को विष्णो वाद्य वीणाकंठ शिखण्ड को वोणा तंत्री बांधकर भूमि पर डालकर अभिमंत्रण करके बान्धे ॥ १२ ॥ स्वयं पतित वीरिण के खण्डों को एकत्र बांध कर डालकर अभिमंत्रण कर बान्धे ॥ १३ ॥ जलोदर रोग जो वरुण से पकड़ा गया हो उसकी दवा। "अप्सु त०" से दो बहती नदियों के संगम पर घर बनाकर रोगी को संगम के जल से नहवाया करे ॥ १४ ॥ या उस जल से अवसिंचन करे ॥ १५ ॥ जिसको रोगी पर डाले वह गरम जल होना चाहिये। और जो असम्पात जल हो शीतल होना चाहिये जिससे आसिंचन करे ॥ १६ ॥ "नमो रूराय०" (तक्म नाशन गण) इन दो सूक्तों से रोगी को खाट पर कर देवे और उसके नीचे हरे सूत से रोगी के बांये जंघा में बान्धे। बाण की भाँति रेखा को इषीका कहते

शति ॥१८॥ उत्तमाभ्यामादित्यमुपतिष्ठते ॥१९॥ इन्द्रस्य प्रथम इति तक्षकायेत्युक्तम् ॥२०॥ पैद्वं प्रकृष्य दक्षिणेनाङ्गुष्ठेन दक्षिणस्यां नस्तः ॥२१॥ अहिभये सिच्यवगूहयति ॥२२॥ अङ्गादङ्गादित्या प्रपदात् ॥२३॥ दंश्मोत्तमया निताप्याहिमभिनिरस्यति ॥२४॥ यतो दष्टः ॥२५॥ ओषधिवनस्पतीनामनूक्तान्यप्रतिषिद्धानि भैषज्यानाम् ॥२६॥ अंहोलिङ्गाभिः ॥२७॥ पूर्वस्य पुत्रकामावतोकयो-

---

हैं। उसको नीले तथा लाल सूत से दोनों कक्षों में बान्धकर शकुनी की भांति करे ॥ १७ ॥ "शीर्षक्ति०" सूक्त से रोगी को अभिमर्शन करे ॥ १८ ॥ और इस सूक्त के प्रथम दो ऋचाओं से सूर्य का उपस्थान करे ॥ १९ ॥ एवं "इन्द्रस्य प्रथम ब्रह्मणो यज्ञ०" सूक्त से रक्षक देवको हाथ जोड़कर प्रणाम करे ॥२०॥ एवं उक्त सूक्त से पैद्वनामक कीट (तालिणी) को पीसकर अभिमंत्रित करके सर्पदष्ट रोगी के नाक के दहिने छिद्र में नस्य देवे ॥ २१ ॥ और जिस घरमें सर्प का भय हो, वहां पैद्व को सफेद वस्त्र में लपेट करके स्थापित करके उसके सारे अङ्गों को मार्जन करे। और "आरे अभूत्०" इत्यादि तीन ऋचाओं से उल्मुक को अग्नि में तपाकर अभिमंत्रण करके विष के जखम को देखकर उस ओर उल्मुकको छोड़ देवे। सर्प भय एवं सर्प दष्टकी दवा समाप्त हुई ॥२२॥ २३॥२४॥ २५॥ कौशिक सूत्रों में जिन सब रोगों की ओषधियाँ कही गयीं और नहीं कही गयीं उनकी पूर्त्ति में सब रोगों के भैषज्य को कहते हैं। सब रोगों के उपचार में मंत्र ओषधियां (वनस्पतियाँ) और जो २ नहीं कही गयीं या जिनका प्रतिषेध नहीं किया गया—ऐसे भैषज्यों का ज्ञान "अंहोलिङ्गिक" गण के द्वारा करना चाहिये। जैसे, "आशानामाशापालेभ्यः"०—यह एक। अंहोलिङ्गगण ॥ और जो २ प्रतीकें कही जाती हैं उनके द्वारा अभिमंत्रण करने से सब रोगों के भैषज्य होते हैं—उनका वर्णन किया जाता है। "अक्षिभ्यां ते, मुञ्चामि त्वा, उत देवाः, आवतस्य, शीर्षक्ति ॥ अंहोलिङ्ग गण ॥ इन पांच प्रतीकों द्वारा या इनमें से किसी एक प्रतीक से अभिमंत्रण करना चाहिये ॥ अंहोलिङ्गगण। (यह सब रोगों की दवायें हैं) या उन सब सूक्तों द्वारा

रुद्‌कान्ते शान्ता अधिशिरोऽवसिञ्चति ॥२८॥ आव्रजितायै पुरोडाशप्रमन्दालङ्कारान् सम्पातवतः प्रयच्छति ॥२९।८।३२॥

वषट् ते पूषन्निति चतुर उदपात्रे सम्पातानानीय चतुरो मुञ्जान्मूर्ध्नि विबृहति प्राचः ॥१॥ प्रतीचीरिषीकाः ॥२॥ छिद्यमानासु संशयः ॥३॥ उष्णेनाप्लावयति दक्षिणात्केशस्तुकात् ॥४॥ शालान् ग्रन्थीन् विचृतति ॥५॥ उभ-

---

करे या अंहोलिङ्गगण द्वारा करे ॥ उन रोगों की परिगणना की जाती है ॥२७॥ अब तात्पर्य यह है कि जिन ओषधियों और वनस्पतियों का प्रतिषेध वैद्यक शास्त्र में किया गया है—व्याधि निदान सम्बन्धि भैषज्य के मंत्रों का उपदेश वैद्यक शास्त्रों में नहीं किया गया है क्योंकि मंत्रों, तन्त्रों, यन्त्रों आदि द्वारा रोगों तथा रोगों के अदृष्ट वा अप्रत्यक्ष कारण अदृष्ट शक्ति द्वारा ही जाना जाता है। अतएव अथर्ववेद की शाखाओं तथा ब्राह्मण, गण, सूत्र आदि प्रोक्त विधि अनुसार यहां कहा जाता है। जैसे स्त्री कर्मसंहिता का वर्णन किया जाता है—"य आशानामाशापाला अग्नेर्मन्व०" ये सूक्त और "या ओषधयः सोमराज्ञीर्वैश्वानरो न आगमच्छुम्भनी द्यावापृथिवी यदर्वाचीनमग्निं ब्रूमो वनस्पतीन्" मुञ्चन्तु मा भवाशर्वौ यादेवीर्यन्मातली रथक्रीतम्"—इन चार को छोड़ कर अंहोलिङ्गगण है ॥३२॥ "अग्नेर्मन्व०" ये सात सूक्त हैं ॥ "पूर्वं त्रिषप्तीयं०" पुत्र कामना मृतवत्सा के लिये। शान्ता ओषधियों से रोगी के शिर पर अवसिंचन करे। प्रवास से घर पर वापस आने वाले के लिये पुरोडाश, प्रमन्द, अलंकारों को सम्पातवन्त करके देवे ॥२७॥२८ ॥२९॥८॥ यह बत्तीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥३२॥

अब प्रसूति करण (प्रसव काल में सुख पूर्वक सन्तान पैदा हो) को कहते हैं। "वषट् ते पूषन्०" इस सूक्त से चार जलपात्र में चार कुशों को गर्भिणी के शिर पर पूर्वाग्र और पश्चिमाग्र कर उच्छ्रित करे ॥१॥२॥ शिर पर के डाले कुशों के टूट जाने पर गर्भस्थ बच्चे का मरण होने का सन्देह होता है ॥३॥ गर्भिणी के शिरके दक्षिण केश-समूदाय को गर्म जल से नहवावे ॥४॥ सूक्त पढ़ने के अन्त में सूतिका घर के बन्धनों को काट डाले ॥५॥ और गाड़ी के जूये के दोनों कील को गर्भिणी के

घतः पाशं योक्त्रमाबध्नाति ॥६॥ यदि सोमस्यासि राज्ञः सोमात्त्वा राज्ञोऽधिक्रीणामि यदि वरुणस्यासि राज्ञो वरुणात्त्वा राज्ञोऽधिक्रीणामीत्येकविंशत्या यवैः स्रजं परिकिरति॥७॥अन्या वो अन्यामवत्वन्यान्यस्या उपावत सध्रीचीः सव्रता भूत्वास्या अवत वीर्यमिति संनयति ॥ ८ ॥ मा ते रिषन्खनिता यस्मै च त्वा खनामसि। द्विपाच्चतुष्पादस्माकं मा रिषद्देव्योषधे ॥ स्रजो नामासि प्रजापतिष्ट्वामखनदात्मने शल्यस्रंसनम् ॥ तां त्वा वयं खनामस्यमुष्मै त्वा शल्यस्रंसनमित्यस्तमिते छत्रेण चान्तर्धाय फालेन खनति ॥९॥ अत्र तव राध्यतामित्यग्रमवदधाति ॥१०॥ इह ममेति मूलमुपयच्छति ॥११॥ एकसरेऽनुपलीढे कुमारः ॥१२॥ दर्भेण परिवेष्ट्य केशेषूपचृतति ॥१३॥ एवं ह विबृहशाकवृषे ॥१४॥ अवपन्ने जरायुण्युपोद्धरन्ति ॥ १५ ॥ स्रजेनौषधिखननं व्याख्यातम्

कमर में बांधे ॥६॥ और "यदि सोमस्यासि०" इत्यादि मंत्रों से २१ यव परिमित "स्रज" (नाम की जड़ी जङ्गलों में होती है) को गर्भिणी के सब ओर छींटे ॥७॥ और "अन्या वो०" इत्यादि मंत्र से सब ओषधियों को एकत्र कर गर्भिणी के कमर में बांधे ॥८॥ "मा ते रिषन् खनिता०" इत्यादि मंत्रों से सूर्यास्त समय स्रज मूल को छाता को ओढ़ कर फाल से दो ऋचाओं से खनन करे ॥९॥ "अत्र तव राध्यतां०" से नीचे धरे ॥१०॥ "इह मम०" से मूल को पकड़े ॥११॥ यदि जड़ उखाड़ते समय बिना टूटे सम्पूर्ण जड़ उखड़ जावे तो जानना कि पुत्र उत्पन्न होगा ॥१२॥ उस जड़ी को कुश से लपेट कर गर्भिणी के केशों पर बिछा देवे। इसीप्रकार विबृह एवं शाकवृष के खनन करनेमें विधि जानो ॥१४॥ यदि दुःख हो तो जरायु को निकलवावें (विज्ञ वैद्य या स्त्री चिकित्सिका, जो शल्य विद्या जानता या जानती हो) ॥१५॥ स्रज मूल के खनन विधि से अन्य ओषधियों के मूल उखाड़ने का विधि कहा गया जानो ॥१६॥

॥१६॥ चतस्र उमाफलानि पाणावद्भिः श्रोतयते ॥१७॥ संवर्तमानेषु कुमारः ॥ १८ ॥ ब्राह्मणायनोऽङ्गान्यभिमृशति ॥१९॥ पुंनामधेये कुमारः ॥२०॥६॥३३॥

इदं जनास इत्यस्यै शिंशपाशाखासूदकान्ते शान्ता अधिशिरोऽवसिञ्चति ॥१॥ आव्रजितायै ॥२॥ निस्सालामित्यवतोकायै कृष्णवसनायै त्रिषु विमितेषु प्राग्द्वारप्रत्यग्द्वारेष्वप्सु सम्पातानानयति ॥३॥ पलाशे सीसेषूत्तरान् ॥ ४ ॥ सीसान्यधिष्ठाप्याप्लावयति ॥ ५ ॥ निधाय

उमा या अलसी उमाफल (अतसी वृक्ष, या अतसी वृक्ष) के चार फलों को जल के साथ गर्भिणी के हाथ में देवे। यदि सब फल भली-भाँति पाये जावें तो पुत्र पैदा होगा जानो ॥१९॥ और जीवत्पितृक, जिसका बूढ़ा भाई जीवित हो, या जिसके घर में कोई बूढ़ा व्यक्ति जीवित हो, उसको "ब्राह्मणायन" कहते हैं। ऐसा पुरुष सूक्तोक्त मंत्रों से गर्भिणी के अङ्गों को स्पर्श करे। वह यदि पुंनामक अङ्गों पैर, हाथ, हनू, बाहु, कान में से किसी अङ्ग को स्पर्श करे तो जानना कि कुमार पैदा हुआ जानो ॥१८॥२०॥९॥ यह तेहतीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥३३॥

अब वन्ध्या प्रजनन करण को कहते हैं। "इदं जनास०" इससे शिंशपा की शाखाओं को लाकर जल के पास उन पर वन्ध्या को बिठला कर उसके शिर पर ओषधियों को धर कर अवसिंचन करे ॥१॥ इसके पश्चात् पुरोडाश, प्रमन्द, कटुपा, अलङ्कार लाकर देवे ॥२॥ अब मृतापत्या स्त्री की शान्तिकर्म को कहते हैं। अर्थात् गर्भ गिरने, जन्मते मर जाने से या स्त्री मर जावे या पुरुष मर जावे, छोटी उमर में मर जावे या युवा होने पर मर जावे। पूर्व मुख दरवाजे वाले तीन मण्डप बनवावें जिनमें से एक में अभ्यातानान्त कर्म करके पूर्व पश्चिम द्वार में इषीका को बांध कर "निः सालां०" मंत्र से ३ गूलर की लकड़ी को मृतवत्सा के लिये आधान करे पूर्व और पश्चिम मुख वाले घर में पलाश पत्र पर सीसों को धरकर स्त्री को बिठला कर उत्तर सम्पातों को लावे और उन्ही जल से स्त्री को नहवा कर जो पहिरा हुआ काला वस्त्र हो उसको त्याग कर दूसरे वस्त्र को पहनवा कर पूर्व द्वार से निकल जावे और जैसा

कृष्णं व्रजति ॥६॥ आदीप्य ब्रह्मा॥७॥ एवं पूर्वयोः पृथक् संभार्यै ॥८॥ शाखासूक्तम् ॥९॥ पश्चादग्नेरभितः काण्डे इषीके निधायाध्यधि धायिने औदुम्बरीराधापयति ॥१०॥ उत्तमाव्रजितायै ॥११॥ पतिवेदनानि ॥१२॥ आ नो अग्न इत्यागमकृशरमाशयति ॥१३॥ मृगाखराद्वेद्यां मन्त्रोक्तानि सम्पातवन्ति द्वारे प्रच्छति ॥१४॥ उदकंसे व्रीहियवौ जाम्यै निशि हुत्वा दक्षिणेन प्रक्रामति ॥१५॥ पश्चादग्नेः प्रक्षाल्य संधाव्य सम्पातवतीं भगस्य नावमिति मन्त्रोक्तम्॥१६॥ सप्तदाम्न्यां सम्पातवत्यां वत्सान् प्रस्यन्तान्प्रचृतन्तो वहन्ति॥१७॥ अहतेन सम्पातवता ऋषभमभ्यस्यति ॥ १८ ॥ उदर्दयति यां दिशम् ॥१९॥

पश्चिम में कर्म किया है उसी प्रकार पूर्व के दोनों घरों में कर्म होना चाहिये। इस सूक्त के शिंशपादि की शाखाओं में उदक तक कर्म होता है। समिदाधानाग्नि के पश्चिम भाग में काष्ठ द्वारा इषीका डालकर उसपर उदुम्बर की लकड़ी धरे—तोरण के आकार का आधान करे। पुरोडाश, प्रमन्द, अलंकार को धर कर देवे ॥४॥५॥६॥७॥८॥९॥१०॥११ अब पति लाभ फल कर्मों को कहते हैं ॥१२॥ "आनो अग्न०" से तिल चावल का भात बना कर स्त्री को खिलावे ॥१३॥ मृगाओं से नित्य सेवित देश को "मृगाखर" कहते हैं। वहां से मिट्टी लाकर वेदि बनावे। इसमें सम्पात करके आखर, सोना, गुग्गुल, गजोदक जामिक मातृका इसका कर्म है। यथोक्त सम्पादन कर बन्धन, धूपन प्रलेपन करे। उस घर के दक्षिण भाग में बहिन एवं भ्राता कुमारी को अपक्रामण करावे ॥१४॥१५ अग्नि के पश्चिम भाग में नाव को प्रक्षालन कर सम्पातवती करके कुमारी को नाव पर चढ़ावे "भगस्य नावम्०" मंत्र जप कर नाव से कुमारी को उतारे ॥१६॥ और सप्तदान तंत्री से वत्सों को बांध करके धर कर अभिमंत्रण कर कुमारी से छुड़वावे। यदि कुमारी से प्रदक्षिण पूर्वक छोड़वाई जावे तो पति लाभ होगा। और नये वस्त्र पहनकर वृषभ को छोड़े ॥१७॥१८॥ वृषभ जिस ओर को जावे उसी

जाम्यै प्र यदेत इत्यागमकृशरम् ॥२०॥ इमा ब्रह्मेति स्वस्त्रे ॥२१॥ अयमा यातीति पुरा काकसम्पातादर्यम्णे जुहोति ॥२२॥ अन्तःस्रक्तिषु बलीन् हरन्ति ॥२३॥ आपतन्ति यतः ॥२४॥१०॥३४॥

पुंसवनानि ॥१॥ रजउद्वासायाः पुंनक्षत्रे ॥२॥ येन वेहदिति बाणं मूर्ध्नि विबृहति बध्नाति ॥३॥ फालचमसे सरूपवत्साया दुग्धे व्रीहियवाववधाय मूर्च्छयित्वाध्यण्डे बृहतीपलाशविदर्यौ वा प्रतिनीय पैद्वमिव ॥४॥ पर्वताद्दिव इत्यागमकृशरमाशयति ॥५॥ युगतर्म्मना सम्पातवन्तं द्वितीयम् ॥६॥ खे लूनांश्च पलाशत्सरुन्निवृत्ते

ओर को जाने देवे ॥१९॥ "जाम्यै प्र यदेत०" से भाई बहिन दोनों को और "इमा ब्रह्म०" से बहिन को आगम कृशर खिलावे ॥२०॥२१॥ प्रातः काल "अर्यम्णे०" से सूर्य्य को आहुति देवे। ॥२२॥ इसके अनन्तर 'अर्यम्णे०" आधी ऋचा से घर के भीतर कोणों में बलि देवे। जिस दिशा से प्रातःकाल काकों का आगमन हो, उसी दिशा से पति लाभ जानो ॥२४॥१०॥३४॥ यह चौतीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥३४॥

अब पुंसवन संस्कार को कहते हैं। यह संस्कार गर्भ से पञ्चम मास में होता है ॥१॥ रजोधर्म से शुद्ध हुई स्त्री को स्नान कर लेने पर पुंनामक नक्षत्र में "येन वेहत्०" मंत्र से शरमणि को लाकर अभिमंत्रण करके स्त्री के गले में बांधे ॥२॥३॥ फाल के बने चमसे में सरूपवत्सा गौ के दूध में व्रीहि और यव को डालकर मूर्छन करके या अध्यण्डमें बृहती, पलाश और विदारी को डालकर पैद्व (बूटी) की भाँति स्त्री के पति नाक के दहिने छिद्र में दहिने हाथ के अंगूठे से नस्य देवे ॥४॥ रजोधर्म के पश्चात् चौथे दिन "पर्वताद्दिव०" सूक्त से आज्य की आहुति करे। भात में तिल मिश्र आगम कृशर को गर्भिणी को खिलावे और इसी सूक्त से दूसरे कृष्ण आगम कृशर को गाड़ी के युग छिद्र में डाल कर गर्भिणी को खिलावे। "पुष्पवतीः"० मंत्र से ॥५॥६॥ पलाश काष्ठ की बनी तलवार की मूठ (त्सरु)। टूटी हुई पलाश त्सरु निवृत्त पर

निघृष्याधाय शिश्ने ग्रामं प्रविशति ॥७॥ शमीमश्वत्थ इति मन्त्रोक्तेऽग्निं मथित्वा पुंस्याः सर्पिषि पैद्वमिव ॥८॥ मधुमन्थे पाययति ॥९॥ कृष्णोर्णाभिः परिवेष्ट्य बध्नाति ॥१०॥ यन्तासीति मन्त्रोक्तं बध्नाति ॥११॥ ऋधङ्मन्त्र इत्येका यथेयं पृथिव्यच्युतेति गर्भदृंहणानि ॥१२॥ जम्भगृहीताय प्रथमावर्जं ज्यां त्रिरुद्ग्रथ्य बध्नाति ॥१३॥ लोष्टानन्वृचं प्राशयति ॥१४॥ श्यामसिकताभिः शयनं परिकिरति ॥१५॥ यामिच्छेद्वीरं जनयेदिति धातर्व्याभिरुदरमभिमन्त्रयते ॥१६॥ प्रजापतिरिति प्रजाकामाया उपस्थे जुहोति ॥१७॥ लोहिताजापिशितान्याशयति ॥ १८ ॥ व्रपान्तानि ॥१९॥ यौ ते मातेति मन्त्रोक्तौ बध्नाति ॥२०॥

घिस कर शिश्न पर डाल कर मैथुन करे ॥७॥ शमी वृक्ष के भीतर के अश्वत्थ वृक्ष के काष्ठ से मथकर निकले हुए अग्नि में घृत (जिस गौ का बच्चा पुरुष हो उसके घृत से) डाल कर स्त्री को उसकी नाक के दहिने छिद्र में दहिने अंगूठे से नस्य देवे । पैद्व की भाँति ॥८॥ मधुमन्थ में अग्नि डाल कर अभिमंत्रण कर स्त्री को पिलवावे ॥९॥ शमीगर्भाश्वत्थोत्पन्न अग्नि को काले भेड़ के ऊनसे लपेट कर बांधे आज्य की क्रिया करे ॥१०॥ "यन्तासि०" मंत्र से हाथ से लेकर कर्णादि को सम्पातनकर अभिमंत्रण करे। आज्य तन्त्र करके गर्भिणी को बांधे ॥११॥ यह गर्भाधान हुआ । "ऋधङ् मंत्र०" और "यथेयं पृथिवी०" इत्यादि सूक्तों से गर्भवर्धन कर्म करे ॥१२॥ जम्भ गृहीत स्त्री को ताँत को तीन गुणा करके बांधे ॥१३॥ और मट्टी के ढेलों को प्रत्येक ऋचा से अभिमंत्रित कर गर्भिणी को प्राशन करावे ॥१४॥ श्यामा और सिकता को गर्भिणी के शयन स्थान के सब ओर फेके ॥१५॥ और "धाता दधातु०" इत्यादि चार ऋचा से गर्भिणी के उदर को अभिमंत्रण करे ॥१६॥ यह वीर कर्म हुआ । "प्रजापतिः०" सूक्त से प्रजा की कामना वाला गर्भिणी के उपस्थ के पास आहुति करे ॥१७॥ लाल बकरी के मांस को गर्भिणी को खिलावे ॥ १८ ॥ उदकुलिज को सम्पात वाला करके गर्भिणी को छोड़ कर मध्य भाग में लावे और भात,

यथेदं भूम्या अधि यथा वृक्षं वाञ्च मे यथायं वाह इति संस्पृष्टयोर्वृक्षलिबुजयोः शकलावन्तरेषुस्थकराञ्जनकुष्ठ-मदुघरेष्ममथिततृणमाज्येन संनीय संस्पृशति ॥ २१ ॥ उत्तुदस्त्वेत्यङ्गुल्योपनुदति ॥२२॥ एकविंशतिं प्राचीन-कण्टकानलङ्कृताननूक्तानादधाति ॥२३॥ कूदीप्रान्तानि ससूत्राणि ॥२४॥ नवनीतान्वक्तं कुष्ठं त्रिरह्नः प्रतपति त्रिरात्रे ॥२५॥ दीर्घोत्पलेऽवगृह्य संविशति ॥२६॥ उष्णो-दकं त्रिपादे पत्तः प्रबद्धाङ्गुष्ठाभ्यामर्दयञ्छते ॥२७॥ प्रति-कृतिमावलेखनीं दार्भ्यूषेण भाङ्ग्ज्येन कण्टकशल्ययोलू-

सुरा, प्रपा को लाकर अभिमंत्रण कर प्रजा की कामना वाली को देवे ॥१९॥ वन्ध्या का प्रजागर्भकर्म समाप्त हुआ ॥ १९ ॥ अब सीमन्तोन्नयन कर्म को कहते हैं ॥ गर्भ से अष्टम मास में यह कर्म करना चाहिये "अव्यच-सश्च०" इत्यादि से अभ्यातानान्तकर्म करके "यौ ते माता०" इत्यादि गर्भ-सूक्त से आज्यकी आहुति करके श्वेत और पीले सर्षप की रक्ष-पुट्टलिका बना कर सम्पात और अभिमंत्रण करके शुभ दिन के अन्तमें गर्भिणी के गले में पहना देवे; जो उसकी नाभि तक लटकती रहे ॥२०॥ दो सटे हुए वृक्षों के छाल, तगर, शरखण्ड, अञ्जन, कुष्ठ, जेठीमधु, वातसंभ्रम तृण इन पदार्थों को आज्य से आलोडन कर "यथेदं भूम्या अधि०" इत्यादि सूक्त से गर्भिणी के सारे शरीर में लगावे ॥२१॥ "उत्तुदस्त्व०" से अङ्गुली से भार्य्या के उदर और पीठ को पीड़ित करे (काम में रुचि होने के लिये) ॥२२॥ पुराने मदनी के २१ कांटे पूर्वाग्र कर अलंकृत करके एकही बार में लेकर आधान करे ॥२३॥ और २१ ही बैर के प्रान्त भाग को लाख के लाल रंग में सूत्र को रंग कर उसे गर्भिणी को बान्धे ॥२४॥ उत्पल कुष्ठ को मक्खन से चपोड़ कर दिन में तीन बार पूर्वाण्ह, मध्यान्ह और अपराण्ह समय तपा २ कर आधान करे और इसी प्रकार तीन बार रात में करे ॥२५॥ खाट को नीचे मुँह पाँव पकड़ कर सोवे । तीन रात तक सोवे । यह कर्म स्वामि का है । "ममैव कृणुतं वशे०" को पढ़ कर स्त्री के साथ सोवे ॥२६॥ तीन पैर वाले शिका पर गर्म जल धर कर शयनीय (खाटादि) के पैहाने में बान्धकर पैर के दोनों अङ्गुठों

कपत्रयासितालकाण्डया हृदये विध्यति ॥२८॥११॥३५॥

सहस्रशृङ्ग इति स्वापनम् ॥१॥ उदपात्रेण सम्पातवता शालां सम्प्रोक्ष्यापरस्मिन्द्वारपक्षे न्युब्जति ॥२॥ एवं नग्नः ॥३॥ उलूखलमुत्तरां स्रक्तिं दक्षिणशयनपादं तन्तूनभिमन्त्रयते ॥४॥ अस्थाद् द्यौरिति निवेष्टनम् ॥५॥ आवेष्टनेन वंशाग्रमवबध्य मध्यमायां बध्नाति ॥६॥ शयनपादमुत्पले च ॥७॥ आकृष्टे च ॥८॥ आकर्षेण तिलाञ्जुहोति ॥ ९ ॥ इदं यत्प्रेण्य इति शिरःकर्णमभिमन्त्रयते ॥१०॥ केशान्धारयति ॥ ११ ॥ भगेन मा न्यस्तिकेदं

से दबाता हुआ सोवे ॥२७॥ कुश के काँटे से, भांगव्य से, साहीके काँटे से, उलूक पत्रा से, कालीकण्डा से भार्य्या की प्रतिरूपाकृति के हृदय स्थान में विद्ध (गराना) करे। यह स्त्री (अपनी) वशीकरण समाप्त हुआ ॥२८॥११॥३५॥ यह पैतीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥३५॥

अब स्वापन कर्म को कहते हैं। (स्त्रीपुरुष के सम्भोग में विघ्ननाशक कर्म) ॥ स्त्री को सोलाने के कर्म को कहते हैं। जलपात्र से सम्पात वाले जल से स्त्री के शाला को संप्रोक्षण करके "सहस्रशृङ्ग०" से शेष जल को घर के दूसरे द्वार पर औंधे पात्र करधर देवे ॥ इसी प्रकार दूसरे द्वार के कपाट को खोल कर पूर्ववत् करे ॥२॥३॥ उलूखल को, शयनीय घर के उत्तर कोण को और स्त्री के खाट के दहिने पौआ को "सहस्रशृङ्ग०" मंत्र से अभिमंत्रण करे और खाट के रज्जु को अभिमंत्रण करे ॥४॥ भाग जाने वाली के बन्धन कर्म को कहते हैं॥ रज्जुवेष्टन को "अस्थाद् द्यौरस्थात्०" इस दूसरे सूक्त से अभिमंत्रण करके बाँस के अग्रभाग में बान्ध कर मध्यम स्थूणा में बान्ध देवे ॥६॥ शयनीय पादको अभिमंत्रण करके उत्पल में उसे बान्ध देवे ॥७॥ इसी प्रकार आकृष्ट (आग के अंगारों को निकालने के लोहे को) बान्ध देवे ॥८॥ और कुटका से तिलों की आहुति देवे ॥ ९ ॥ "इदं यत्प्रेण्य०" से शिर (पति या पत्नी के शिर) और कानों को अभिमंत्रण करे। यह जाया एवं पति के क्रोध की शान्ति करने का विधान है ॥१०॥ जिस स्त्री को निरुद्ध करने की इच्छा हो उसको धरे (पकड़े) ॥११॥ "भगेन मा०" इत्यादि

खनामीति सौवर्चलमोषधिवच्छुक्लप्रसूनं शिरस्युपचृत्य ग्रामं प्रविशति ॥१२॥ रथजितामिति माषस्मरान्निवपति ॥१३॥ शरभृष्टीरादीप्ताः प्रतिदिशमभ्यस्यत्यर्वाच्या आव- लेखन्याः ॥१४॥ भगमस्या वर्च इति मालानिष्प्रमन्ददन्त- धावनकेशमीशानहताया अनुस्तरण्या वा कोशमुलू- खलदरणे त्रिशिले निखनति ॥१५॥ मालामुपमथ्या- न्वाह ॥१६॥ त्रीणि केशमण्डलानि कृष्णसूत्रेण विग्रथ्य त्रिशिलेऽश्मोत्तराणि व्यस्यासम् ॥ १७ ॥ अथास्यै भग- मुत्खनति यं ते भगं निचख्नुस्त्रिशिले यं चतुःशिले। इदं तमुत्खनामि प्रजया च धनेन चेति ॥१८॥ इमां खना- मीति बाणापर्णीं लोहिताजायाद्रप्सेन संनीय शयनमनु

से सौवर्चल औषधि के जड़ को खन कर (शंख पुष्पी मूल की भाँति) इसके फूल को अभिमंत्रण करके जिसके सौभाग्य की कामना करे उसके पुष्प को अभिमंत्रण करके उसके शिर में बान्धे ॥१२॥ "रथजितां०" इत्यादि तीन सूक्तों से तीन माषस्वरा (अपने बोये या अन्य के बोये हुए जो पहिले बोए गये) को अभिमंत्रण करके जिस स्त्री को वश में करना चाहे उसके खाट की जगह या घर में या शयन देश में डाले ॥१३॥ शरभृष्टी को जलाकरके अभिमंत्रण कर प्रति दिशा में और प्रति- कृति बना कर दार्भ्यूष और भाङ्गज्य से फेके, हृदय में विद्ध करे ॥१४॥ पति द्वेषिणी, पुरुष द्वेष करण हो तो उसकी शान्ति होती है ॥ अब स्त्री या पुरुष का दौर्भाग्य करण कर्म को कहते हैं ॥ अन्त्येष्टि संस्कार के समय जो गौ मारी जाती है उसको अनुस्तरणी कहते हैं। ईशान हता गौ को ज्वर हता गौ कहते हैं। इसके पश्चात् उलूखल के दरणमें त्रिशाले को डाल कर उलूखल में देवे ॥ १५ ॥ स्त्री के पुष्पमाला को पीस कर उसी स्त्री को काले सूत से लपेट कर अभिमंत्रण करके उलट फेर कर पत्थर को शालाके ऊपर देवे ॥ यह दौर्भाग्य करण समाप्त हुआ ॥१६॥ ॥७॥ अब सौभाग्य करण को कहते हैं ॥ "यं ते भगं निचख्नु०" से शिला को उखाड़े और शरपुंख को बकरी के पतले दही में इकट्ठा करके "भगमस्या०" सक्त से उसके शयन के सब ओर फेके ॥११॥

परिकिरति ॥१९॥ अभि तेऽधामित्यधस्तात् पलाश-मुपचृतति॥२०॥ उप तेऽधामित्युपर्युपास्यति ॥२१॥ कामं विनेष्यमाणोऽपाघेनासंख्याताः शर्कराः परिकिरन्व्रजति ॥२२॥ संमृद्नञ्जपति ॥२३॥ असंमृद्नन् ॥२४॥ ईर्ष्याया ध्राजिं जनाद्विश्वजनीनात्त्वाष्ट्रेणाहमिति प्रतिजापः प्रदानाभिमर्शनानि ॥ २५ ॥ प्रथमेन वक्षणासु मन्त्रो-क्तम्॥२६॥ अग्नेरिवेति परशुफाण्टम्॥२७॥ अवज्यामि-वेति दृष्ट्वाश्मानमादत्ते ॥ २८ ॥ द्वितीययाभिनिदधाति ॥२९॥ तृतीययाभिनिष्ठीवति ॥ ३० ॥ छायायां सज्यं करोति ॥३१॥ अयं दर्भ इत्योषधिवत् ॥३२॥ अग्ने जातानिति न वीरं जनयेत्प्रान्यानिति न विजायेतेत्य-

---

अब सपत्नी को जीतने के कर्म को कहते हैं। शरपुंख के पत्तों को शयनीय के नीचे "उपतेऽधां०" से बान्ध देवे ॥२०॥ काम विनाशन को कहते हैं॥ काम (भोग की इच्छा) को विनाश करने की इच्छा वाला पुरुष पर पुरुष को "अप नः शोशुचत्" से असंख्य शर्करा को अभिमंत्रण करके शर्कराओं को छिटता हुआ जावे॥ शर्करा को मर्दता या न मर्दता हुआ जावे ॥२३॥२४॥ स्त्री विषय में ईर्ष्या विनाशक कर्मों को कहते हैं। ईर्ष्यालु को देख कर "ईर्ष्याया ध्राजिं०" इत्यादि का जप करे, जिसकी ईर्ष्या को वश करना हो उसको अभिमर्शन कर "जनात्" आदि दो मंत्रों का जप कर जो कुछ हो उसका अभिमंत्रण करके उसे देवे॥२५॥ "ईर्ष्या-या ध्राजिं०" इत्यादि से हृदयाग्नि को बुझावे ॥२६॥ "अग्नेरिव०" से पलाश के फाँट को उसे पिलावे ॥२७॥ "अवज्यामिव०" से पत्थर को लेवे और दूसरी ऋचा से उस पत्थर को भूमि पर धरे ॥२८॥२९॥ और तीसरी ऋचा से उसपर थूके ॥३०॥ मन्यु वाले पुरुष की छाया में धनुष को टंकोर कर अभिमंत्रण करे॥ ३१ ॥ अब सब विषयों में मन्युविना-शक कर्मको कहते हैं॥ कुशके जड़को औषधिके समान खन कर सम्पातन कर अभिमंत्रण कर मन्युक को बान्धे ॥३२॥ अब अवीरजनन कर्म को कहते हैं॥ "अग्ने जातान्" इन तीन ऋ० से खच्चर के मूत्र के

इवतरीमूत्रमश्ममण्डलाभ्यां संघृष्य भक्तेऽलंकारे ॥३३॥ सीमन्तमन्वीक्षते ॥३४॥ अपि वृश्चेति जायायै जारमन्वाह ॥३५॥ क्लीबपदे बाधकं धनुर्वृश्चति ॥३६॥ आशयेऽश्मानं प्रहरति ॥३७॥ तृष्टिक इति बाणापर्णीम् ॥३८॥ आ ते दद इति मन्त्रोक्तानि संस्पृशति ॥३९॥ अपि चान्वाहापि चान्वाह ॥ ४० ॥ १२ ॥ ३६ ॥ इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे चतुर्थोऽध्यायः समाप्तः ॥४॥

अम्बयो यन्तीति क्षीरौदनोत्कुचस्तम्बपाटाविज्ञानानि

साथ पत्थर को घिसकर अभिमंत्रण कर भात के साथ उसे खाने को देवे ॥ या अलंकार में देवे ॥३३॥ अब वन्ध्याकरण को कहते हैं । स्त्री के सीमन्त को देखे ॥ ३४ ॥ अपि वृश्च० ॥ तीन ऋ० से जाया के लिये जार को कहे ॥ ३५ ॥ "क्लीबपदे बाधकं धनुर्वृश्चति" पढकर जार के सांकेतिक स्थान में पत्थर फेके ॥३६॥३७॥ तृष्टिक०" पढ़कर शरपुंख भी वहीं फेके ॥३८॥ "आ ते दद०" मंत्रसे जार के हृदय, मुखको स्पर्श करे ॥ ३६ ॥ और उसे कहे । और उसे कहे ॥ ४० ॥ १२ ॥३६॥ यह छत्तीसवी कण्डिका पुरी हुई ॥ अथर्व वेद के कौशिक सूत्र के चौथे अध्याय का भाषानुवाद भी समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

अब विज्ञान कर्मों के विधि को कहते हैं ॥ लाभ, हानि, जीत, हार, सुख, दुःख, उत्कर्ष, अपकर्ष, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष, भय, अभय, रोग, आरोग्य डर है या नहीं, धन, अधन, धर्म, अधर्म, मरण, अमरण, धान्य होगा ? या नहीं । खेत होगा ? या नहीं, घर में वास होगा ? या नहीं, धान्य, पुत्र, पशु, हिरण्य, और वस्त्र । विद्या, शास्त्र आदि का लाभ होगा ? या नहीं, जीना, मरना, जाना, आना, बल, अबल । सत्, असत् के योग से रोगी का जीवन, मरण, प्रसव में पुत्र योग से पुत्र का होना, धर्म, अधर्म के योग से मित्र, अमित्र के संयोग से होना । ग्राम है या नहीं, पुरुष का विवाह है या नहीं, वर्ष भर में, मास में सुभगा या दुर्भगा होगी या नहीं, घर, ग्राम, आदि होंगे या नहीं ? आधान होगा या नहीं, इत्यादि विचार मन या वचन से भली-भाँति चिन्तन कर उस कर्म को करना चाहिये ॥ "अम्बयो यन्ति०" सूक्त से रिंधते हुए

॥१॥ साङ्ग्रामिकं वेदिविज्ञानम् ॥२॥ वेनस्तदिति पञ्चपर्वेषुकुम्भकमण्डलुस्तम्बकाम्पीलशाखायुगेध्माक्षेषु पाण्योरेकविंशत्यां शर्करास्वीक्षते ॥३॥ कुम्भमहतेन परिवे-

---

क्षीरौदन का अभिमंत्रण करके आसिंचन करे ॥ मन वचन से चिन्तन करे। भात पके या नहीं ? यदि यथा चिन्तित होवे—जैसे विचार से भात का पकना निश्चित है तो–तो जिस कार्य्य की सिद्धि जाननी है वह अवश्य होगा जानना ॥ इध्म का उपसमाधान कर अभिमंत्रण करके इच्छित कार्य्य की जिज्ञासा (मनमें) कर रज्जु को धर देवे—रज्जु यदि तीन गुण हो जावे तो सफलता होगी। इसी प्रकार दर्भ स्तम्ब को उक्त मंत्र से अभिमंत्रण कर मन से जिज्ञासा करे; तो यदि कुशों की संख्या सम या विषम होवे तो भाँति २ की प्रयोजन की सिद्धि होगी जाने। फिर पहिले दिन पाठा को अभिमंत्रण करके जिज्ञासा करे, यदि पत्रों पत्रों का संकोचन हो जावे तो प्रयोजन की सफलता समझनी ॥ १ ॥ संग्राम के पूर्व दिन वेदि बनाकर "अम्बयो यन्ति०" सूक्त से अभिमंत्रण करके मन में कार्य की सिद्धि की चिन्ता करे। यदि दूसरे दिन वेदि सम हो या विषम हो तो कार्य की सिद्धि जानो ॥ २ ॥ पांच गिरह वाला बांस के डंडे को मंत्र से अभिमंत्रण करके खड़ा कर दे। यदि अभिष्ट दिशा की ओर दण्ड गिर जावे तो सिद्धि जानो ॥ धनुष को टंकोर कर अभिमंत्रण कर जिज्ञासा करे तो—धनुष के बाण फेकने से सिद्धि जानना ॥ जल भरे घट में दूध डालकर अभिमंत्रण कर चिन्तन करे, बढ़ जाने से सिद्धि ॥ कमण्डलु में जल भर कर उसमें दूध डाल कर अभिमंत्रण करे–बढ़ जाने से सिद्धि जानो ॥ दर्भ स्तम्ब अभिमंत्रण कर जिज्ञासा करे सम विषम होने से सिद्धि ॥ काम्पील शाखा को शिर पर धारण कर अभिमंत्रण कर पूछे (मनमें) यदि इष्ट दिशा में गिर जावे तो सिद्धि ॥ गाड़ी के युग को अभिमंत्रण कर पूछे इष्ट दिशापतन से सिद्धि। धान्य को अभिमंत्रण कर चिन्ता करे–अग्नि में डाले—यदि प्रदक्षिण क्रम से जले तो सिद्धि ॥ दोनों हाथ की दो अङ्गुलियों को अभिमंत्रण कर चिन्ता करे, बिन जाने हुए पुरुष के हाथ में २१ शर्करा को अभिमंत्रण कर चिन्ता करे—यदि बढ़ जावे तो सिद्धि, यदि सम या विषम हो तो ठीक २ सिद्धि जानो ॥ २–३ ॥ अब नष्ट द्रव्य

ष्ट्याधाय शयने विकृते सम्पातानतिनयति ॥४॥ अनतीकाशमवच्छाद्यारजोविन्ते कुमार्य्यौ येन हरेतां ततो नष्टम् ॥५॥ एवं सीरे साक्षे ॥६॥ लोष्टानां कुमारीमाह यमिच्छसि तमादत्स्वेति ॥७॥ आकृतिलोष्टवल्मीकौ कल्याणम् ॥ ८ ॥ चतुष्पथाद्बहुचारिणी ॥ ९ ॥ श्मशानान्नचिरं जीवति ॥१०॥ उदकाञ्जलिं निनयेत्याह ॥११॥ प्राचीनमपक्षिपन्त्यां कल्याणम् ॥१२॥१॥३७॥

जरायुज इति दुर्दिनमायन्प्रत्युत्तिष्ठति ॥१॥ अन्वृचमुदवज्रैः॥२॥ असयुल्मुककिष्कुरूनादाय ॥३॥ नग्नो लला-

---

की परीक्षा करने में यह कर्म करे—"वेनस्तत्०॥ सूक्त से घड़े को अखण्ड नये वस्त्र से लपेट कर शयनी के पास धर देवे और चिन्ता करे। यदि घड़े को अत्यन्त वेष्टन होजावे तो कार्य सिद्धि ॥ ४ ॥ "वेनस्तत्०" सूक्त से अखण्ड नये वस्त्र द्वारा हलको लपेट कर धरे एवं अभिमंत्रण कर अनतीकाश को अवछादन कर दो कुमारी जिसके द्वारा हरण करे—उसीसे नष्ट हुआ जाने ॥ ५ ॥ अक्ष को कुम्भ की तरह करके धरे, दो कुमारी जिसके द्वारा हरण करे—उससे नष्ट जानो ॥ ६ ॥ चार मट्टी के ढेले को ग्रहण करके "वेनस्तत्०" सूक्त से अभिमंत्रण करके कुमारी को कहे कि तुम इनमें से जिसे चाहो लेलो ॥ यदि दोनों ग्रहण कर लेवे तो अभीष्ट सिद्धि जानो ॥ ७ ॥ आकृतिलोष्ट, दीमक, चतुष्पथ, मरघट इन चार ढेलों में से यदि कुमारी पहिले दो ढेलों को ग्रहण करे तो जानना कल्याण है। चौराही के ढेला लेने से व्यभिचारिणी होगी, मरघट के ढेले लेने से अल्पायु होगी ॥ ८ ॥ ९ ॥ १० ॥ यह कुमारी विज्ञान हुआ ॥ कुमारी से कहे कि पूर्व दिशा में अंजलि में जल लेकर के फेको तो अभिप्रेत फल होगा ॥ ११ ॥ १२ ॥ १ ॥ ३७ ॥ यह सैतीसवीं कंडिका समाप्त हुई ॥ ३७ ॥

अब नैमित्तिक कर्म्मों को कहते हैं। अब दुर्दिन के विनाश करने के कर्मों को कहेंगे। दुर्दिन के सम्मुख—"जरायुज०" सूक्त का जप कर उपस्थान करे ॥१॥ और प्रत्येक ऋचा से जल देवे ॥२॥ तलवार लेकर

ष्टमुन्मृजानः ॥४॥ उत्सार्य बाह्यतोऽङ्गारकपाले शिग्रुशर्करा जुहोति ॥५॥ केराकावादधाति ॥६॥ वर्षपरीतः प्रतिलोमकर्षितस्त्रिः परिक्रम्य खदायामर्कं क्षिप्रं संवपति ॥७॥ नमस्ते अस्तु यस्ते पृथु स्तनयित्नुरित्यशनियुक्तमपादाय ॥८॥ प्रथमस्य सोमदर्भकेशानीकुष्ठलाक्षामञ्जिष्ठीबदरिहरिद्रं भूर्जशकलेन परिवेष्ट्य मन्थशिरस्युर्वरामध्ये निखनति ॥ ९ ॥ दधि नवेनाश्नात्या संहरणात् ॥ १० ॥ आशापालीयं तृतीयावर्जं दृंहणानि ॥ ११ ॥ भौमस्य

सम्मुख हो सूक्त का जप करता हुआ पूर्ववत् उपस्थान करे। उल्मुक को ग्रहण कर सूर्य भगवान् के सम्मुख होकर पूर्ववत् उपस्थान करे। और लकुट ग्रहण करके पूर्ववत् उपस्थान करे ॥३॥ नंगा होकर ललाट को मर्दन करता हुआ पूर्ववत् उपस्थान करे ॥४॥ घर के छप्पर के ओलती उजार कर घर के बाहर कपाल में आग के अङ्गारों को धर कर शिग्रुपत्रों की आहुति देवे या शर्करा की आहुति करे ॥५॥ पटेरक समिध और अकवीन को समिधाओं का आधान करे ॥६॥ वृष्टि के कारण अति पीड़ित होकर खदा खन कर इसकी तीन बार परिक्रमा करके खदा में अर्कवृक्ष को शीघ्रही संवपन करे। (अर्क वृक्ष को निलुंचन कर सारे सूक्त का जप करे सूक्त के अन्त में डाले। तब धूलि से खदा को भर देवे) वृष्टि निवारण समाप्त। और ॥७॥ "नमस्ते अस्तु०" सूक्त से अशनि (वर्षा होते समय बिजुली, पत्थर, उल्का का पात होता है। इसे वृक्ष पर या भूमि पर पत्थर आदि पड़ा हो, या बिजुली से नष्ट काष्ठ में से) युक्त मट्टी आदि को लेकर सोम, दर्भ, केश, कुष्ठ, लाक्षा, मंजीठ, बैर, हरिद्रा इनको भोजपत्र में लपेट कर उसके नीचे छिद्र करके अभिमंत्रण कर सस्य (खेत में) गाड़ देवे। यह कर्म्म चैत्र में करे। इससे अशनि से रक्षा होती है ॥८॥९॥ दही, मक्खन और नया धान्य न खावे जब तक खेत से अन्न तय्यार होकर घर न आवे ॥१०॥ अतिवृष्टि, अनावृष्टि, कीड़े (शलभा), चूहा, शुक, स्वचक्र या परचक्र इन सात को "ईति" (ईतयः) कहते हैं। "आशानामाशापालेभ्यः०" इस सूक्त के तीसरे मंत्र को छोड़ कर दृंहण (दृढीकरण) कर्म कहे गये ॥११॥ और

दृतिकर्माणि॥१२॥पुरोडाशानश्मोत्तरानन्तः स्रक्तिषु निदधाति ॥१३॥ उभयान् सम्पातवतः ॥१४॥ सभाभागधानेषु च ॥ १५ ॥ असंतापे ज्योतिरायतनस्यैकतोऽन्यं शयानो भौमं जपति ॥ १६॥ इयं वीरुदिति मदुघं खादन्नपराजितात्परिषदमाव्रजति ॥१७॥ नेच्छत्रुरिति पाटामूलं प्रतिप्राशितम् ॥१८॥ अन्वाह ॥१९॥ बध्नाति ॥२०॥ मालां सप्तपलाशीं धारयति ॥२१॥ ये भक्षयन्त इति परिषद्येकभक्तमन्वीक्षमाणो भुङ्क्ते ॥२२॥ ब्रह्म जज्ञानमित्यध्या-

---

ज्योतिरायतन का भौम सम्बन्ध होने से दृति कर्म कहे जाते हैं ॥१२॥ चार पुरोडाशों को घर के भीतर कोणों में एक २ कर पत्थर पर धरे और पुरोडाश एवं पत्थर को सम्पात वाला करके निखनन पूर्व की भाँति जानो। सभा और महाधन गृह के कोणों में सू० ११ से १६ सू० तक दृंहण और दृति कर्म कहे गये ॥१३॥१४॥१५॥ एकाग्नि के आयतन का असंताप युक्त देश में अन्य पुरुष पत्थर पर नीचा मुख हुआ भौम सूक्त का जप करे। और दूसरी ओर सोता हुआ भौम सूक्त का ही दूसरा जप करे ॥१६॥ और "इयं वीरुत्०" से जेठी मधु खाता हुआ जन समूह बगल में पर्य्यावर्त्त कर पश्चिम से आवे ॥१७॥ सभा जीतने का कर्म्म समाप्त हुआ। "नेच्छत्रुः०" को पश्चिम से जपता हुआ पाटामूल को प्राशित करता हुआ सभा में आवे ॥१८॥ पाटामूल को मुँह में डाल कर मंत्र जपे ॥१९॥ पाटामूल को बांधे ॥२०॥ पाटा के फूलों की माला को अभिमंत्रण करके धारण कर शिर पर धारण करे। पाटालासी सात पत्ते की माला बना कर पहिने ॥२१॥ अब वृष्टि निवारण भक्ष-भोजन कर्म्म को कहते हैं। "ये भक्षयन्तः०" सूक्त से भात (शाकादि) को अभिमंत्रण करके भात को देखता हुआ खावे ॥२२॥ यह कर्म्म समाप्त हुआ। "ब्रह्म जज्ञानम्०" सूक्त से प्रथम काण्डादि सहित सूक्त को या वेद को या अनुवाक या कल्प या ब्राह्मण इनको अध्ययन करने की इच्छा करे तब २ सूक्त का जप करके अध्ययन करे। कलह शमन समाप्त हुआ। विवाद में जय के लिये सूक्त का जप करे। "ब्रह्म जज्ञानम्०" सूक्त का जप करके मीमांसा० व्याकरणादि शास्त्र वाद को करे। तब

यानुपाकरिष्यन्नभिव्याहारयति ॥२३॥ प्राशमाख्यास्यन् ॥२४॥ ब्रह्मोद्यं वदिष्यन् ॥ २५ ॥ ममाग्ने वर्च इति विभुङ्क्ष्यमाणः प्रमन्तरज्जुं बध्नाति ॥२६॥ सभा च मेति भक्षयति ॥२७॥ स्थूणे गृह्णास्युपतिष्ठते ॥२८॥ यद्वदामीति मन्त्रोक्तम् ॥२९॥ अहमस्मीत्यपराजितात्परिषदमाव्रजति ॥३०॥२॥३८॥

दूष्या दूषिरसीति स्राक्त्यं बध्नाति ॥१॥ पुरस्तादग्नेः पिशङ्गं गां कारयति ॥२॥ पश्चादग्नेर्लोहिताजम् ॥३॥ यूषपिशितार्थम् ॥४॥ मन्त्रोक्ताः॥५॥वाशाकाम्पीलसितीवारसदम्पुष्पा अवधाय ॥६॥ दूष्या दूषिरसि ये पुरस्तादीशानां त्वा समं ज्योतिरुतो अस्यबन्धुकृत्सुपर्णस्त्वा यां ते

सूक्त जप कर किया करे तो वादी से जीत होगी ॥२३॥२४॥२५॥ "ममाग्ने वर्च०" से चाक्रिक की रज्जु को अभिमंत्रण करके हाथ में धारण करे विवाद कर्म में कर्ता के साथ झगड़ा न होगा ॥२६॥ सभा में जाते समय "सभा च में०" इससे क्षीरौदन को अभिमंत्रण कर खाकर जावे ॥२७॥ सभा में प्रवेश करते समय उसकी स्थूणा को पकड़ कर उपस्थान करे ॥ २८ ॥ "यद्वदामि०" ऋचा को जप कर सभा में बोले, देखे, फिर बोले जो आँख देखी बात हो उसको उसी भाँति बोले तो उसके बोलने में विघात न होगा ॥२९॥२॥३८॥ यह अड़तीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥३८॥

"दूष्या दूषिरसि०" से तिलक मणि को अभिमंत्रण करके सम्पात कर शुभ दिन के अन्त में आत्मरक्षा के लिये इसे बांधे ॥१॥ अग्नि के पूर्व में पिङ्गल वर्ण गौ अन्य द्वारा आलम्भन करावे। और अग्नि के पश्चिम भाग में लाल बकरी को मरवावे। दोनों के मांस के लिये ॥२॥३॥४॥ इसके अनन्तर शान्त्युदक करे । महाशान्ति के आधान को (मातली छोड़कर) करके "दूष्या दूषिरसि०" करके प्रतिहरणी गण से करे । इसके पश्चात् वास्तोष्पत्य, मातृ नाम, चातन शान्ति गण ये पांच गण हैं । शान्त्युदक से आवाप करे । तब मातली को करके शान्त्युदक

चक्ररयं प्रतिसरो यां कल्पयन्तीति महाशान्तिमावपते॥७॥ निश्यवमुच्योष्णीष्यग्रतः प्रोक्षन्व्रजति ॥८॥ यतायै यतायै शान्तायै शान्तायै शान्तिवायै भद्रायै भद्रावति स्योनायै शग्मायै शिवायै सुमङ्गलि प्रजावति सुसीमेऽहं वामाभूरिति ॥ ९ ॥ अभावादपविध्यति ॥१०॥ कृत्ययामित्रचक्षुषा समीक्षन् कृतव्यधनीत्यवलिप्तं कृत्यया विध्यति ॥११॥ उत्कावलेखनीम् ॥१२॥ दूष्या दूषिरसीति दर्व्या त्रिः सारूपवत्सेनापोदकेन मथितेन गुल्फान् परिषिञ्चति ॥१३ ॥ शकलेनावसिच्य यूषपिशितान्याशयति ॥१४॥ यष्टिभिश्चर्म पिनह्य प्रैषकृत्परिक्रम्य बन्धान्मुञ्चति

पात्र में चिति आदि का आधान करे मंत्रोक्त क्रिया में—दर्भ, अपमार्ग, सहदेवी, आटरूषक, काम्पील, शीतीवार, सदंपुष्प इन मन्त्रोक्त औषधियों को शान्त्युदक में डाल कर, उस शान्त्युदक से प्रोक्षण करता हुआ जावे। इसलिये यह कर्म रात में करे। जूता पहन कर, शिर पर पगड़ी धरकर, आगे होकर कर्त्ता शान्त्युदक से कृत्यास्थान को प्रोक्षण करे। बालागमपात्रों में एवं कृत्यादि में सब ही में यह कर्म होता है। अमित्रचक्षु यदि कृत्या दुष्टा हो तब वक्ष्यमाण कर्म करे, न हो तौ भी करे। इस प्रकार बालागम पात्रों में कृत्यादि सबों में यह कर्म होता है। "अमित्रचक्षुषा०" इस मंत्र से कृत्या को निरीक्षण करे। "कृतव्यधनि" ऋचा से कृत्यास्थान को देखे। एवं कृतव्यधनि ऋचा से कर्त्ता काण्ड से (आङ्गिरस कल्प विधान धनुष से) विद्ध करे। या दार्भ्युष काण्ड से विद्ध करे ॥५॥६॥७॥८॥९॥१०॥११॥१२॥ "दूष्या दूषिरसि०" सारूपवत्सा गौ के दूध में दर्वी से तीन बार मथकर कृत्या के गुल्फों को तीन वार सींचे ॥१३॥ शकल द्वारा शान्त्युदक से तीन वार अवसेचन करके यूष और मांस को "दूष्या दूषिरसि०" से कृत्या को खिलावे ॥१४॥ यष्टिओं से चर्म को पोहकर प्रैषकृत् परिक्रमा करा कर दोनों अंगुलियों के सन्दंशन से बन्धन को खोल देवे ॥१५॥ और उस चर्म में कृत्या को औंधे मुख लेटा कर प्रैषकृत् शकल से अवसेचन करके यूष और मांस

संदंशेन ॥१५॥ अन्यस्पार्श्वी संवेशयति ॥१६॥ शकलेनोक्तम् ॥१७॥ अभ्यक्तेति नवनीतेन मन्त्रोक्तम् ॥१८॥ दर्वरज्ज्वा संनह्योत्तिष्ठैवेत्युत्थापयति॥१९॥ सव्येन दीपं दक्षिणेनोदकालाब्वादाय वाग्यताः ॥२०॥ प्रैषकृदग्रतः ॥२१॥ अनावृतम् ॥२२॥ अगोष्पदम् ॥२३॥ अनुदकखातम् ॥२४॥ दक्षिणाप्रवणे वा स्वयंदीर्णे वा स्वकृते वेरिणेऽन्याशायां वा निदधाति ॥२५॥ अलाबुना दीपमवसिच्य यथा सूर्य इत्यावृत्याव्रजति ॥२६॥ तिष्ठंस्तिष्ठन्तीं महाशान्तिमुच्चैरभिनिगदति ॥२७॥ मर्माणि सम्प्रोक्षन्ते ॥२८॥ कृष्णसीरेण कर्षति ॥२९॥ अधि सीरेभ्यो दश दक्षिणा ॥३०॥ अभिचारदेशा मंत्रेषु विज्ञायन्ते तानि मर्माणि ॥३१॥३॥३९॥

यददः सम्प्रयतीरिति येनेच्छेन्नदी प्रतिपद्येतेति प्रसि-

को खिलावे ॥१६॥१७॥ नवनीत से दोनों आँखों (कृत्या की) को आँज देवे ॥१८॥ अधोमुखी हुई कृत्या को कुश की रस्सी से बाँध देवे और प्रैषकृत् से उसे "उत्तिष्ठ०" इस आधी ऋचा से उठवावे ॥१९॥ बायें हाथ में दीप एवं दहिने हाथ से जलपूर्ण तुम्बरी लेकर उसे उठावे ॥२०॥ प्रैषकृत् से आगे २ चले॥२१॥ वृत्ति विसर्जित हो उस स्थान में जावे, जहां गौ के पैर का चिन्ह न हो ॥२२॥२३॥ बिना जल के खात हो ॥२४॥ जिस स्थान का जल दक्षिण में आकर गिरे, जिसको किसी ने खोदवाया न हो, या ऊषर भूमि में या अन्य शाला में डाल देवे ॥२६॥ कर्त्ता स्वयं खड़ा हो कृत्या को भी खड़ी कर महाशान्ति उच्च स्वर से बोले ॥२७॥ उसके मर्म स्थानों का संप्रोक्षण करे॥२८॥ कृत्या स्थान को काले बैलों द्वारा हल से जोतवा देवे ॥२९॥ ब्राह्मण कर्त्ता को दश गौयें दक्षिणा देवे ॥३०॥ अभिचार देशों का पता मंत्रों से लगता है—वे ही मर्म हैं ॥३१॥३॥३९॥ यह उनतालीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥३९॥

अब नदी के प्रवाह विधि को कहते हैं। जो चाहे कि नदी के प्रवाह

अन्वव्रजति ॥१॥ काशदिविधुवकवेतसान्निमिनोति ॥२॥ इदं व आप इति हिरण्यमधिदधाति ॥३॥ अयं वत्स इतीषीकाञ्जिमण्डूकं नीललोहिताभ्यां सकक्षंबद्ध्वा ॥४॥ इहेत्थमित्यवकया प्रच्छादयति ॥५॥ यत्रेदमिति निनयति ॥६॥ मारुतं क्षीरौदनं मारुतश्रृतं मारुतैः परिस्तीर्य मारुतेन स्रुवेण मारुतेनाज्येन वरुणाय त्रिर्जुहोति ॥७॥ उक्तमुपमन्थनम् ॥८॥ दधिमन्थं बलिं हृत्वा सम्प्रोक्षणीभ्यां

को अपने अनुकूल करे—अर्थात् जिस ओर होकर चाहें उस ओर प्रवाह को बहा देवे—वह "यदद: संप्रयतीति०" सूक्त से अभिमंत्रण कर पूरे जल से-इष्ट देश होकर जल को सिंचन करता जावे ॥१॥ काश को अभिमंत्रण कर खात में रोपे। दिन में बालपर्णी को अभिमंत्रण करके नदी प्रवाह में रोपण करावे। पाटरक को अभिमंत्रण करके नदी मार्ग में गाड़ देवे। वेतस शाखा को अभिमंत्रण करके नदी प्रवाह में गाड़ देवे ॥२॥ "इदं व आप०" सूक्त से नदी प्रवाह में सोने को स्थापित करे ॥३॥ "अयं वत्स०" से इषीकाञ्जि (इषिका की सी रेखा जिसके) को नीले और लाल सूत से उसके बगल में मण्डूक को बाँध कर "इहेत्थं" सूक्त से शिपाल (सेमार) से मण्डूक को ढाँक देवे ॥४॥५॥ और "यत्रेदं" से मण्डूक पर जल को निनयन करे ॥६॥ यह इच्छा हो कि नदी का प्रवाह पूर्व को न हो तो नव प्रकार के प्रवाह में यह कर्म करे। वरुण देवता के पाकयज्ञ विधान से आज्यभागान्त तक करके "यदद: संप्रयच्छती:० सूक्त से तीन प्रकार अलग २ करके आहुति देवे। तब उत्तर तंत्र करे। काला धान्य, काली गौ के घृत, वेतसकाष्ठ की इन्धन से क्षीरौदन पका करके वेतस पत्रों से स्तरण करे, वधूक पटेरक का स्तरण करे, या इस तन्त्र में सब ही कर्म मारुत करे। उदक प्रवाह में, उदक प्रवाह भय में, नदी भय में, ग्राम में, नगर में, जहाँ उदक या नदी भय हो वहाँ सब ही जगह वारुण होम करना चाहिये। वैतसस्रुव से मारुत आज्य से वरुण देवता के लिये तीन आहुतियाँ देवे ॥७॥ वैतस का उपमंथन। दही को मह कर उसीकी बलि उपहार देवे—प्रोक्षणी से सिंचन करता हुआ जावे ॥८॥ बलिहरण करे। इसके अनन्तर "अति

प्रसिञ्चन्व्रजति ॥९॥ पाणिना वेत्रेण वा प्रत्याहत्योपरि निपद्यते ॥१०॥ अयं ते योनिरित्यरण्योरग्निं समारोपयति ॥११॥ आत्मनि वा ॥१२॥ उपावरोह जातवेदः पुनर्देवो देवेभ्यो हव्यं वह प्रजानन् ॥ आनन्दिनो मोदमानाः सुवीरा इन्धीमहि त्वा शरदां शतानीत्युपावरोहयति ॥ १३ ॥ यां त्वा गन्धर्वो अखनद्वृषणस्ते खनितारो वृषा त्वमस्योषधे । वृषासि वृष्ण्यावति वृषणे त्वा खनामसीत्युच्छुष्मापरिव्याधावायसेन खनति ॥ १४ ॥ दुग्धे फाण्टावधिज्योपस्थ आधाय पिबति ॥ १५ ॥ मयूखे मुसले वासीनो यथासित इत्येकार्कसूत्रमार्कं बध्नाति ॥ १६ ॥ यावदङ्गीनमित्यसितस्कन्धमसितवालेन ॥ १७ ॥ आवृषायस्वेत्युभयमप्येति ॥१८॥४॥४०॥

धन्वान०" इन दो मंत्रों से मन्त्रोदक नहीं होता है। नदी प्रवाह में जल सिंचन करता हुआ जावे। नदी दूर गमन कर्म समाप्त हुआ ॥९॥ हाथ या वेत जल को मार कर उसके ऊपर जावे। "अयं ते योनिः०" आरण्य अग्नि को स्थापन करे या अपने शरीर ही में स्थापन करे ॥१०॥११॥ "उपावरोह जातवेदः०" इत्यादि से कार्य काल समीप आने पर उपावरोहण करे ॥१३॥ "यां त्वा गन्धर्वो०" इत्यादि से पुरुष के वीर्य्य को करने के लिये विधि को कहते हैं। कपिकच्छु के जड़ को औषधि की भाँति खन कर सुरवालक ओषधि की भाँति खनकर दूध में पका कर या गर्म करके उपविष्ट धेनु के बगल में धरकर दूध को अभिमंत्रण कर पिवे ॥१४॥१५॥ मयूख या मुसल पर बैठ कर "यां त्वा०" ऋचा से सुरवालक को दूध में क्वाथ बना कर पीकर कीलक पर बैठे। कपिकच्छु को मुसल पर बैठ कर पीवे। अब शिश्न को मोटा करने की प्रक्रिया को कहते हैं। "यथासित०" सूक्त से एक शाखावाले अर्क (आक) मणि को धर कर अभिमंत्रण करके अर्क सूत्रं से बान्धे। "यावदङ्गीनं०" इस ऋचा से काले मृग के चर्म मणि बनाकर काले बाल से बान्धे। "आवृषायस्व०" सूक्त से हरिण के स्कन्धचर्म का

समुत्पतन्तु प्र नभस्वेति वर्षकामो द्वादशरात्रमनुशुष्येत् ॥१॥ सर्वव्रत उपश्राम्यति ॥२॥ मरुतो यजते यथा वरुणं जुहोति ॥ ३ ॥ ओषधीः सम्पातवतीः प्रवेश्याभिन्युब्जति ॥४॥ विप्रावयेत ॥५॥ श्वशिरएडकशिरःकेशजरदुपानहो वंशाग्रे प्रबध्य योधयति ॥ ६ ॥ उदपात्रेण सम्पातवता सम्प्रोक्ष्यामपात्रं त्रिपादेऽश्मान-

---

मणि बनाकर काले बाल से बान्धे । इससे वीर्य्य करण, उत्थापन (शिश्न का) स्थूल करण और रेत का नाश भी होता है ॥१६॥१७॥१८॥—४॥४०॥ यह चालीसवीं कण्डिका समाप्त हुई ॥४०॥

अब वृष्टि कर्म विधि को कहेंगे । वर्षा की कामनावाला पुरुष "समुत्पतन्तु प्रनभस्व०" इत्यादि सूक्त से १२ रात्रि अनुशोषण करे अर्थात् ३ दिन प्रातःकाल, ३ दिन सायंकाल इस प्रकार १२ रात्रि तक करे । तेरहवें दिन पाकयज्ञिक तन्त्रानुसार व्रतोत्थापनान्त तक करके "देवस्य त्वा सवितुः०" इत्यादि "मरुद्भ्यो जुष्टं निर्वपामि मरुद्भ्यस्त्वा जुष्टं प्रोक्षामि०" इस यजु मंत्र से तब तक समान करे, जब तक आज्यभाग की दो आहुतियाँ करे। तब क्षीरौदन की आहुति देवे। "समुत्पतन्तु०" इत्यादि सूक्त की ५ ऋचाओं से एक आहुति करे, फिर ५ ऋचा से दूसरी, छः ऋचा से तीसरी आहुति देवे । इसके अनन्तर पार्वणादि उत्तर तन्त्र कर पाकयज्ञिक क्रिया कर आज्यभागान्त तक करके "प्रनभस्व०" से क्षीरौदन की एक आहुति करे। "न घ्नंस्तताप०" इस ऋचा से दूसरी आहुति "युक्ताभ्यां०" से तीसरी आहुती करे। और पार्वण आदि उत्तर तंत्र को बर्हिर्होम में "मरुतो गच्छतु हविः स्वाहा" से करे ॥ सब ही वृष्टि कर्मों में काली गौ का घृत, उसीका दूध, काला धान्य, वेत का स्रुवा, वेत की समिद्, वेतका इंधन करे ॥१॥२॥ काश, दिविधुवक, वेतस, इनको इकट्ठा करके जल में पात्र को औंधे मुख कर लावे ॥ जल में उसे प्लावन करे ॥३॥४॥५॥ कुत्ते के शिर को अभिमंत्रण कर जल में विप्लावन करे। भेड़ के शिर को अभिमंत्रण करके जल में डाले। मनुष्य के केश, रज्जु, पुराने जूते बाँस के अग्रभाग में बान्धकर योधयति का जप करता हुआ ॥६॥ जल-

मवधायाप्सु निदधाति ॥७॥ अयं ते योनिरा नो भर धीतो वेस्यर्थमुत्थास्यन्नुपदधीत ॥८॥ जपति ॥९॥ पूर्वास्व-षाढासु गर्त्तं खनति ॥१०॥ उत्तरासु सञ्चिनोति ॥११॥ आदेवनं संस्तीर्य ॥१२॥ उद्भिन्दतीं सञ्जयन्तीं यथा वृक्षमशनिरिदमुग्रायेति वासितानक्षान्निवपति ॥ १३ ॥ अम्बयो यन्ति शम्भुमयोभू हिरण्यवर्णा यदद: पुनन्तु मा सस्रुषीर्हिमवतः प्रस्रवन्ति वायोः पूतः पवित्रेण शं

शाला के साथ देना होवे उसके भीतर धर ढाक देवे ॥२२॥ मंत्र में कहा हुआ तो अच्छा होता है ॥२३॥ "इटस्य ते विचृतामि०" से द्वार को पसारे ॥२४॥ "प्रतीचीं त्वा प्रतीचीनः" से उदपात्र को, अग्नि को लेकर जावे ॥२५॥ उसके भीतर ही सूक्त से सम्पात वाला करे ॥२६॥ उद-पात्र से सम्पात वाला से शाला को संप्रोक्षण, अभिमंत्रण और निगदन करके वाच्यमान दाता देवे ॥२७॥ "अन्तरा द्यां च पृथिवीं च०" से इसको लेवे ॥२८॥ "उपमितां०" से मंत्रों में कहे हुओं को बखेरे ॥२९॥ "मा नः पाशं०" से अभिमंत्रण करके धारण करे ॥३०॥ "ना-स्यास्थीनि०" मंत्रोक्त कर्मों को करे ॥३१॥ इसको सब लेकर "सर्वमेनं सम्पाद्य०" से पूर्ण गर्त्ते में डाल कर संवपन करे ॥ ३२ ॥ और शतौ-दना को भी ॥३३॥ अब यहाँ सव यज्ञों को भली भाँति समझने के लिये व्याख्या करते हैं—बाईस प्रकार के सव होते हैं। अब इनकी गिनती की जाती है "अग्ने जायमानस्व०" इस अर्थ सूक्त से ब्रह्मौदन देवे ॥ १ ॥ "पुमान् पुंसः०"इस अनुवाक से स्वर्गौदन को देवे ॥२॥ "आशानां०"से चार पुरवा सव को॥३॥ "यद्राजानं०"सूक्त से अविसव को ॥४॥ "अजो ह्यग्नेरजनिष्ट०" सूक्त से अजौदन सव को ॥५॥ "आनयैतां०" इस अर्थ सूक्त से पञ्चौदन सव को ॥६॥ "अघायतां०" इस अर्थ सूक्त से शतौदन सव को ॥७॥ "ब्रह्मास्य शीर्षं०" इस सूक्त से ब्रह्मास्यौदन सव को ॥८॥

सम्भृतेषु साविकेषु सम्भारेषु ब्राह्मणमृत्विजं वृणीत ॥ १ ॥ ऋषिमार्षेयं सुधातुदक्षिणमनैमित्तिकम् । एष ह वा ऋषिरार्षेयः सुधातुदक्षिणो यस्य त्र्यवराध्यां: पूर्वपुरुषा विद्याचरणवृत्तशीलसम्पन्नाः ॥ ३ ॥ उदगयन इत्येके ॥ ४ ॥ अथात ओदनसवानामुपाचारकल्पं व्याख्यास्यामः ॥ ५ ॥ सवान् दत्त्वाग्नीनादधीत ॥ ६ ॥ सार्ववैदिक इत्येके ॥ ७ ॥ सर्वे वेदा द्विकल्पाः ॥ ८ ॥

"यमोदनं०" इस सूक्त से अतिमृत्यु सव को ॥९॥ "अनड्वान्दधार०" इस सूक्त से अनडुह सव को ॥१०॥ "सूर्यस्य रश्मीन्०" इस सूक्त के तीन ऋचाओं द्वारा कर्क सव ॥११॥ "आयं गौः" इस सूक्त की तीन ऋचाओं से पृश्नि सव ॥१२॥ "अयं सहस्रं०" इन दो ऋचाओं से पृश्नि गौ सव ॥१३॥ "देवा इमं०" इस ऋचा से पौनःशिल सव ॥१४॥ "पुनन्तु मा०" इस सूक्त से पवित्र सव को ॥१५॥ "कः पृश्निं०" ऋचा से उर्वरा सव ॥१६॥ "साहस्र त्वेष०" इस सूक्त से ऋषभ सव ॥१७॥ "प्रजापतिश्च०" सूक्त से अनडुह सव ॥१८॥ "नमस्ते जायमानायै" इस अर्थ सूक्त से वशा सव ॥१९॥ "ददामि०" इस अनुवाक से वशासव ॥२०॥ "उपमितां०" इस अर्थ सूक्त से शालासव ॥२१॥ "तस्यौदनस्य०" इस अर्थ सूक्त से बृहस्पति सव ॥२२॥ अभिचार काम का ॥२३॥ बाईस सव यज्ञ संहिता में पढ़े जाते हैं । स्वर्गौदनतन्त्र से सब सव यज्ञों को करे या ब्रह्मौदन तंत्र से; क्योंकि स्वर्गब्रह्मौदन दोनों तन्त्र (प्रक्रियायें) हैं ॥७॥६६॥ यह छियासठवी कंडिका समाप्त हुई ॥

ओदन यज्ञ के लिये सामग्रियों के जुट जाने पर ब्राह्मण ऋत्विज को वरण करे ॥१॥ इन्हीं ऋषि को जिनमें आर्षेय गुण सम्पन्न हैं, वह हैं सुधातु दक्षिण, इन्हीं विना निमित्त वरण करना चाहिये ॥२॥ या यही ऋषि आर्षेय सुधातु दक्षिण हैं जिनके तीन से अधिक पूर्व पुरुष विद्या, आचरण, वृत्त, शील से सम्पन्न हुए हैं ॥३॥ इस यज्ञ के लिये उत्तरायण है—ऐसा अनेक आचार्यों की सम्मति है ॥४॥ अब ओदन सवों का उपचार कल्प कहेंगे ॥५॥ सवों को देकर अग्नि का आधान करे ॥६॥ सार्ववैदिक—यह है ऐसा बहुत से आचार्य कहते हैं ॥७॥ सब ही वेद

मासपराध्यौ दीक्षा द्वादशरात्रो वा ॥ ९ ॥ त्रिरात्र इत्येके ॥ १० ॥ हविष्यभक्षाः स्युर्ब्रह्मचारिणः ॥११॥ अधः शयीरन् ॥१२॥ कर्तृदातारावा समापनात्कामं न भुञ्जीरन् सन्तताश्चेत् स्युः ॥१३ अहनि समाप्तमित्येके ॥१४॥ यात्रार्थं दातारौ वा दाता केशश्मश्रुरोमनखानि वापयीत ॥१५॥ केशवर्जं पत्नी ॥१६॥ स्नातावहतवसनौ सुरभिणौ व्रतवन्तौ कर्मण्यावुपवसतः ॥१७॥ श्वो भूते यज्ञोपवीती शान्त्युदकं कृत्वा यज्ञवास्तु च सम्प्रोक्ष्य ब्रह्मौदनिकमग्निं मथित्वा ॥ १८ ॥ यद्देवा देवहेडनं यद्विद्वांसो यद्विद्वांसोऽपमित्यप्रतीत्तमित्येतैस्त्रिभिः सूक्तैरन्वारब्धे दातरि पूर्णहोमं जुहुयात् ॥१९॥ पूर्वाह्णे बाह्यतः शान्तवृक्षस्येध्मं प्राश्नमुपसमाधाय ॥२०॥ परिसमुह्य पर्युक्ष्य परिस्तीर्य बर्हिरुदपात्रमुपसाद्य परिचर-

---

द्विकल्प हैं ॥८॥ मास, पक्ष या १२ रात्र तक दीक्षा ग्रहण करे ॥९॥ किन्हीं के मत में तीन रात ॥१०॥ ब्रह्मचारी दीक्षाकाल में हविष्य भक्षण करे ॥११॥ भूमि पर सोवे ॥१२॥ कर्त्ता और दाता बिना समाप्ति के अपनी इच्छा से भोजन न करे; यदि लगातार कार्य्य हों ॥१३॥ दिन ही में समाप्त करें—किन्हीं की सम्मत्ति है ॥१४॥ यात्रा के प्रयोजन से दाता पति पत्नी केश, श्मश्रु, रोम और नखों को कटवावे ॥१५॥ केश को छोड़ कर पत्नी (केवल नख कटवावे) ॥१६॥ स्नान करके अखण्ड नये वस्त्रों को पहन कर सुगन्ध चन्दनादि अनुलेपन कर, व्रती होकर कर्म निमित्त उपवास रहें ॥१७॥ प्रातः होने पर यज्ञोपवीती हो शान्त्युदक करके और यज्ञवास्तु को संप्रोक्षण करके ब्रह्मौदनिक अग्नि को मथ कर ॥१८॥ "यद्देवा देवहेडनं, यद्विद्वाँसो यद्विद्वांसोऽपं०"और "अप्रतीत्तं०" इत्यादि तीनों सूक्तों से दाता के अन्वारब्ध करने पर पूर्ण होम करें ॥१९॥ पूर्वाह्ण समय बाहर से शान्तवृक्ष के इध्मों को पूर्व कर उपसमाधान करके ॥२०॥ परिसमूहन, पर्युक्षण और परिस्तरण करके कुश

णेनाज्यं परिचर्य ॥२१॥ निस्यान्पुरस्ताद्धोमान् हुत्वाज्यभागौ च ॥२२॥ पश्चादग्नेः पल्पूलितविहितमौक्षं वानडुहं वा रोहितं चर्म प्राग्ग्रीवमुत्तरलोम परिस्तीर्य ॥२३॥ पवित्रे कुरुते ॥२४॥ दर्भावप्रच्छन्नप्रान्तौ प्रक्षाल्यानुलोममनुमार्ष्टि ॥२५॥ दक्षिणं जान्वाच्यापराजिताभिमुखः प्रह्वो वा मुष्टिना प्रसृतिनाञ्जलिना यस्यां श्रपयिष्यन्स्यात्तया चतुर्थम् ॥२६॥ शरावेण चतुःशरावं देवस्य त्वा सवितुः प्रसव ऋषिभ्यस्त्वार्षेयेभ्यस्त्वैकर्षये त्वा जुष्टं निर्वपामि ॥२७॥८॥६७॥

वसवस्त्वा गायत्रेण च्छन्दसा निर्वपन्तु । ऊर्जमक्षितमक्षीयमाणमुपजीव्यासमिति दातारं वाचयति ॥१॥ रुद्रास्त्वा त्रैष्टुभेन च्छन्दसा । आदित्यास्त्वा जागतेन च्छन्दसा । विश्वे त्वा देवा आनुष्टुभेन च्छन्दसा निर्वपन्तु । ऊर्जमक्षितमक्षीयमाणमुपजीव्यासमिति दातारं वाचयति ॥२॥ निरुप्तं सूक्तेनाभिमृशति ॥३॥ स्वर्गब्रह्मौदनौ

और उदपात्र को लाकर परिचरण आज्य को ठीक करके ॥२१॥ नित्य पुरस्तात् होमों को करके और आज्य की दो आहुति करके ॥२२॥ अग्नि के पश्चिम पल्पूलित विहित औक्ष या अनड्वान का लाल चर्म प्राग्ग्रीव उत्तर लोम कर बिछावे । पवित्रे से मार्जन करे ॥२३॥२४॥ बिना टूटे दो दर्भों को प्रक्षालन करके अनुलोमों को मार्जन करे ॥२५॥ दहिने जंघे को टेक कर पश्चिमाभिमुख हो निहुड़ कर या मुट्ठी से अंजुलि पसार कर जिसमें पकाना होगा उसके चौथे को ॥२६॥ पुरवा से "चतुःशरावं देवस्य त्वा सवितुः" इत्यादि से निर्वपन करे ॥२७॥८॥६७॥ यह सड़सठवि कंडिका समाप्त हुई ॥

"वसवस्त्वा० इत्यादि आहुति करके दाता से "ऊर्जमक्षित०" इत्यादि बचवावे ॥१॥ "रुद्रास्त्वा०" इत्यादि से आहुति देकर दाता को "ऊर्जमक्षित०" इत्यादि को बचवावे ॥२॥ आहुति शेष को सूक्त से अभिमर्षन करे ॥३॥ स्वर्ग और ब्रह्मौदन तन्त्र से कर्म करे ॥४॥ (यदि एक

तन्त्रम् ॥४॥ सन्निपाते ब्रह्मौदनमितमुदकमासेचयेद्विभागम् ॥५॥ यावन्तस्तण्डुलाः स्युर्नावसिञ्चेन्न प्रतिषिञ्चेत् ॥६॥ यद्यवसिञ्चेन्मयि वर्चो अथो यश इति ब्रह्मा यजमानं वाचयति ॥७॥ अथ प्रतिषिञ्चेत् ॥८॥ आप्यायस्व सं ते पयांसीति द्वाभ्यां प्रतिषिञ्चेत् ॥९॥ आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम् । भवा वाजस्य सङ्गथे ॥ सं ते पयांसि समुयन्तु वाजाः सं वृष्ण्यान्यभिमातिषाहः । आप्यायमानो अमृताय सोम दिवि श्रवांस्युत्तमानि धिष्वेति ॥१०॥ तत्र चेदुपाधिमात्रायां नखेन न लवणस्य कुर्यात्तेनैवास्य तद्वृथान्नं सम्पद्यते ॥११॥ अहतं वासो दक्षिणत उपशेते ॥१२॥ तत्सहिरण्यम् ॥१३॥ तत्र द्वे उदपात्रे निहिते भवतः ॥१४॥ दक्षिणमन्यदन्तरमन्यत् ॥१५॥ अन्तरं यतोऽधिचरिष्यन् भवति ॥१६॥ बाह्यं जाङ्गायनम् ॥१७॥ तत उदकमादाय पात्र्यामानयति ॥१८॥

साथ अनेक पदार्थ हों तो संनिपात कहते हैं ।) संनिपात की दशा में ब्रह्मौदन को विभाग (अलग २ करके) कर जल से सेचन करे ५॥ जितने तण्डुल हों उन सबको न अवसेचन करे न प्रतिषेचन करे ॥६॥ यदि अवसेचन करे तो "मयि वर्चो अथो यशः" । इसको ब्रह्मा यजमान को बचवावे ॥७॥ और प्रतिषिञ्चन करे तो "आप्यायस्व, सं ते पयांसि०" इन दो ऋचाओं से प्रतिषिञ्चन करे ॥८॥९॥ "आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम् । भवा वाजस्य संगथे ॥ सं ते पयांसि समुयन्तु वाजाः संवृष्णान्यभिमातिषाहः । आप्यायमानो अमृताय सोम दिवि श्रवांस्युत्तमानि धिष्व" इति । यदि वहां उपाधि मात्रा में नख से लवण का न करे उसीसे इसका वह अन्न वृथा हो जाता है ॥११॥ अखण्ड नये वस्त्र पहन कर दक्षिण दिशा में सोवे ॥१२॥ उसके साथ स्वर्ण को देवे ॥१३॥ वहाँ दो पात्र निहित हैं ॥१४॥ दक्षिण में एक और अन्दर में अन्य है ॥१५॥ भीतर में जिस कारण काम करना होगा ॥१६॥ बाहर में जाङ्गायन है ॥१७॥ इसके अनन्तर जल लाकर पात्री में लावे

दर्व्या कुम्भ्याम् ॥१९॥ दर्विंकृते तत्रैव प्रत्यानयति ॥२०॥ दर्व्योत्तममपादाय तस्सुहृद्दक्षिणतोऽग्नेरुदङ्मुख आसीनो धारयति ॥२१॥ अथोद्धरति ॥२२॥ उद्धृते यदपादाय धारयति तदुत्तरार्धं आधाय रसैरुपसिच्य प्रतिग्रहीत्रे दातोपवहति ॥२३॥ तस्मिन्नन्वारब्धं दातारं वाचयति ॥२४॥ तन्त्रं सूक्तं पच्छः स्नानेन यौ ते पक्षौ यदतिष्ठः ॥२५॥ यौ ते पक्षावजरौ पतत्रिणौ याभ्यां रक्षांस्यपहंस्योदन । ताभ्यां पथ्यास्म सुकृतस्य लोकं यत्र ऋषयः प्रथमजाः पुराणाः ॥ यदतिष्ठो दिवस्पृष्ठे व्योमन्नध्योदन । अन्वायन्सत्यधर्माणो ब्राह्मणा राधसा सह ॥२६॥ क्रमध्वमग्निना नाकं पृष्ठात् पृथिव्या अहमन्तरिक्षमारुहं स्वर्यन्तो नापेक्षन्त उरुः प्रथस्व महता महिम्नेदं मे ज्योतिः सत्याय चेति तिस्रः समग्नय इति सार्धमेतया ॥२७॥ अत ऊर्ध्वं वाचिते हुते संस्थितेऽमूं ते ददामीति नामग्राहमुपस्पृशेत् ॥२८॥ सदक्षिणं कामस्तदित्युक्तम् ॥२९॥ ये भक्षयन्त इति पुरस्ताद्धोमाः ॥३०॥ अग्ने त्वं नो अन्तम उत त्राता शिवो भवा वरुथ्यः ॥ तं त्वा शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नाय नूनमीमहे सखिभ्यः ॥ गयस्फानो

॥१८॥ दर्वी से कुम्भी में ॥१९॥ दर्वि में रखने से वहीं प्रत्यानयन करना पड़ता है ॥२०॥ दर्वी से अन्तिम जल को लाकर उसका सुहृत् अग्नि के दक्षिण में उत्तर मुख बैठकर धारण करे ॥२१॥ तन्त्र सूक्त को पढ़ २ करके "स्नानेन यौ ते पक्षौ यदतिष्ठः" इत्यादि। इसके साथ आधी ऋचा से ॥२५॥२६॥२७॥ इसके पश्चात् बचवाने पर एवं संस्थित होम हो जाने पर "अमूं ते ददामि०" से नामग्राह को स्पर्श करे ॥२८॥ दक्षिणा सहित "कामस्तत्०" से कहा गया है ॥२९॥ "ये भक्षयन्तः०" से पुरस्तात् होम करे ॥३०॥ "अग्ने त्वं नो०" इत्यादि से आज्यभाग की दो,

अमीवहा वसुवित् पुष्टिवर्धनः । सुमित्रः सुमनो भवेत्स्या-ज्यभागौ ॥३१॥ पाणावुदकमानीयेत्युक्तम् ॥३२॥ प्रति-मन्त्रणान्तम् ॥३३॥ प्रतिमन्त्रिते ऽयवदायाश्नन्ति ॥३४॥ इदावत्सरायेति व्रतविसर्जनमाज्यं जुहुयात् ॥३५॥ समिधोऽभ्यादध्यात् ॥३६॥ तत्र श्लोकौ । यजुषा मथिते अग्नौ यजुषोपसमाहिते ॥ सवान् दत्त्वा सवाग्नेस्तु कथमुत्सर्जनं भवेत् ॥ वाचयित्वा सवान् सर्वान् प्रति-गृह्य यथाविधि ॥ हुत्वा सन्नतिभिस्तत्रोत्सर्गं कौशिकोऽब्रवीत् ॥३७॥ प्राञ्चोऽपराजितां वा दिशमवभृथाय व्रजन्ति ॥३८॥ अपां सूक्तैराप्लुत्य प्रदक्षिणमावृत्याप उपस्पृश्यान-वेक्षमाणाः प्रत्युदाव्रजन्ति ॥३९॥ ब्राह्मणान् भक्तेनोपेप्स-न्ति ॥४०॥ यथोक्ता दक्षिणा यथोक्ता दक्षिणा ॥४१।९।६८॥

इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे अष्टमोऽध्यायः समाप्तः ॥८॥

पित्र्यमग्निं शमयिष्यञ्ज्येष्ठस्य चाविभक्तिन एका-

आहुतियाँ करे ॥३१॥ हाथ में जल लावे यह कहा गया ॥३२॥ प्रति मंत्रण के अन्त में ॥३३॥ प्रतिमंत्रण करके लाकर भोजन करे ॥३४॥ "इदावत्सराय०" से व्रत का विसर्जन और आज्य की आहुति देवे ॥३५॥ समिधों को डाले ॥३६॥ इसमें श्लोक हैं। यजुर्वेद के मंत्र से अग्नि में मथन हुआ और उसीके मंत्र से अग्नि में आहुति हुई। सवों को देकर कैसे सवाग्नि का उत्सर्जन हो। सब सवों को बचवा कर यथाविधि प्रतिग्रहण कर और संनति ऋचाओं से आहुति देकर वहाँ उत्सर्जन होगा—यह कौशिकाचार्य कहते हैं ॥३७॥ पूर्व या पश्चिम में अवभृथ के लिये जावें ॥३८॥ अपां सूक्तों से नहाकर प्रदक्षिण घूमकर जल छूकर पीछे को न देखते हुए वापस आवें ॥३९॥ ब्राह्मणों को यथेच्छ भोजन करावें ॥४०॥ और यथोक्त दक्षिणा देवें ॥४१॥९॥६८॥

अथर्ववेद के कौशिक सूत्र के अष्टम अध्याय का भाषानुवाद समाप्त हुआ ॥ ८ ॥

जिस घर का पिता मर जावे और उसकी सम्पत्ति का बाट उसके

ग्निमाधास्यन् ॥१॥ अमावास्यायां पूर्वस्मिन्नुपशाले गां द्विहायनीं रोहिणीमेकरूपां बन्धयति ॥२॥ निशि शामूलपरिहितो ज्येष्ठोऽन्वालभते ॥३॥ पत्न्यहतवसना ज्येष्ठम् ॥४॥ पत्नीमन्वञ्च इतरे ॥५॥ अथैनानभिव्याहारयत्यध्रिगो शमीध्वम्॥ सुशमि शमीध्वम्। शमीध्वमध्रिगा ३उ इति त्रिः ॥६॥ अयमग्निः सत्पतिर्नडमारोहेत्यनुवाकं महाशान्तिं च शान्त्युदक आवपते ॥७॥ अग्ने अक्रव्यादिति भ्रष्ट्राद्दीपं धारयति ॥८॥ भूमेश्चोपदग्धं समुत्खाय ॥९॥ आकृतिलोष्टवल्मीकेनास्तीर्य ॥१०॥ शकृत्पिण्डेनाभिलिप्य ॥११॥ सिकताभिः प्रकीर्याभ्युक्ष्य ॥१२॥ लक्षणं कृत्वा ॥१३॥ पुनरभ्युक्ष्य ॥१४॥ पश्चाल्लक्षणस्याभिमन्थनं निधाय ॥१५॥ गोऽश्वाजावीनां पुंसां लोमभिरास्तीर्य व्रीहियवैश्च शकृत्पिण्डमभिविमृज्य प्राञ्चौ

पुत्रों में न हुआ हो तो उसमें ज्येष्ठ पुत्र पिता के स्थान में अधिकारी होगा। उस घर के औपासन अग्नि करने की इच्छा वाला अमावास्या तिथि को शाला के पूर्व स्थान में—उपशाला में दो वर्ष की गौ को जो, रोहिणी एक रंग की हो उसको बांधे ॥१॥२॥ रात्रि में शामूल पहन कर ज्येष्ठ पुत्र अन्वालम्भन करे ॥३॥ पत्नी अखण्ड नये वस्त्र को पहन कर ज्येष्ठ को और इतर पुरुष पत्नी को अन्वञ्च करे ॥४॥५॥ अब पत्नी को अभिव्याहार करे "अध्रिगो शमीध्वम् । सुशमीध्वम् । शमीध्वमध्रिगा ३उ०" तीन् बार कहे ॥६॥ "अयमग्निः सत्पतिर्नडमारोह०" इस अनुवाक से महाशान्ति को और शान्त्युदक में आवपन करे ॥७॥ "अग्ने अक्रव्यात्०" से भडभूँजे के घर से अग्नि लाकर धारण करे ॥८॥ और अदग्ध भूमि को खनन कर जोते खेत की मिट्टी और दीमक की मिट्टी से भरकर बराबर करे ॥९॥१०॥ एवं गोबर से लीपकर बालु से छींट कर अभ्युक्षण करके उस पर रेखा खैंचे ॥११॥१२॥१३॥ पुनः अभ्युक्षण करके रेखा के पश्चिम भाग में अग्नि मन्थन को धरे ॥१४॥१५॥ गौ, घोड़ा, या बकरे (पुरुष) के लोमों से आस्तरण कर व्रीहि और जौ से गोबर

दर्भौ निदधाति ॥१६॥ वृषणौ स्थ इत्यभिप्राण्यारण्यौ ॥१७॥ तयोरुपर्यधरारणिम् ॥१८॥ दक्षिणतो मूलान् ॥१९॥ पश्चात् प्रजननामुर्वश्यसीत्यायुरसीति ॥२०॥ मूलत उत्तरारणिमुपसन्धाय ॥२१॥ पृतनाजितमित्याहूय ॥२२॥ अभिदक्षिणं ज्येष्ठस्त्रिरभिमन्थत्यों भूर्गायत्रं छन्दोऽनुप्रजायस्व त्रैष्टुभं जागतमानुष्टुभमों भूर्भुवःस्वर्जनदोमिति ॥२३॥ अत ऊर्ध्वं यथाकामम् ॥२४॥१॥६९॥

मन्थामि त्वा जातवेदः सुजातं जातवेदसम् ॥ स नो जीवेष्वा भज दीर्घमायुश्च धेहि नः ॥ जातोऽजनिष्ठा यशसा सहाग्ने प्रजां पशूंस्तेजो रयिमस्मासु धेहि ॥ आनन्दिनो मोदमानाः सुवीरा अनामयाः सर्वमायुर्गमेम ॥ उद्दीप्यस्व जातवेदोऽव सेदिं तृष्णां क्षुधं जहि ॥ अपास्मत्तम उच्छस्वपहीतमुखो जह्यप दुर्हार्दिशो जहि॥ इहैवैधि धनसनिरिह त्वा समिधीमहि । इहैधि पुष्टिवर्धन इह त्वा समिधीमहीति ॥१॥ प्रथमया मन्थति ॥२॥ द्वितीयया जातमनुमन्त्रयते ॥ ३ ॥ तृतीययोद्दीपयति

अभिमार्जन करके पूर्वाग्र कुशाओं को धरे ॥१६॥ "वृषणौ स्थ०" दोनों अरणियों को लावे और उनमें अधरारणि को दक्षिण की ओर मूल करके धरे और पश्चात् "प्रजननामुर्वश्यसीत्यायुरसि०" से मूल उत्तर करके उसके ऊपर धर कर ॥२१॥ "पृतनाजितं०" कह कर पुकारे ॥२२॥ सम्मुख दक्षिण में होकर ज्येष्ठ "ओंभूर्गायत्रं छन्दोऽनुप्रजायस्व त्रैष्टुभं जागतमानुष्टुभं भूर्भुवःस्वर्जनदों०" इन तीन ऋचाओं से मन्थन करे ॥२३॥ इसके पश्चात् अपनी इच्छानुसार मन्थन कर अग्नि उत्पादन करे ॥२४॥१॥६९॥ यह उनहत्तरवि कण्डिका समाप्त हुई ।

"मन्थामि त्वा०" इत्यादि ॥१॥ प्रथमा ऋचा से मन्थन करे । द्वितीया से उत्पन्नाग्नि को अनुमंत्रण करे और तृतीया से अग्नि को

॥४॥ चतुर्थ्योपसमादधाति ॥५॥ यत्त्वा क्रुद्धा इति चों भूर्भुवः स्वर्जनदोमित्यङ्गिरसां त्वा देवानामादित्यानां व्रतेनादधे ॥ द्यौर्मह्नासि भूमिर्भूम्ना तस्यास्ते देव्यदिति-रुपस्थेऽन्नादायान्नपस्याया दधदिति ॥६॥ लक्षणे प्रतिष्ठा-प्योपोत्थाय ॥७॥ अथोपतिष्ठते ॥८॥ अग्ने गृहपते सुगृह-पतिरहं त्वयाग्ने गृहपतिना भूयासम् ॥ सुगृहपतिस्त्वं मयाग्ने गृहपतिना भूयाः । अस्थूरि णौ गार्हपत्यानि दीदिहि शतं समा इति ॥९॥ व्याकरोमीति गार्हपत्य-क्रव्यादौ समीक्षते ॥१०॥ शान्तमाज्यं गार्हपत्यायोप-निदधाति ॥११॥ माषमन्थं क्रव्यादम् ॥१२॥ उप त्वा नमसेति पुरोऽनुवाक्या ॥१३॥ विश्वाहा त इति पूर्णा-हुतिं जुहोति ॥१४॥ यो नो अग्निरिति सह कर्त्रा हृद-यान्यभिमृशन्ते ॥१५॥२॥७०॥

अंशो राजा विभजतीमावग्नी विधारयन् ॥ क्रव्या-दं निर्णुदामसि हव्यवाडिह तिष्ठत्विति विभागं ज-पति ॥१॥ सुगार्हपत्य इति दक्षिणेन गार्हपत्ये समिध-मादधाति ॥२॥ यः क्रव्यात्तमशीशममिति सव्येन नड-

---

जलावे ॥२॥३॥४॥ और चौथी से अग्न्याधान करे ॥५॥ "यत्त्वा क्रुद्धा०" और "ॐ भूर्भुवः०" इत्यादि से रेखा पर प्रतिष्ठापन करके और उठ कर उपस्थान करे ॥६॥७॥८॥ "अग्ने गृहपते०" इत्यादि ॥९॥ और "व्याक-रोमि०" इन दोनों से गार्हपत्य और क्रव्याद अग्नि को देखे ॥१०॥ शान्त आज्य को गार्हपत्य के लिये धरे ॥११॥ माष (उड़द) का मन्थ क्रव्याद के लिये ॥१२॥ "उप त्वा नमस०" पुरोऽनुवाक्या ॥१३॥ "विश्वाहात०" से पूर्णाहुति देवे ॥१४॥ "यो नो अग्निः" से कर्त्ता के साथ हृदयों को यजमान एवं पत्नी अभिमर्शन करे ॥१५॥ २॥७०॥ यह सत्तरवि कण्डिका समाप्त हुई ।

"अंशो राजा०" इत्यादि से विभाग को जप करे ॥१॥ "सुगार्ह-पत्य०" से दक्षिण से गार्हपत्य अग्नि में समिद् का आधान करे ॥२॥

मर्यों क्रव्यादि ॥३॥ अपावृत्येति मन्त्रोक्तं बाह्यतो निधाय ॥४॥ नडमारोह समिन्धत इषीकां जरतीं प्रत्यञ्चमर्कमित्युपसमादधाति ॥ ५ ॥ यद्यग्निर्यो अग्निरविः कृष्णा मा नो रुरोः शुचिद्विदः शिवो नो अस्तु भरतो रराणः अतिव्याधी व्याधो अग्रभोष्ट क्रव्यादो अग्नीञ्छमयामि सर्वानिति शुक्त्या माषपिष्टानि जुहोति ॥६॥ सीसं दर्व्यामवधायोद्धृत्य मन्थं जुह्वञ्छमयेत् ॥७॥ नडमारोहेति चतस्रोऽग्ने अक्रव्यादिमं क्रव्यादो नो अश्वेष्वन्येभ्यस्त्वा हिरण्यपाणिमिति शमयति ॥८॥ दक्षिणतो जरत्कोष्ठे शीतं भस्माभिविहरति ॥९॥ शान्त्युदकेन सुशान्तं कृत्वावदग्धं समुत्खाय ॥१०॥ परं मृत्यो इत्युत्थापयति ॥११॥ क्रव्यादमिति तिसृभिर्ह्रीयमाणमनुमन्त्रयते ॥१२॥ दीपाद्याभिनिगदनात्प्रतिहरणेन व्याख्यातम् ॥१३॥ अविः कृष्णेति निदधाति ॥१४॥ उत्तमवर्जं ज्येष्ठस्याञ्जलौ सीसानि ॥१५॥ अस्मिन्वयं यद्रिप्रं सीसे

"यः क्रव्यात्तमशीशमं०" से नडमयी क्रव्यादि अग्नि में समिद् डाले ॥३॥ "अपावृत्य०" से मंत्रोक्त को बाहर से डाले ॥४॥ "नडमारोह०" इत्यादि से समिधों का आधान करे ॥५॥ "यद्यग्निर्यो०" इत्यादि से शुक्ति द्वारा माषपिष्टों की आहुति देवे ॥६॥ और सीस को दर्वी में डालकर मन्थ को मिलाकर आहुति करता हुआ शमन करे ॥७॥ "नडमारोह०" से चार और "अग्ने अक्रव्यादिमं०" इत्यादि से आहुति देता हुआ शमन करे ॥८॥ दक्षिण में जरत्कोष्ठ में शीत को भस्म से दूर करे ॥९॥ शान्त्युदक से सुशान्त करके अवदग्ध को गर्त्त से खने, और "परं मृत्यो०" से उठावे ॥११॥ "क्रव्यादं०" इन तीन ऋचाओं से ले जाते को अनुमंत्रण करे ॥१२॥ दीप आदि, का अभिनिगदन से प्रतिहरण द्वारा व्याख्यात हुआ जानो ॥१३॥ "अविः कृष्णा०" निदधान करे ॥१४॥ अन्तिम को छोड़कर जेठेकी अञ्जली में सीसों

मृड्ढ्वमित्यभ्यवनेजयति ॥१६॥ कृष्णोर्णया पाणिपादान्निमृज्य ॥१७॥ इमा जीवा उदीचीनैरिति मन्त्रोक्तम् ॥१८॥ त्रिः सप्तेति कूद्या पदानि योपयित्वा नदीभ्यः ॥१९॥ मृत्योः पदमिति द्वितीयया नावः ॥२०॥ परं मृत्यो इति प्राग्दक्षिणं कूदीं प्रविध्य ॥२१॥ सप्त नदीरूपाणि कारयित्वोदकेन पूरयित्वा ॥२२॥ आरोहत सवितुर्नावमेतां सुत्रामाणं महीमूष्विति सहिरण्यां सयवां नावमारोहयति ॥२३॥ अश्मन्वती रीयत उत्तिष्ठता प्र तरता सखाय इत्युदीचस्तारयति ॥२४॥३॥७१॥

उत्तरतो गर्तं उदक्प्रस्रवणेऽश्मानं निदधात्यन्तश्छिन्नम् ॥१॥ तिरो मृत्युमित्यश्मानमतिक्रामति ॥२॥ ता अधरादुदीचीरित्यनुमन्त्रयते ॥३॥ निस्सालामिति शालानिवेशनं सम्प्रोक्ष्य ॥४॥ ऊर्जं बिभ्रदिति प्रपादयति

को देवे ॥१५॥ "अस्मिन्वयं०" से अभ्यवनेजन करे ॥१६॥ काले सूत से हाथ पैर को निमार्जन करके ॥१७॥ "इमा जीवा उदीचीनैः" से पूर्व मुख आवें ॥१८॥ "त्रिःसप्त०" से कूदी से पगों को छिपा कर नदियों तक जावे ॥१९॥ "मृत्योः पदं०" द्वितीया कूदीसे पैरों को छिपाकर सात नदी नाव तक जावे ॥२०॥ पूर्व दक्षिण कोण में कूदी को फेक देवे। "परं मृत्योः पदं०" मंत्र पढ़कर ॥२१॥ सात नदियों समान रूप बनाकर उनको जल से भर देवे ॥२२॥ "आरोहत सवितुः" इत्यादि से नाव पर सोना में जौ मिलाकर नाव पर डालकर तब उस पर चढ़े ॥२३॥ "अश्मन्वती०" इत्यादि को जपता हुआ नाव में बैठे और उत्तर की ओर पार होवे ॥२४॥३॥७१॥ यह एकहत्तरवि कण्डिका समाप्त हुई।

उस गर्त्त के उत्तर ढालुआ भूमि में पत्थर को जल में धरे ॥१॥ "तिरो मृत्युं०" से पत्थर पर चढ़े ॥२॥ "ता अधरादुदीचीः" से अनुमंत्रण करे ॥३॥ "निःसालां०" से शाला के घरको संप्रोक्षण करके ॥४॥ "ऊर्जं बिभ्रत्०" से सब लोग शाला में प्रवेश करें। कोई २

॥५॥ वैश्वदेवोमिति वत्सतरीमालम्भयति ॥६॥ इममिन्द्रमिति वृषम् ॥७॥ अनड्वाहमहोरात्रे इति तल्पमालम्भयति ॥ ८ ॥ आरोहतायुरित्यारोहति ॥९॥ आसीना इत्यासीनामनुमन्त्रयते ॥१०॥ पिञ्जूलीराञ्जनं सर्पिषि पर्यस्येमा नारीरिति स्त्रीभ्यः प्रयच्छति ॥११॥ इमे जीवा अविधवाः सुजामय इति पुम्भ्य एकैकस्मै तिस्रस्तिस्रस्ता अध्यध्युदधानं परिचृत्य प्रयच्छति ॥१२॥ परं मृत्यो व्याकरोम्यारोहतान्तर्धिः प्रत्यश्नमर्कं ये अग्नयो नमो देववधेभ्योऽग्नेऽभ्यावर्तिन्नग्ने जातवेदः सह रय्या पुनरूर्जेति ॥१३॥ अग्नेऽभ्यावर्तिन्नभि न आ ववृत्स्व । आयुषा वर्चसा सन्या मेधया प्रजया धनेन ॥ अग्ने जातवेदः शतं ते सहस्रं त उपावृतः ॥ अधा पुष्टस्येशानः पुनर्नो रयिमा कृधि ॥ सह रय्या निवर्तस्वाग्ने पिन्वस्व धारया । विश्वप्स्न्या विश्वतस्परि ॥ पुनरूर्जा ववृत्स्व पुनरग्न इषायुषा ॥ पुनर्नः पाह्यंहसः ॥१४॥ शर्करान्स्वयमातृणाञ्छणरज्जुभ्यां विबध्य धारयति ॥१५॥ समया

घर के द्वार पर महाशान्ति को चौगुने ऊँचे स्वर से बोले ॥५॥ "वैश्वदेवी०" से वत्सतरी को छूवे ॥६॥ "इममिन्द्रं०" से वृषभ या अनडुह को स्पर्श करे ॥७॥ "अनड्वाहमहोरात्रे०" से तल्प को स्पर्श करे ॥८॥ "आरोहतायुः०" से आरोहण करे ॥९॥ "आसीना०" से बैठे हुओं को अनुमंत्रण करे ॥१०॥ पिञ्जुली में आञ्जन और घृत को एक २ करके "इमा नारी०" से स्त्रियों को देवे ॥११॥ "इमे जीवा अविधवाः सुजामय०" से पिञ्जुली को जलघट पर घुमाकर यजमानादि पुरुषों को देवे। एक २ पुरुष के लिये तीन २ देवे ॥१२॥ "परं मृत्यो०" इत्यादि से ॥१३॥ "अग्नेऽभ्यावर्तिन्नभि न०" इत्यादि मंत्रों से आज्य की आहुतियाँ देवे ॥१४॥ स्वयं छिद्रित शर्कराओं को बांध कर अग्नि पर धरे ॥१५॥ और

खेन जुहोति ॥१६॥ इमं जीवेभ्य इति द्वारे निदधाति ॥१७॥ जुहोत्येतयर्चा आयुर्दावा धनदावा बलदावा पशुदावा पुष्टिदावा प्रजापतये स्वाहेति ॥१८॥ षट्सम्पातं माता पुत्रानाशयते ॥१९॥ उच्छिष्टं जायाम् ॥२०॥ संवत्सरमग्निं नोद्वायान्न हरेन्नाहरेयुः ॥२१॥ द्वादशरात्र इत्येके ॥२२॥ दश दक्षिणा ॥२३॥ पश्चादग्नेर्वाग्यतः संविशति ॥२४॥ अपरेद्युरग्निं चेन्द्राग्नी च यजेत ॥२५॥ स्थालीपाकाभ्यामग्निं चाग्नीषोमौ च पौर्णमास्याम् ॥२६॥ सायंप्रातर्व्रीहीनावपेद्यवान्वाग्नये स्वाहा प्रजापतये स्वाहेति ॥२७॥ सायं सूर्याय स्वाहा प्रजापतये स्वाहेति ॥२८॥ प्रातर्द्वादशरात्रेऽग्निं पशुना यजेत ॥२९॥ स्थालीपाकेन वोभयोर्विरिष्यति ॥३०॥ संवत्सरतम्यां शान्त्युदकं कृत्वा ॥३१॥ घृताहुतिर्नो भवाग्ने अक्रव्याहुति-

---

स्वयं आहुति करे ॥१६॥ "इमं जीवेभ्यः" से द्वार पर धरे ॥१७॥ "जुहोति०" इस ऋचा से और "आयुर्दावा" इत्यादि से आहुति देवे ॥१८॥ छः सम्पातों को माता पुत्रों को खिलावे ॥१९॥ यजमान स्वयं खाकर उच्छिष्ट अपनी पत्नी को देवे ॥२०॥ यह आवसथ्याधान पूरा हुआ। साल भर तक अग्नि को पुतावे और न किसी को देवे और न आप लेवे ॥२१॥ कोई २ बारह रात्रि में कहते हैं ॥२२॥ दश दक्षिणा देवे ॥२३॥ यजमान अग्नि के पश्चिम भाग में बैठे ॥२४॥ और दूसरे दिन अग्नि और इन्द्राग्नी को यजन करे ॥२५॥ सायं प्रातः स्थालीपाक से अग्नि और अग्नीषोम को पौर्णमासी तिथि में आहुतियाँ करे ॥२६॥ "सायं प्रातः व्रीहियों या यवों से" "अग्नये स्वाहा। प्रजापतये स्वाहा" से सायंकाल में और "सूर्याय स्वाहा। प्रजापतये स्वाहा" से प्रातःकाल में आहुतियाँ देवे ॥२७॥२८॥ १२ रात्रि के प्रातःकाल में अग्नि को पशु से यजन करे। ॥३० ॥ स्थालीपाक से या दोनों से अलग २ करे ॥३०॥ वर्ष के अन्त में उस अग्नि में शान्त्युदक करके। 'घृताहुतिर्नो'' इत्यादि से घी की आहुति

घृताहुतिं त्वा वयमक्रव्याहुतिमुपनिषदेम जातवेद इति चतुर उदपात्रे सम्पातानानीय ॥३२॥ तानुल्लप्य ॥३३॥ पुरस्तादग्नेः प्रत्यङ्ङासीनो जुहोति । हुते रमस्व हुतभाग एधि मृडास्मभ्यं मोत हिंसीः पशून्न इति ॥३४॥ यद्युद्वायाद्भस्मनारणिं संस्पृश्य तूष्णीं मथित्वोद्दीप्य ॥३५॥ पूर्णहोमं हुत्वा ॥३६॥ संनतिभिराज्यं जुहुयाद् व्याहृतिभिर्वा ॥३७॥ संसृष्टे चैवं जुहुयात् ॥३८॥ अग्नावनुगते जायमाने ॥३९॥ आनडुहेन शकृत्पिण्डेनाग्न्यायतनानि परिलिप्य ॥४०॥ होम्यमुपसाद्य ॥४१॥ प्राणापानाभ्यां स्वाहा समानव्यानाभ्यां स्वाहोदानरूपाभ्यां स्वाहेत्यात्मन्येव जुहुयात् ॥४२॥ अथ प्रातरुत्थायाग्निं निर्मथ्य यथास्थानं प्रणीय यथापुरमग्निहोत्रं जुहुयात् ॥४३॥ सायमाशप्रातराशौ यज्ञावृत्विजौ ॥४४॥४॥७२॥

पुरोदयादस्तमयाच्च पावकं प्रबोधयेद्गृहिणी शुद्धहस्ता ।

देकर सम्पातों को चार उदपात्रों में लावे और अग्नि के पूर्व में पश्चिम मुख बैठकर आहुति करे ॥३१॥३२॥३३॥ "हुते रमस्व" इत्यादि से आहुति करे ॥३४॥ यदि अग्नि बुत जावे तो, उसके भस्म से अरणि को संस्पर्श कराकर तूष्णीं अरणि द्वारा अग्नि मथकर प्रज्वलित करके पूर्ण होम कर लेवे ॥३५॥३६॥ संनति मंत्रों से व्याहृति से आज्य की आहुति करे ॥३७॥ मिले हुए होने पर इस प्रकार आहुति देवे ॥३८॥ यदि अग्नि गत होने लगे तो, बैल के गोबर से अग्नि के वेदी को लीप कर होम की सामग्री लाकर ॥३९॥४०॥४१॥ "प्राणापानाभ्यां स्वाहा०" इत्यादि अपने आत्मगत अग्नि की आहुतियाँ देवे ॥४२॥ तब प्रातःकाल उठकर अरणियों से अग्नि मथ कर यथा स्थान अग्नि प्रणयन करके यथापुर अग्नि होत्र की आहुति करे ॥४३॥ सायंकाल और प्रातः कालं के भोजन यज्ञ कराने वाले दोनों ऋत्विजों को देवे ॥४४॥॥४॥७२॥ यह बहत्तरवि कण्डिका समाप्त हुई ।

समतीते सन्धिवर्णेऽथ हावयेत्सुसमिद्धे पावक आहुती-षहिः ॥१॥ अग्नये च प्रजापतये च रात्रावादित्यश्च दिवा प्रजापतिश्च । उदकं च समिधश्च होमे होमे पुरो वरम् ॥२॥ होम्यैः समिद्भिः पयसा स्थालीपाकेन सर्पिषा सायम्प्रात-र्होम एतेषामेकेनापि सिध्यति ॥३॥ अभ्युद्धृतो हुतोऽग्निः प्रमादादुपशाम्यति । मथिते व्याहृतोर्जुहुयात् पूर्णहोमौ यथर्त्विजौ ॥४॥ वनस्पतिभ्यो वानस्पत्येभ्य ओषधि-भ्यो वीरुद्भ्यः सर्वेभ्यो देवेभ्यो देवजनेभ्यः पुण्यज-नेभ्य इति प्राचीनं तदुदकं निनीयते ॥५॥ स्वधा प्रपिताम-हेभ्यः स्वधा पितामहेभ्यः स्वधा पितृभ्य इति दक्षिणतः॥६॥ ताक्ष्यायारिष्टनेमयेऽमृतं मह्यमिति पश्चात् ॥७॥ सोमाय सप्तर्षिभ्य इत्युत्तरतः ॥८॥ परिमृष्टे परिलिप्ते च पर्वणि व्रातपतं हावयेदन्नमग्नौ । भूयो दत्त्वा स्वयमल्पं च भुक्त्वा

जब सूर्योदय और सूर्यास्त के समय घर की स्त्री (मालकिनी) अपने हाथों को जल से धोकर, शौचादि से निवृत्त होके शुद्ध हाथों से अग्नि को जगावे ॥ और दोनों सन्धिकाल बीत जावे तो घरके बाहर अग्नि में आहुतियाँ देवे ॥१॥ रात्रि में "अग्नये च प्रजापतये च"। और दिन में आदित्य प्रजापति के नाम आहुतियाँ करे। जल और समिद् प्रत्येक होम में पूरे और उत्तम लावे ॥२॥ होम करने की वस्तु समित्, दूध, स्थालीपाक और घृत । सायं प्रातः इनकी आहुति करे या इनमें से किसी एक से करे ॥३॥ अभ्युद्धृत, यदि प्रमाद से बुत जावे तो, अरणियों द्वारा मथितोत्पन्न अग्नि में व्याहृति से और पूर्ण होम भी करे जैसा दोनों ऋत्विज कहें ॥४॥ "वनस्पतिभ्यो" इत्यादि से पूर्व की ओर आहुतियाँ करे और जल लावे ॥५॥ और "स्वधा प्रपितामहेभ्यः" इत्यादि से दक्षिण में, "ताक्ष्याय०" से पश्चिम दिशा में और "सोमाय सप्तर्षिभ्यः" से उत्तर दिशा में आहुतियाँ देवे ॥६॥७॥८॥ मार्जन और लीपने पर (भूमिको) व्रतपति को अन्न की आहुति अग्नि में करे ॥ थोड़ा या बहुत दूसरों को अन्न देकर आप भोजन अपराह्न में करे—यह याज्ञिक व्रत है ॥९॥

पराह्णे व्रतमुपैति याज्ञिकम् ॥ ९ ॥ अनशनं ब्रह्मचर्यं च भूमौ शुचिरग्निमुपशेते सुगन्धिः ॥१०॥ अग्नीषोमाभ्यां दर्शने इन्द्राग्निभ्यामदर्शने॥ आग्नेयं तु पूर्वं नित्यमन्वाहार्यं प्रजापतेः ॥११॥ अर्धाहुतिस्तु सौविष्टकृती सर्वेषां हविषां स्मृता ॥ आनुमती वा भवति स्थालीपाकेष्वथर्वणाम् ॥१२॥ उभौ च संधिजौ यौ वैश्वदेवौ यथऋत्विजौ। वर्जयित्वा सबर्हिषः साज्या यज्ञाः सक्षिणाः ॥१३॥ यथाशक्ति यथाबलं हुतादोऽन्ये अहुतादोऽन्ये ॥ वैश्वदेवं हविरुभये संचरन्ति ॥१४॥ ते सम्यञ्च इह मादयन्तामिषमूर्जं यजमाना यमिच्छत । विश्वे देवा इदं हविरादित्यासः सपर्यत ॥ अस्मिन्यज्ञे मा व्यथिष्यमृताय हविष्कृतम् ॥१५॥ वैश्वदेवस्य हविषः सायम्प्रातर्जुहोति । सायमाशप्रातराशौ यज्ञावेतौ स्मृतावुभौ ॥१६॥ अप्रतिभुक्तौ शुचिकार्यौ च नित्यं वैश्वदेवौ जानता यज्ञश्रेष्ठौ। नाश्रोत्रियो नानवनिक्तपाणिर्ना-

---

उपवास रहना और ब्रह्मचर्य से रहना पवित्र होकर, अग्नि के पास सोवे और सुगन्ध युक्त रहे ॥१०॥ दर्शन में अग्नीषोमों से, अदर्शन में इन्द्राग्नी से ॥ आग्नेय को पहिले नित्य और उसके पश्चात् प्रजापति की ॥११॥ सौविष्ट कृत की आधी आहुति यह नियम सब ही होमों का है ॥ या अथर्ववेदियों का होम आनुमती स्थालीपाक से होता है ॥१२॥ और जो दोनों सन्धि समय बलि, वैश्वदेव यथा ऋत्विज । सबर्हिष को छोड़ कर आज्य के साथ होता है और दक्षिणा के साथ सब यज्ञ होते हैं ॥१३॥ शक्ति एवं बल के अनुसार हुताद, अन्य अहुताद, अन्य वैश्वदेव हवि दोनों समय करते हैं ॥१४॥ "ते सम्यञ्च" इत्यादि को पढ़े ॥१५॥ वैश्वदेव की हवि को सायं प्रातःकाल आहुतियाँ करे और सायंकाल एवं प्रातःकाल का भोजन पवित्र बनावे ये दोनों यज्ञ हैं—यह धर्मशास्त्र में कहा है ॥१६॥ दोनों यज्ञों को श्रेष्ठ जानकर विना भोजन किये पवित्रता से नित्य भोजन बनावे ॥ न अवैदिक, न जल से साफ किये

मन्त्रविज्जुहुयान्नाविपश्चित् ॥१७॥ बीभत्सवः शुचिकामा हि देवा नाश्रद्दधानस्य हविर्जुषन्ते । ब्राह्मणेन ब्रह्मविदा तु हावयेन्न स्त्रीहुतं शूद्रहुतं च देवगम् ॥१८॥ यस्तु विद्यादाज्यभागौ यज्ञान्मन्त्रपरिक्रमान् । देवताज्ञानमावृत आशिषश्च कर्म स्त्रिया अप्रतिषिद्धमाहुः ॥१९॥५॥७३॥

तयोर्बलिहरणम् ॥१॥ अग्नय इन्द्राग्निभ्यां वास्तोष्पतये प्रजापतयेऽनुमतय इति हुत्वा ॥२॥ निष्क्रम्य बहिः प्रचीनं ब्रह्मणे वैश्रवणाय विश्वेभ्यो देवेभ्यः सर्वेभ्यो देवेभ्यो विश्वेभ्यो भूतेभ्यः सर्वेभ्यो भूतेभ्य इति बहुशो बलिं हरेत् ॥३॥ द्विः प्रोक्षन्प्रदक्षिणमावृत्यान्तरुपातीत्य द्वारे ॥४॥ द्वार्ययोर्मृत्यवे धर्माधर्माभ्याम् ॥५॥ उदधाने धन्वन्तरये समुद्रायौषधिवनस्पतिभ्यो द्यावापृथिवीभ्या-

---

हाथ, न विना मंत्रजाने और न अपण्डित आहुतियाँ करे ॥ १७ ॥ देवगण विभत्सु, और शुचि की कामना वाले होते हैं इसलिये श्रद्धाहीन व्यक्ति की आहुति नहीं ग्रहण करते हैं । ब्राह्मण और ब्रह्म के जानने वाले से ही हवन करावे । स्त्री एवं शूद्र की दी आहुतियाँ देवताओं तक नहीं पहुँचतीं ॥१८॥ जो आज्यभागों को जानता है, यज्ञों को और मंत्रपरिक्रमों को एवं देवताज्ञान से आवृत्त हो और आशीर्वाद देना जानता हो ॥ इनके करने का अधिकार स्त्रियों को नहीं है ॥१९॥५॥७३॥ यह तिहत्तरवी कण्डिका समाप्त हुई ।

स्त्री पुरुष के बलि हरण को कहते हैं । गृही के घर जो कुछ अन्न दोनों समय खाने के लिये पकता है—उस अन्न से देवतादिकों के लिये उपहार दिया जाता है उसको बलि कहते हैं ॥ "अग्नय०" इत्यादि से आहुति देकर ॥२॥ घर से बाहर होकर, पूर्व दिशा में पूर्वमुख हो "ब्रह्मणे०" इत्यादि से बहुत बलि देवे ॥३॥ दो वार प्रदक्षिण घुम २ कर दोनों द्वार पर "धर्माधर्माभ्याम्" से बलियाँ देवे ॥४॥५॥ जलधरने के स्थान में "धन्वन्तरये०" इत्यादि से बलियाँ देवे ॥६॥ इसी प्रकार

मिति ॥६॥ स्थूणावंशयोर्दिग्भ्योऽन्तर्देशेभ्य इति ॥७॥ स्रक्तिषु वासुकये चित्रसेनाय चित्ररथाय तक्षोपतक्षाभ्या-मिति ॥८॥ समन्तमग्नेराशायै श्रद्धायै मेधायै श्रियै ह्रियै विद्याया इति ॥९॥ प्राचीनमग्नेः गृह्याभ्यो देवजामिभ्य इति ॥१०॥ भूयोऽभ्युद्धृत्य ब्राह्मणान् भोजयेत् ॥११॥ तदपि श्लोको वदति ॥ मा ब्राह्मणाग्रतः कृतमश्नी-याद्विषवदन्नमन्नकाम्या । देवानां देवो ब्राह्मणो भावो नामैष देवतेति ॥१२॥ आग्रयणे शान्त्युदकं कृत्वा यथर्तु तण्डुलानुपसाद्य ॥१३॥ अप्सु स्थालीपाकं श्रपयित्वा पयसि वा ॥१४॥ सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूरग्नये स्वाहा। सजूरिन्द्राग्निभ्यां सजूर्द्यावापृथिवीभ्यां सजूर्विश्वे-भ्यो देवेभ्यः सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूः सोमाय स्वाहेत्येकहविर्वा स्यान्नाना हवींषि वा ॥१५॥ सौम्यं तन्व-च्छयामाकं शरदि ॥१६॥ अथ यजमानः प्राशित्रं गृह्णीते ॥१७॥ प्रजापतेष्ट्वा ग्रहं गृह्णामि । मह्यं भूत्यै मह्यं पुष्ट्यै

"स्थूणावंशयोर्दिग्भ्योऽन्तर्देशेभ्यः" । बलियाँ देवे ॥७॥ चार दिशाओं के कोणों में—"वासुकये०" इत्यादि से बलि देवे ॥८॥ और अग्नि के चारों ओर "श्रद्धायै" इत्यादि से बलि देवे ॥९॥ अग्नि के पूर्व भाग में "गृह्या-भ्यो देवजामिभ्यः" से बलि देवे ॥१०॥ अधिक अन्न निकाल कर ब्राह्मणों को भोजन करावे ॥११॥ इसको भी श्लोक कहता है—ब्राह्मण के भोजन करने के पहिले गृही भोजन न करे क्योंकि वह अन्न विष के समान हो जाता है । देवताओं का देव ब्राह्मण हैं, यह भावमय देवता है ॥१२॥ अग्रहण मास में शान्त्युदक करके यथाऋतु तण्डुलों को लाकर जल या दूध में स्थालीपाक पकाकर "सजूर्ऋतुभिः" इत्यादि आहुतियाँ एक हवि की देवे या विभिन्न हवियों की हों ॥१५॥ शरदृऋतु में सौम्य श्यामाक की आहुति ॥१६॥ अब यजमान प्राशित्र ग्रहण करे ॥१७॥ "प्रजापतेष्ट्वा०" इत्यादि मन्त्र से ग्रहण करे ॥१८॥ अब प्राशन करे

मह्यं श्रियै मह्यं ह्रियै मह्यं यशसे मह्यमायुषे मह्यमन्नाय मह्यमन्नाद्याय मह्यं सहस्रपोषाय मह्यमपरिमितपोषाये-ति ॥१८॥ अथ प्राश्नाति । भद्रान्नः श्रेयः समनैष्ट देवा-स्त्वयावसेन समशीमहि त्वा । स नः पितो मधुमाँ आविवेश शिवस्तोकाय तन्वो न एहीति ॥१९॥ प्राशित-मनुमन्त्रयते । अमोऽसि प्राण तदृतं ब्रवीम्यमासि सर्वा-ङसि प्रविष्टः । स मे जरां रोगमपनुद्य शरीरादनामयैधि मा रिषाम इन्दो इति ॥२०॥ वत्सः प्रथमजो ग्रीष्मे वासः शरदि दक्षिणा ॥२१॥ शक्त्या वा दक्षिणां दद्यात् ॥२२॥ नातिशक्तिर्विधीयते नातिशक्तिर्विधीयत इति ॥२३॥ ॥६॥७४॥ इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे नवमोऽध्यायः समाप्तः ॥६॥

अथ विवाहः ॥१॥ ऊर्ध्वं कार्तिक्या आ वैशाख्याः ॥२॥ यथाकामी वा ॥३॥ चित्रापक्षं तु वर्जयेत् ॥४॥

"भद्रान्नः श्रेयः" इत्यादि से प्राशन करके अनुमंत्रण करे—"अमोऽसि प्राण०" इत्यादि ॥१६॥२०॥ ग्रीष्मऋतु में वत्स देवे और शरदृऋतु में दक्षिणा वस्त्र देवे ॥२१॥ या जैसी शक्ति हो वैसी दक्षिणा देवें ॥ २२ ॥ शक्ति के बाहर अधिक न देवे—॥२३॥६॥७४॥ यह चौहत्तरवि कण्डिका समाप्त हुई ॥

अथर्ववेद के कौशिक सूत्र के नवम अध्यायका भाषानुवाद पूरा हुआ ॥९॥

अब विवाह के विषय में उपदेश करेंगे । विवाह के लिये उपयुक्त सामग्रियां पहिले से एकत्र कर रक्खे । जैसे खिचड़ी, सम्पुट, पाकर-वृक्ष की शाखा, कलश, सर्वौषधि, दही, जेठीमधु, विष्टर, अर्घपात्र, मधुपर्कपात्र, घूसर, पाळो, इत्यादि ॥१॥ कार्त्तिक मास से वैशाख मास तक विवाह करने का समय हो ॥ या जब चाहे तब विवाह करे ॥२॥३॥

मघासु हन्यन्ते गावः फल्गुनीषु व्युह्यत इति विज्ञायते मङ्गलश्च ॥५॥ सत्येनोत्तभिता पूर्वापरमित्युपदधीत ॥६॥ पतिवेदनं च ॥७॥ युवं भगमिति संभलं सानुचरं प्रहिणोति ॥८॥ ब्रह्मणस्पत इति ब्रह्माणम् ॥९॥ तद्विवृहाच्छङ्कमानो निशि कुमारीकुलाद्वलीकान्यादीप्य ॥१०॥ देवा अग्र इति पञ्चभिः सकृत्पूल्यान्यावापयति ॥११॥ अनृक्षरा इति कुमारीपालं प्रहिणोति ॥१२॥ उदाहारस्य प्रतिहितेषुरग्रतो जघनतो ब्रह्मा ॥१३॥ यो अनिध्म

चित्रानक्षत्र में विवाह न करे ॥४॥ आर्ष विवाह में कन्या वाले को एक या दो गौ, या एक बैल या दो बैल देना किन्हीं आचार्यों का मत है । सो आर्ष विवाह में कन्या वालों को देने केलिये यदि गो मिथुन किसी से उसके घर से पति के घर लाने के लिये कैसे ही लाने पड़ें तो मघा नक्षत्र में लेवे और आर्ष विवाह भी मघा नक्षत्र में करे और सेनाव्यूह के लिये और आर्ष विवाह की बहू को उसके घर से लाने के लिये, ३ पूर्वा फाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र श्रेष्ठ हैं और मंगल भी है ॥५॥ "सत्येनोत्तभिता०" इत्यादि १६ मंत्र और "पूर्वापरं०" इत्यादि दो इन १८ मंत्रों से आज्य की आहुतियां देवे ॥६॥ "आनो अग्न"इत्यादि सूक्त से आगम कृशर दूसरे घर से तिल मिला हुआ लाकर धरे और उसे अभिमंत्रितकर कुमारी को उस भात को चखवावे ॥७॥ और "युवं भगं०" इत्यादि से शोभन अलंकृत पुरुषको संचर हस्त नौकर सहित को लावे ॥८॥ "ब्रह्मणस्पत०"इत्यादि से कुमारी के पास भेजकर वर के गुणों को कहवावे ॥९॥ यदि ब्रह्मा को रात्रि में शङ्का (भय) हो तो कुमारी के घर दीप जलाकर "देवा अग्र०" इत्यादि ५ मंत्रों से एकपूल्या की आहुति करे ॥१०॥११॥ "अनृक्षरा०" से कुमारी रक्षा के लिये भेजे। यदि वह १० वर्ष से अधिक उमर की हो तो "देवा अग्र०" इत्यादि ५ मंत्रों से कुमारी लाजा की एक आहुति देवे । कुमारी की रक्षा के लिये धनुर्धारी पुरुष को लावे । आगे २ धनुर्धर, पीछे २ आचार्य और बीच में जल लिया हुआ-उदक हार ॥१२॥१३॥ जल के पास जाकर "यो

इत्यप्सु लोगं प्रविध्यति ॥१४॥ इदमहमित्यपोह्य ॥१५॥ यो भद्र इत्यन्वीपमुदच्य ॥१६॥ आस्यै ब्राह्मणा इति प्रयच्छति ॥१७॥ आव्रजतामग्रतो ब्रह्मा जघनतोऽधिज्यधन्वा ॥१८॥ बाह्यतः प्लक्षोदुम्बरस्योत्तरतोऽग्नेः शाखायामासजति ॥१९॥ तेनोदकार्थान्कुर्वन्ति ॥२०॥ ततश्चान्वासेचनमन्येन ॥२१॥ अन्तरुपातीत्यार्यमणमिति जुहोति ॥२२॥ प्र त्वा मुञ्चामीति वेष्टं विचृतति ॥२३॥ उशतीरित्येतया त्रिराधापयति ॥२४॥ सप्तभिरुष्णाः सम्पातवतीः करोति ॥२५॥ यदासन्द्यामिति पूर्वयोरुत्तरस्यां स्रक्त्यां तिष्ठन्तीमाप्लावयति ॥२६॥ यच्च वर्चो यथा सिन्धुरित्युत्क्रान्तामन्येनावसिञ्चति ॥२७॥१॥७५॥

यद् दुष्कृतमिति वाससाङ्गानि प्रमृज्य कुमारीपालाय प्रयच्छति ॥१॥ तुम्बरदण्डेन प्रतिपाद्य निर्व्रजेत्

अनिध्म०" इत्यादि से जल में एक मट्टी का ढेला फेके ॥१४॥ "इदमहं०" इत्यादि से नदी में बैठकर घट को जलसे भर लेवे ॥१५॥ "यो भद्र०" इत्यादि को पढ़ कर ॥१६॥ "आस्यै ब्राह्मणा०" इत्यादि से उदक हार को जलभरा कलश देवे ॥१७॥ मार्ग में जाते समय कुमारी के आगे ब्रह्मा, धनुर्धर पीछे ॥१८॥ घर में जाने पर वेदि के बाहर पाकर की शाखापर-अग्नि के उत्तर भाग में जलभरे कलश को स्थापन करे ॥१९॥ उसी से जल का काम करे ॥२०॥ यदि कलश में जल थोड़ा हो तो दूसरे जल से सेचन करे ॥२१॥ "अन्तरुपाती०" इत्यादि से वेदि में प्रवेश कर आहुति देवे ॥२२॥ "प्र त्वा मुञ्चामि०" इत्यादि से कुमारी के केशों को लपेट कर बांधे ॥२३॥ "उशती:०" इत्यादिसे तीन समिधों को अग्नि में डाले ॥२४॥ "उशती:०" इत्यादि ७ मंत्रों से उष्णजल के ढार से "यदासन्द्यां०" पूर्वोत्तर कोण में खड़ी कुमारी को शिर से स्नान करावे ॥२५॥२६॥ "यच्च वर्चो यथा०" से उस जगह से जाती हुई अन्य स्थान में ठण्डे जल से उसे सिक्त करे ॥२७॥१॥७५॥ यह पचहत्तरवी कण्डिका पूरी हुई ॥

"यद् दुष्कृतं०" इत्यादि से वस्त्र से कुमारी को सब अङ्गों को पोंछे

॥२॥ तद्वन आसजति ॥ ३ ॥ या अकृन्तंस्त्वष्टा वास इत्यहतेनाच्छादयति ॥४॥ कृत्रिम इति शतदतैषीकेण कङ्कतेन सकृत्प्रलिख्य ॥५॥ कृतयाममिस्यवसृजति ॥६॥ आशासाना सं त्वा नह्यामीत्युभयतः पाशेन योक्त्रेन सन्नह्यति ॥७॥ इयं वीरुदिति मदुघमणिं लाक्षारक्तेन सूत्रेण विग्रथ्यानामिकायां बध्नाति ॥८॥ अन्ततो ह मणिर्भवति बाह्यो ग्रन्थिः ॥९॥ भगस्त्वेत इति हस्तेगृह्य निर्णयति ॥१०॥ शाखायां युगमाधाय दक्षिणतोऽन्यो धारयति ॥११॥ दक्षिणस्यां युगधुर्युत्तरस्मिन्युगतर्द्मनि दर्भेण विग्रथ्य शं त इति ललाटे हिरण्यं संस्तभ्य जपति ॥१२॥ तर्द्म समयावसिञ्चति ॥१३॥ उपगृह्योत्तरतोऽग्ने-रङ्गादङ्गादिति निनयति ॥१४॥ स्योनमिति शकृत्पिण्डे

और तुम्बर दण्डके साथ वस्त्र को कुमारी के रक्षक को देकर चला जावे ॥१॥२॥ और कुमारी वन में जाकर उसे फेक देवे ॥३॥ "या अकृन्तं-स्त्वष्टा" मंत्र से अन्य नये अखण्ड वस्त्र को अभिमंत्रितकर यज्ञोपवीत की भांति बांह में बांध लेवे ॥४॥ "कृत्रिम०" इत्यादि से १०० दांतवाली कंघी से एक बार केशों को प्रलेखन करे ॥५॥ और "कृतयाम०" इत्यादि से अवसृजन करे॥६॥ "आशासाना०" इत्यादि से कमर इजरबन्द बांधे ॥७॥ "इयं वीरुद्" से मदुघ मणि को लाख के लाल रंग से सूत को रंग कर उससे मणि को गांथ कर अनामिका अङ्गुली में पुण्य दिन के अन्त में बांधे ॥८॥ गाँठ के अन्त में मणि हो एवं बाहर ग्रंथि हो ॥९॥ "भग-स्त्वेत०" इत्यादि से कुमारी के दहिने हाथ को पकड़ कर कौतुक गृह से बाहर निकाले ॥१०॥ शाखा पर गाड़ी का जूआ धरकर दक्षिण से अन्य पुरुष जूआ को पकड़े रहे, दहिने जूआ के धुरी को उत्तर वाले जूआ के छेद में वह डाभ से गांथकर कुमारी के ललाट में सोना बांध कर "शं त०" मंत्र का जप करे और छिद्र में जल सींचे ॥११॥१२॥१३॥ और अग्नि के उत्तर भाग में जाकर, "अङ्गात्०" आदि मंत्र से जल को लावे ॥१४॥ और 'स्योनम्' इत्यादि मंत्र से गोबर के पिण्ड पर पत्थर

ऽश्मानं निदधाति ॥१५॥ तमातिष्ठेत्यास्थाप्य ॥१६॥ इयं नारीति ध्रुवां तिष्ठन्तीं पूल्यान्यावापयति ॥१७॥ त्रिरविच्छिन्दन्तीं चतुर्थीं कामाय ॥१८॥ येनाग्निरिति पाणिं ग्राहयति ॥१९॥ अर्यम्ण इत्यग्निं त्रिः परिणयति ॥२०॥ सप्त मर्यादा इत्युत्तरतोऽग्नेः सप्त लेखा लिखति प्राच्यः ॥२१॥ तासु पदान्युत्क्रामयति ॥२२॥ इषे त्वा सुमङ्गलि प्रजावति सुसीम इति प्रथमम् ॥२३॥ ऊर्जे त्वा रायस्पोषाय त्वा सौभाग्याय त्वा साम्राज्याय त्वा संपदे त्वा जीवातवे त्वा सुमङ्गलि प्रजावति सुसीम इति सप्तमं सखा सप्तपदी भवेति ॥२४॥ आरोह तल्पं भगस्ततक्षेति तल्प उपवेशयति ॥२५॥ उपविष्टायाः सुहृत्पादौ प्रक्षालयति ॥२६॥ प्रक्षाल्यमानावनु मन्त्रयते ॥ इमौ पादौ सुभगौ सुशेवौ सौभाग्याय कृणुतां नो अघाय। प्रक्षाल्यमानौ सुभगौ सुपत्न्याः प्रजां पशून्दीर्घमायुश्च धत्तामिति ॥२७॥ अहं विष्यामि प्र त्वा

को धरे ॥ उस पर कुमारी को बिठलाकर "इयं नारी०" इत्यादि मंत्र से कुमारी से अग्नि में लावा और पुल्यों को डलवावे और "येनाग्नि०" मंत्र से वर कुमारी का पाणिग्रहण करे ॥१५॥१६॥१७॥१८॥ एवं "अर्यम्ण०" इत्यादि मंत्र से अग्नि की तीन वार परिक्रमा करे ॥ पुनः अग्नि के उत्तर भाग में पश्चिम को "सप्त मर्यादा०" इत्यादि मंत्र से वर सात रेखायें खींचे "उन पर कुमारी को सात पग इस भांति वर वाक्य पढता जावे और कुमारी पहिले दहिना पग आगे रखकर पीछे वाम पग रखती चले"—"इषे त्वा सुमङ्गलि प्रजावति सुसीम०" इससे पहिला पग और ऊर्जे त्वा०"इत्यादि से सप्तम पग धरवाता हुआ "सखा सप्तपदी भव०" अन्त में पढ़े ॥ और तब वर कुमारी को "आरोह तल्पं०" इत्यादि मंत्र पढ़कर शय्या पर बिठलावे ॥१९॥२०॥२१॥२२॥२३॥२४॥२५॥ शय्या पर बैठी हुई कुमारी के पैरों को दासी स्त्री धोवे और "इमौ पादौ

मुञ्चामीति योक्त्रं विचृतति ॥२८॥ अपरस्मिन् भृत्याः संरभन्ते ॥२९॥ ये जयन्ति ते बलीयांस एव मन्यन्ते ॥३०॥ बृहस्पतिनेति सर्वसुरभिचूर्णान्यृचर्चा काम्पील-पलाशेन मूर्ध्न्यावपति ॥३१॥ उद्यच्छध्वं भगस्ततक्षा-भ्रातृघ्नीमित्येकैकयोत्थापयति ॥३२॥ प्रतितिष्ठेति प्रति-ष्ठापयति ॥३३॥२॥७६॥

सुकिंशुकं रुक्मप्रस्तरणमिति यानमारोहयति ॥१॥ एमं पन्थां ब्रह्मापरमित्यग्रतो ब्रह्मा प्रपद्यते ॥२॥ मा विदन्ननृक्षरा अध्वानमित्युक्तम् ॥३॥ येदं पूर्वेति तेना-न्यस्यामूढायां वाधूयस्य दशां चतुष्पथे दक्षिणैरभि-तिष्ठति ॥४॥ स चेदुभयोः शुभकामो भवति सूर्यायै देवे-भ्य इत्येतामृचं जपति ॥५॥ समृच्छत स्वपथोऽनवयन्तः सुसीमकामावुभे विराजावुभे सुप्रजसावित्यतिक्रम-

---

सुभगौ" इत्यादि मंत्र से वर अनुमंत्रण करे ॥ २६॥ २७ ॥ "अहं विष्यामि०" मंत्र से आचार्य कुमारी के कमर से योक्त्र को खोले और दूसरी ओर नौकर गण खोलने में रोके इसमें जो जीते वे ही बलवान माने जावे ॥२८॥२९॥३० "बृहस्पतिना" मंत्र से सब सुरभि चूर्णों को काम्पील के पत्ते से कुमारी के शिर पर डाले ॥३१॥ "उद्यच्छ-ध्वं भगस्ततक्षाभ्रातृघ्नी०" इत्यादि मंत्र पढ़२ कर एक २ को शिर पर से उठाता जावे और वर "प्रतितिष्ठ०" से शिर पर धरता जावे ॥३३॥२ ॥७६॥ यह छिहत्तरवी कण्डिका पूरी हुई ।

"सुकिंशुकं रुक्मप्रस्तरणं०" इत्यादि मंत्र से वर वधू को सवारी पर सवार करावे ॥१॥ मार्ग में वर वधू के साथ आगे आगे पुरोहित जावे ॥२॥ मार्ग में चलते समय "माविदन्ननृक्षरा०" इत्यादि दो मंत्रों को पढ़ कर दाहिना पैर पहिले उठाकर चले ॥३॥ यदि मार्ग में चौराहे पर दूसरे की ब्याही हुई कुमारी और वर के कपड़े का किनारा चौराहे से दक्षिण भाग में पड़ा हो तो दोनों की भलाई समझ कर "सूर्यायै-देवेभ्य०" इत्यादि मंत्र जप करे ॥४॥५॥ और "समृच्छत स्वपथो०"

यतोऽन्तरा ब्रह्माणम् ॥६॥ य ऋते चिदभिश्रिष इति यानं संप्रोक्ष्य विनिष्कारयति ॥७॥ सा मन्दसानेति तीर्थे लोगं प्रविध्यति ॥८॥ इदं सु म इति महावृक्षेषु जपति ॥९॥ सुमङ्गलीरिति वध्वीक्षीः प्रति जपति ॥१०॥ या ओषधय इति मन्त्रोक्तेषु॥११॥ ये पितर इति श्मशानेषु ॥१२॥ प्र बुध्यस्वेति सुप्तां प्रबोधयेत्॥१३॥ संकाशयामीति गृहसंकाशे जपति ॥१४॥ उद्व ऊर्मिरिति यानं सम्प्रोक्ष्य विमोचयति ॥१५॥ उत्तिष्ठेत इति पत्नी शालां सम्प्रोक्षति ॥१६॥ स्योनमिति दक्षिणतो बलीकानां शकृत्पिण्डेऽश्मानं निदधाति ॥१७॥ तस्योपरि मध्यमपलाशे सर्पिषि चत्वारि दूर्वाग्राणि ॥१८॥ तमातिष्ठेत्यास्थाप्य ॥१९॥ सुमङ्गली प्रतरणीह प्रियं मा हिंसिष्टं ब्रह्मापरमिति प्रत्यृचं प्रपादयति ॥२०॥ सुहृत्पूर्णकंसेन

इत्यादि मंत्र से ब्राह्मण को, "य ऋतेचिदभिश्रिष०" मंत्र से सवारी को जल से भलीभांति प्रोक्षण कर साफ कर देवे ॥६॥७॥ और रास्ते में यदि तीर्थ मिले तो वहाँ "सा मन्दसान०" को पढ़ कर मट्टी का ढेला फेक देवे ॥८॥ वृक्षों को देखने पर "इदं सु म०" का जप करे ॥९॥ 'सुमङ्गली:' को वधू को देखने वाली स्त्री को देखने पर जप करे ॥१०॥ "या ओषधय०" का जप करे– जहाँ तहाँ ॥११॥ मरघट मिलने पर "ये पितर०" इत्यादि का जप करे ॥१२॥ "प्रबुध्यस्व०" पढकर सोती हुई वधू को जगावे ॥१३॥ संकाशयामि०" का जप जब वर के घर पास आ जावे तब करे ॥१४॥ "उद्व ऊर्मि:०" इत्यादि को पढ़कर सवारी को जल से धोकर उसमें दुलहिन उतार लेवे ॥१५॥ "उत्तिष्ठेत०" मंत्र को वर पढ़े एवं पत्नी शाला को प्रोक्षण करे ॥१६॥ और दक्षिणभाग में बैल के गोबर के पिण्ड पर "स्योनं०" मंत्र से पत्थर को धर उसपर कर मध्यम पलाश के काठ में घृत धर और "तमातिष्ठ०" मंत्र से दूर्वा के अग्रभागों धरकर "सुमङ्गली०" इत्यादि ऋचाओं में से प्रत्येक ऋ० से ब्रह्मा वधू को एक पग चलवावे और उसे कोई सुहृत् कांसे के पात्र से अग्नि की चारों ओर

प्रतिपादयति ॥२१॥ अघोरचक्षुरित्यग्निं त्रिः परिणयति ॥२२॥ यदा गार्हपत्यं सूर्यायै देवेभ्य इति मन्त्रोक्तेभ्यो नमस्कुर्वतीमनुमन्त्रयते ॥२३॥३॥७७॥

शर्म वर्मेति रोहितचर्माहरन्तम् ॥१॥ चर्म चोपस्तृणीथनेत्युपस्तृणन्तम् ॥२॥ यं बल्बजमिति बल्बजं न्यस्यन्तम् ॥ ३॥ उप स्तृणीहीत्युपस्तृणन्तम् ॥४॥ तदा रोहस्विस्यारोहयति ॥५॥ तत्रोपविश्येत्युपवेशयति ॥६॥ दक्षिणोत्तरमुपस्थं कुरुते ॥७॥ सुज्यैष्ठ्य इति कल्याणनामानं ब्राह्मणायनमुपस्थ उपवेशयति ॥ ८ ॥ वितिष्ठन्तामिति प्रमदनं प्रमायोत्थापयति ॥९॥ तेन भूतेन तुभ्यमग्रे शुम्भनी अग्निर्जनविन्मह्यं जायामिमामदात्सोमो वसुविन्मह्यं जायामिमामदात्पूषा जातिविन्मह्यं जायामिमामदादिन्द्रः सहीयान्मह्यं जायामिमामदादग्नये जनविदे स्वाहा सोमाय वसुविदे स्वाहा पूष्णे जातिविदे स्वाहेन्द्राय सहीयसे स्वाहेत्यागच्छतः ॥१०॥ सविता प्रसवानामि-

"अघोरचक्षुः०" से तीन वार परिक्रमण करावे ॥१७—२२॥ और घर के कुल देवता को बहू नमस्कार करती समय कर्त्ता "यदा गार्हपत्यं०" इत्यादि मं० से अनुमंत्रण करे ॥२३॥३॥७७॥ यह सतहत्तरवी कण्डिका पूरी हुई ।

"शर्मवर्म०" इत्यादि मंत्र से लाल बैल के चर्म को लाते हुए पढ़े, "चर्म चोपस्तृणीथन०" इत्यादि मंत्र से चर्म बिछाते समय पढ़े। और तृणों को लाते समय "यं बल्वजं०" इत्यादि पढ़े। जमीन पर प्रथम तृणों को बिछाकर उस पर चर्म को बिछावे । "आरोहतु" कह कर उसपर आरोहण कराकर "तत्रोपविश०" से उसपर उसे बिठलावे और कल्याण-वाचक नाम वाले ब्राह्मणायन के उत्तर मुख गोद में "सुज्यैष्ठ्य०" मंत्र से वर-वधू को बिठाकर "वितिष्ठन्ताम्०" से कुमार के लिये फल, मोदकादि देकर तब उसे उठावे ॥१—९॥ "तेन भूतेन०" इत्यादि मंत्रों से वर वधू के आते समय आहुतियां देवे। एवं "सविता

ति मूर्ध्नोः संपातानानयति ॥११॥ उदपात्र उत्तरान् ॥१२॥ शुम्भन्याञ्जल्योर्निनयति ॥१३॥ तेन भूतेनेति समशनम् ॥१४॥ रसानाशयति स्थालीपाकं च ॥१५॥ यवानामाज्यमिश्राणां पूर्णाञ्जलिं जुहोति ॥१६॥४॥७८॥

सप्त मर्यादा इति तिसृणां प्रातरावपते ॥१॥ अक्ष्यौ नाविति समाञ्जाते ॥२॥ महीमू ष्विति तल्पमालम्भयति ॥३॥ आरोह तल्पमित्यारोहयति ॥४॥ तत्रोपविश्येत्युपवेशयति ॥५॥ देवा अग्र इति संवेशयति ॥६॥ अभित्वेत्यभिच्छादयति ॥७॥ सं पितराविति समावेशयति ॥८॥ इहेमाविति त्रिः सन्नुदति ॥९॥ मदुघमणिमौक्षेऽपनीयेयं वीरुदमोऽहमिति संस्पृशतः ॥१०॥ ब्रह्म-

---

प्रसवानां०" इत्यादि से दोनों के शिरों पर आहुतियों का ढार देवे ॥१०॥११॥ "तेन भूतेन०" से रसों और स्थाली पाक का दोनों को भोजन करावे ॥१२॥१३॥१४॥१५॥ और आठ ऋ० वाले कल्पजसूक्त, एवं "आगच्छत०" इत्यादि ३ ऋ० वाले सूक्त और "सविता प्रसवानां०" सूक्त–इन सूक्तों से यव मिले आज्य की अञ्जुलियों से वर वधू हवन करें और सम्पातों को वर वधू के शिर पर डालते जावें ॥१६॥४॥७८॥ यह अठहत्तरवी कण्डिका पूरी हुई ।

"सप्त मर्य्यादा०" इत्यादि ऋ० से प्रातःकाल आहुति करें । "अक्ष्यौ नौ०" से दोनों परस्पर एक दूसरे को कज्जल से नेत्रों में अञ्जन करें ॥१॥२॥ और "महीमूषु०" से शय्या को स्पर्श करें । "आरोह तल्प०" कहने पर शय्यापर चढ़ावें "तत्रोपविशेत्" कहने पर–उन्हें बिठलावे और "देवा अग्रे०" पढ़कर दोनों को शय्या पर संवेशन करावे ॥६॥ "अभित्वामनुजातेन०" से दोनों को वस्त्र ओढ़ा देवे ॥७॥ "संपितरौ०" इत्यादि ४ ऋचाओं से दोनों को एक दूसरे के मुख सम्मुख करे ॥८॥ "इहेमौ०" से एक दूसरे के कण्ठ को ग्रहण करे ॥९॥ मदुघ-मणि को सुगन्ध में डालकर पीसकर उबटन बनाकर "इयं वीरुत्०" इस सूक्त से दोनों को उबटन लगावे ॥ "अमोऽहं०" इस दो ऋचा से अक्षत पढ़कर

जज्ञानमित्यङ्गुष्ठेन व्यचस्करोति ॥११॥ स्योनाद्योनेरित्यु-त्थापयति॥१२॥परिधापनीयाभ्यामहतेनाच्छादयति॥१३॥ बृहस्पतिरिति शष्पेणाभिघार्य व्रीहियवाभ्यामभिनि-धाय दर्भपिञ्जूल्या सीमन्तं विचृतति ॥१४॥ शणशक-लेन परिवेष्ट्य तिस्रो रात्रीः प्रति सुप्तास्ते ॥१५॥ अनु-वाकाभ्यामन्वारब्धाभ्यामुपदधीत ॥१६॥ इहेदसाथेत्येत-या शुल्कमपाकृत्य ॥१७॥ द्वाभ्यां निवर्तयतीह मम राध्य-तामत्र तवेति ॥१८॥ यथा वा मन्यन्ते ॥१९॥ परा देही-ति वाधूयं ददतमनुमन्त्रयते ॥२०॥ देवैर्दत्तमिति प्रति-गृह्णाति ॥२१॥ अपास्मत्तम इति स्थाणावासजति ॥२२॥

एक दूसरे को कण्ठ ग्रहण करे और "ब्रह्म जज्ञानं०" से वर वधू के नाभि प्रदेश को (जननेन्द्रिय को) स्पर्श करे ॥१०॥११॥ "स्योनाद्योनेः०" से दोनों को उठावे ॥१२॥ "या अकृन्तनत्वष्टा वासो०" इत्यादि दो ऋ० से दोनों के अखण्ड नये वस्त्रों को ओढ़ा देवे ॥ "बृहस्पति०" इत्यादि मंत्र से शष्प द्वारा अभिघारण कर व्रीहि और यवों का दर्भ पिञ्जुलि से वधू के मांग को (सीमन्त) केशों को शिर के बीचो बीच दोनों ओर फाड़कर सज देवे ॥१३॥१४॥ शण के टुकड़े से वधू के जूड़े को लपेट कर बान्ध देवे और तीन रात्रि दोनों साथ सोवें ॥१५॥ सब कर्म-काण्डों में आज्य की आहुति होती है। परन्तु तन्त्र की विधि है "आज्य, समिध, पुरोडाश, व्रीहि, यव, तिल आदि में से किसी एक से आहुति देवे। अतएव आज्य आदि १३ हविष्य वस्तुओं में से-किसी एक की "सत्येनोत्तभित०" इन दो अनुवाकों से आहुतियाँ देवे ॥१६॥ यदि चतुर्थी कर्म के भीतर वधू रजस्वला हो जावे तो उसका प्रायश्चित करे॥ "इहे-दसाथ०" ऋचा से वर वधू को अलग २ दहेज देवे ॥१७॥ "द्वाभ्यां निवर्तयतीह०" इत्यादि वर पढ़े ॥१८॥ या जैसा चाहें वैसा करें ॥१९॥ "परादेहि०" से बहू को पहनने को वस्त्र देते समय अनुमंत्रण करे। और "देवैर्दत्तं०" से वस्त्र को ग्रहण करे ॥२०॥२१॥ "अपास्मत्तम०" से वस्त्र को वर वधू के शरीरों पर डाल देवे ॥२२॥ "यावतीः कृत्या०"

यावतीः कृत्या इति व्रजेत् ॥२३॥ या मे प्रियतमेति वृक्षं प्रतिच्छादयति ॥२४॥ शुम्भन्याप्लुत्य ॥२५॥ ये अन्ता इत्याच्छादयति ॥२६॥ नवं वसान इत्याव्रजति ॥२७॥ पूर्वापरं यत्र नाधिगच्छेद्ब्रह्मापरमिति कुर्यात् ॥२८॥ गौर्दक्षिणा प्रतीवाहः ॥२९॥ जीवं रुदन्ति यदीमे केशिन इति जुहोति ॥३०॥ एष सौर्यो विवाहः ॥३१॥ ब्रह्माप-रमिति ब्राह्मयः ॥३२॥ आवृतः प्राजापत्याः प्राजापत्याः ॥३३॥५॥७९॥ इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे दशमोऽध्यायः समाप्तः ॥१०॥

अथ पितृमेधं व्याख्यास्यामः ॥१॥ दहननिधानदेशे-परिवृक्षाणि निधानकाल इति ब्राह्मणोक्तम् ॥२॥ दुर्बली-

से वस्त्रों को लेकर चले ॥२३॥ "या मे प्रियतम०" से वस्त्र से वृक्ष को ढाके, "नवं वसान०" पढ़कर आवें, यदि पुरोहित विवाह कर्म कराने में पूर्वापर कर्म का अनुक्रम न जाने तो "ब्रह्मापरं०" इत्यादि ऋ० से कर्म करावे और अभ्यातानादि उत्तर तंत्र, हस्तहोम, मंत्रों का विकल्प और यदि पूर्वस्थण्डिल में अग्नि करे तो उत्तर तंत्र करना चाहिये और "कामस्तदग्र०" इत्यादि काम सूक्त का जप करे ॥२४—२८॥ कर्त्ता (पुरोहित) को गौदक्षिणा देवे ॥२९॥ यदि वधू पिता घर पर रोवे तो "जीवं रुदन्ति०" इत्यादि से आहुतियाँ देवे ॥३०॥ यह "सौर्यविवाह" कहलाता है ॥३१॥ "ब्रह्मापरं०" इत्यादि से जो विवाह होता है वह "ब्राह्मय" विवाह कहलाता है ॥३२॥ विना मंत्र के जो विवाह होता है वह प्राजापत्यविवाह होता है या शूद्र का विवाह है ॥३३॥५॥७९॥ इय उन्यासीवी कण्डिका समाप्त हुई ।

यह अथर्ववेद के कौशिक सूत्र का दशम अध्याय समाप्त हुआ ॥१०॥

अब अन्त्येष्टि कर्म्म को कहेंगे । वृक्ष रहित प्रदेश में दहन स्थान बनावे—ऐसा ब्राह्मण ग्रन्थ में लिखा है ॥१॥२॥ जब पित्र आदि दुर्बल

भवन्तं शालातृणेषु दर्भानास्तीर्य स्योनास्मै भवेत्यवरोहयति ॥३॥ मन्त्रोक्तावनुमन्त्रयते ॥४॥ यत्ते कृष्ण इत्यवदीपयति ॥५॥ आहिताग्नौ प्रेते सम्भारान् सम्भरति ॥६॥ आज्यं च पृषदाज्यं चाजं च गां च ॥७॥ वसनं पञ्चमम् ॥८॥ हिरण्यं षष्ठम् ॥९॥ शरीरं नान्वालभते ॥१०॥ अन्यं चेष्टन्तमनुमन्त्रयते ॥११॥ शान्त्युदकं करोत्यसकलं चातनानां चान्वावपते ॥१२॥ शान्त्युदकोदकेन केशश्मश्रुरोमनखानि संहारयन्ति ॥१३॥ आप्लावयन्ति ॥१४॥ अनुलिम्पन्ति ॥१५॥ स्रजोऽभिहरन्ति ॥१६॥ एवं स्नातमलंकृतमहतेनावाग्दशेन वसनेन प्रच्छादयत्येतत्ते देव एत-

---

अर्थात् मृत्यु को प्राप्त हो जावें या मरणापन्न हो जावें (यह संस्कार आहिताग्नि और एकाग्नि का है) तो अग्निशाला या आवसथ्यशाला में शाला तृणों को बिछाकर उस पर दर्भ तृणों को डालकर "स्योनास्मै भव०" इत्यादि से मृत वा मरणापन्न को उस बिछाये तृणों पर अवरोहण करावे ॥३॥४॥ "यत्ते कृष्ण०" से दीप जला देवे ॥५॥ यदि काक, पिपीलिका, सर्प, व्याघ्र, सींग वाले जन्तु, श्वापद, आदि जन्तुओं के सींग, नख, दन्त आदि के काटने से मनुष्य का मृत्यु होवे, तो उसका प्रायश्चित्त इस प्रकार होगा "यत्ते कृष्णः शकुनि०" इत्यादि ३ ऋचा से अग्नि को अभिमंत्रित कर दंशित-व्रण को उससे जला देवे ॥६॥ आहिताग्नि के मरने पर वक्ष्यमाण सामग्रियों को एकत्र कर रक्खे ॥६॥ शुद्ध अग्नि, दर्भ, तिल, घृत, हिरण्य शकल, चन्दनकाठ, गोपीचन्दन, तुलसी, पिष्ट, ताम्रपात्र, गोबर, कुदार, अखण्ड नयावस्त्र, सूत ॥७॥८॥९॥ सात कुर्सी के भीतर के व्यक्तियों को अन्य लोग बिना शुद्ध हुए नहीं स्पर्श करते हैं ॥१०॥ चेष्टा करते हुए अन्य व्यक्ति को अनुमंत्रण करे ॥११॥ कर्त्ता सकल प्रतीकत्रय से और ओषधित्रय से मातृ नाम प्रतीकत्रय को शान्त्युदक में आवपन करे ॥१२॥ शान्ति जल से, शिरके केश, दाढ़ी, मूँछ, लोम और नखों को कटवावे ॥१३॥ और प्रेत शरीर को जलाशय में डुबाकर स्नान करावें ॥१४॥ श्मशान भूमि को लीपे और स्रज से अग्नि को लावे ॥१४॥१५॥१६॥ इस भाँति नहवा धोलाकर के अखण्ड

त्वा वासः प्रथमं न्वागन्निति ॥१७॥ अपेममित्यग्निषु जुहोति ॥१८॥ उखाः कुर्वन्ति ॥१९॥ ताः शकृदाभ्यन्तरं लिम्पन्ति शुष्केण वा पूरयन्ति ॥२०॥ ताः पृथगग्निभिः संतापयन्त्या शकृदादीपनात् ॥२१॥ तेषां हरणानुपूर्वमाहवनीयं प्रथमं ततो दक्षिणाग्निं ततो गार्हपत्यम् ॥ ॥२२॥ अथ विदेशे प्रेतस्या रोहत जनित्रीं जातवेदस इति पृथगरणीष्वग्नीन्समारोपयन्ति ॥२३॥ तेषु यथोक्तं करोति ॥२४॥ अपि वान्यवत्सायाा वा संधिनीक्षीरेणैकशलाकेन वा मन्थेनाग्निहोत्रं जुहोत्या दहनात् ॥२५॥ दर्शपूर्णमासयोः कृष्णकतण्डुलानां तस्या आज्येन नान्तं न बहिः ॥२६॥ पलालानि बर्हिः ॥२७॥ तिलिपञ्ज्या इध्माः ॥२८॥ ग्रहानाज्यभागौ पुरस्ताद्धोमसंस्थितहोमानुद्धृत्य ॥२९॥ प्राणापानावरुद्ध्यै निधनाभिर्जुहुयात् ॥३०॥ अथो-

---

चीरे द्वार नये वस्त्र से "एतत्ते देव०" मंत्र से प्रेत को ढाक देवे ॥१७॥ "अपेमं०" मंत्र से अग्नि में आहुतियाँ देवे ॥१८॥ और "उखायें" तय्यार करे ॥१९॥ उखाओं को गोबर से लीप देवे या सूखे गोबर से उनको भर देवे ॥२०॥ उनमें एकही वार में अग्नि डाल कर सूखे गोबर को जलावे ॥२१॥ उनका हरणानुक्रम से आहवनीय अग्नि को पहिले। तब दक्षिणाग्नि को और अन्त में गार्हपत्याग्नि को ॥२२॥ यदि देशान्तर में मृत्यु हो तो आहिताग्नि का कर्म इस भाँति करे। "प्रेतस्यारोहत०" मंत्र से अरणी द्वारा अग्नि उत्पन्न कर उनमें यथोक्त प्रकार से कर्म करे ॥२३॥२४॥ अथवा अन्य वत्सा को गौ के पास धरकर जो दूध दूहा जाता—ऐसी गौ के दूध से एक शला का द्वारा या मन्थ से अग्निहोत्र की आहुति करे जब तक प्रेत का दाह होता रहे ॥२५॥ दर्शपूर्णमास में काले चावलों की उक्त गौ के दूध से न अन्त में न बाहर आहुति करे ॥२६॥ पलालों से बर्हि होम करे ॥२७॥ तिल के डांठ का इध्म करे ॥२८॥ ग्रह होम, आज्यभाग के होम, पुरस्तात् होम, संस्थित होमों को निकाल कर, प्राण, अपान वायु को रोककर निधनाग्नि से आहुति करे ॥२९॥३०॥

भयोरुत्तिष्ठेत्युत्थापयति ॥३१॥ प्रच्यवस्वेति त्रिः संहापयति यावत्कृत्वश्चोत्थापयति ॥३२॥ एवमेव कूदीं जघने निबध्य ॥३३॥ इमौ युनज्मीति गावौ युनक्ति पुरुषौ वा ॥३४॥ उत्तिष्ठ प्रेहि प्रच्यवस्वोदन्वतीत एतेऽग्नीषोमेदं पूर्वमिति हरिणीभिर्हरेयुरति द्रवेत्यष्टभिः ॥३५॥ इदं त इत्यग्निमग्रतः ॥३६॥ प्रजानत्यघ्न्य इति जघन्यं गामेधमग्निं परिणीय ॥३७॥ स्योनास्मै भवेत्युत्तरतोऽग्नेः शरीरं निदधाति ॥३८॥ अध्वर्यव इष्टिं निर्वपन्ति ॥३९॥ तस्यां यथादेवतं पुरस्ताद्धोमसंस्थितहोमानुद्धृत्य ॥४०॥ प्राणापानावरुद्ध्यै निधनाभिर्जुहुयात् ॥४१॥ अथोभयोरपेत ददामीति शान्त्युदकं कृत्वा सम्प्रोक्षणीभ्यां काम्पीलशाखया दहनं सम्प्रोक्ष्य ॥४२॥ उदीरतामित्युद्धृत्याभ्युक्ष्य लक्षणं कृत्वा पुनरभ्युक्ष्य प्राग्दक्षिणमेधश्चिन्वन्ति ॥४३॥ इयं नारीति पत्नीमुपसंवेशयति ॥४४॥ उदीर्ष्वेत्यु-

---

॥३०॥ अब "उभयोरुत्तिष्ठेत्०" मंत्र से दोनों का उत्थापन करे ॥३१॥ इसी प्रकार कूदी को जंघे में बान्धकर "इमौ युज्मि०" मंत्र से दो गौ या दो पुरुषों को गाड़ी में जोते ॥३२॥३३॥३४॥ "उत्तिष्ठ प्रेहि०" इत्यादि से हरिणी से कलश को उठाकर "द्रव०" इत्यादि आठ ऋचाओं से हड्डियों को अभिमंत्रित करके "इदं त०" से प्रेत के आगे अग्नि को धर कर "प्रजानत्यघ्न्य०" से जघन्य गौ को अग्नि की परिक्रमा करके "स्योनास्मै भव०" से अग्नि के उत्तर भाग में शरीर को रख देवे ॥३५॥३६॥ ३७॥३८॥ और अध्वर्युगण इष्टि को निर्वपन करें ॥३९॥ पुरस्तात् होम और संस्थित होमों को निकालकर प्राणापान को रोककर निधनाग्नि से आहुति देवे ॥४०॥४१॥ "अथोभयोरपेत ददामि०" से शान्ति उदक को करके संप्रोक्षणियों से काम्पील शाखा द्वारा दहन स्थान का मार्जन करके ॥४२॥ "उदीरतां०" इत्यादि से अभ्युक्षण कर रेखा खींच कर पुनः मार्जन करके पूर्व दक्षिण भाग में समिधों को आधान करे और "इयं नारी०" मंत्र से पत्नी को मरणार्थ प्रेत के स्थान सोला देवे ॥४३॥४४॥ "उदीर्ष्वं०"

स्थापयति ॥४५॥ यद्धिरण्यं बिभर्ति तद्दक्षिणे पाणावा-दायाज्येनाभिघार्य ज्येष्ठेन पुत्रेणादापयतीदं हिरण्यमिति ॥४६॥ स्वर्गं यत इति दक्षिणं हस्तं निर्मार्जयति ॥४७॥ दण्डं हस्तादिति मन्त्रोक्तं ब्राह्मणस्यादापयति ॥४८॥ धनुर्हस्तादिति क्षत्रियस्य ॥४९॥ अष्ट्रामिति वैश्यस्य ॥५०॥ इदं पितृभ्य इति दर्भानेधान्स्तृणाति ॥५१॥ तत्रैनमुत्तानमादधीतेजानश्चित्तमारुक्षदग्निमिति ॥५२॥ प्राच्यां त्वा दिशीति प्रतिदिशम् ॥५३॥ नेत्युपरिबभ्रवः ॥५४॥ अनुमन्त्रयते ॥५५॥ अथास्य सप्तसु प्राणेषु सप्त हिरण्यशकलान्यवास्यस्यमृतमस्यमृतत्वायामृतमस्मिन्धे-हीति ॥५६॥१॥८०॥

अथाहिताग्नेर्दर्भेषु कृष्णाजिनमन्तर्लोमास्तीर्य ॥१॥ तत्रैनमुत्तानमाधाय ॥२॥ अथास्य यज्ञपात्राणि पृषदा-

---

मंत्र से उसे उठावे ॥४५॥ और जो सोने का भूषण पहने हो उसको दहिने हाथ में लेकर आज्य के साथ घी का धार देकर जेठे पुत्र द्वारा "इदं हिरण्यं०" मंत्र पढ़कर दिलवावे ॥४६॥ "स्वर्गं यत:०" से दहिने हाथ को मार्जन करे ॥४७॥ "दण्डं हस्तात्०" मंत्रोक्त विधि से ब्राह्मण का दिलवावे "धनुर्हस्तात्०" से क्षत्रिय का और "अष्ट्रां०" से वैश्य का ॥४८॥४९॥५०॥ "इदं पितृभ्य:०" डाभ तृणों का आस्तरण करे ॥५१॥ उन बिछाये हुए कुशों पर "जानश्चित्तमारुक्षदग्निं०" से प्रेत को चित्त (उत्तान) डाल देवे ॥५२॥ "प्राच्यां त्वा दिशि०" से प्रति दिशा में करे ॥५३॥ "उपरिबभ्रव:" आचार्य्यगण ऐसा नहीं करते ॥५४॥ अनु-मंत्रण करे ॥५५॥ अब १ मुख, २ कान, दो नाक के छिद्र और दो नेत्र इन सात प्राणों में सोने के सात टुकड़ों को "अमृतमसि०" इत्यादि से डाले ॥५६॥१॥८०॥ यह अस्सीवी कण्डिका समाप्त हुई ॥

अब आहिताग्नि के अग्नि के पास बिछाये हुए कुशों पर काले मृग-चर्म को लोम ऊपर को करके बिछा देवे ॥१॥ उस पर प्रेत को उत्तान रख देवे ॥२॥ और इसके यज्ञपात्रों को पृषदाज्य से पूरा करके अनुरूप

ज्येन पूरयित्वानुरूपं निदधाति ॥३॥ दक्षिणे हस्ते जुहूम् ॥४॥ सव्य उपभृतम् ॥५॥ कण्ठे ध्रुवां मुखेऽग्निहोत्र-हवणीं नासिकयोः स्रुवम् ॥६॥ तान्यनुमन्त्रयते जुहू-र्दाधार द्यां ध्रुव आ रोहेति ॥७॥ ललाटे प्राशित्रहरणम् ॥८॥ इममग्ने चमसमिति शिरसीडाचमसम् ॥९॥ देवा यज्ञमित्युरसि पुरोडाशम् ॥१०॥ दक्षिणे पार्श्वे स्फ्यं सव्य उपवेषम् ॥११॥ उदरे पात्रीम् ॥१२॥ अष्ठीवतोरु-लूखलमुसलम् ॥१३॥ श्रोण्योः शकटम् ॥१४॥ अन्तरे-णोरू अन्यानि यज्ञपात्राणि ॥१५॥ पादयोः शूर्पम् ॥१६॥ अपो मृन्मयान्युपहरन्ति ॥१७॥ अयस्मयानि निदधाति ॥१८॥ अमा पुत्रा च दृषत् ॥१९॥ अथोभयोरपश्यं युव-तिं प्रजानत्यघ्न्य इति जघन्यां गां प्रसव्यं परिणीय-मानामनुमन्त्रयते ॥२०॥ तां नैर्ऋतेन जघनताघ्नन्त उपवेशयन्ति ॥२१॥ तस्याः पृष्ठतो वृक्कावुद्धार्य पाण्योर-

---

शरीर के प्रत्येक अंगों पर धरे ॥३॥ दहिने हाथ पर जुहू को, वाम हाथ में उपभृत् , कण्ठ में ध्रुवा को, मुख में अग्निहोत्र हवणी, नाक के छिद्रों में स्रुव को—उनको "जुहूर्दाधार०" मंत्र से अनुमंत्रण, ललाट पर प्राशि-त्रहरण को धरे "इममग्ने चमसं०" से इडाचमस को धरे ॥९॥ "देवा यज्ञं०" से कलेजे पर पुरोडाश को धरे ॥१०॥ दक्षिणपार्श्व में स्फ्य को वामपार्श्व में उपवेश को धरे ॥११॥ पेट पर पात्री को धरे ॥१२॥ और अष्ठीवत में उलूखल और मुसल क्रम से धरे ॥१३॥ श्रोणी में शकट को, दोनों जंघों के भीतर अन्यान्य यज्ञपात्रों को, दोनों पैरों पर शूर्प को ॥१४॥१५॥१६॥ जल को माटी के बर्तनों में लावे लोहे के बर्तनों को धरे, लोढ़ा, सीलवट ॥१७॥१८॥ अब "अथोभयोरपश्यं युवतिं प्रजा-त्यघ्न्य०" से जघन्या गौ को वामभाग से चलकर परिक्रमा करता हुआ अनुमंत्रण करे ॥२०॥ उस गौ को नैर्ऋत कोण से हनन करता हुआ उप-वेशन करे ॥२१॥ उसके पृष्ठभाग से दोनों वृक्‍ को निकाल कर दोनों

स्यादघस्यति द्रव श्वानाविति ॥२२॥ दक्षिणे दक्षिणं सव्ये सव्यम् ॥२३॥ हृदये हृदयम् ॥२४॥ अग्नेर्वर्मेति वपया सप्तच्छिद्रया मुखं प्रच्छादयन्ति ॥२५॥ यथागात्रं गात्राणि ॥२६॥ दक्षिणैर्दक्षिणानि सव्यैः सव्यानि ॥२७॥ अनुबद्धशिरःपादेन गोशालां चर्मणावच्छाद्य ॥२८॥ अजो भाग उत्त्वा वहन्त्स्वति दक्षिणतोऽजं बध्नाति ॥२९॥ अस्माद्वै त्वमजायथा अयं त्वदधि जायतामसौ स्वाहे-त्युरसि गृह्ये जुहोति ॥३०॥ तथाग्निषु जुहोत्यग्नये स्वाहा कामाय स्वाहा लोकाय स्वाहेति ॥३१॥ दक्षिणाग्नावि-त्येके ॥३२॥ मैनमग्ने वि दहः शं तप आरभस्व प्रजानन्त इति कनिष्ठ आदीपयति ॥३३॥ आदीप्ते स्रुवेण यामान् होमाञ्जुहोति परेयिवांसं प्रवतो महीरिति ॥३४॥ यमो नो गातुं प्रथमो विवेदेति द्वे प्रथमे ॥३५॥ अङ्गिरसो नः पितरो नवग्वा इति संहिताः सप्त ॥३६॥ यो ममार

हाथों पर "अतिद्रव श्वानौ०" से दहिने पर दहिने को, वाम पर वाम को ॥२२॥२३॥ हृदय पर हृदय को "अग्नेर्वर्म०" से वपा द्वारा सात छिद्रों को ढाक देवे ॥२४॥२५॥ जिस प्रकार शरीर के अंग हैं उसी प्रकार प्रत्येक अंगों को धरे ॥२६॥ दहिने पर दहिनों को, बायें पर बायों को धरे ॥२७॥ शिर पैरों को बांधकर गौ को गोशाला में चमड़े से ढाक देकर "अजो भाग उत्त्वा वहन्तु०" से दक्षिणभाग में बकरे को बान्धे ॥२९॥ "अस्माद्वै०" से हृदय पर आहुति देवे ॥३०॥ उसी प्रकार अग्नये स्वाहा०" इत्यादि से अग्नियों में आहुतियाँ देवे ॥३१॥ दक्षिणाग्नि में आहुति देवे—ऐसा कोई २ आचार्य कहते हैं ॥ ३२ ॥ "मैनमग्ने विदह०" इत्यादि से सब से छोटा पुत्र अग्नि प्रज्वलित करे ॥ ३३ ॥ अग्नि प्रज्वलित हो जाने पर स्रुव से "परेयिवांसं प्रवतो महीः०" मंत्र से याम होमों की आहुतियाँ देवे ॥३४॥ "यमो नो गातुं०" इत्यादि पहिली दो आहुतियाँ देवे ॥३५॥ "अङ्गिरसो नः पितरो नवग्वा" इत्यादि से लगा-तार ७ आहुतियाँ देवे ॥३६॥ "यो ममार प्रथमो मर्त्यानां०" इत्यादि से

प्रथमो मर्त्यानां ये नः पितुः पितरो ये पितामहा इत्येकादश ॥३७॥ अथ सारस्वताः ॥३८॥ सरस्वतीं देवयन्तो हवन्ते सरस्वतीं पितरो हवन्ते सरस्वति या सरथं ययाथ सरस्वति व्रतेषु त इदं ते हव्यं घृतवत्सरस्वतीन्द्रो मा मरुत्वानिति ॥३९॥ दक्षिणतोऽन्यस्मिन्ननुष्ठाता जुहोति ॥४०॥ सर्वैरुपतिष्ठन्ति त्रीणि प्रभृतिभिर्वा ॥४१॥ अपि वानुष्ठानीभिः ॥४२॥ एता अनुष्ठान्यः ॥४३॥ मैनमग्ने वि दह इति प्रभृत्यव सृजेति वर्जयित्वा सहस्रनीथा इत्यातः ॥४४॥ आ रोहत जनित्रीं जातवेदस इति पञ्चदशभिराहिताग्निम् ॥४५॥ मित्रावरुणा परि मामधातामिति पाणी प्रक्षालयते ॥४६॥ वर्चसा मामित्याचामति ॥४७॥ विवस्वान्न इत्युत्तरतोऽन्यस्मिन्ननुष्ठाता जुहोति ॥४८॥२॥८१॥

यवीयः प्रथमानि कर्माणि प्राङ्मुखानां यज्ञोपवीतिनां दक्षिणावृताम् ॥१॥ अथैषां सप्तसप्त शर्कराः पाणिष्वाव-

---

११ आहुतियाँ देवे ॥३७॥ अब सारस्वत हवन करे ॥३८॥ "सरस्वतीं देवयन्तो हवन्ते०" इत्यादि मंत्रों से दक्षिण भाग में आहुतियाँ देवे और दूसरे अग्नि में अनुष्ठाता आहुति देवे ॥३८॥३९॥ ४० सब मंत्रों से या तीन मंत्रों से उपस्थान करें ॥४१॥ या अनुष्ठानी ऋचाओं से उपस्थान करें ॥४२॥ ये अनुष्ठानी ऋचायें हैं ॥४३॥ "मैनमग्ने विदह०" इत्यादि से "अवसृज०" तक छोड़ कर सहस्रनीथा०" इत्यादि तक जानो ॥४४॥ "आ रोहत जनित्रीं जातवेदस०" इत्यादि १५ ऋचाओं से आहिताग्नि को उपस्थान करे ॥४५॥ "मित्रावरुणा०" इत्यादि से दोनों हाथों को प्रक्षालन करे ॥४६॥ "वर्चसा मां०" इत्यादि से आचमन करे ॥४७॥ "विवस्वान्न०" से उत्तरभाग में आहुति करे और अन्य अग्नि में अनुष्ठाता आहुति करे ॥४८॥२॥८१॥ यह एक्यासीवी काण्डिका खतम हुई ।

बड़े प्रथम कर्मों को पूर्वमुख हो यज्ञोपवीती होकर दक्षिणावृत होम

पते ॥२॥ तासामेकैकां सव्येनावाचीनहस्तेनावकिरन्तो-ऽनवेक्षमाणा व्रजन्ति ॥३॥ अपाघेनानुमन्त्रयते ॥४॥ सर्वे-ऽग्रतो ब्राह्मणा व्रजन्ति ॥५॥ मा प्र गामेति जपन्त उद-कान्ते व्यपाघे जपन्ति ॥६॥ पश्चादवसिञ्चति ॥७॥ उदु-त्तममिति ज्येष्ठः ॥८॥ पयस्वतीरिति ब्रह्मोक्ताः पिञ्जूली-रावपति ॥९॥ शान्त्युदकेनाचम्याभ्युक्ष्याश्वावतीमिति नदीं तारयते ॥१४॥ नक्षत्रं दृष्ट्वोपतिष्ठते नक्षत्राणां मा संकाशश्च प्रतीकाशश्चावतामिति ॥११॥ शाम्याकीः समि-ध आधायाग्रतो ब्रह्मा जपति ॥१२॥ यस्य त्रया गतमनुप्र-यन्ति देवा मनुष्याः पशवश्च सर्वे। तं नो देवं मनो अधि-ब्रवीतु सुनीतिर्नो नयतु द्विषते मा रधामेति शान्त्यु दकेनाच-म्याभ्युक्ष्य ॥१३॥ निस्सालामिति शालानिवेशनं सम्प्रोक्ष्य ॥१४॥ ऊर्जं बिभ्रदिति प्रपादयति ॥१५॥ नदीमालभ्भ-

---

करे ॥१॥ अब इनके सात २ टुकड़े हाथों पर आवपन करे ॥२॥ उनमें से एक २ को वाम हाथ नीचे करके अवकिरण (छीटें-बखेरें) करते हुए इधर उधर न देखते हुए जावे ॥३॥ और "अपाघेन०" मंत्र से अनुमंत्रण करें ॥४॥ सब के आगे २ ब्राह्मण गण जावें ॥५॥ "मा प्र गाम०" इत्यादि का जप करते हुए जल के पास पहुँच कर जप करें ॥६॥ पीछे जल का सेक करे ॥७॥ "उदुत्तमं०" इत्यादि से जेठा जप करे ॥८॥ "पयस्वतीः०" से ब्राह्मण के कहने पर पिञ्जुलियों का आवपन करे ॥९॥ शान्ति जल से आचमन करके अभ्युक्षण कर "अश्वावतीं०" ऋचा से नदी को पार करे ॥१०॥ नक्षत्र को देख कर "नक्षत्राणां०" इत्यादि से उपस्थान करे ॥११॥ शाम्याकी समिधों का आधान करके आगे ब्रह्मा जप करे ॥१२॥ अर्थात् वक्ष्यमाण मंत्र का जप करे—"यस्य त्र्या०" इत्यादि मंत्र का जप करके शान्ति जल से आचमन और अभ्युक्षण करके "निस्सालां०" शाला में निवास करे और उसका संप्रोक्षण करके "ऊर्जं बिभ्रदिति०" से टहले ॥१३॥१४॥१५॥ नदी को स्पर्श करे एवं गौ,

यति गामग्निमश्मानं च ॥१६॥ यवोऽसि यवयास्मद्द्वेषो यवयारातिमिति यवान् ॥१७॥ खल्वकास्येति खल्वा-न्खलकुलांश्च ॥१८॥ व्यपाद्याभ्यां शाम्याकीराधाप-यति ॥१९॥ तासां धूमं भक्षयन्ति ॥२०॥ यद्यत्क्रव्याद् गृह्णेद्यदि क्रव्यादा नान्तेऽपरेद्युः । दिवो नभः शुक्रं पयो दुहाना इषमूर्जं पिन्वमानाः ॥ अपां योनिमपाध्वं स्वधा याश्चकृषे जीवंस्तास्ते सन्तु मधुश्चुत इत्यग्नौ स्थालीपाकं निपृणाति ॥२१॥ आदहने चापि वान्यवत्सां दोहयित्वा तस्याः पृष्ठे जुहोति वैश्वानरे हविरिदं जुहो-मीति ॥२२॥ तस्याः पयसि ॥२३॥ स्थालीपाक इत्येके ॥२४॥ ये अग्नय इति पालाश्या दर्व्या मन्थमुपमथ्य काम्पीलीभ्यामुपमन्थनीभ्यां तृतीयस्यामस्थीन्यभिजु-होति ॥२५॥ उप द्यां शं ते नीहार इति मन्त्रोक्तान्यव-दाय ॥२६॥ क्षीरोत्सिक्तेन ब्राह्मणस्यावसिञ्चति मधू-

---

अग्नि, पत्थर को स्पर्श करे ॥१६॥ "यवोऽसि०" इत्यादि से गौओं को छूए ॥१७॥ और "खल्वकास्य०" मंत्र से खल्वा और खल कुलों को छूए ॥१८॥ "व्यपाद्या०" से शाम्या की इध्मों का आधान करे ॥१९॥ उनके धूम को भक्षण करे ॥२०॥ "यद्यत्क्रव्याद् गृह्णेत्०" इत्यादि मंत्रों से अग्नि पर स्थाली पाक को पकावे ॥२१॥ और दहन होते समय तक अन्य वत्सा को दूहकर उसके पीठ पर "वैश्वानरे हविरिदं जुहोमि०" से आहुति करे ॥२२॥ उसके दूध में स्थालीपाक पकावे ऐसा कोई २ आचार्य कहते हैं ॥२३॥२४॥ "ये अग्नय०" इत्यादि से पलाश की दर्वी से मन्थ को उपमथन करके काम्पीली की दोनों उपमन्थनी से तीसरी उखा में हड्डियों की आहुति देवे ॥२५॥ "उप द्यां शं ते नीहार०" इत्यादि मंत्र से मंत्रोक्त पदार्थों को लाकर तीसरे या चौथे दिन अस्थि संचय करके "उप द्यां०" इन दो मंत्रों से, "हिरण्यपाणिं०" इन तीन से और "शं ते नीहार०" इस एक ऋ० से मंत्र में कही ओषधियों, जल एवं दूध को एकत्र करके ब्राह्मण की हड्डियों को सिंचन करे ॥ मधु से क्षत्रिय की

त्सिक्तेन क्षत्रियस्योदकेन वैश्यस्य ॥२७॥ अव सृजेत्यनु-मन्त्रयते ॥२८॥ मा ते मनो यत्ते अङ्गमिति सञ्चिनोति पच्छः ॥२९॥ प्रथमं शीर्षकपालानि ॥३०॥ पश्चात्कलशे समोप्य सर्वसुरभिचूर्णैरवकीर्योत्थापनीभिरुत्थाप्य हरिणीभिर्हरेयुः ॥३१॥ मा त्वा वृक्ष इति वृक्षमूले निदधाति ॥३२॥ स्योनास्मै भवेति भूमौ त्रिरात्रमरसा-शिनः कर्माणि कुर्वते ॥३३॥ दशरात्र इत्येके ॥३४॥ यथा-कुलधर्मं वा ॥३५॥ ऊर्ध्वं तृतीयस्या वैवस्वतं स्थालीपाकं श्रपयित्वा विवस्वान्न इति जुहोति ॥३६॥ युक्ताभ्यां तृतीयाम् ॥३७॥ आनुमतीं चतुर्थीम् ॥३८॥ शेषं शान्त्यु-दकेनोपसिच्याभिमन्त्र्य प्राशयति ॥३९॥ आ प्रच्यवेथा-

हड्डियों को और जल से वैश्य की हड्डियों की सींचे। मंत्र में कही गयीं ओषधियाँ—शमी की डाल, दूध, शतपत्र, पलाशपत्र, वेतसकर्ण, नदी-फेन, सीसा, सेमार, मुक्तिका एवं सूक्तिका, ॥२६॥२७॥ हड्डियों को "अव सृज०" से अनुमंत्रण करे ॥ कलश में धरे ॥ और पलाश के पत्तों से "मा ते मनो यत्ते अङ्गं०" से पैर से लेकर सब अङ्गों को सींचे। पहिले शिर एवं कपाल आदि को सींचे। उसके अनन्तर ओषधियों के चूर्ण को कलशे में धर कर उसे उठाकर "उत्तिष्ठ प्रच्यवस्व उदन्वती इत एत अग्नीषोमा इदं पूर्वं०" इस मंत्र से कलश को उठाकर "अतिद्रव०" इत्यादि हरिणी ऋचाओं से अभिमंत्रण करके उत्थापक गण उठावें और "मा त्वा वृक्ष०" से वृक्ष के मूल में भूमि को खोद कर कलश को गाड़ देवे। और उस पर मट्टी डालकर भर देवे। उस पर पिण्डदान करे॥२८॥ ॥२९॥३०॥३१॥३२॥ "स्योनास्मै भव०" से भूमि में तीन रात्रि तक रस सहित भोजन करते हुए कर्मों को करें ॥३३॥ कोई कोई दश रात्रि तक कहते हैं ॥३४॥ किसी का मत है कि कुल में जैसी परिपाटी हो वैसा करें ॥३५॥ तीसरी रात्रि बीतने पर वैवस्वत स्थालीपाक को पका कर "विवस्वान्न०" से आहुतियाँ करे। "युक्ताभ्यां०" से तीसरी रात्रि में आहुति देवे और "आनुमतीं०" से चौथी आहुति करे ॥३६॥३७॥ और शेष को जल से सींच कर अभिमंत्रण करके प्राशन करे ॥३९॥ "आ प्र-

मिति गावावुपयच्छति ॥४०॥ एयमगन्निति दशगवावराध्यां दक्षिणा ॥ ४१ ॥ द्वादशरात्रं कर्ता यमव्रतं चरेत् ॥४२॥ एकचैलस्त्रिचैलो वा ॥४३॥ हविष्यभक्षः ॥४४॥ सायंप्रातरुपस्पृशेत्॥४५॥ ब्रह्मचारी व्रस्यधः शयीत॥४६॥ स्वस्त्ययनानि प्रयुञ्जीत ॥४७॥३॥८२॥

पितृन्निधास्यन्संभारान् संभरति ॥१॥ एकादश चरूंश्चर्ककृतान् कारयति ॥२॥ शतातृणसहस्रातृणी च पाशीमूषं सिकताः शङ्खं शालूकं सर्वसुरभिशमीचूर्णकृतं शान्तवृक्षस्य नावं त्रिपादकम् ॥३॥ द्वे निःशीयमाने नीललोहिते सूत्रे सव्यरज्जुं शान्तवृक्षस्य चतुरः शङ्कूंश्चतुरः परिधीन्वारणं शामीलमौदुम्बरं पालाशं वृक्षस्य शान्तौषधीः ॥४॥ माघे निदध्यान्माघं भूदिति ॥५॥ शरदि निदध्याच्छाम्यत्त्वघमिति ॥ ६ ॥ निदाघे निद-

च्यवेथा०” दो गौ को लावे ॥४०॥ “एयमगन्०” के दश गौवें दक्षिणा आचार्य को देवे ॥४१॥ बारह रात्रि तक कर्ता यम व्रत से रहे ॥४२॥ एक वस्त्र से या तीन वस्त्रों से युक्त रहे ॥४३॥ हविष्य अन्न भोजन करता रहे ॥४४॥ सायं प्रातः जल स्पर्श करे (शौच सन्ध्यादि कर्मों में) ॥४५॥ ब्रह्मचारी व्रती भूमि पर शयन करे ॥४६॥ और स्वस्त्ययन कर्म्मों को करे ॥४७॥३॥८२॥ यह ब्यासीवी कण्डिका खतम हुई ॥

पितृमेध यज्ञ करने के लिये सामग्रियों को एकत्र करे। यह यज्ञ साल भर करे या वर्ष के भीतर यथा समय करे॥१॥ ग्यारह चरु कुम्भकार से बनवावे। मट्टी के दो पात्र ऐसे बनवावें जो एक में सौ छिद्र हों दूसरे में १००० छिद्र हों॥ पाशीमूष, बालुका, शङ्ख, शालूक, सर्व सुरभि एवं शमी चूर्ण किया हुआ, शान्तवृक्ष का तीन पैर का नाव, पुराने वस्त्र के नीले एवं लाल रंग के, दो सूत, सव्यरज्जु, शान्त वृक्ष के चार शङ्कु, चार परिधी, वारण, शामिल, गूलर और पलाश-ये शान्तवृक्ष हैं ॥२॥३॥४॥ “माघे निदध्यान्माघं भूत्०” यह ब्राह्मण वचन है-इससे पितृमेधका समय निर्धारित होता है ॥५॥ शरत् ऋतु में

ध्याग्निदग्धतामघमिति ॥७॥ अमावास्यायां निदध्यादमा हि पितरो भवन्ति ॥८॥ अथावसानम् ॥९॥ तद्यत्समं समूलमविदग्धं प्रतिष्ठितं प्रागुदक्प्रवणम् ॥१०॥ यत्राकण्टका वृक्षाश्चौषधयश्च ॥११॥ उन्नतं स्वर्गकामश्च ॥१२॥ श्वोऽमावास्येति गां कारयते ॥१३॥ तस्याः सव्यं चापघनं प्रपाकं च निधाय ॥१४॥ भिक्षां कारयति ॥१५॥ ग्रामे याम्सारस्वतान् होमान् दत्त्वा॥१६॥ सम्प्रोक्षणीभ्यां काम्पीलशाखया निवेशनमनुचर्य ॥१७॥ प्राग्दक्षिणं शाखां प्रविध्य सीरेण कर्षयित्वा शाखाभिः परिवार्य ॥१८॥ पुनर्देहीति वृक्षमूलादादत्ते ॥१९॥ यत्ते कृष्ण इति भूमेर्वसने समोप्य सर्वसुरभिचूर्णैरवकीर्योत्थापनीभिरुत्थाप्य हरिणीभिर्हरेयुः ॥२०॥ अविदन्तो देशात्पांसून्

पितरों का निधान करने से पाप की शान्ति होती है ॥६॥ निदाघ ऋतु में निधान करने से पाप भस्म हो जाता है ॥७॥ अमावास्या तिथि में निधान करने से पितृगण अमा (साथ) होते हैं ॥८॥ अब अवसान (जहां मृत मनुष्य का अस्थि संचय कलश रहता है—उस स्थान को कहते हैं ॥) के विषय में कहते हैं ॥९॥ जो स्थान समचौरस समूल-जहां मुर्दा न जला हो—और पूर्व या उत्तर को ढालुआ हो ॥ जहाँ काटे, वृक्ष, ओषधियां न हों ॥१०॥११॥ स्वर्ग की इच्छा वाला उन्नत (ऊँची) भूमि को अवसान बनावे ॥१२॥ कल्ह प्रातःकाल अमावास्या तिथि होगी-पितृयज्ञ होगा—अतएव आज गौ का प्रबन्ध करवा रक्खे ॥१३॥ उसके वाम चापघन और प्रपाक को लाकर धरे और भिक्षा करवावे ॥१४॥१५॥ और ग्राम में याम एवं सारस्वत होमों की आहुतियां देकर संप्रोक्षणी ऋ० से काम्पील शाखा द्वारा निवेशन (घर) बनाकर पूर्व पश्चिम भाग में शाखा को गाड़कर उस भूमि को हल से जुतवा कर शाखाओं से घेरा बनाकर "पुनर्देहि" से वृक्ष के मूल में से अस्थि-कलश को लाकर भूमि में वस्त्र बिछाकर उस पर धरे। और सर्वसुरभि के चूर्णों को उस पर बखेर कर उत्थापनी ऋचा को पढ़कर उसे उठा

॥२१॥ अपि वोदकान्ते वसनमास्तीर्यासावित्ति ह्वयेत् ॥२२॥ तत्र यो जन्तुर्निपतेत्तमुत्थापनीभिरुत्थाप्य हरिणीभिर्हरेयुः ॥२३॥ अपि वा त्रीणि षष्टिशतानि पलाशत्सरूणाम् ॥२४॥ ग्रामे दक्षिणोदग्द्वारं विमितं दर्भैरास्तारयति ॥२५॥ उत्तरं जीवसंचरो दक्षिणं पितृसंचरः ॥२६॥ अनस्तमित आ यातेत्यायापयति ॥२७॥ आच्या जान्वित्युपवेशयति ॥२८॥ सं विशन्त्विति संवेशयति ॥२९॥ एतद्वः पितरः पात्रमिति त्रीण्युदकंसान्निनयति ॥३०॥ त्रीन् स्नातानुलिप्तान् ब्राह्मणान् मधुमन्थं पाययति ॥३१॥ ब्राह्मणो मधुपर्कमाहारयति ॥३२॥ गां वेदयन्ते

कर हरिणी ऋचा से लावें ॥१६॥१७॥१८॥१९॥२०॥ अस्थि के नाश हो जाने पर प्रायश्चित्त कर्म को कहते हैं। अस्थि यदि नष्ट हो जावें, उस स्थान से मट्टी (पांसुधूली) लेकर अस्थि गृह में डाल कर वहाँ से उठावे ॥२१॥ या जलाशय के पास वस्त्र को बिछाकर "असौ०" ऐसा कहे ॥२२॥ वहाँ यदि कोई जन्तु गिर पड़े तो उसको उत्थापनी ऋचाओं से उठाकर हरिणी ऋ० से लावें ॥ या ३६० पलाशकी त्सरु के प्रान्त भागों से पुरुष बनाकर वहाँसे उत्थापनी ऋ० से उठाकर हरिणी ऋ० से लावें ॥ शरीर के नाश होने पर भी या दग्ध हो जाने पर भी यही प्रायश्चित्त होता है ॥२३॥२४॥ ग्राम में जो मण्डप बना है उसके द्वार एक दक्षिण मुख एवं दूसरा उत्तर मुख बनावे और उसमें डाभों को बिछावे ॥२५॥ उत्तर द्वार अन्य जीवों का आने जाने का होगा एवं दक्षिण द्वार पितरों के लिये जानो ॥२६॥ सूर्य रहते समय "आयात" इत्यादि ऋचा पढ़कर अस्थियों को मण्डप में लावे ॥ और "आच्या जानु०" इत्यादि से उसको धरे ॥२७॥२८॥ संविशन्तु०" से उसको संवेशन करे ॥२९॥ "एतद्वः पितरः पात्रं०" से तीन जलपात्र लावे ॥३०॥ और तीन नहाये पूजादि करके निवृत्त हुए ब्राह्मणों को मधुमन्थ को पिलावे ॥३१॥ ब्राह्मण के लिये मधुपर्क लावे ॥३२॥ गौ को लाकर

॥३३॥ कुरुतेत्याह ॥३४॥ तस्या दक्षिणमर्धं ब्राह्मणान् भोजयति सव्यं पितॄन् ॥३५॥४॥८३॥

वह वपां जातवेदः पितृभ्यो यत्रैतान् वेत्थ निहितान्पराके । मेदसः कुल्या उप तान् स्रवन्तु सत्या एषामाशिषः सन्तु कामाः स्वाहा स्वधेति वपायास्त्रिर्जुहोति ॥१॥ इमं यमेति यमाय चतुर्थीम् ॥२॥ एकविंशत्या यवैः कृशरं रन्धयति युतमन्यत्प्रपाकं च ॥ ३ ॥ सयवस्य जीवाः प्राश्नन्ति ॥४॥ अथेतरस्य पिण्डं निपृणाति ॥५॥ यं ते मंन्थमिति मन्त्रोक्तं विमिते निपृणाति ॥६॥ तदुद्धृतोष्महर्तारो दासा भुञ्जते ॥ ७ ॥ वीणा वदन्त्वित्याह ॥८॥ महयत पितॄनिति रिक्तकुम्भं विमितमध्ये निधाय तं जरदुपानहाघ्नन्ति ॥९॥ कस्ये मृजाना इति त्रिः प्रसव्यं प्रकीर्णकेश्यः परियन्ति दक्षिणानूरूनाघ्नानाः ॥१०॥ एवं मध्यरात्रेऽपररात्रे च ॥११॥ पुरा विवाहात्

दिखलावे और ब्राह्मण कहे कि "करो" ॥३४॥ उस गौ का दहिना अर्द्ध भाग को ब्राह्मणों को खिलावे और वाम भाग को पितरों के निमित्त ॥३५॥४॥८३॥ यह तिरासीवी कण्डिका खतम हुई ॥

"वह वपां जातवेदः०"इत्यादि से वपा की तीन आहुतियाँ देवे ॥१॥ "इमं यमाय०"से चौथी आहुति देवे ॥२॥ इक्कीश यवों की खिचड़ी बनावे और दूसरे पाक को बनावे ॥३॥ यव की खिचड़ी को गोत्र वाले (सगोत्रीगण) लोग भोजन करें ॥४॥ और दूसरे प्रपाक का पिण्ड बनावे ॥५॥ "यं ते मन्थं०" से मन्त्रोक्त रीति से पिण्ड को विमित (पात्र) में धरे ॥ काम करने वाले दास भोजन करें ॥ प्रैष द्वारा "वीणां वदन्तु" ऐसा कहें तब बाजा बजावें "महयत पितॄन्०" से खाली घड़े को विमित में धर कर उसको पुराने जूते से मारें ॥९॥ "कस्येमृजाना०" से वाम ओर से शिर केशों को खोल कर दहिने जांघ को पीटती हुई तीन वार परिक्रमा करें ॥१०॥ इसी प्रकार आधीरात और आधीरात के पीछे करें

समांसः पिण्डपितृयज्ञः ॥१२॥ उत्थापनीभिरुत्थाप्य हरिणीभिर्हरेयुः ॥१३॥ अथावसायेति पश्चात् पूर्वकृतेभ्यः पूर्वाणि पूर्वेभ्योऽपराणि यवीयसाम् ॥१४॥ प्राग्दक्षिणां दिशमभ्युत्तरामपरां दिशमभितिष्ठन्ति ॥१५॥ यथा चितिं तथा श्मशानं दक्षिणापरां दिशमभिप्रवणम् ॥ ॥१६॥५॥८४॥

अथ मानानि ॥१॥ दिष्टिकुदिष्टिवितस्तिनिमुष्ट्यरत्निपदप्रक्रमाः ॥२॥ प्रादेशेन धनुषा चेमां मात्रां मिमीमह इति ॥३॥ सप्त दक्षिणतो मिमीते सप्तोत्तरतः पञ्च पुरस्तात् त्रीणि पश्चात् ॥४॥ नव दक्षिणतो मिमीते नवोत्तरतः सप्त पुरस्तात्पञ्च पश्चात् ॥५॥ एकादश दक्षिणतो मिमीत एकादशोत्तरतो नव पुरस्तात्सप्त पश्चात् ॥६॥ एकादशभिर्देवदाशनाम् ॥७॥ अयुग्ममानानि परि-

---

॥११॥ विवाह के पहिले समांस पिण्डपितृयज्ञ करे ॥१२॥ उत्थापनी ऋ० से उठावें और हरिणी से लावें ॥१३॥ यह कर्म अमावास्या के प्रातःकाल करे ॥ अर्थात् उन हड्डियों को मण्डप से उठा कर लावें और पाद पर धरें ॥ उसकी विधि यह है कि पीछे पूर्वकृत पितरों के लिये ॥ "अवसाय०" से पश्चात् पहिले किये हुओं के लिये, और अपरों को युवाओं के लिये ॥१४॥ पूर्व दक्षिण दिशा के सम्मुख उत्तर दिशा और पश्चिम दिशा के सम्मुख रहें ॥१५॥ जैसे चिति को उसी प्रकार श्मशान को दक्षिण पश्चिम ढालुआ बनावे ॥१६॥५॥८४॥ यह चौरासीवी कण्डिका खतम हुई ॥

अब मान (माप, नाप) के विषय में कहते हैं ॥१॥ दिष्टि, कुदिष्टि, वितस्ति, निमुष्टि, अरत्नि, पद, प्रक्रम होते हैं ॥२॥ प्रादेश और धनुष से "इमां मात्रां मिमीमह०" से मण्डप बनाने के लिये भूमि को नाप करे ॥३॥ सात दक्षिण से, सात उत्तर से, ५ पूर्व से और तीन पश्चिम से नाप करे ॥४॥ नौ दक्षिण से, नौ उत्तर से, सात पूर्व और पांच पश्चिम से नापे ॥५॥ ग्यारह दक्षिण से, ग्यारह उत्तर से, नौ पूर्व से, पांच पश्चिम से नाप करे ॥६॥ ग्यारह का नाप देवदर्शियों के लिये ॥७॥ विषम

मण्डलानि चतुरस्राणि वा शौनकिनाम् ॥८॥ तथाहि दृश्यन्ते ॥९॥ यावान् पुरुष ऊर्ध्वबाहुस्तावानग्निश्चितः ॥१०॥ सव्यानि दक्षिणाद्वाराण्ययुग्मशिलान्ययुग्मेष्टिकानि च ॥११॥ इमां मात्रां मिमीमह इति दक्षिणतः सव्यरज्जुं मीत्वा ॥१२॥ वारयतामघमिति वारणं परिधिं परिदधाति शङ्कुं च निचृतति ॥१३॥ पुरस्तान्मीत्वा शमेभ्योऽस्त्वघमिति शामीलं परिधिं परिदधाति शङ्कुं च निचृतति ॥१४॥ उत्तरतो मीत्वा शाम्यत्वघमित्यौदुम्बरं परिधिं परिदधाति शङ्कुं च निचृतति ॥१५॥ पश्चान्मीत्वा शान्तमघमिति पालाशं परिधिं परिदधाति शङ्कुं च निचृतति ॥१६॥ अमासीस्यनुमन्त्रयते ॥१७॥ अक्ष्णया लोहितसूत्रेण निबध्य ॥१८॥ स्तुहि श्रुतमिति मध्ये गर्तं खात्वा पाशिसिकतोषोदुम्बरशङ्खशालूक-

---

(बे जोड संख्या) मान परिमण्डलों के लिये या चतुष्कोण समचौरस श्मशान भूमि को बनावे यह विकल्प पक्ष शौनक शाखा वालों का है ॥८॥ लोक में ऐसा ही देखा जाता है ॥९॥ जितना ऊँचा पुरुष बाहु उठाने पर होता है, उसी परिमाण का अग्निचित् होता है ॥१०॥ दक्षिण के दरवाजे सव्य होवें, विषम संख्यक शिलायें या इष्टिका (ईंटें) ये होवें ॥११॥ "इमां मात्रां मिमीमह०" से दक्षिण से सव्य रज्जु को नाप करके "वारयतामघं०" से वारण परिधि को धरे और शङ्कु को गाड़े ॥१२॥१३॥ पूर्व से नाप करके "शमेभ्योऽस्त्वघं०" इत्यादि से शामील परिधि को धरे और शङ्कु को गाड़े ॥१४॥ उत्तर से नाप कर "शाम्यत्वघं०" से गूलर की परिधि को धर कर शङ्कु को गाड़े ॥१५॥ पश्चिम भाग को नाप करके "शान्तमघं०" से पलाश की परिधि को धरकर शङ्कु को गाड़े ॥१६॥ "अमासि०" से अनुमंत्रण करे ॥१७॥ अक्ष्णा द्वारा लाल सूत से बान्ध देवे ॥१८॥ "स्तुहि श्रुतं०" से बीच में गर्त्त खोदकर पाशि, बालुका, उषा, गूलर, शङ्ख, शालूक, सर्व सुरभि, शमी इनके चूर्णों को उस

सर्वसुरभिशमीचूर्णानि निवपति ॥१९॥ निःशीयतामघमिति निःशीयमानमास्तृणाति ॥२०॥ असंप्रत्यघम् ॥२१॥ विलुम्पतामघमिति परि चैलं दूर्शं विलुम्पति ॥२२॥ उक्तो होमो दक्षिणतः स्तरणं च ॥२३॥ एतदा रोह ददामीति कनिष्ठो निवपति ॥२४॥ एदं बर्हिरिति स्थितसूनुर्यथापरु सञ्चिनोति ॥२५॥ मा ते मनो यत्ते अङ्गमिन्द्रो मोदपूरिस्यातोऽनुमन्त्रयते ॥२६॥ धानाः सलिङ्गाभिरावपति ॥२७॥६॥८५॥

इदं कसाम्ब्विति सजातानवेक्षयति ॥१॥ ये च जीवा ये ते पूर्वं परागता इति सर्पिर्मधुभ्यां चरू पूरयित्वा शीर्षदेशे निदधाति ॥२॥ अपूपवानिति मन्त्रोक्तं दिक्ष्वष्टमदेशेषु निदधाति ॥३॥ मध्ये पचन्तम् ॥४॥ सहस्रधारं

गर्त्त में डाले ॥ १९॥ "निःशीयतामघं०" फटे पुराने कपड़े को बिछावे ॥२०॥ "असंप्रत्यघं०" और "विलुम्पतामघं०" से दूसरा परिचैल वस्त्र को बिछावे ॥२१॥२२॥ दक्षिण से होम करना एवं स्तरण करना कहा गया ॥२३॥ उसी स्थान में बाहर धरने से अग्नि कर्म होगा अतएव वस्त्र से होम और स्तरण दोनों कह गये ॥२३॥ "एतदारोह ददामि०" से सब से छोटा-(नाते में) सब हड्डियों को उसी गर्त्त में डाले ॥२४॥ "एदं बर्हिः०" से कुल में जो ज्येष्ठ हो वह हड्डियों को गर्त्त में डाले ॥२५॥ "मा ते मनो यत्ते०" से अनुमंत्रण करे ॥२६॥ "या ते धाना" ये दो "धानाधेनुः०" एक ऋचा "एतास्ते असौ धेनव०" यह एक ऋ० "यास्ते धान्य अस्तु०" यह एक ऋचा इन ऋचाओं से तिल मिश्र धान को अस्थियों पर डाले ॥२७॥६॥८५॥ यह पचासीवी कण्डिका समाप्त हुई ॥

"इदं कसाम्बु०" से सजाति के लोगों को दिखलावे ॥१॥ "ये च जीवा ये ते०" इत्यादि से घृत और मधु से दो चरु को भरकर शीर्ष देश में धरे और आठ चरुओं को अपूपों से भरकर अलग २ आठ दिशाओं में धरे "अपूपवान्०" से धरे। बीच में पकते हुए चरु को धरे ॥२॥३॥४॥ "सहस्रधारं शतधारं०" से जल से सींचकर "पर्णो

शतधारमित्यद्भिरभिविष्यन्द्य ॥५॥ पर्णो राजेति मध्यमपलाशैरभिनिदधाति ॥६॥ ऊर्जो भाग इत्यश्मभिः ॥७॥ उत्ते स्तभ्नामीति लोगान्यथापरु ॥८॥ निःशीयतामघमिति निःशीयमानेनावच्छाद्य दर्भैरवस्तीर्य ॥९॥ इदमिद्वा उ नोप सर्पासौ हा इति चिन्वन्ति ॥१०॥ यथा यमायेति संश्रित्य ॥११॥ शृणात्वघमित्युपरिशिरःस्तम्बमादधाति ॥१२॥ प्रतिषिद्धमेकेषाम् ॥१३॥ अकल्माषाणां काण्डानामष्टाङ्गुलीं तेजनीमन्तर्हितमघमिति ग्रामदेशादुच्छ्रयति ॥१४॥ प्रसव्यं परिषिच्य कुम्भान् भिन्दन्ति ॥१५॥ समेतेत्यपरस्यां श्मशानस्रक्त्यां ध्रुवनान्युपयच्छन्ते ॥१६॥ पश्चादुत्तरतोऽग्नेर्वर्चसा मां विवस्वा-

---

राजा०" से मध्यम पलाशों द्वारा उसको ढाक देवे ॥५॥६॥ "ऊर्जो भाग०" से पत्थरों से या विषम इष्टिकाओं से वामावर्त्त श्मशान को घेरेदार कर चुन देवे और लोक भी बड़े छोटे क्रम से यथास्थान बैठे ॥७॥८॥ 'निःशीयतामघं०" से फटे कपड़े से ढाक कर उसपर कुशों को बिछावे ॥९॥ "इदमिद्वा०"से ईंटादि से भलीभाँति चुन देवे ॥१०॥ "यथा यमाय०" से, एक इंटों के साथ दूसरी ईंटों को सटाकर लगावे ॥११॥ "शृणात्वघं०" से ऊपर शिर के स्तम्ब को धरे ॥१२॥ किन्हीं आचार्य्य के मत में ऐसा करना निषिद्ध है ॥१३॥ अकल्माषों के काण्डों की आठ अङ्गुली की तेजनी को "अन्तर्हितमघं०" से अभिमंत्रण करके ग्राम और श्मशान को छिपा देने के लिये खड़ी कर देवे ॥१४॥ आठ अङ्गुल की कटिका को कुश से प्रसव्य तीन बार जल सींच करके घुमाकर सींचे और पश्चिम दिशा में उसे फोड़ देवे ॥१५॥ "समेत विश्व०" इस ऋचा से सब ही बन्धुगण जल से सेचन करे और ध्रुवनों को देवे । और केशों को खोलकर स्त्रियाँ वाम भाग से तीन बार परिक्रमा करती हुई और अपनी दाहिनी जंघाओं को पीटती हुई फेरे लगावें ॥१६॥ यह ध्रुवन कर्म है ॥ अग्नि के पश्चात् भाग में स्थित हो कर्त्ता एवं गोत्रिगण "अग्नेर्वर्चसा मां०" इत्यादि ५ ऋचाओं से उप-

निन्द्र ऋतुमित्यातः ॥१७॥ समिन्धत इति पश्चात्संकसुकमुद्दीपयति ॥१८॥ अस्मिन्वयं यद्रिप्रं सीसे मृड्ढ्वमित्यभ्यवनेजयति ॥१९॥ कृष्णोर्णया पाणिपादान्निमृज्य ॥२०॥ इमे जीवा उदीचीनैरिति मन्त्रोक्तम् ॥२१॥ त्रिः सप्तेति कूद्या पदानि योपयित्वा श्मशानात् ॥२२॥ मृत्योः पदमिति द्वितीयया नावः ॥२३॥ परं मृत्यो इति प्राग्दक्षिणं कूदीं प्रविध्य ॥ २४ ॥ सप्त नदीरूपाणि कारयित्वोदकेन पूरयित्वा ॥२५॥ आ रोहत सवितुर्नावमेतां सुत्रामाणं महीमू ष्वित्ति सहिरण्यां सयवां नावमारोहयति ॥ २६ ॥ अश्मन्वतीरीयत उत्तिष्ठता प्रतरता सखाय इत्युदीचस्तारयति ॥ २७ ॥ शर्कराद्या समिदाधानात् ॥ २८ ॥ वैवस्वतादि समानम् ॥ २९ ॥ प्राप्य गृहान्समानः पिण्डपितृयज्ञः ॥३०॥७॥८६॥

अथ पिण्डपितृयज्ञः ॥१॥ अमावास्यायां सायं न्यन्हे-

स्थान करे ॥१७॥ "समिन्धत०" से पश्चात् संकसुक को जला देवे ॥१८॥ "अस्मिन्वयं यद्रिप्रं०" से अवनेजन करे ॥१९॥ काले सूत से हाथ पैर को मार्जन करके "इमे जीवा०" से गोत्र के लोग "त्रिः सप्त०" से कूदी से पैर को छिपाकर श्मशानभूमि से नदियों की ओर नावे ॥२०॥२१॥२२॥ "मृत्योः पदं०" इस दूसरी ऋचा से नाव को लावे । "परं मृत्योः" से प्रदक्षिणा कर कूदी को छेदे । और सात नदियों के समान बनवा कर उनमें जल भरवा देवे । और "आरोहत०" इत्यादि मंत्र पढ़कर सोने एवं जौ के साथ नाव पर सवार करवावे ॥२३॥२४॥२५॥२६॥ "अश्मन्वती०" इत्यादि से उत्तर दिशा में उतरवा देवे ॥२७॥ शर्करादि, समिदाधान से लेकर यमव्रत तक सारे कर्म पूर्ववत् यहाँ भी होंगे ॥२८॥२९॥ ३०॥७॥८६॥ यह छियासीवी कण्डिका समाप्त हुई ॥

अब पिण्ड पितृयज्ञ के विषय में कहेंगे ॥१॥ इस यज्ञ के करने का समय अमावास्या को सायंकाल और अपराह्न में है ऐसा ब्राह्मण ग्रन्थ

ऽहनि विज्ञायते ॥२॥ मित्रावरुणा परि मामधातामिति पाणी प्रक्षालयते ॥३॥ वर्चसा मामित्याचामति ॥४॥ पुनः सव्येनाचमनादपसव्यं कृत्वा प्रैषकृतं समादिशति ॥५॥ उलूखलमुसलं शूर्पं चरुं कंसं प्रक्षालय बर्हिरुदकुम्भमाहरेति ॥ ६ ॥ यज्ञोपवीती दक्षिणपूर्वमन्तर्देशमभिमुखः शूर्पे एकपवित्रान्तर्हितान्हविष्यान्निर्वपति ॥७॥ इदमग्नये कव्यवाहनाय स्वधा पितृभ्यः पृथिवीषद्भ्य इतीदं सोमाय पितृमते स्वधा पितृभ्यः सोमवद्भ्यः पितृभ्यो वान्तरिक्षसद्भ्य इतीदं यमाय पितृमते स्वधा पितृभ्यश्च दिविषद्भ्य इति त्रीनवाचीनकाशोन्निर्वपति ॥८॥ उलूखल ओप्य त्रिरवहन्तीदं वः पितरो हविरिति ॥९॥ यथा हविस्तथा परिचरति ॥१०॥ हविर्ह्येव पितृयज्ञः ॥११॥ प्रैषकृतं समादिशति चरुं प्रक्षालयाधिश्रयाप ओप्य तण्डुलानावपस्व नेक्षणेन योधयमास्व मा शिरो ग्रहीः ॥१२॥ शिरोग्रहं पश्चिक्षते ॥१३॥

से प्रतीत होता है ॥२॥ "मित्रावरुणा परि मामधातां०" से दोनों हाथों को प्रक्षालन करे ॥३॥ और "वर्चसा मां०" से आचमन करे ॥४॥ पुनः वाम से आचमन कर दहिने करके प्रैषकृत् आदेश करे ॥५॥ उलूखल, मुसल, सूप, चरु, कटोरा, इनको प्रक्षालन करो, कुश और जल भरा कलश लाओ ॥६॥ तब यज्ञोपवीती होकर दक्षिण पूर्व दिशा के सम्मुख हो सूप में एक पवित्रे धरकर उसमें हविष्य पदार्थों को धर कर अग्नि में आहुति करे ॥७॥ इन मंत्रों को पढ़कर एक २ आहुति देवे "इदमग्नये कव्यवाहनाय०" इत्यादि और तीन मुट्ठी नीचे करके डाले ॥८॥ और उलूखल में हविष्य पदार्थ को डालकर "इदं वः पितरो हविः०" से मूसल से कूटे ॥९॥ जैसी हवि हो तदनुसार उसको करे ॥१०॥ क्योंकि हवि ही पितर हैं ॥११॥ प्रैष से आज्ञा देवे चरु को प्रक्षालन करो, पकाओ, उसमें जल डालकर चावलों को डालो, नेक्षण से अग्नि पर

बाह्येनोपनिष्क्रम्य यज्ञोपवीती दक्षिणपूर्वमन्तर्देशमभिमुख उदीरतामिति कर्षूं खनति प्रादेशमात्रीं तिर्यगङ्गुरिम् ॥१४॥ अवागङ्गुरिं पर्वमात्रीमित्येके ॥१५॥ अपहता असुरा रक्षांसि ये पितृषद इति प्राग्दक्षिणं पांसूनुद्धृति ॥१६॥ कर्षूं च पाणी च प्रक्षाल्यैतद्वः पितरः पात्रमिति कर्षूमुदकेन पूरयित्वा ॥१७॥ अन्तरुपातीत्य मस्तुना नवनीतेन वा प्रतिनीय दक्षिणाग्रमुद्वास्य ॥ १८ ॥ द्वे काष्ठे गृहीत्वोशन्त इत्यादीपयति ॥१९॥ आदीप्तयोरेकं प्रतिनिदधाति ॥२०॥ इहैवैधि धनसनिरित्येकं हृत्वा ॥२१॥ पांसुष्वाधायोपसमादधाति ये निखाताः समिन्धते ये तातृषुर्ये सत्यास इति ॥२२॥ सम्भारानुपसादयति ॥२३॥ पर्युक्षणीं बर्हिरुदकुम्भं कंसं दर्विमाज्यमायवनं चरुं वासांस्याञ्जनमभ्यञ्जनमिति ॥२४॥ यद्-

---

चरु में चलाओ, शिर में कुछ बान्धे रहो क्योंकि इसका खण्डन वा प्रतिषेध है ॥१३॥ बाहर निकल कर यज्ञोपवीत पहन कर दक्षिण पूर्व की दिशा की ओर मुख करके "उदीरतां०" से प्रादेशमात्र लम्बी और अङ्गुरी परिमाण चौड़ी कर्षूं खोदे ॥१४॥ तिर्यक् अंगुरी गहरा कर्षू हो ऐसा कतिपय आचार्य कहते हैं, या पर्वमात्र ॥१५॥ "अपहता असुरा रक्षांसि ये पितृषद०" से पूर्वदक्षिण कोण में धूलि को फेंके ॥१६॥ कर्षूं और दोनों हाथों को प्रक्षालन करके" "एतद्वः पितरः पात्रं०" से कर्षूं को जल से भर कर उसमें नवनीत या मस्तु डालकर दक्षिण की ओर उद्वासन करके ॥१७॥१८॥ दो काठों को लेकर "उशन्त०" से दोनों को आग से प्रज्वलित कर देवे। और जलते हुए दोनों में से एक को धर देवे ॥१९॥२०॥ "इहैवैधि धनसनिः"। से एक को लेकर पांसु में धर कर "ये निखाताः समिन्धते०" इत्यादि से आधान करे ॥२१॥२२॥ अब इस यज्ञ में प्रयोजनीय सामग्रियों को लावे ॥२३॥ पर्युक्षणी, बर्हिकुश, उदकुम्भ, कटोरा, दर्वि, आज्य, आयवन, चरु, कपड़े, अञ्जन, कजरौटा, और भी

त्रोपसमाहार्यं भवति तदुपसमाहृत्य ॥२५॥ अतो यज्ञोपवीती पित्र्युपवीती बर्हिर्गृहीत्वा विचृत्य संनहनं दक्षिणापरमष्टमदेशमभ्यवास्येत् ॥ २६ ॥ बर्हिरुदकेन सम्प्रोक्ष्य बर्हिषदः पितर उपहूता नः पितरोऽग्निष्वात्ताः पितरो ये नः पितुः पितरो येऽस्माकमिति प्रस्तृणाति ॥२७॥ आयापनादीनि त्रीणि ॥२८॥ उदीरतामिति तिसृभिरुदपात्राण्यन्वृचं निनयेत् ॥ २९ ॥ अतः पित्र्युपवीती यज्ञोपवीती ये दस्यव इत्युभयत आदीप्तमुल्मुकं त्रिः प्रसव्यं परिहृत्य निरस्यति ॥३०॥ पर्युक्ष्य ॥३१॥८॥८७॥

ये रूपाणि प्रतिमुञ्चमाना असुराः सन्तः स्वधया चरन्ति। त्वं तानग्ने अप सेध दूरान्सत्या नः पितॄणां सन्त्वाशिषः स्वाहा स्वधेति हुत्वा कुम्भीपाकमभिघारयति ॥१॥ अग्नये कव्यवाहनायेति जुहोति ॥२॥ यथानिरुप्तं द्वितीयाम् ॥३॥ यमाय पितृमते स्वधा पितृभ्य इति

जो यहाँ लाना आवश्यक हो उन सब को लावे ॥२४॥२५॥ इसलिये यज्ञोपवीती, और उपवीती (प्राचीनावीती) हो बर्हिकुश को लेकर बर्हिकुशों को बिछाकर उस पर आयवन करे अर्थात् बर्हिको जल से संप्रोक्षण कर "बर्हिषदः पितरः०" इत्यादि से बर्हिकुश का आस्तरण करे॥२७॥ "आयात पितर." यह ऋ०, "आच्या जानु०" यह ऋचा और "संविशन्तु०" यह ऋचा। इन तीन ऋचाओं से तिलों को बखेर कर ॥२८॥ उदीरतां०" इत्यादि तीन ऋचाओं से जलपात्रों में से एक २ को ऋचा पढ़ २ कर लावे ॥२९॥ इसलिये "पित्र्युपवीती यज्ञोपवीती ये दस्यवः०" से दोनों ओर जलते उल्मुक को तीन वार बायें होकर-घुमाकर डाल देवे और जल से पर्युक्षण कर देवे ॥३१॥८॥८७॥ यह सत्तासीवी कण्डिका खतम हुई ॥

"ये रूपाणि प्रतिमुञ्चमाना०" इत्यादि से स्वाहा, स्वधा लगाकर आहुति देकर कुम्भीपाक का अभिघार देवे ॥ १ ॥ "अग्नये कव्यवाहनाय०" से आहुति करे ॥ २ ॥ "सोमाय पितृमते०" से दूसरी आहुति देवे ॥ २ ॥ "यमाय पितृमते स्वधा पितृभ्यः"। से तीसरी आहुति

तृतीयाम् ॥ ४ ॥ यद्वो अग्निरिति सायवनांस्तण्डुलान् ॥५॥ सं बर्हिरिति सदर्भांस्तण्डुलान् पर्युक्ष्य ॥६॥ अतो यज्ञोपवीती पित्र्युपवीती दर्व्योद्धरति ॥७॥ द्यौर्दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्ता सा यथा द्यौर्दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्तैवा प्रततामहस्येयं दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्ता॥८॥ अन्तरिक्षं दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्ता सा यथान्तरिक्षं दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्तैवा ततामहस्येयं दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्ता ॥९॥ पृथिवी दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्ता सा यथा पृथिवी दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्तैवा ततस्येयं दर्विरक्षितापरिमितानुपदस्तेति ॥१०॥ उद्धृत्याज्येन संनीय त्रीन्पिण्डान् संहतान्निदधास्येतत्ते प्रततामहेति ॥११॥ दक्षिणतः पत्नीभ्य इदं वः पत्न्य इति ॥१२॥ इदमाशंसूनामिदमाशंसमानानां स्त्रीणां पुंसां प्रकीर्णाविशीर्णानां येषां वयं दातारो ये चास्माकमुपजीवन्ति । तेभ्यः सर्वेभ्यः सपत्नीकेभ्यः स्वधावदक्षय्यमस्त्वति त्रिः प्रसव्यं तण्डुलैः परिकिरति ॥१३॥ पिञ्जूलीराञ्जनं सर्पिषि पर्यस्याद्ध्वं पितर इति न्यस्यति ॥१४॥

देवे ॥ ४ ॥ "यद्वो अग्निः" से जौ के साथ चावलों "एवं संबर्हिः" से सदर्भ तण्डुलों को पर्युक्षण करके अर्थात् "संबर्हिरक्तं०" से सदर्भ चावलों की आहुति करे, तब पर्युक्षण करे ॥ ६ ॥ अतएव यज्ञोपवीती पित्र्युपवीती दर्वि से उद्धरण करे ॥ ७ ॥ "द्यौर्दर्विरक्षिता०" इत्यादि मंत्रों से निकाल कर आज्य में मिलाकर 'तीन' पिण्डों को एक साथ "एतत्ते प्रततामह०" इत्यादि से ॥ ८ ॥ ९ ॥ १० ॥ ११ ॥ दक्षिण से पत्नियों के लिये "इदं वः पत्न्यः" इत्यादि ॥ १२ ॥ "इदमाशं०" इत्यादि तीन बार वाम होकर चावलों को बखेर देवें ॥ १३ ॥ पिञ्जुली, आञ्जन, को घी में मिलाकर "वध्वं पितरो०" से पिण्डों पर धरे ॥१४॥

वद्धं पितरो मा वोऽतोऽन्यत्पितरो योयुवतेति सूत्राणि ॥१५॥ अञ्जते व्यञ्जते इत्यभ्यञ्जनम् ॥१६॥ आज्येनाविच्छिन्नं पिण्डानभिघारयति ये च जीवा ये ते पूर्वं परागता इति ॥१७॥ अत्र पितरो मादयध्वं यथाभागं यथालोकमावृषायध्वमिति ॥१८॥ अत्र पत्न्यो मादयध्वं यथाभागं यथालोकमावृषायध्वमिति ॥१९॥ योऽसावन्तरग्निर्भवति तं प्रदक्षिणमवेक्ष्य तिस्रस्तामीस्ताम्यति ॥२०॥ प्रतिपर्यावृत्यामीमदन्त पितरो यथाभागं यथालोकमावृषायिषतेति ॥२१॥ अमीमदन्त पत्न्यो यथाभागं यथालोकमावृषायिषतेति ॥२२॥ आपो अग्निमित्यद्भिरग्निमवसिच्य ॥२३॥ पुत्रं पौत्रमभितर्पयन्तीरित्याचामत मम प्रततामहास्ततामहास्तताः सपत्नीकास्तृप्यन्त्वाचामन्त्विति प्रसव्यं परिषिच्य ॥२४॥ वीरान्मे प्रततामहा दत्त वीरान्मे ततामहा दत्त वीरान्मे पितरो दत्त पितॄन् वीरान्याचति ॥२५॥ नमो वः पितर इत्युपतिष्ठते ॥२६॥ अक्षन्नित्युत्तरसिचमवधूय ॥२७॥ परा यातेति

"वध्वं पितरो०" इत्यादि सूत्रों में है ॥ १५ ॥ "अञ्जते व्यञ्जत०" से अञ्जन धरे ॥ १६ ॥ आज्य से अविछिन्न पिण्डों का अभिघार करे। "ये च जीवा०" इत्यादि से ॥ १७ ॥ "अत्र पितर०" इत्यादि प्रति पिण्ड को देते समय जपता जावे ॥ १८ ॥ इसी प्रकार "अत्र पत्न्यो०" इत्यादि प्रति पत्नियों के पिण्ड को देते समय पढ़े ॥ १९ ॥ जो यह अन्तराग्नि को तीन २ बार प्रदक्षिण करके तीन २ बार प्राणायाम करता जावे ॥ २० ॥ और प्रत्येक बदलने में "अमीमदन्त०" इत्यादि पढ़ता जावे और प्रति पिण्ड में उपस्थान करता जावे ॥ २१ ॥ इसी प्रकार प्रति पत्नियों के पिण्डों में उपस्थान करता जावे ॥ २२ ॥ "आपो अग्नि०" इत्यादि से अग्नि को जल से अवसेचन करके ॥ २३ ॥ "पुत्रं पौत्रमभितर्पयन्ति०" से आचमन करे और "मम प्रततामहा०" से वाम होकर परिषेक करे ॥ २४ ॥ "वीरान्मे प्रततामहा०" इत्यादि से

परायापयति ॥२८॥ अतः पितृयुपवीती यज्ञोपवीती यत्र इदं पितृभिः सह मनोऽभूत्तदुपाह्वयामीति मन उपाह्वयति ॥२९॥६॥८८॥

मनो न्वाह्वामहे नाराशंसेन स्तोमेन ॥ पितॄणां च मन्मभिः ॥ आ न एतु मनः पुनः क्रत्वे दक्षाय जीवसे ज्योक्च सूर्यं दृशे ॥ पुनर्नः पितरो मनो ददातु दैव्यः जनः ॥ जीवं व्रातं सचेमहि ॥ वयं सोम व्रते तव मनस्तनूषु बिभ्रतः । प्रजावन्तः सचेमहि ॥ ये सजाताः सुमनसो जीवा जीवेषु मामकाः । तेषां श्रीर्मयि कल्पतामस्मिन्गोष्ठे शतं समा इति ॥१॥ यच्चरुस्थाल्यामोदनावशिष्टं भवति तस्योष्मभक्षं भक्षयित्वा ब्राह्मणाय दद्यात् ॥२॥ यदि ब्राह्मणो न लभ्येताप्स्वभ्यवहरेत् ॥३॥ निजाय दासायेत्येके ॥४॥ मध्यमपिण्डं पत्न्यै पुत्रकामाय प्रयच्छति ॥५॥ आधत्त पितरो गर्भं कुमारं पुष्करस्रजम् । यथेह पुरुषोऽसत् ॥ आ त्वारुक्षद्वृषभः पृश्निरग्रियो मेधाविनं पितरो गर्भमादधुः ॥ आ त्वायं पुरुषो गमेत्पुरुषः पुरुषादधि । स ते श्रैष्ठ्याय जायतां स सोमे साम गायत्त्विति ॥६॥ यद्यन्या द्वितीया भवत्यपरं तस्यै ॥७॥

पितरों का उपस्थान करे ॥ २५ ॥ २६ ॥ "अक्षन्न०" से उत्तरसिच को धोकर । "परायात०" से परायापन करे ॥ २८ ॥ "यत्र इदमिति मनो न्वाह्वामहे" इत्यादि सूक्त के मन्त्रों को हृदय को छूकर जप करे ॥ २९ ॥ ६ ॥ ८८ ॥ यह अट्ठासिवी कण्डिका समाप्त हुई ।

"मनो न्वाह्वामहे" इत्यादि का जप करे ॥१॥ जो चरुस्थाली में ओदन रह जावे उसका ऊष्म भक्षण कराकर ब्राह्मण के लिये दे देवे ॥२॥ यदि ब्राह्मण न मिलें तो उसे जल में डाल देवे ॥३॥ अपने दास को दे देवे ऐसा किन्हीं आचार्यों का मत है ॥४॥ मध्यम पिण्ड को पुत्र की इच्छा वाली पत्नी के लिये देवे ॥५॥ "आधत्त पितरो गर्भ०" इत्यादि

प्राग्रतमं श्रोत्रियाय ॥८॥ अथ यस्य भार्या दासी वा प्रद्राविणी भवति येऽमी तण्डुलाः प्रसव्यं परिकीर्णा भवन्ति तांस्तस्यै प्रयच्छति ॥९॥ अर्वाच्युपसंक्रमे मा पराच्युप वस्तथा । अन्नं प्राणस्य बन्धनं तेन बध्नामि त्वा मयीति ॥१०॥ पर्युक्षणीं समिधश्चादाय मा प्र गामे-त्यावृज्योर्जं बिभ्रदिति गृहानुपतिष्ठते ॥११॥ रमध्वं मा बिभोतनास्मिन् गोष्ठे करीषिणः । ऊर्जं दुहानाः शुचयः शुचिव्रता गृहा जीवन्त उप वः सदेम ॥ ऊर्जं मे देवा अद-दुरूर्जं मनुष्या उत । ऊर्जं पितृभ्य आहार्षमूर्जस्वन्तो गृहा मम । पयो मे देवा अददुः पयो मनुष्या उत । पयः पितृभ्य आहार्षं पयस्वन्तो गृहा मम । वीर्यं मे देवा अददुर्वीर्यं मनुष्या उत । वीर्यं पितृभ्य आहार्षं वीरवन्तो गृहा ममेति ॥१२॥ अन्तरुपातीत्य समिधोऽभ्यादधाति । अयं नो अग्निरध्यक्षोऽयं नो वसुवित्तमः ॥ अस्योपसद्ये मा रिषामायं रक्षतु नः प्रजाम् । अस्मिन् सहस्रं पुष्यास्मैधमानाः स्वे गृहे ॥ इमं समिन्धिषीमह्यायुष्मन्तः सुवर्चसः ॥ त्वमग्न ईडित आ त्वाग्न इधीमहीति ॥ १३ ॥ अभूद्दूत इत्यग्निं प्रत्यानयति ॥१४॥ यदि सर्वः प्रणीतः स्याद्दक्षिणाग्नौ

पढ़कर पत्नी को देवे ॥६॥ और जो यज्ञिया दूसरी होती है उसे श्रोत्रिय (वैदिक) पण्डित को देवे ॥७॥८॥ जिसकी भार्य्या या दासी भाग जाया करती हो, उसके लिये, चावल जो वाम भाग में बखेरे जाते उस को देवे ॥९॥ "अर्वाच्युपसंक्रमे०" इत्यादि पढ़कर पर्युक्षणी और शमी को लाकर "मा प्रगाम०" इत्यादि से घरों का उपस्थान करे ॥१०॥११॥ "रमध्वं मा" इत्यादि को जप कर समिधाओं को अग्नि में डाले और "अयं नो अग्निरध्यक्षो०" इत्यादि से समिदाधान करे॥ और "अभूदूत०" से अग्नि को लावे ॥१४॥ यदि सब ही अग्नि

स्वेनदाहिताग्नेः ॥१५॥ गृह्येष्वनाहिताग्नेः ॥१६॥ इदं चिन्मे कृतमस्तीदं चिच्छक्नवानि । पितरश्चिन्मा वेदन्निति ॥१७॥ यो ह यजते तं देवा विदुर्यो ददाति तं मनुष्या यः श्राद्धानि कुरुते तं पितरस्तं पितरः ॥१८॥१०॥८९॥

इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे एकादशोऽध्यायः समाप्तः ॥११॥

मधुपर्कमाहारयिष्यन् दर्भानाहारयति ॥१॥ अथ विष्टरान् कारयति ॥२॥ स खल्वेकशाखमेव प्रथमं पाद्यं द्विशाखमासनं त्रिशाखं मधुपर्काय ॥३॥ स यावतो मन्येत तावत उपादाय विविच्य संपर्याप्य मूलानि च प्रान्तानि च यथाविस्तीर्ण इव स्यादित्युपोत्कृष्य मध्यदेशेऽभिसंनह्यति ॥४॥ ऋतेन त्वा सत्येन त्वा तपसा त्वा कर्मणा त्वेति संनह्यति ॥५॥ अथ ह सृजत्यतिसृष्टो

प्रणीत हों तो दक्षिणाग्नि में यह होम कर्म आहिताग्नि का होगा ॥१५॥ और अनाहिताग्नि का अग्नि में होम घर ही में होगा ॥१६॥ "इदं चिन्मे कृतमस्ति०" मंत्र से अग्नि का उपस्थान करे ॥१७॥ जो कोई देवयज्ञ करता है उस को देवता जान लेते हैं, जो दान देता है उसको मनुष्य लोग जान लेते हैं, और जो श्राद्ध करता है उस को पितर लोग जानते हैं ॥१८॥१०॥८९॥ यह नवासिवी कण्डिका खतम हुई ॥

यह अथर्ववेद के कौशिकसूत्र का ग्यारहवाँ अध्याय समाप्त हुआ ॥११॥

मधुपर्क कर्म को कहते हैं । जब आचार्य्य यजमान के घर आते हैं तो यह कर्म होता है । मधुपर्क सामग्री लाते समय दर्भों को भी लावे ॥१॥ अब विष्टरों को बनवावे ॥२॥ यह पहिला काम है । पाद्य (पैर धोने को जल) दूसरा है, आसन और तीसरा है मधुपर्क ॥ सो जितना चाहे उतना लाकर अलग २ धरे और कुशों के जड़ एवं प्रान्त भाग बिछाने की भाँति धरे तो वहाँ से लेकर मध्य देश में कुशों को यथाविधि बान्धे ॥ "ऋतेन त्वा सत्येन त्वा०" इत्यादि से कुशों को इस भाँति बान्धे जिसमें बिछाने के काम में आवे ॥५॥ अब

द्वेष्टा योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः ॥६॥ अस्य च दातुरिति दातारमीक्षते ॥७॥ अथोदकमाहारयति पाद्यं भो इति ॥८॥ हिरण्यवर्णाभिः प्रतिमन्त्र्य दक्षिणं पादं प्रथमं प्रकर्षति । मयि ब्रह्म च तपश्च धारयाणीति ॥९॥ दक्षिणे प्रक्षालिते सव्यं प्रकर्षति । मयि क्षत्रं च विशश्च धारयाणीति ॥१०॥ प्रक्षालितावनुमन्त्रयते । इमौ पादाववनिक्तौ ब्राह्मणं यशसावताम् ॥ आपः पादावनेजनीर्द्विषन्तं निर्दहन्तु मे ॥११॥ अस्य च दातुरिति दातारमीक्षते ॥१२॥ अथासनमाहारयति । सविष्टरमासनं भो इति ॥१३॥ तस्मिन्प्रत्यङ्मुख उपविशति ॥१४॥ विमृग्वरीं पृथिवीमित्येतया विष्टरे पादौ प्रतिष्ठाप्याधिष्ठितो द्वेष्टा योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः ॥१५॥ अस्य च दातुरिति दातारमीक्षते ॥१६॥ अथोदकमाहारयत्यर्घ्यं भो इति ॥१७॥ तत्प्रतिमन्त्रयते । अन्नानां मुखमसि मुख-

---

विष्टर को बनाते समय "अतिसृष्टो द्वेष्टा यो०" इत्यादि का जप करे। मधुपर्क के दाता को अर्घ्यव्यक्ति देखे। तब दाता जल लाकर कहे "पाद्यं भोः" (जल है भगवन्) "हिरण्यवर्णाभिः०" से अभिमंत्रण करके अर्घ्य के दहिने पग को दाता या उसका दास हाथ से खींचकर "मयि ब्रह्म च०" इत्यादि पढ़कर (पुरोहितादि) दहिने पैर को धो लेने पर बायें पैर को खींचकर "मयि क्षत्रं च०" इत्यादि पढ़े ॥६॥७॥८॥९॥ ॥१०॥ दोनों पैरों को धो लेने पर अनुमंत्रण करे—"इमौ पादाववनिक्तौ ब्राह्मणं यशसावताम्। आपः पादावनेजनीर्द्विषन्तं निर्दहन्तु मे" ॥११॥ "अस्य च दातुः०" से दाता को अर्घ्य पुरुष देखे ॥१२॥ तब दाता आसन लाकर "सविष्टरमासनं भो" कहे तब अर्घ्य पुरुष उस पर पश्चिमाभिमुख बैठे "विमृग्वरीं पृथिवीं०" इससे विष्टर पर पैरों को धरकर ठीक से बैठ जावे ॥ "द्वेष्टा यो०" इत्यादि पढ़े ॥१५॥ "अस्य च दातुः" से दाता को अर्घ्य देखे ॥१६॥ तब जल लाकर दाता बोले

महं श्रेष्ठः समानानां भूयासम् । आपोऽमृतं स्थामृतं मा कृणुत दासास्माकं बह्वो भवन्त्वश्वावद्गोमन्मय्यस्तु पुष्टमों भूर्भुवःस्वर्जनदोमिति ॥१८॥ तूष्णीमर्घ्यास्मं निनयति ॥१९॥ तेजोऽस्यमृतमसीति ललाटमालभते॥२०॥ अथोदकमाहारयस्याचमनीयं भो इति ॥२१॥ जीवाभिराचम्य ॥२२॥ अथास्मै मधुपर्कं वेदयन्ते ह्यनुचरो मधुपर्को भो इति ॥२३॥ द्वाभ्यां शाखाभ्यामधस्तादेकयोपरिष्टात्सापिधानम् ॥२४॥ मधु वाता ऋतायत इत्येताभिरेवाभिमन्त्रणम् ॥२५॥ तथा प्रतिमन्त्रणम् ॥२६॥१॥९०॥

मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः। मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवं रजः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः॥ मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ अस्तु सूर्यः। मधु द्यौरस्तु नः पिता॥१॥ तत्सूर्यस्य त्वा चक्षुषा प्रतीक्ष इति प्रतीक्षते ॥२॥ अयुतोऽहं देवस्य त्वा सवितुरिति प्रतिगृह्य पुरोमुखं प्राग्दण्डं निदधाति ॥३॥ पृथिव्यास्त्वा नाभौ सादयाम्यदित्या उपस्थ इति भूमौ प्रति-

"अर्घ्यं भोः" उसको "अन्नानां मुख०" इत्यादि से अनुमंत्रण करे ॥१८॥ और तूष्णीं अर्घ्यं की अञ्जलि को दाता लावे ॥१९॥ "तेजोऽस्यमृतमसि०" से अर्घ्य के ललाट का स्पर्श करे ॥२०॥ अब अर्घ्य के लिये मधुपर्क को लावे—एक छोटे कटोरे में मधुपर्क (दही, मधु, घी) धर कर उसपर बड़े कटोरे से ढाककर अनुचर लाकर बोले "मधुपर्को भोः" ॥२१॥२२॥२३॥२४॥ "मधु वाता ऋतायते०" इत्यादि से अभिमंत्रण करे ॥२५॥ और प्रतिमंत्रण करे ॥२६॥१॥९०॥ यह नब्बेवी कण्डिका पूरी हुई ॥

उक्त मंत्रों से देखे ॥१॥२॥ "अयुतोऽहं देवस्य०" इत्यादि से मधुपर्क को लेकर पूर्व मुख हो दण्ड को धर देवे ॥३॥ "पृथिव्यास्त्वा०" इत्यादि

ष्ठाप्य॥४॥ द्वाभ्यामङ्गुलिभ्यां प्रदक्षिणमाचाल्यानामिकयाङ्गुल्याङ्गुष्ठेन च संगृह्य प्राश्नाति ॥५॥ ओं भूस्तत्सवितुर्वरेण्यं भूः स्वाहेति प्रथमम् ॥६॥ भर्गो देवस्य धीमहि भुवः स्वाहेति द्वितीयम् ॥७॥ धियो यो नः प्रचोदयात्स्वः स्वाहेति तृतीयम् ॥८॥ वयं देवस्य धीमहि जनस्स्वाहेति चतुर्थम् ॥९॥ तुरं देवस्य भोजनं वृधस्स्वाहेति पञ्चमम् ॥१०॥ करस्स्वाहेति षष्ठम् ॥११॥ रुहस्स्वाहेति सप्तमम् ॥१२॥ महस्स्वाहेत्यष्टमम् ॥१३॥ तस्स्वाहेति नवमम् ॥१४॥ शं स्वाहेति दशमम् ॥१५॥ ओमित्येकादशम् ॥१६॥ तूष्णीं द्वादशम् ॥१७॥ तस्य भूयोमात्रमिव भुक्त्वा ब्राह्मणाय श्रोत्रियाय प्रयच्छेत् ॥१८॥ श्रोत्रियालाभे वृषलाय प्रयच्छेत् ॥१९॥ अथाप्ययं निगमो भवति। सोममेतत्पिबत यस्मिं चाश्नीत ब्राह्मणाः। माब्राह्मणायोच्छिष्टं दात मा सोमं पास्वसोमप इति ॥२०॥२॥९१॥

से उसको भूमि पर धर कर दोनो अङ्गुलियो से प्रदक्षिण कटोरे में के मधुपर्क को चलाकर अनामिका अङ्गुली और अंगूठे से लेकर चाटे ॥५॥ "ओं भूस्तत्सवितुर्वरेण्यं भूः स्वाहा" से पहिली बार। "भर्गो देवस्य धीमहि भुवः स्वाहा" से दूसरी बार। "धियो यो नः प्रचोदयात् स्वः स्वाहा" से तीसरी बार ॥८॥ "वयं देवस्य०" से चौथी वार ॥९॥ "तुरं देवस्य भोजनं०" से पञ्चम बार ॥१०॥ "करत्स्वाहा" से छठी बार ॥११॥ "रुहत्स्वाहा" से सप्तम बार ॥१२॥ "महत्स्वाहा" से अष्टम बार ॥१३॥ "तत्स्वाहा" से नवम बार ॥१४॥ "शं स्वाहा" से दशम बार ॥१५॥ "ओं" से ग्यारहवीं बार ॥१६॥ तूष्णीं बारहवी बार ।१७॥ उसको बड़ी मात्रा से खाकर श्रोत्रिय ब्राह्मण के लिये दे देवे ॥१८॥ यदि श्रोत्रिय न मिलें तो वृषल को देवे ॥१९॥ यहां पर निगम का प्रमाण भी है। यह जो ब्राह्मण पीता है, वह सोम पीता है। ब्राह्मण को उच्छिष्ट न देवे और न असोमप को सोम पीने को देवे ॥२०॥२॥९१॥ यह एक्यानबेवी कण्डिका खतम हुई।

दधि च मधु च ब्राह्मो मधुपर्कः ॥१॥ पायस ऐन्द्रो मधुपर्कः ॥२॥ मधु चाज्यं च सौम्यो मधुपर्कः ॥३॥ मन्थश्चाज्यं च पौष्णो मधुपर्कः ॥४॥ क्षीरं चाज्यं च सारस्वतो मधुपर्कः ॥५॥ सुरा चाज्यं च मौसलो मधुपर्कः ॥६॥ स खल्वेष द्वये भवति सौत्रामण्यां च राजसूये च ॥७॥ उदकं चाज्यं च वारुणो मधुपकः ॥८॥ तैलं चाज्यं च श्रावणो मधुपर्कः ॥९॥ तैलश्च पिण्डश्च पारिव्राजको मधुपर्कः ॥१०॥ इति खल्वेष नवविधो मधुपर्को भवति ॥११॥ अथास्मै गां वेदयन्ते गौर्भो इति ॥१२॥ तान्प्रतिमन्त्रयते । भूतमसि भवदस्यन्नं प्राणो बहुर्भव । ज्येष्ठं यन्नाम नामत ओं भूर्भुवः स्वर्जनदोमिति ॥१३॥ अतिसृजति । मातादित्यानां दुहिता वसूनां स्वसा रुद्राणाममृतस्य नाभिः । प्र णो वोचं चिकितुषे जनाय मा गामनागामदितिं वधिष्ट ॥ ओं तृणानि गौरत्त्विस्याह ॥१४॥ सूयवसादिति प्रतिष्ठमानामनुमन्त्रयते ॥१५॥ नालोहितो मधुपर्को भवति ॥१६॥ नानुज्ञानमधीमह इति

दही और मधु ब्राह्म मधुपर्क है । १॥ पायस ऐन्द्र मधुपर्क है ॥२॥ मधु एवं घृत सौम्य मधुपर्क है। ३॥ मन्थ और आज्य पौष्ण मधुपर्क है ॥४॥ क्षीर और आज्य सारस्वत मधुपर्क है । ५॥ मदिरा और घृत मोसल मधुपर्क है ॥६॥ सो यह दो ही यज्ञों में होता है एक सौत्रामणी में और दूसरा राजसूय यज्ञ में ॥ ७ ॥ जल और घृत का वारुण मधुपर्क होता है ॥ ८ ॥ तैल और आज्य श्रावण मधुपर्क होता है । ९ ॥ तैल और पिण्ड पारिव्राजक मधुपर्क है ॥ १० ॥ इस प्रकार मधुपर्क नौ प्रकार का होता है ॥ ११ ॥ यहाँ गौ जानी जाती है—गौर्भोः ॥ इसका प्रतिमंत्रण "भूतमसि०" इत्यादि पढ़ कर गौ को छोड़ देवे। छोड़ते समय "मातादित्यानां०" इत्यादि पढ़कर गौ को छोड़ देवे "वह घास खावे"—ऐसा कहे ॥१४॥ "सूयवसात्०" से गौ को प्रतिष्ठमान करते हुए अनुमंत्रण करे ॥ १५ ॥ बिना मांस के मधुपर्क नहीं

कुरुतेस्येव ब्रूयात् ॥१७॥ स्वधिते मैनं हिंसीरिति शस्त्रं प्रयच्छति ॥१८॥ पाप्मानं मेऽप जहीति कर्त्तारमनुमन्त्रयते ॥१९॥ आग्नेयीं वपां कुर्युः ॥२०॥ अपि वा ब्राह्मण एव प्राश्नीयात्तद्देवतं हि तद्धविर्भवति ॥२१॥ अथास्मै स्नानमनुलेपनं मालाभ्यञ्जनमिति ॥२२॥ यदत्रोपसमाहार्यं भवति तदुपसमाहृत्य ॥२३॥ अथोपासकाः प्राप्योपासकाः स्मो भो इति वेदयन्ते ॥२४॥ तान् प्रतिमन्त्रयते । भूयांसो भूयास्म ये च नो भूयसः कार्ष्टापि च नोऽन्ये भूयांसो जायन्ताम् ॥२५॥ अस्य च दातुरिति दातारमीक्षते ॥२६॥ अथान्नाहाराः प्राप्यान्नाहाराः स्मो भो इति वेदयन्ते ॥२७॥ तान्प्रतिमन्त्रयते । अन्नादा भूयास्म ये च नोऽन्नादान्कार्ष्टापि च नोऽन्येऽन्नादा भूयांसो जायन्ताम् ॥२८॥ अस्य च दातुरिति दातारमीक्षते ॥२९॥ आहृतेऽन्ने जुहोति यत्काम कामयमाना इत्येतया ॥३०॥ यत्काम कामयमाना इदं कृण्मसि ते हविः । तन्नः सर्वं

होता है ॥१६॥ हम लोग विधि का उल्लङ्घन नहीं कर सकते अतएव "करो" ऐसा ही बोले ॥१७॥ "स्वधिते मैनं हिंसीः०" से शस्त्र को देवे ॥ १८ ॥ "पाप्मानं मेऽपजहि" से कर्त्ता को अनुमंत्रण करे ॥१९॥ आग्नेयी वपा को करें ॥२०॥ या ब्राह्मण ही खावे उसी देवताक हवि होती है ॥२१॥ इसके लिये स्नान, चन्दन, अनुलेपन, माला, अञ्जन लावे ॥२२॥ जो २ पदार्थ इसके लिये लाना पड़े उस २ को पहिले से लाकर धरे ॥२३॥ वस्त्रादि अलंकार सहित सब लाकर सब अर्घ्य को देवे और कहे कि "हमलोग आप के उपासक हैं" यह दाता कहे ॥२४॥ उनको प्रतिमंत्रण करे—"भूयांसो भूयास्म०" इत्यादि पढ़कर इसके दाता को देखे ॥२५॥२६॥ अब कहते हैं "अन्नाहाराः प्राप्यान्नाहाराः स्मो भो" ऐसा जतलावे ॥२७॥ इनको प्रतिमंत्रण करे "भूयास्म०"इत्यादि पढ़े ॥ "अस्य च दातुः०" से दाता को देखे ॥२८॥२९॥ अन्न लाने पर "यत्काम०"

समृध्यतामथैतस्य हविषो वीहि स्वाहेति ॥३१॥ एष आचार्यकल्प एष ऋत्विक्कल्प एष संयुक्तकल्प एष विवाहकल्प एषोऽतिथिकल्पो एषोऽतिथिकल्पः ॥३२॥३॥९२॥

इत्यथर्ववेदे कौशिकसूत्रे द्वादशोऽध्यायः समाप्तः ॥१२॥

अथाद्भुतानि ॥१॥ वर्षे ॥२॥ यक्षेषु ॥३॥ गोमायुवदने ॥४॥ कुल कलहिनि ॥५॥ भूमिचले ॥६॥ आदित्योपप्लवे ॥७॥ चन्द्रमसश्च ॥८॥ औपस्यामनुष्यस्याम् ॥९॥ समायां दारुणायाम् ॥१०॥ उपतारकशङ्कायाम् ॥११॥ ब्राह्मणेष्वायुधिषु ॥१२॥ दैवतेषु नृत्यत्सु च्योतत्सु हसत्सु गायत्सु ॥१३॥ लाङ्गलयोः संसर्गे ॥१४॥ रज्ज्वो-

इस ऋचा से आहुति करे ॥ ३० ॥ "यत्काम कामयमाना०" इत्यादि से आहुति करे ॥३१॥ यह आचार्यकल्प है, यह ऋत्विक् कल्प है। यह संयुक्त कल्प है, यह विवाह कल्प है और यह अतिथि कल्प है यह अतिथिकल्प है॥३२॥३॥९२॥ यह ब्यानबेवी कण्डिका खतम हुई ॥

यह अथर्ववेद के कौशिकसूत्र का बारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥१२॥

अद्भुत् के विषय में कहेंगे। अद्भुत् की परिभाषा यह है कि जो संसार में स्वभावतः जो कर्म-क्रियायें होती हैं, कभी २ कुछ आश्चर्यमय लोकविरुद्ध क्रिया हो पड़ती है उसको "अद्भुत्" कहते हैं ॥ ऐसे अद्भुत् कार्य्यों की जहाँ यथाविधि शान्ति नहीं होती है वहाँ दोष होता है। जहाँ अद्भुत् होता है वहाँ दुःख होता है, नाश होता है। विनाश होने की सूचना के लिये देवता लोग अद्भुत् को सृजन करते हैं ॥१॥ जल की वृष्टि में, यक्षों के उपद्रव में, शृगाल के बोलने में, परिवार में परस्पर झगड़ने में, भूकम्प में, चन्द्र और सूर्य्यग्रहण में ॥२॥३॥४॥५॥६॥७॥८॥ उषा के न उगने में, दारुणसंवत्सर में, दुर्भिक्ष और हैजा प्लेगादि मारक में, उपतारक के सन्देह में, ब्राह्मणों के शस्त्रास्त्र ग्रहण में ॥९॥ ॥१०॥११॥१२॥ जहाँ देवमूर्तियाँ या आकाश में देवगण नाच करें, अपनी जगह से हटजावें, हँसे, गान करें या अन्य २ रूपों को धारण करें ॥१३॥ दो हलों का संसर्ग हो जावे ॥१४॥ दो अलग २ रज्जुओं का संसर्ग,

स्तन्स्वोश्च ॥१५॥ अग्निसंसर्गे ॥१६॥ यमवत्सायां गवि ॥१७॥ वडवागर्दभ्योर्मानुष्यां च ॥१८॥ यत्र धेनवो लोहितं दुहते ॥१९॥ अनडुहि धेनुं धयति ॥२०॥ धेनौ धेनुं धयन्त्याम् ॥२१॥ आकाशफेने ॥२२॥ पिपीलिकानाचारे॥२३॥ नीलमक्षानाचारे॥२४॥ मधुमक्षानाचारे॥२५॥ अनाज्ञाते ॥२६॥ अवदीर्णे ॥२७॥ अनुदक उदकोन्मीले॥२८॥ तिलेषु समतैलेषु ॥२९॥ हविःष्वभिमृष्टेषु ॥३०॥ प्रसव्येष्वावर्तेषु ॥३१॥ यूपे विरोहति ॥३२॥ उल्कायाम् ॥३३॥ धूमकेतौ सप्तर्षीनुपधूपयति ॥३४॥ नक्षत्रेषु पतापतेषु ॥३५॥ मांसमुखे निपतति ॥३६॥ अनग्नावबभासे ॥३७॥ अग्नौ श्वसति ॥३८॥ सर्पिषि तैले मधुनि च विष्यन्दे ॥३९॥ ग्राम्येऽग्नौ शालां दहति ॥४०॥ आगन्तौ च ॥४१॥ वंशे स्फोटति ॥४२॥ कुम्भोदधाने विकसत्युखायां सक्तुधान्यां च ॥४३॥१॥९३॥

